# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 139 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, मंगलवार 19 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### व्हीलचेयर पर बैठकर वोट डालने पहुंचे मुलायम सिंह यादव

लखनऊ।देशभर में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सोमवार को वोटिंग हो रही है. राष्ट्रपति चुनाव में संरक्षक मुलायम सिंह यादव व्हीलचेयर पर बैठकर



वोट करने संसद भवन पहुंचे. बता दें कि 82 वर्षीय सपा संरक्षक लंबे समय से बीमार चल रहे हैं. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी मतदान करने के लिए सोमवार को व्हीलचेयर से संसद भवन पहुंचे. 89 वर्षीय मनमोहन सिंह पिछले साल कोविड–19 से संक्रमित होने के बाद से ही अस्वस्थ चल रहे हैं. वह महामारी की दूसरी लहर के चरम पर होने के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए थे. बुखार के बाद कमजोरी की शिकायत को लेकर उन्हें अक्टूबर 2021 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था।

### अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला केस में सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना के 4 रिटायर्ड अफसरों को जारी किया समन

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में वायुसेना के चार पूर्व अधिकारियों को तलब किया है। कोर्ट ने वायुसेना के अधिकारियों को 30 जुलाई को पेश होने को कहा है। सीबीआई ने अदालत को सूचित किया कि आवश्यक प्रतिबंध इन पर लगाए गए हैं। सीबीआई अगस्ता वेस्टलैंड से रक्षा मंत्रालय द्वारा 12 AW101 दोहरे उपयोग वाले हेलिकॉप्टरों की खरीद के लिए 3,600 करोड़ रुपये के अनुबंध की जांच कर रही है। फरवरी 2010 में, तत्कालीन यूपीए सरकार ने 556.262 मिलियन यूरो के 12 अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। ये हेलिकॉप्टर वीवीआईपी और अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों को लाने–ले जाने के लिए खरीदे जा रहे थे। यह भी आरोप लगाया गया था कि अगस्ता वेस्टलैंड को लाभ पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर के विनिर्देशों को मूल सौदे से बदल दिया गया था। बाद में रिपोर्टों ने अनुमान लगाया कि कुल सौदा 3,600 करोड़ रुपये का था।

### यूपी के बीजेपी विधायक ने केरल में राष्ट्रपति चुनाव के लिए किया मतदान

केरल। उत्तर प्रदेश से बीजेपी के एक विधायक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए तिरुवनन्तपुरम में मतदान किया और इस तरह एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी



मुर्मू के लिए केरल से एकमात्र वोट पड़ने की संभावना है. जहां भाजपा या उसके सहयोगी दलों का एक भी विधायक नहीं है. उत्तरी पलक्कड जिले के एक अस्पताल में आयुर्वेदिक उपचार करा रहे सेवापुरी से बीजेपी विधायक नील रतन सिंह पटेल ने तिरुवनंतपुरम मेंराज्य विधानसभा परिसर में बनाये गये मतदान केंद्र में मताधिकार का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान के बाद नील रतन पटेल ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे राष्ट्रपति चुनाव के लिए मेरा मत देने का अवसर इस सुंदर राज्य में मिला है.'' पटेल वाराणसी लोकसभा में पड़ने वाली सेवापुरी विधानसभा से बीजेपी के विधायक हैं. उन्होंने कहा, ''मैं इस समय पलक्कड में एक अस्पताल में आयुर्वेदिक उपचार करा रहा हूं. मैं मतदान के लिए कल तिरुवनंतपुरम पहुंचा. मैं उपचार कराने के बाद पांच अगस्त को वाराणसी लौटूंगा।

### बरेली में बंदरों का आतंक, चार महीने के मासूम को पिता की गोद से छीनकर छत से फेंका, मौत

बरेली। वन मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार के जिले बरेली में बंदरो का आतंक बढ़ता जा रहा है. रविवार रात को यहां बेहद दर्दनाक घटना हो गई, जब बंदरों ने एक पिता की गोद से 4 महीने के बच्चे को छीनकर 3 मंजिल छत से नीचे फेंक दिया.



जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई. पिता बिजली नहीं होने की वजह से बच्चे को ऊपर छत पर लेकर गया था. चार दिन बाद बच्चे का नामकरण संस्कार होना था. इस घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# एनआईआईओ सेमिनार संपन्न, सेनाओं में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत जरूरीः पीएम मोदी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन स्वावलंबन में हिस्सा लेने पहुंचे। पीएम मोदी ने एनआईआईओ संगोष्ठी स्वावलंबन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य, 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत जरूरी है। आत्मनिर्भर नौसेना के लिए पहले स्वावलंबन सेमिनार का आयोजन होना, इस दिशा में अहम कदम है। नौसेना के लिए 75 स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का निर्माण एक तरह से पहला कदम है। हमें इनकी संख्या को लगातार बढ़ाने के लिए काम



करना है। आपका लक्ष्य होना चाहिए कि भारत जब अपनी आजादी के 100 वर्ष का पर्व मनाए, उस समय हमारी नौसेना एक अभूतपूर्व ऊंचाई पर हो। अपनी पब्लिक सेक्टर डिफेंस कंपनियों को हमने अलग–अलग सेक्टर में संगठित कर उन्हें नई ताकत दी है। आज हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि आईआईटी जैसे अपने प्रमुख संस्थान को भी हम रक्षा अनुसंधान और नवाचार से कैसे जोड़ें। बीते दशकों की अप्रोच से सीखते हुए आज हम सबका प्रयास की ताकत से नए रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का विकास कर रहे हैं। आज रक्षा अनुसंधान एवं विकास को निजी क्षेत्र, शिक्षाविद, एमएसएमई और स्टार्ट–अप के लिए खोल दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 8 वर्षों में हमने सिर्फ रक्षा क्षेत्र का बजट ही नहीं बढ़ाया है, ये बजट देश में ही रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में भी काम आए, ये भी सुनिश्चित किया है। रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए तय बजट का बहुत बड़ा हिस्सा आज भारतीय कंपनियों से खरीद में ही लग रहा है।

# राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग खत्म, गुजरात, यूपी, ओडिशा और असम में हुई क्रास वोटिंग 8 सांसद नहीं डाल पाए वोट

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। राष्ट्रपति चुनाव के लिए संसद में वोटिंग खत्म हो गई है. वोटों की गिनती 21 जुलाई को होगी. इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का मुकाबला विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा से है. राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी ने कहा कि 16वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम 5 बजे खत्म हुआ. हर जगह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ. कुल 99.18प्र. मतदान हुआ दर्ज है।

राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए मतदान में पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, गृहमंत्री अमित शाह समेत सभी दिग्गज नेताओं ने वोट डाला. भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस सांसद मनमोहन सिंह संसद में व्हीलचेयर पर बैठकर वोट डालने पहुंचे थे।

राष्ट्रपति चुनाव के मतदान में कुल 8 सांसद वोट नहीं डाल पाए. इनमें बीएसपी सांसद अतुल कुमार सिंह जेल में हैं, वहीं बीजेपी सांसद सनी देओल विदेश यात्रा पर हैं. इनके अलावा शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर, हेमंत गोडसे, बीएसपी सांसद फजलुर रहमान, सादिक रहमान और सैयद इम्तियाज ने भी वोट नहीं डाला।

मतदान के दौरान असम, गुजरात, मध्य प्रदेश समेत कई




राज्यों में क्रॉस वोटिंग भी देखने को मिली. गुजरात में राष्ट्रवादी कांग्रेस विधायक कंधाल एस. जडेजा ने कहा कि उन्होंने एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में वोट किया है. साथ ही असम में एआईयूडीएफ के विधायक करीम उद्दीन बरभुइया ने दावा किया कि असम में कम से कम 20 कांग्रेस विधायकों ने द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में अपना वोट डाला है. हालांकि कांग्रेस ने क्रॉस वोटिंग को नकार दिया।

ओडिशा में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मोकीम ने दावा किया कि वो एक कांग्रेस विधायक हैं, लेकिन उन्होंने एनडीए के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में मतदान किया है. उन्होंने इसे अपना निजी फैसला बताया. उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के भी एक विधायक ने क्रॉस वोटिंग की है. राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अकाली विधायक के पार्टी विरोधी सुर देखने को भी मिले. पंजाब में अकाली दल के विधायक मनप्रीत अयाली ने द्रौपदी मुर्मू को वोट नहीं डाला. अयाली ने कहा बीजेपी से गठजोड़ रहते भी पंजाब के कई मसले हल नहीं हुए. बता दें कि, अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल ने मुर्मू को समर्थन दिया था।

दिल्ली विधानसभा परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार सुबह राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ. दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सीसोदिया, आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक शिवचरण गोयल, भावना गौर और बीजेपी के विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने सुबह–सुबह मतदान किया. दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में आप के 62 और बाकी बीजेपी के विधायक हैं. विधानसभा में 68 सदस्यों ने मतदान किया और दो विधायक वोट नहीं डाल सके. मुस्तफाबाद विधायक हाजी यूनुस हज यात्रा पर हैं, जबकि मंत्री सत्येंद्र जैन जेल में हैं, इस वजह से दोनों वोट नहीं कर पाए।

राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है, जिसमें संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और केंद्र शासित प्रदेश सहित सभी राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य होते हैं. कुल 4800 निर्वाचित सांसद और विधायक मतदान करने के पात्र थे।

जम्मू कश्मीर में विधानसभा नहीं होने की वजह से इस बार सांसदों के मतों का मूल्य 708 से घटकर 700 हो गया है. राज्यों में विधायकों के मतों के मूल्य अलग–अलग हैं. उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधायक का राष्ट्रपति चुनाव में मत मूल्य अन्य किसी राज्य के विधायक से अधिक है. उत्तर प्रदेश के विधायकों के मत का मूल्य 208 है, जबकि झारखंड और तमिलनाडु के विधायकों का मूल्य 176 है।

महाराष्ट्र में यह 175, सिक्किम में सात, नगालैंड में नौ और मिजोरम में आठ है।

मतों की गिनती संसद भवन में होती है. मतगणना 21 जुलाई को होगी. एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू अगर ये चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बन जाती हैं, तो स्वतंत्रता के बाद जन्मी इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली पहली नेता होंगी. वह देश की पहली आदिवासी और सबसे युवा राष्ट्रपति भी होंगी।

# एलडीए में बाबुओं और अधिकारियों का बड़ा खेल अपनों के नाम बुक करवाकर रोके सैकड़ों फ्लैट

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में बाबुओं और अधिकारियों का बड़ा खेल सामने आया है. इन लोगों ने एलडीए की विभिन्न आवासीय योजनाओं में अपनों और परिचितों के नाम सैकड़ों फ्लैट बुक करके रोक दिए. हाल ही में एलडीए वीसी ने जब फ्लैटों को लेकर समीक्षा की तो इस बात का खुलासा हुआ. अब इन फ्लैट को बुक कराने वालों को नोटिस भेजने के निर्देश दिए गए हैं. इसके बाद इनके निरस्तीकरण की प्रक्रिया होगी और नए सिरे से इन्हें आवंटित किया जायेगा. एलडीए के अधिकारियों की मानें तो विभिन्न योजनाओं में अभी ऐसे करीब 1 हजार फ्लैट और निकल सकते हैं।

असल में एलडीए ने अपने करीब 2200 फ्लैट बेचने के लिए चिन्हित किये हैं. इनमें बड़ी संख्या में ऐसे फ्लैट भी हैं जिन्हें लोगों ने कुछ रकम देकर बुक करा दिया. लेकिन इसके बाद न तो पैसा जमा किया न रजिस्ट्री कराई. ये खेल तब खुला जब एलडीए वीसी ने विभिन्न योजनाओं में कुल फ्लैट और रजिस्ट्री हुए फ्लैट की संख्या मिलवाई. एलडीए ने 2009 से 2015 के बीच फ्लैट की कई योजनाएं शुरू की. तब इनकी कीमत काफी कम थी. यहां तक कि गोमतीनगर विस्तार जैसी प्राइम लोकेशन में दो बेडरूम के फ्लैट की कीमत महज 18 से 20 लाख थी।

भविष्य में मुनाफे का सौदा देख एलडीए के ही कई लोगों ने अपने परिचितों के नाम बुकिंग अमाउंट जमा कर फ्लैट होल्ड करा दिया. गोमती नगर विस्तार में गंगा, यमुना, सरस्वती, अलकनंदा जैसी तमाम योजनाओं में कई फ्लैट मिले हैं. ये सभी लखनऊ के पॉश इलाके में हैं जिनकी कीमत अब काफी बढ़ चुकी है. अब यहां भी लोगों को फ्लैट लेने का अवसर



मिलेगा। एलडीए वीसी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया की अब इन फ्लैट को बुक कराने वालों को नोटिस भेजे जाएंगे. इसके बाद नियमानुसार आवंटन निरस्त होंगे और फिर नए सिरे से लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा. एलडीए वीसी ने बताया की अनुमान है की एलडीए की 200 करोड़ से ऊपर की रकम फ्लैट में फंसी हुई है. ये और अधिक भी हो सकती है. इन फ्लैट की बिक्री से एलडीए को भी फायदा होगा और फ्लैट लेने की इच्छा रखने वालों को भी. वहीं जो लोग इस गड़बड़ी में शामिल पाये जायेंगे उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### अमरनाथ में यात्रा खत्म होने से पहले ही बाबा बर्फानी का शिवलिंग पूरी तरह से पिघला

अमरनाथ। अमरनाथ को लेकर बड़ी खबर आई सामने, यात्रा खत्म होने से पहले ही बाबा बर्फानी का शिवलिंग पूरी तरह से पिघल गया।

अधिकारियों ने कहा कि 30 जून को अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम दो लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में स्वनिर्मित शिवलिंग के दर्शन किए हैं, जिसमें से 4000 तीर्थयात्रियों ने आज सुबह 11 बजे यहां पर पूजा–अर्चना की। आज मौसम साफ होने की वजह से यात्रियों के एक नए जत्थे को दक्षिण कश्मीर में पहलगाम में पारंपरिक नुनवान आधार शिविर से और सबसे छोटे मार्ग बालटाल से दुमैल होते हुए आगे बढ़ने की अनुमति दी गई है।

अधिकारियों ने कहा कि 30 जून को अमरनाथ यात्रा शुरू होने के



बाद से अब तक कम से कम 2 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में स्वनिर्मित शिवलिंग के दर्शन किए हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच 5,649 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए सोमवार को सुबह रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कड़ी सुरक्षा के बीच 198 वाहनों में तीर्थयात्री यहां भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुए।

### भाजपा के साथ ओपी राजभर की बढ़ रही नजदीकिया

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश चुनाव 2022 से पहले लगातार भाजपा के खिलाफ हमलावर रहने वाले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर इन दिनों थोड़े बदले–बदले दिखाई दे रहे हैं। समाजवादी



पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ रिश्तो में तवान के बीच ओमप्रकाश राजभर भाजपा के करीब आते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के मतदान के दौरान भी दोनों दलों के बीच बेहद गर्मजोशी दिखाई दी। हालांकि, पहले ही ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन होने के बावजूद भी एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को अपना समर्थन देने का ऐलान कर दिया था। इसे अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषक तो यह भी मानते हैं कि अखिलेश यादव फिलहाल अपने कुनबे को अच्छी तरह से नहीं संभाल पा रहे हैं। जबकि शिवपाल यादव और ओमप्रकाश राजभर को अपने पाले में करने को लेकर योगी आदित्यनाथ की खूब तारीफ हुई है। आज ओमप्रकाश राजभर लखनऊ में राष्ट्रपति चुनाव के मतदान के दौरान भाजपा नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ दिखाई दिए। इस दौरान दोनों के चेहरों पर मुस्कान थी और दोनों विक्ट्री साइन दिखा रहे थे। ओमप्रकाश राजभर ने साफ तौर पर कहा कि द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर ही गुजरता है। और वह भारी मतों से जीतेंगी। सुभासपा प्रमुख ने स्पष्ट किया था कि सपा के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन बरकरार है और वह गठबंधन से अलग नहीं हो रहे हैं। राजभर ने कहा था, मैं अभी भी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में हूं। राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर रही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में सुभासपा के छह विधायक हैं, जिनमें राजभर भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सुभासपा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ थी और राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद सत्ता में शामिल भी हुई थी लेकिन बाद में पार्टी (सुभासपा) सरकार से अलग हो गयी थी।

### मुख्तार अब्बास नकवी को बीजेपी के सांसद ने दी राज्यपाल बनने की बधाई

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। बीजेपी के सांसद हंसराज हंस ने आज एक ट्वीट में मुख्तार अब्बास नकवी को राज्यपाल बनने की बधाई दी. उन्होंने ट्विटर पर लिखा, श्केंद्र सरकार द्वारा श्री मुख्तार अब्बास नकवी जी को बंगाल का नया राज्यपाल बनाया जाने पर बधाई। इसके बाद मुख्तार अब्बास नकवी ने राज्यपाल बनाए जाने की खबरों से इनकार किया. उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है. इसके बाद नॉर्थ–वेस्ट दिल्ली से सांसद और गायक हंसराज हंस ने भी ट्वीट को डिलीट कर दिया। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है. इसके बाद मणिपुर के राज्यपाल ला. गणेशन को पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही नए राज्यपाल की नियुक्ति हो



सकती है. इस बीच हंसराज हंस ने नकवी को राज्यपाल बनने की बधाई दे दी। पिछले दिनों जब राज्यसभा में मुख्तार अब्बास नकवी का कार्यकाल खत्म हुआ तो इस बात की अटकलें लगाई जाने लगी कि कहीं उन्हें बीजेपी उपराष्ट्रपति के पद के लिए उम्मीदवार तो नहीं बनाएगी. हालांकि बीजेपी ने गहन चर्चा के बाद धनखड़ के नाम की घोषणा की. आज उन्होंने नामांकन दाखिल किया है. उनका मुकाबला विपक्ष की उम्मीदवार कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा से है. हालांकि धनखड़ की जीत पक्की मानी जा रही है. उपराष्ट्रपति के लिए 6 अगस्त को वोटिंग होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## कल देंगे मंडलायुक्त को ज्ञापन

कानपुर। 19जुलाई का कार्यक्रम धार्मिक स्थलों , विद्यालयों के आस पास से शराब ठेको को बन्द करने, मलिन बस्ती के माली क्वाटर में खुली नाले की सफाई,वस्लेब डलवाने, खड़ंजा, पानी की समुचित व्यवस्था, विद्युत के पोल व एल ई डी लाईट लगवाने की मांग को लेकर महिलाओं व पुरुषों का आम आदमी पार्टी कानपुर नगर का सामूहिक धरना भगवत दास घाट शराब ठेके के बाहर अपराह्न 12बजे व धरना स्थल से मण्डालायुकत कार्यालय सिविल लाइंस में महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन धरने में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष उमेश यादव, महासचिव शैलेन्द्र सिंह परिहार पूर्व पार्षद मदनलाल भाटिया वरिष्ठ प्रवक्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहेंगे ।

## प्राथमिक विद्यालय में रसोईयां को लेकर ग्रामीणों ने काटा बवाल




संवाददाता विनय कुमार कानपुर देहात। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नित्य शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए प्रयासरत हैं, ताकि देश की मजबूत नींव की आधारशिला रखी जा सके। जनपद कानपुर देहात के तहसील सिकंदरा क्षेत्र के अन्तर्गत गांव श्यामगढ़ में प्राथमिक विद्यालय में रसोईयां नियुक्ति को लेकर जमकर घंटों हाई बोल्टेज हंगामा काटा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पहले कार्यरत रसोइया को हटाकर दूसरे को नियुक्ति किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजली कुमारी ने बताया कि तत्कालीन रसोईयां श्रीदेवी शासनादेश के तहत पात्रता की श्रेणी में नहीं आती है और बेवजह आरोप लगाकर विद्यालय और उनकी छवि को धूमिल कर रही है।नई नियुक्ति के लिए विद्यालय प्रबंध समिति और ग्राम प्रधान प्रमोद कटियार मौके पर मौजूद रहे।

## श्रेयश तिवारी ने हाइस्कूल आईसीएसई बोर्ड में 97.4 प्रतिशत नंबर लाकर स्कूल का नाम किया रोशन



कानपुर नगर ।अटेवा जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी के पुत्र श्रेयश तिवारी ने हाइस्कूल ICSE बोर्ड में 97.4 प्रतिशत नंबर लाकर लहराया सफलता का परिचम। chintels School Ratanlal nagar के छात्र श्रेयश तिवारी की माता गृहिणी व पिता शिक्षक हैं जो पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## जिला कारागार में बन्दियों के अधिकार उनके सुधार एवं पुनर्वास के संबंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 16.07.2022 को जिला कारागार में संगीता, सचिव– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा बन्दियों के अधिकार उनके सुधार एवं पुनर्वास के सम्बन्ध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बन्दीगण के अधिकारों उनके सुधार तथा उनके पुनर्वास के बारे में बताया गया तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करने का पूर्ण प्रयास किया गया। उक्त शिविर के तहत बन्दीगण के मौलिक अधिकारों के बारे विशेष जानकारियां दी गयीं साथ ही जिला कारागार, कानपुर देहात में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण भी किया गया। उक्त शिविर में संगीता, सचिव– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पैनल अधिवक्तागण– डॉ० प्रभा कुमारी यादव, रीना कटियार एवं अजय सिंह, जेलर– विजय कुमार पाण्डेय एवं श्रीमती मिथलेश सिंह उपजेलर– शिवाजी सिंह तथा महिला व पुरुष बन्दीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु जनपदीय अधिकारियों के साथ हुयी बैठक तथा विशेष लोक अदालत पारिवारिक न्यायलय हेतु गठित समिति की बैठक

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात की अध्यक्षता में दिनांकः–13 अगस्त 2022 द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी नोडल अधिकारी– वसीम रिजवी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव– संगीता द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाये। इसमें राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए नियत किये जाने वाले राजस्व वादों एवं अन्य प्री–लिटिगेशन स्तर के वादों के निस्तारण एवं नोटिस की सतप्रतिशत तामीला हेतु बैठक की गयी। प्रभारी नोडल अधिकारी द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित करने का प्रयास करें। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी, कानपुर देहात व अपर पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि तथा समस्त उप जिलाधिकारी महोदय कानपुर देहात व समस्त तहसीलदारध्उनके प्रतिनिधि कानपुर देहात व उपजिलाधिकारी घाटमपुर व बिल्हौर कानपुर नगर तहसीलदार घाटमपुर व बिल्हौर कानपुर नगर एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तथा अग्रणी जिला प्रबन्धक, कानपुर देहात व अन्य सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आज दिनांकः– 18.07.2022 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में दिनांकः–13 अगस्त 2022 पारिवारिक न्यायालय की विशेष लोक अदालत हेतु गठित समिति में प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय राजेश कुमार, जसवन्त सिंह मध्यस्थ तथा डॉ० शालिनी सिंह वन्दना गुप्ता मध्यस्थ द्वारा प्री–ट्रॉयल कर वैवाहिक वादों से सम्बन्धित वादों सुना गया व उन्हें आपसी सुलह–समझौते के आधार पर साथ रहने हेतु समझाया गया।

इस दौरान एक जोड़े ने साथ रहने हेतु सुलह–समझौता किया व साथ–साथ अपने घर गये।

## भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संगठन रजि0 के तत्वावधान में आयोजित डासना मन्दिर गाजियाबाद में समस्त संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों कि समीक्षा बैठक बुलाई गई





दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत कानपुर। भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संघठन के तत्वावधान में आयोजित डासना गाजियाबाद में समस्त संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों कि समीक्षा बैठक बुलाई गई जिसमें सामिल समस्त हिन्दू राष्ट्रीय अध्यक्षों के द्वारा भारत को सनातन हिन्दू राष्ट्र घोषित करने समेत 25 अन्य मुद्दों को सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

शिखर सम्मेलन में सम्लित महामंडलेश्वर यति नरसिहानंद स्वामी ने भी भाग लिया और समस्त अध्यक्षों को मजबूत व एकजुट होकर कार्य करने हेतू पारित किया जिसमें भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संगठन रजि0 के संस्थापक जयकुमार शर्मा व राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष शर्मा ने सभी को प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा जल्द ही दुसरी बैठक बुलाकर दुत्तीय महासम्मेलन आयोजित करके चंतर मंतर में प्रदर्शन करने हेतू कहा वही इन सभी मुद्दों को समस्त आये हुए प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति प्रस्ताव को पारित किया इन सभी प्रस्तावों का ज्ञापन राष्ट्र पति प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भेजा जायगा।

## सावन के पहले सोमवार को भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत शिवराजपुर। खेरेश्वर प्रसिद्ध सरैया घाट पर सावन के पहले सोमवार के मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पुलिसकर्मी व गोताखोर मौजूद रहे वही ग्रामीण क्षेत्रों से स्नान करने पहुचे लोगों को पुलिस कर्मियों द्वारा गहराई में जाने से बार बार मना किया गया जिससे कि किसी प्रकार का हादसा न हो सके स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने माँ गंगा की पूजा अर्चना की हिन्दू धर्म में सावन माह बहुत ही अहम माना गया है इस माह में भगवान शिव को मानते हैं सावन के हर सोमवार को अहम माना जाता है इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा आरती करते हैं गंगा नदी में स्नान करते हैं और यदि ऐसा न सम्भव हो तो गंगाजल मिले पानी मिले स्नान करते हैं माना जाता है कि ऐसा करने से पाप नष्ट हो जाते हैं शिवराजपुर सरैया घाट पर सावन के पहले सोमवार के चलते गंगा तट पर पहुंचे भक्तो ने गंगा स्नान कर जलाश्रय किया। गंगा जी ने पृथ्वी पर आकर राजा भागीरथ के पूर्वजों का उद्धार किया जिससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।इसीलिए इस दिन गंगा में स्नान और दान का बहुत अधिक पूर्ण माना जाता है भक्तो के गंगा स्नान करने से पाप धुल जाते हैं। दूरदराज से आए भक्त गंगा स्नान कर जलाभिषेक एवं दान दक्षिणा कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना बेलपत्र व फूल चढ़ाकर मनोकामना की आस लगाते। सोमवार को शिवराजपुर सरैया घाट पर सुबह 4 बजे से ही शिव भक्तों का गंगा घाट तट ताता लगा रहा शिवराजपुर थाना पुलिस सुबह से ही गंगा घाट पर मौजूद रही पुलिस कर्मी नाव पर बैठकर लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं को चेतावनी भी देते रहे गंगा गहराई में नहाने वाले युवकों को पुलिस फटकार लगाते हुए गंगा तट पर नहाने की अपील करती रही।

## महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय को संत सुरक्षा मिशन उत्तर प्रदेश का मनोनीत, प्रदेश अध्यक्ष नें किया सम्मानित




कानपुर। महापौर प्रमिला पाण्डेय का नगर निगम में स्वागत कानपुर नगर की सम्मानित महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय को संत सुरक्षा मिशन उत्तर प्रदेश का मनोनीत होने पर नगर निगम में महापौर कक्ष में संत सुरक्षा मिशन के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष देवराज यादव के नेतृत्व में स्वागत किया और मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री देवराज यादव, नरेंद्र कुशवाहा अंजना यादव मनीष कुमार,रिंकल कुमारी मनीषा महेंद्र,लक्ष्मी शुक्ल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला पंचायत राज अधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशां के द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण ने आज रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के सुजानपुर, सलेमपुर महेरा के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुजानपुर आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत 30 बच्चों में से केवल 14 बच्चे उपस्थित मिले।

वहीं सलेमपुर महेरा के दो केन्द्रों में जिसमें एक केन्द्र में 24 में 12 बच्चे तथा दूसरे में 30 में 18 बच्चें उपस्थित मिलें, इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाये जाने हेतु उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका को निर्देशित किया। वहीं उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य का भी जायजा लिया तथा कमजोर बच्चों की जांच कराये जाने के निर्देश दिये। वहीं आंगनबाड़ी भवन में रंगाई, पुताई आदि कराये जाने के निर्देश दिये, इसके पश्चात उन्होंने शौचालय का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय को साफ सुथरा कराये जाने के निर्देश दिये।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुव्यवस्थित ढ़ंग से करें संचालित : जिलाधिकारी



- बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर अधिकारी दे ध्यान, लापरवाही पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

कानपुर देहात 18 जुलाई 2022 जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण ट्रेकर ऐप, संभव अभियान, गोद लिये अधिकारियों के निरीक्षण की स्थिति आदि के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी, बैठक में सीडीपीओ, सुपरवाइजर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को सही प्रकार से प्रशिक्षित एवं मॉनीटरिंग न करने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने पदीय दायित्वों के निर्वाहन में सुधार लाये और सुव्यवस्थित ढ़ंग से आंगनबाड़ी केंद्रों को संचालित करायें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का वजन करने हेतु सही प्रकार से साल्टर लगाये जिससे कि बच्चों का वजन सही प्रकार से किया जा सके, प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगाई, पुताई, साफ सुथरे शौचालय अवश्य करायें, बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा में अवश्य ध्यान दे, उन्होंने गोद लिए अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने–अपने गोद लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों का अवश्य भ्रमण करे, जहां कहीं कमियां है उनमें सुधार लाये, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री समय से उपलब्ध कराया जाये, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरान्त कोई बच्चा कमजोर या बीमारी से ग्रस्त है तो उसे एनआरसी में अवश्य भर्ती करायें तथा उसके इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न करें, जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक संभव अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से सैम, मैम बच्चों का चिन्हीकरण किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को प्रशिक्षण अवश्य दे जिससे कि उनको बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा के बारे में जानकारी हो सके। पोषण ट्रेकर ऐप में फीडिंग अवश्य अपलोड करें, बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

## सपा का किला भेदने कानपुर आएंगे पीएम मोदी, लोकसभा चुनाव के लिए तैयार की रणनीति



कानपुर। सपा के गढ़ को भेदने के लिए पीएम मोदी 25 जुलाई को कानपुर आएंगे और मुलायम सिंह के करीबी रहे चौधरी हरमोहन सिंह की 10 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे कानपुर के मेहरबान सिंह का पुरवा को सपा किला माना जाता रहा है. चौधरी हरमोहन सिंह और चौधरी राम गोपाल सिंह ने इस इलाके में समाजवाद को पाला पोसा है. चौधरी हरमोहन सिंह ने ग्राम सभा से लेकर राज्यसभा तक का सफर तय किया और मुलायम सिंह के पीछे खड़े होकर सपा को प्रदेश में शीर्ष तक ले जाने का काम किया. लेकिन पिछले कुछ समय से सपा का ये किला दरकता दिख रहा है और यहां भगवा सेंधमारी की तैयारी हो चुकी है. यूपी विधानसभा 2022 चुनाव से पहले हरमोहन सिंह के बेटे मोहित यादव ने बीजेपी ज्वाइन कर ली. 25 जुलाई को चौधरी हरमोहन सिंह की 10 वीं पुण्यतिथि है. ऐसे में पीएम मोदी खुद कानपुर आ रहे हैं. सपा के गढ़ के रूप में चर्चित चौधरी हरमोहन सिंह यादव के परिवार को बीजेपी मय करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है. ऐसे में चौधरी हरमोहन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर मेहरबान सिंह का पुरवा में होने वाले आयोजन में पीएम मोदी के हिस्सा लेने की चर्चा है. कहा जा रहा है कि इसी दौरान कुछ दिनों पहले सपा के कोटे से राज्यसभा सदस्य का कार्यकाल पूरा करने वाले चौधरी हरमोहन सिंह के पुत्र चौधरी सुखराम सिंह यादव भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं. हालांकि सुखराम सिंह अभी जल्दबाजी में नहीं दिख रहे. बात सिर्फ इतनी नहीं है बीजेपी पीएम की इस मौके मौजूदगी से यादव समाज को बड़ा संदेश देना चाहती है. दरअसल चौधरी हरमोहन सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के मित्र और सहयोगी रहे हैं. मुलायम और चौधरी परिवार के बीच ऐसी निकटता थी कि 2 साल पहले तक चौधरी परिवार के हर कार्यक्रम में मुलायम सिंह, अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में आते रहे. लेकिन केंद्र और प्रदेश में बीजेपी के आने के बाद चौधरी परिवार की अवहेलना के आरोपों के बीच परिवार की सियासत के सुर बदल गए. यूपी विधानसभा चुनाव से पहले चौधरी सुखराम के बेटे मोहित यादव भाजपा में शामिल हो गए हालांकि सुखराम सिंह यादव लगातार मुलायम सिंह यादव के साथ रहने की बात करते रहे लेकिन अब स्थितियां साफ हो चुकी हैं. माना जा रहा है कि पीएम मोदी की मौजूदगी में सुखराम सिंह भी बीजेपी का दामन थाम सकते हैं. इस बहाने बीजेपी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले यादव के गढ़ इटावा, औरैया और कन्नौज, फर्रुखाबाद के यादव वोट बैंक में बड़ी सेंधमारी करने की कोशिश को अंजाम देने की तैयारी में है. मोदी समाजवादी आंदोलन के पुरोधा रहे चौधरी हरमोहन सिंह यादव की पुण्यतिथि (25 जुलाई) पर मेहरबान सिंह का पुरवा में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और सभा भी संबोधित करेंगे. जानकरों की माने तो मोदी यहां पर चौधरी हरमोहन सिंह और उनके परिवार की समाज और राजनीति में योगदान पर चर्चा करेंगे. चौधरी हरमोहन परिवार की बीजेपी के दिग्गजों से नजदीकियों की कड़ी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव बताए जाते हैं. परिवार के मुलायम सिंह यादव से मधुर संबंध जगजाहिर हैं पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से तल्खी के चलते बीजेपी से उनकी नजदीकियां बढ़ती गईं. राज्यसभा सदस्य पद इसी महीने रिटायर हुए चौधरी सुखराम सिंह यादव ने प्रधानमंत्री के आगमन की पुष्टि की है. चौधरी सुखराम सिंह ने कहा कि चौधरी हरमोहन सिंह यादव की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था. पूर्व सांसद सुखराम के अनुसार प्रधानमंत्री कार्यालय से उनके पास फोन आया था जिसमें पीएम के आने की बात कही गयी थी. उनका कहना है कि फिलहाल तो पीएम का आना लगभग तय है. मौसम खराब होने की सूरत उनके मुताबिक जनमानस को मोदी वर्चुअल संबोधन की कर सकते हैं।

## सावन के पहले सोमवार को किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने साथियों संग खेरेश्वर महादेव के जलाभिषेक के साथ शीघ्र बारिश और ओईएफ के अपर महाप्रबंधक वी.के. चौधरी के जल्द स्वस्थ होने की महादेव से करी कामना



सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओ ने शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर घाट पर गंगा स्नान के बाद काफी संख्या में खेरेश्वर महादेव के दर्शन कर उनका जलाभिषेक किया। इस अवसर पर आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री फूलबाग कानपुर किला मजदूर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल भी यूनियन के कार्यकारणी सदस्य एवं पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई के साथ खेरेश्वर महादेव के दर्शनों के लिए शिवराजपुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने खेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया एवं पूरे भक्ति भाव से मंत्रोचारण के साथ महादेव पुष्प, बेलपत्र के साथ चंदन का लेप लगाकर उनकी आराधना करी। किला मजदूर यूनियन के सदस्यो समस्त देशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के साथ महीनों से सूखे और गर्मी का दंश झेल रहीं धरती, नगरवासियों और किसानों की पीड़ा के मद्देनजर शीघ्र बारिश होने को लेकर खेरेश्वर महादेव से करबद्ध प्रार्थना करी। भगवान शिव के अतिप्रिय सावन मास के अवसर पर किला मजदूर यूनियन प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने पैर में फ्रैक्चर हो जाने और गंभीर रूप से घायल होने के कारण विगत एक डाक्टर की निगरानी और सलाहनुसार एक माह से सरकारी आवास पर बेड रेस्ट कर रहे ओईएफ फूलबाग कानपुर के अपर महाप्रबंधक श्री वी. के. चौधरी के स्वास्थ्य पर चिंता जाहिर करते हुए उनकी फोटो के साथ खेरेश्वर महादेव से शीघ्र उनके पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना करी। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर के महन्त कमलेश गिरी उर्फ कल्लू बाबा के सहयोग से अपने आर्गनाइजेशन आयुध निर्माणी संगठन के निगमीकरण के बाद से लगातार आयुध निर्माणियो के बंद होने की आशंकाओं के बीच खेरेश्वर महादेव से आयुध निर्माणी संघठन का अस्तित्व बचाने की गुहार लगाई। महन्त कमलेश गिरि ने यूनियन सदस्यो से कहा कि संकट के इस दौर में सभी रक्षा कर्मी धैर्य बनाएं रखें और खेरेश्वर महादेव पर आस्था व भरोसा रखें। खेरेश्वर महादेव के दरबार से कोई भी भक्त कभी निराश नहीं जाता है। यह महाभारत काल का मंदिर है। यहां आने वाले हर भक्त की हर मनोकामना महादेव के आशीर्वाद से जरुर पूरी होती है। महन्त कमलेश गिरी ने यूनियन के लोगों को बताया कि गुरू द्रोण के पुत्र अस्वस्थामा आज कलियुग में भी प्रतिदिन सबसे पहले अदृश्य रूप में खेरेश्वर महादेव का पूजन करते हैं। यह बहुत ही चमत्कारी मंदिर है। यहां पर भक्तों की अटूट आस्था है। किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई सहित सभी साथियों ने जनकल्याण की भावना के साथ महन्त कमलेश गिरी से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई, अनुराग अग्निहोत्री, जयप्रकाश शर्मा, ऋषि महेश्वरी, कोषाध्यक्ष रोहित तिवारी, पूर्व प्रचार मंत्री हरिश्चंद्र आदि रहे।

## किसान दिवस का 20 जुलाई को विकास भवन सभागार कक्ष में होगा आयोजन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। शासन के निर्देशानुसार उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया कि कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को (राजकीय अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस पर ) किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार, माती कानपुर देहात में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक किया जायेगा।

जिसमें कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों के साथ–साथ कृषकों से सम्बन्धित विभागों तथा कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, अग्रणी बैंक मैनेजर, नेडा एवं फसल बीमा के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी नेहा जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कृषकों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण का कार्य किया जायेगा।

तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं ६ कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नवीनतम एवं उन्नति कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जागरूक करने का कार्य भी किया जायेगा। उक्त के कम में माह जुलाई 2022 में किसान दिवस का आयोजन दिनांक 20.07.2022 को किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आई0डी0सी0सी0 की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जन्मध्मृत्यु पंजीकरण कार्य के सम्बन्ध में अन्तर्विभागीय समन्वय समिति (आई0डी0सी0सी0) की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, भारत सरकार, गृह मंत्रालय के आदेशानुसार सिविल रजिस्ट्रेशन प्रणाली (सी0आर0एस0) एवं सैंपल रजिस्ट्रेशन प्रणाली (एस0आर0एस0) हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए गणना प्रक्रिया करायी जानी है। उन्होने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जन्म–मृत्यु पंजीकरण अधिनियम–1969 के लागू प्रावधानों एवं उत्तर प्रदेश जन्म मृत्यु पंजीकरण नियमावली 2002 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट समय सीमा में शत–प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण करना अनिवार्य है। इसके लिए घर–परिवार का मुखिया, ए0एन0एम0, आशा, आंगनबाडी कार्यकर्ता, पुलिस विभाग, प्राइवेट चिकित्सा संस्थानों के अधीक्षक एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, सार्वजनिक स्थानों, शमशान भूमिध्शवदाह गृह, सचल वाहन एवं अन्य संस्थाओं के प्रभारी को सूचनादाता अधिसूचक के रूप में अधिकृत एवं पद नामित किया गया है, जो पंजीयन प्रक्रिया के यथोचित ज्ञान के साथ–साथ अपनी भूमिका एवं दायित्व निभायेंगे।




उन्होने यह भी निर्देश दिया कि इस कार्य में लगे अधिकारीध्कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जन्मध्मृत्यु के प्रकरणों को समयान्तर्गत पंजीकरण अवश्य करायें। इसके साथ ही आई0डी0सी0सी0 की बैठक कर नोडल अधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण भी कराया जाय।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जन्मध्मृत्यु सम्बन्धी पंजीकरण जन्मध्मृत्यु के एक सप्ताह के भीतर नगरीय क्षेत्रों में नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाता है जो आनलाइन व्यवस्था के अन्तर्गत जारी होते है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा धिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह, नगर पंचायत इकौना के भगतराम यादव सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। श्रावस्ती, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार बकाया वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजनान्तर्गत दिनांक 01–04–2020 अथवा उसके पूर्व पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों पर देय शास्ति (विलम्ब शुल्क) में छूट प्रदान करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत बकाया वाहन स्वामियों को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के समक्ष रूपये 1000/ की धनराशि के आवेदन शुल्क के साथ दिनांक 27.072022 तक आवेदन करना होगा। इस योजना का लाभ वह वाहन स्वामी भी उठा सकते है, जिनके विरुद्ध बकाया कर एवं शास्ति की वसूली प्रमाण–पत्र जारी कर दिया गया हो। ऐसे वाहन स्वामी जिनकी वाहन को वित्त पोषक के द्वारा कब्जे में ले लिया गया हो। जिनके कर सम्बन्धी प्रकरण मा० न्यायालय /उपपरिवहन आयुक्त (यात्रीकर, उ०प्र० लखनऊ के समक्ष लम्बित हो। ऐसे समस्त परिवहन यान जिनके स्वामी अथवा विधिक उत्तराधिकारी के विरुद्ध उक्त अधिसूचना अधिसूचित होने के अर्थात 27–06–2022 तक कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण पत्र निर्गत किये गये हो। वित्त पोषक भी उनके द्वारा कब्जे में लिये गये वाहनों के लिए इस योजना का लाभ उठा सकते है। इस योजना के अन्तर्गत वाहनों के प्रति बकाया कर की धनराशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में जमा किया जा सकेगा। यदि वाहन स्वामी सम्पूर्ण बकाया धनराशि को एकमुश्त जमा करना चाहता है, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आदेश के दिनांक से 30 दिन के भीतर सम्पूर्ण धनराशि जमा करनी होगी। यदि किश्तों में जमा करना चाहता है, तो आदेश जारी करने के दिनांक से प्रथम किश्त 21 दिन के भीतर (बकाया कर का 50 प्रतिशत), द्वितीय एवं तृतीय किश्त क्रमशः 28 व 35 दिन के भीतर (बकाया कर का 25–25 प्रतिशत) जमा करना होगा। यदि परिवहन यान के स्वामी द्वारा निर्धारित समय सीमा में बकाया कर जमा नही किया जाता है, तो उक्त यान के स्वामी पर 50 रूपया प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क आरोपित किया जायेगा। उन्होने बताया कि अधिसूचना द्वारा उक्त छूट हेतु निर्धारित समयावधि अर्थात तीन माह पूर्ण होने के पश्चात यदि परिवहन यान के स्वामी द्वारा सम्पूर्ण बकाया धनराशि जमा नहीं की जाती है, तो सम्बन्धित परिवहन यान के स्वामी पर देय बकाया कर व शास्ति अधिसूचना निर्गत होने के पूर्व देय बकाया कर व शास्ति के अनुरूप होगा। अर्थात उक्त यान के स्वामी को अधिसूचना के अन्तर्गत दी गयी छूट का लाभ प्राप्त नहीं होगा। यदि परिवहन यान के स्वामी द्वारा सम्पूर्ण बकाया की एक या दो किश्त जमा की जा चुकी है, तो उसके द्वारा की गयी आंशिक कर की धनराशि का समायोजन कुल बकाया देयों और शारित से किया जायेगा।




# अजबापुर मिल ने किया प्रथम मानसून गन्ना बुवाई का शुभारंभ

लखीमपुर,खीरी। डीसीएम श्रीराम शुगर लिमिटेड यूनिट अजबापुर खीरी के द्वारा माह सावन के प्रथम सोमवार को जोन मैगलगंज क्षेत्र के सदरपुर गांव स्थित कुसुम फार्म पर मानसून गन्ना बुवाई अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रगतिशील किसान अशोक कुमार मिश्र पुत्र करुणा शंकर मिश्र के दो एकड़ प्लाट में अगेती गन्ना प्रजाति सीओ–15023 की बुवाई का शुभारंभ चीनी मिल के यूनिट हेड पंकज सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जेबीगंज अंगद सिंह, मैगलगंज सचिव अजीत प्रताप सिंह, रीजनल हेड मोहम्मदी अनिल सिंह चौहान, रीजनल हेड मैगलगंज रमेश चंद्र चौधरी आदि ने अपने कर कमलों द्वारा एक एक आँख के टुकड़ों को तैयार किये गये खेत में डालकर बुवाई प्रारम्भ कराई। इस मौके पर यूनिट हेड ने कहा कि मॉनसून गन्ना बुवाई का समय चल रहा है किसानों को लाइन से लाइन की दूरी 4 फ़ीट पर गन्ना बुवाई करना चाहिये व इसके साथ सहफसल के रूप में उरद, मूँग, मूली, धनिया, मिर्च, मूँगफली आदि की बुवाई करके दोहरा लाभ लेना चाहिए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने बताया कि 20 जुलाई से गन्ना सर्वे प्रदर्शन का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। विगत वर्ष में की गयी मानसून बुवाई के प्रदर्शन प्लाट का निरीक्षण किया गया, जिसकी अनुमानित औसत उपज 2400 से 2500 कुन्तल प्रति हेक्टेयर का आंकलन किया गया। इसी प्लाट से बीज का चयन कर आज की मानसून बुवाई की गयी। इस मौके पर क्षेत्रीय ज़ोनल इंचार्ज सत्येन्द्र कुमार मिश्र, गेट इंचार्ज सूर्य प्रकाश मिश्र, ज़ोनल इंचार्ज दिनेश पाण्डेय, ज़ोनल इंचार्ज अरविन्द सिंह सहित तमाम मिल कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।



# पर्यटन को बढ़ावा देने की मुहीम में कदम से कदम मिलाएगा स्वास्थ्य विभाग : सीएमओ



लखीमपुर,खीरी। जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी इसमें अपना योगदान देगा। इसे लेकर पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्त कुमार चौधरी ने सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी के साथ एक बैठक की। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शासन द्वारा खीरी जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन किया गया है।

जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक सदस्य के तौर पर मुझे कार्य करना है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की सुविधाओं को पर्यटन के बढ़ावे के लिए भी उपयोग में लाया जाएगा। पर्यटन सूचना अधिकारी द्वारा यह ज्ञात कराया गया है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डेवलपमेंट सहित जागरूकता कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे मेले और महोत्सव का आयोजन भी किया जाना है। कोरोना के दृष्टिगत इसमें स्वास्थ्य विभाग की बड़ी भूमिका रहेगी।

☒ आने वाले पर्यटकों को विशेष सुविधाएं देगा स्वास्थ्य विभाग

पर्यटकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग भी खाका तैयार करेगा। ऐसे में जिला पर्यटन एवं संस्कृत परिषद द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में चिकित्सीय सेवा के लिए कैंप लगाए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों की भी तैनाती की जाएगी।

# कमिश्नर ने बाढ़ बचाव हेतु किए गए कार्यो का किया निरीक्षण, जानी हकीकत

लखीमपुर,खीरी। सोमवार की सुबह करीब 10:30 बजे लखनऊ मंडल, लखनऊ की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब जनपद खीरी पहुंची, उनके जनपद आगमन पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

कमिश्नर ने मोहम्मदाबाद के अमृत सरोवर व धौरहरा तहसील क्षेत्र में कटाव निरोधक कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने चौका नदी के सन्निकट बसे एक गांव पहुँची, जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करके उनका फीडबैक जाना।

कमिश्नर ने लखीमपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत मोहम्मदाबाद में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, उनमें जिला पंचायत से कराए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। अफसरों से जानकारी ली, संबंधित को निर्देश दिए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिलेभर में 116 अमृत सरोवर बनाए जा रहे, जिन पर कार्य प्रगति पर है। शासन द्वारा तय समय सीमा के भीतर सभी अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

सीडीओ अनिल सिंह ने बताया कि 15वें वित्त आयोग योजना से जिला पंचायत द्वारा ब्लाक लखीमपुर की ग्राम मोहम्मदाबाद के कैनी तालाब पर अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा, उन्होंने तालाब के क्षेत्रफल, जल ग्रहण क्षेत्र, जल निकास क्षेत्र एवं जल क्षमता के संबंध में जानकारी दी। जनपद के एंट्री प्वाइंट पर निर्माणाधीन अमृत सरोवर को पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जा रहा है। कमिश्नर ने डीएम संग अमृत सरोवर परिसर में छायादार, फलदार, शोभादार पौधों का रोपण किया। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत ओम प्रकाश, अध्यक्ष प्रतिनिधि, जिपं नरेंद्र सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह, अभियंता अरविंद कुमार राय मौजूद रहे।

☒ तेज धूप में आयुक्त ने देखे कटाव निरोधक कार्य, ग्रामीणों से लिया फीडबैक

आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने चिलचिलाती धूप में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के साथ तहसील व ब्लाक धौराहरा के शारदा नदी के बाएं किनारे पर स्थित गांव समूह नोवापुर, मठियापुरवा, घुरघुटटा की सुरक्षा के लिए कटाव निरोधक कार्य एवं स्पिल बंद करने की परियोजना का निरीक्षण किया। कमिश्नर के पूछने पर अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) राजीव कुमार ने बताया कि 950 मी. लंबाई में लांचिंग एप्रेन के साथ जिओ ट्यूब लगाकर बैंक बनाने का



कार्य किया गया। कार्य सुरक्षित स्तर तक पूर्ण कर लिया है। नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण कार्य बाधित है। कमिश्नर ने सर्वप्रथम नक़्शे से पूरी परियोजना समझी। उन्होंने पूरी परियोजना का पैदल भ्रमण कर परियोजना के तहत कराए कार्य, उसकी गुणवत्ता देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि जलस्तर बढ़ने पर इसकी सतत निगरानी की जाए। काम के दौरान विभाग स्थानीय ग्रामीणों से संवाद बनाए रखे, कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी दें। मौजूद ग्रामीणों से फीडबैक लिया। निर्देश दिए कि परियोजना के शेष कार्य को पूर्ण कर 07 दिन में उन्हें रिपोर्ट करें। ग्रामीणों ने परियोजना के अंतिम छोर पर कुछ काम कराने की मांग की, जिसपर कमिश्नर ने एक्सईएन (बाढ़ खंड) को निर्देश दिए कि वहां बाढ़ बचाव के लिए आवश्यकतानुसार अस्थाई अनुरक्षण कार्य कराए। इस दौरान उनके साथ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, एक्सईएन बाढ़ खंड राजीव कुमार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, धीरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

☒ जलस्तर बढ़ने पर ग्रामवासी आवागमन में सतर्कता, एहतियात बरतें

इसके बाद कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग सदर तहसील, ब्लॉक नकहा की ग्राम पंचायत बिल्होरा के मजरा घोसियाना पहुचे, जहां उन्होंने चौका नदी के सन्निकट बसे इस गांव के वाशिंदो से बातचीत की।

नदी के जलस्तर बढ़ने से ग्राम वासियों को होने वाली असुविधाएं जानी।

आयुक्त से बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि नौउवापुर व घोसियाना के बीच आवागमन का एकमात्र साधन नाव है। उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर बढ़ने पर ग्राम वासी आवागमन के दौरान सतर्कता, एहतियात बरतें। वही क्षमता से अधिक व्यक्ति नाव पर सवार होकर नदी पार न करें।

# कॉलेज के प्रधानाचार्य ने अनंत गुप्ता को किया सम्मानित



सम्पूर्णानगर,खीरी। सम्पूर्णा नगर कस्बे में रहने वाले रामबाबू गुप्ता के पुत्र अनंत गुप्ता ने वर्ष 2015 में कस्बे के पब्लिक इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2018 में लखीमपुर के युवराज दत्त महाविद्यालय से बीएससी कंप्लीट की। इसके बाद 2020 में कानपुर के डीएवी कॉलेज से एमएससी पास करने के बाद वर्ष 2022 में बिना कोचिंग किए और 10 से 12 घंटे की पढ़ाई व कठिन परिश्रम के उपरांत जेआरएफ क्वालीफाई करने के बाद अनंत गुप्ता को देश के नंबर वन कॉलेज आईआईएससी कॉलेज बेंगलुरु से पीएचडी करने का सुनहरा मौका प्राप्त हुआ। अनंत गुप्ता को देश के नंबर वन कॉलेज से पीएचडी का मौका प्राप्त होने की सूचना पर कस्बे के पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गौड़ ने आमंत्रित करके गले में माला पहना व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कालेज के समस्त शिक्षकों ने अनंत गुप्ता को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताते चलें कि अनंत गुप्ता के परिवार की माली हालत बहुत ज्यादा अच्छी नहीं है। उनके पिता कस्बे की रानी नगर मार्ग पर आटा चक्की चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं, लेकिन उन्होंने अपने बेटे के अरमानों को टूटने नहीं दिया और पढ़ाई में पूरा सपोर्ट करते रहे है, आज बेटे को देश के नंबर वन कॉलेज में दाखिला मिलने पर परिवार काफी खुश है।

# सावन माह के प्रथम सोमवार को मंदिरों में उमड़ी भीड़

सम्पूर्णानगर,खीरी। दो वर्ष की कोरोना काल के दौरान सरकार द्वारा कांवड यात्रा पर प्रतिबंध लगा रखा था, जिसके चलते कांवड़ यात्रा व मंदिरों में जलाभिषेक पर भी रोक थी, लेकिन इस बार किसी भी तरह का कोई प्रतिबंध न होने के कारण सावन माह के प्रथम सोमवार को भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना करने वाले भक्तों की कस्बे के शिव मंदिर पर सुबह पाँच बजे से ही लंबी–लंबी कतार लगनी शुरू हो गई।

मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने पूरे विधि–विधान के साथ भोलेनाथ की पूजा–अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया। भोलेनाथ को भांग, धतूरा, बेलपत्र, दूध, गंगाजल, धूप, अगरबत्ती आदि चढ़ाकर पूजा–अर्चना की। इसके अलावा क्षेत्र के भानपुरी खजुरिया, बसही कॉलोनी बमनगर आदि क्षेत्रों के शिव मंदिरों पर भी पूजा–अर्चना करने वाले भक्तों की लंबी कतारें देखी गई।

# संक्षिप्त समाचार

## स्टाफ की मिलीभगत से विद्युत सब स्टेशन से तेल चोरी, आपूर्ति बाधित

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी क्षेत्र के एक विद्युत सब स्टेशन से अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर का तेल चोरी कर लेने से आपूर्ति ठप हो गई। जेई की तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी है। एसडीओ शुभम मौर्य के अनुसार, रविवार की रात गांव गोकन में बने विद्युत सब स्टेशन से अज्ञात चोरों द्वारा पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर से लगभग 1000 लीटर तेल चोरी से निकाल लिया। तैनात कर्मचारियों के जग जाने से चोर तेल छोड़कर भाग निकले। सूचना पर जूनियर इंजीनियर राजकुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर निकालें गये तेल को कब्जे में लेकर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर ने जब पूछताछ की तो मामला संदिग्ध मिला। उक्त मामले के संबंध में जानकारी चाही तो बताया स्थानीय स्टाफ के मिलीभगत से घटना हुई है। जल्द ही पूछताछ का खुलासा किया जाएगा।

## राहगीर को बचाने के प्रयास में खाई में गिरी बाइक, दो घायल

लखीमपुर,खीरी। बाइक से कावड़ चढ़ाने जा रहे भक्तों की



बाइक राहगीर को बचाने को लेकर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर जानकी एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, फर्रुखाबाद निवासी पुष्पेंद्र कनौजिया और अमरदीप एक बाइक से कावड़ चढ़ाने गोला जा रहे थे। रविवार रात उनकी बाइक स्टेट हाईवे के गांव सहादेवा के पास पहुंची, तभी सामने से अचानक आए राहगीर को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हेल्पलाइन की सूचना पर जानकी एंबुलेंस ने इलाज के लिए घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को सुबह उनकी बाइक निःशुल्क ठीक करा कर उन्हें कावड़ चढ़ाने के लिए रवाना किया गया। इस सुविधा के लिए यात्रियों ने आभार जताया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कूदा अधेड़, मौत

लखीमपुर,खीरी। कस्बा मोहम्मदी निवासी एक अधेड़ की चलती ट्रेन से कूद जाने पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना से घर में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी सुनील बाजपेई 42 वर्ष कर्नाटक में एक कंपनी में कार्यरत थे। 16 जुलाई को घर वापस आने के लिए ट्रेन से निकले थे, रास्ते में मुंबई से 80 किलोमीटर पहले चलती ट्रेन से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। साथ में यात्रा कर रहे उनके दोस्त शंभू ने हादसे के बाद ट्रेन रुकवाने का प्रयास किया जो विफल रहा। अगले स्टेशन पर पहुंचने के बाद घटना की सूचना जीआरपी पुलिस और परिजनों को दी।



जिस पर मितौली पुलिस के बड़े अधिकारी द्वारा लोकेशन की जानकारी कर परिजनों को बताई। परिवार वालों ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया। जिसका पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने एयर एंबुलेंस से लखनऊ लाए। शव के नगर में पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला कौशल विकास मिशन मुख्यालय भिनगा, श्रावस्ती के तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 21 जुलाई, 2022 को प्रातः 10.00 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निकट संयुक्त जिला चिकित्सालय के पीछे मुख्यालय भिनगा, श्रावस्ती में किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक एवं आई0टी0आई0/पॉलीटेक्निक (डिप्लोमा) उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराने हेतु 03 कम्पनियों को बुलाया गया है। साथ ही बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी योग्यतानुसार सेवायोजन पोर्टल sewayojan-up-nic-in एवं ncs-gov-in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराकर कम्पनी में आवेदन कर सकते है।

उन्होने यह भी बताया है कि अभ्यर्थी 21 जुलाई, 2022 को प्रातः 10 बजे अपना बायोडाटा/रिज्युम सहित समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति तथा एक फोटो के साथ रोजगार मेले में साक्षात्कार हेतु सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु सेवायोजन पोर्टल sewayojan-up-nic-in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, भिनगा से सम्पर्क कर सकते है।

## सम्पादकीय....

### रोजगार सृजन कर किसानों की सहायता करता डेयरी उद्योग

(दूध उत्पादन में अन्य व्यवसायों की तरह करियर की अपार सम्भावनायें हैं, देश भर में राज्य सरकारें दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को सब्सिडी देकर इस उद्योग को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं विज्ञान और तकनीकी में नए–नए प्रयोग कर के दूध उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को उनकी आजीविका के साधनों को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाती हैं।)

दूध भारत में सबसे बड़ी कृषि–वस्तु है। यह राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5 प्र. का योगदान देता है और 80 मिलियन डेयरी किसानों को सीधे रोजगार देता है। आर्थिक गतिविधियों में सुधार, दूध और दुग्ध उत्पादों की प्रति व्यक्ति खपत में वृद्धि, आहार संबंधी प्राथमिकताओं में बदलाव और भारत में बढ़ते शहरीकरण ने डेयरी उद्योग को 2021–22 में 9–11 प्र. की वृद्धि की है। इस क्षेत्र को बाजार के साथ एक मजबूत एकीकरण की आवश्यकता है।

दूध उत्पादन में अन्य व्यवसायों की तरह करियर की अपार सम्भावनायें हैं, देश भर में राज्य सरकारें दूध की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को सब्सिडी देकर इस उद्योग को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं विज्ञान और तकनीकी में नए–नए प्रयोग कर के दूध उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खासकर ग्रामीणों क्षेत्र के लोगों को उनकी आजीविका के साधनों को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाएं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाती हैं। इन योजनाओं पर अनुदान का भी प्रावधान रखा गया है। किसान व आम ग्रामीण अनुदान प्राप्त कर आजीविका के साधनों को बेहतर बना सकते हैं।

भारत में दूध के उत्पादन और बिक्री की प्रकृति को देखते हुए दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग उपभोक्ताओं के रोजगार और आय में बदलाव के प्रति संवेदनशील है। इसलिये भारतीय अर्थव्यवस्था के इस महत्त्वपूर्ण क्षेत्र को बचाने के लिये बहुत कुछ करने की जरूरत है। पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और प्रजनन सुविधाओं और डेयरी पशुओं के प्रबंधन की आवश्यकता है। दुग्ध उत्पादों की प्राथमिक आवश्यकताएं देखे तो कच्चे माल, मशीनरी और उपकरणों को संदर्भित करती हैं जिन्हें उद्योग को संचालन करने की आवश्यकता होती है।

प्रसंस्कृत और पैकेज्ड दूध उत्पादों की प्राथमिक आवश्यकता में शामिल हैंय दूध जो उद्योग के लिए कच्चा माल बनाता है। जनसंख्या के लिए पर्याप्त दूध उत्पादन प्रदान करने के लिए गुणवत्ता वाले मवेशीय डेयरी किसान और सहकारी समितियां जो आर्थिक गतिविधि के रूप में डेयरी में भाग ले सकती हैं। पशुओं को खिलाने के लिए चारे की उपलब्धताय भंडारण और भंडारण सुविधाएंय एक कुशल रसद प्रबंधन। निर्धारित समय पर निर्धारित बिंदुओं से दूध की उठान सुनिश्चित करने के लिए कुशल परिवहन सुविधाएं और कनेक्टिविटी दुग्ध उत्पादों की आवश्यकताएँ हैं।

डेयरी उद्योग की दूसरी आवश्यकताओं में शामिल हैंय उपभोक्ताओं को उत्पादों के हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन और रसद। डिलीवरी श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए कि उत्पाद उपभोक्ता को सुनिश्चित गुणवत्ता के साथ जाता है क्योंकि संसाधित और पैक किए गए सामानों की शेल्फ लाइफ एक चिंता का विषय है। दूसरी आवश्यकताओं में कोल्ड स्टोरेज, परिवहन शामिल हैं ताकि उपभोक्ताओं तक अच्छी गुणवत्ता का दूध पहुंच सके। डेयरी उद्योग के संबंध में, एक दूध प्रसंस्करण इकाई किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, किसान समूहों आदि के साथ मजबूत पिछड़े संबंध स्थापित करती है। इसके अलावा, अपने प्रसंस्कृत दूध को बेचने में सक्षम होने के लिए, यह थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, निर्यातकों आदि के साथ मजबूत संबंध विकसित करता है। डेयरी उद्योग के दो स्तंभ है एक बैकवर्ड इंटीग्रेशन है जहां कंपनी अपस्ट्रीम क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करती है। कंपनी का लक्ष्य सस्ते दरों पर कच्चा दूध, समान गुणवत्ता, स्थिर आपूर्ति और किसी भी बिचौलियों को खत्म करना है। जैसे अमूल सीधे किसानों से दूध खरीदती है। दूसरा फॉरवर्ड इंटीग्रेशन जहां कंपनी डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार करती है। कंपनी का लक्ष्य बिक्री, उपभोक्ता–संपर्क पर अधिक नियंत्रण प्राप्त करना और किसी भी बिचौलिए, थोक व्यापारी, खुदरा विक्रेता को खत्म करना है। जैसे अमूल के अपने पिज्जा आउटलेट और मिल्क पार्लर हैं।

इसके अलावा, उद्योग के प्रभावी लिंक उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करके ब्रांड के लिए मूल्य जोड़ते हैं और उत्पादन के कारकों पर बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लागत बचत और बढ़ी हुई दक्षता होती है। डेयरी उद्योग में कच्चे माल की उपलब्धता और बाजार के साथ जुड़ाव आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है। इसलिए, यह अर्थव्यवस्था और किसानों को लाभान्वित करता है।

डेयरी क्षेत्र में पिछड़े एकीकरण के मुद्दे देखे तो चारागाह भूमि में कमी, और वर्षा सिंचित परिस्थितियों के कारण गुणवत्ता वाले चारे की उपलब्धता में कमी, परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता में क्षेत्रीय असंतुलन, ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सालयों की कम उपस्थिति के साथ पशु चिकित्सा रोगों की बढ़ती घटनाएं, देशी नस्लों की कम उत्पादकता और विदेशी नस्लों के दूध में पोषण की कमी, गुणवत्ता वाले प्रजनन करने वाले सांडों और वीर्य की कम उपलब्धता और देशी और विदेशी नस्लों के क्रॉस ब्रीडिंग में तुलनात्मक रूप से कम सफलता, पशु वृद्धि में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग, किसानों के लिए विपणन सुविधाओं का अभाव के साथ बिचौलियों की उच्च उपस्थिति गंभीर समस्याएं है जो किसानों के लाभ को खा जाती है।

इसके अलावा कुछ अन्य मुद्दे जैसे सहकारी समितियों की क्षेत्रीय सफलता, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में प्रोटीन सेवन पर बढ़ते ध्यान के कारण मूल्य वृद्धि, मिलावट और कृत्रिम दूध की उपस्थितिय लगभग 70ः भारतीय दूध खाद्य सुरक्षा और मानकों द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करता है, भी इस उद्योग की सफलता के रस्ते में आड़े आते है । आर्थिक अनिश्चितता के समय में डेयरी क्षेत्र में रोजगार सृजन और अतिरिक्त आय वाले किसानों की सहायता करने की एक बड़ी संभावना है। भारत दुनिया में दूध का सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला देश है, लेकिन अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है क्योंकि भारत दुनिया का डेयरी बनना चाहता है।

अपने सामाजिक–आर्थिक महत्व के कारण डेयरी, भारत सरकार के लिए एक उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। यह देश की अर्थव्यवस्था में 5प्र. का योगदान करने वाला एकमात्र सबसे बड़ा कृषि उत्पाद है और 80 करोड़ से ज्यादा किसानों को सीधे रोजगार प्रदान करता है। इसके अलावा, देश में पैकेज्ड डेयरी उत्पाद का बहुत बड़ा घरेलू बाजार हैं, जिनकी कीमत 2.7 से लेकर 3.0 लाख करोड़ रुपये है। डेयरी क्षेत्र में बाजार में वृद्धि के लिए प्रसंस्करण, शीतलन, लॉजिस्टिक, पशु चारा इत्यादि में बुनियादी निवेश की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, डेयरी उत्पादों, जैविक/फॉर्म ताजा दूध और निर्यात जैसे क्षेत्रों में नए आकर्षक अवसर मौजूद हैं। डेयरी क्षेत्र में पर्याप्त रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया जा रहा है जो कि भारतीय खाद्य क्षेत्र में एफडीआई का लगभग 40ः है। इस क्षेत्र में बुनियादी विकास को सुगम बनाने के लिए, केंद्रध्राज्य सरकार द्वारा निवेश को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं।

सत्यवान 'सौरभ'
रिसर्च स्कॉलर, कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार

# जल दोहन ही मुख्य कारण है भूजल का घटता स्तर

गाजियाबाद। भूजल जन – जागरूकता के उद्देश्य से प्रदेश में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। वही अनियंत्रित एवं अविवेकपूर्ण दोहन तथा पुनर्भरण के अभाव में उपलब्धता एंव गुणवत्ता में कमी आ रही है। ऐसी स्थिति में प्रदेश स्तर पर जागरूकता के उद्देश्य से ष्भूजल सप्ताहष् का आयोजन सराहनीय प्रयास है। उत्तर प्रदेश सरकार की 16 से 22 जुलाई 2022 ष्भूजल सप्ताहष् से प्रेरणा लेते हुए, सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र आर्य ने 5 लोगो के खिलाफ पत्र लिख भूजल दोहन की शिकायत किया। यह पत्र गा.बाद मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य मलिक और लघु सिचाई खंड के नोडल अधिकारी हरिओम जी को यह सब जानकारी कर उचित कारवाही करने को पत्र में कहा गया।

बता दे की रविंद्र आर्य ने पत्र में लिखा की गाजियाबाद शहर का माना–जाना वाला 4 सितारा फॉर्च्यून इन ग्राजिया होटल बिना एन ओ सी के भूजल दोहन कर रहा है। जिसमे की मालिवाड़ा चौक में वाहन धोने का सर्विस स्टेशन एवं लोनी रोड पर 2 अबैध आर ओ प्लांट और 1 कार धुलाई सर्विस स्टेशन के संचालकों के बारे मे लिखा की सालों से बिना एन ओ सी के सुचारु रूप से चला रहे है। और अबैध आर ओ प्लांट पानी के टैंकरो द्वारा गाजियाबाद, लोनी और साहिबाबाद, इंद्रापुरम क्षेत्र में सप्लाई कर भूजल दोहन कर रहे है। जिससे स्थानीय क्षेत्र का जलस्तर कम होता जा रहा है।

अपको बता दे की उत्तर प्रदेश सरकार के अधिनियम 2019 एक्ट अनुसार उत्तर प्रदेश में एन ओ सी और लाइसेंस के बगैर कोई भी कंपनी या व्यक्ति आर ओ प्लांट संचालित नहीं कर सकता है। जिसमे की भूमि से जल दोहन कर व्यवसाय करना भी कानूनी जुर्म है। जिसमे 2 लाख से 5 लाख का जुर्माना और 6 महीने से 1 साल की सजा का भी प्रावधान है।

सूची : 1. फॉर्च्यून इन ग्राजिया, 4 स्टार होटल, सेक्टर 23, संजय नगर, 2. संचालक रू जय प्रकाश चौधरी (चौधरी सर्विस स्टेशन) मालिवाड़ा चौक। 3. वीर सिंह नागर (जे डी एस कार धुलाई सर्विस स्टेशन) लोनी रोड। 4. महिपाल सिंह चौहान (चौहान इंटरप्राइजेज) लोनी रोड। 5. रनजनध्बंटी (दीपक डीएम वॉटर सप्लाई स्टोर) लोनी रोड, मोहन नगर। बिना एन ओ सी के जल दोहन कर व्यवसाय करने वाले अबैध आर ओ प्लांटो और कार और दुपहिया वाहनों को जल दोहन करने वालों की सूची दिया गया। रविंद्र आर्य का कहना है की जल दोहन के कारण ही उत्तर प्रदेश और हमारे जिला गाजियाबाद में भूजल स्तर में कमी आई है। जबकि सिंचाई में 60–65 प्रतिशत भूमिगत जल का प्रयोग किया जाता है। भूजल संरक्षण के लिए हमें इस परम्परा को रोकना होगा। अपनी आमदनी तो बढ़ाप्रकृति का प्रतिउत्तर।

आजतक प्रकृति ने मानव से कुछ नहीं लिया है बल्कि प्रकृति हमेशा से मानव को देती ही आई है। मानव के पास अपना है ही क्या? जो भी है वह प्रकृति का ही दिया हुआ है । पेड़ पौधे,जल,जमीन,वायुमंडल आदि सब प्रकृति की देन है ।यहाँ तक कि मनुष्य का शरीर भी पाँच तत्वों से ही बना है !यदि हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करेंगे तो निश्चित ही प्रकृति भी अपना असली रूप दिखा देती है। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला के घुमारवीं उपमंडल मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर दूर पहाड़ पर बसा एक छोटा सा गाँव कठलग । पहाड़ की चोटी पर माता सोहणी देवी का मंदिर जहां दूर दूर से श्रद्धालू पूरा वर्ष चले रहते हैं ।ठीक सोहणी देवी के चरणों में बसा है यह गांव ।गांव के लोग खेती बाड़ी करते हैं तथा गांव में पत्थर की खानों पर सारा दिन पत्थर तोड़ने का भी काम करते हैं।

तीन वर्ष पहले की बात है ।रात्रि का दूसरा प्रहर, सभी लोग गहरी निद्रा में सोए हुए थे । रात को लगभग 2 बजे का समय था तभी अचानक जोर से बादल गड़गड़ाने लगे,बिजली कौंधने लगी तथा जोर की बारिश होने लगी । देखते ही देखते बारिश ने भयंकर रूप ले लिया !गाँव के ही 85 बसंत देख चुके बुजुर्ग दुर्गा राम ने अपनी पूरी जिंदगी में ऐसी भयानक बारिश नहीं देखी थी ! लोग नहीं जानते थे कि आज प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाने जा रही है । बिस्तर में ही उसने हाथ जोड़ कर प्रार्थना की कि हे प्रभु इस आफत से बचा लेना ।वह मन ही मन अनहोनी की आशंका से डर रहा था।

अचानक एक जोर की आवाज के साथ ऐसा लगा जैसे धरती हिल रही हो । पहाड़ बोल रहे हों । दुर्गा दास की पोती कान्ता जो दसवीं कक्षा में पढ़ती थी ,अभी अपना स्कूल का काम समाप्त करके सोने ही चली थी कि इस आवाज से अंदर तक कांप उठी । जब उसने अपनी खिड़की खोली तो उसे ऐसा लगा जैसे कि उसका घर व पशुशाला अपनी जगह से हिल है । एक दम से बिजली कड़की और सारा गाँव अंधेरे में डूब गया ! बारिश में शॉर्ट सर्किट की बजह से बिजली की तारें जल गई ! उसने तुरंत जोर से अपने पिता मनोज व दादा को आवाज लगाई जो उसी गाँव में पत्थर की खानों पर पत्थर तोड़ने का काम करते थे ! पापा,पापा उठो देखो बाहर क्या हो रहा है ! लेकिन मनोज गहरी निद्रा में था! उसने जाकर मनोज को हिलाया तो मनोज हड़बड़ा कर उठा ! क्या हुआ ? क्यूँ उठाया मुझे ! कांता ने फिर दोहराया पापा बाहर देखो ,हमारा मकान गिर रहा है ! तब तक छत पर रखा मिट्टी का घड़ा भी नीचे आ गिरा ! मनोज को तुरंत समझ में आ गया कि कुछ गड़बड़ है !

लोग सारा दिन पत्थर तोड़ने से थक हार कर खाना खाकर जल्दी सो जाते थे ! उस दिन भी वह रोज की तरह जल्दी सो गए थे ! कान्ता ने उसे बताया कि हमारा मकान आँगन अपनी जगह से खिसक रहे है ! उसने अपनी टॉर्च निकाली तथा खिड़की में से जब बाहर रोशनी डाली तो देखा कि वास्तव में ही घर के आँगन के सामने पशुशाला के पास से जमीन धंस गई थी !पशुशाला कि छत भी एक तरफ को झुक गई थी! अपने परिवार के साथ वह बारिश में ही तुरंत बाहर निकल गया तथा सबको जोर जोर से आवाजें लगाने लगा ! सारे गाँव में चीख पुकार मच गई थी ! लेकिन उनकी चीख पुकार बारिश के शोर में दब कर रह गई ! उसने घर घर जाकर सबको जगाया ! चारों ओर अंधेरा था लेकिन सब लोग उसके चिल्लाने की आवाज सुन कर एक दम जाग गए तथा घरों से बाहर आ गए । उसे अब लोगों की जान की चिंता थी। उसके साथ दूसरे लोगों ने भी शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे लोग घरों के बाहर आ गए ।पूरे का पूरा गावँ अपनी जगह से खिसक रहा था । एक दूसरे की सहायता से सब लोग बारिश में ही गावँ से कुछ दूर सुरक्षित स्थान पर चले गए ।ऐसा लग रहा था मानों भगवान सारा पानी आज यहीं उंडेल देगा !

सारे गाँव वालों की चिल्लाने की आवाजें सुन कर आस पड़ोस के गांवों के लोग भी तुरंत सहायता के लिए पहुँच गए ! बचाव कार्य टोर्च की रोशनी में हो रहा था । सुबह तक सूचना मिलते ही साथ लगते शहर के लोग भी मौके पर पहुंच गए थे । गावँ को जाने वाली एकमात्र सड़क कई जगह से टूट गई थी जिससे सहायता पहुँचाने वाली गाडियाँ भी नहीं पहुँच सकी थी । गावँ तक पहुंचने के सभी रास्ते भी टूट चुके थे । लगभग 15 मकान पहाड़ी के दरकने से मलबे में दब गए थे । सबके पशु जिनमें भैंसें,गायें,बकरियां,भेड़ें शामिल थी मलबे में दब चुकी थीं । पूरे गाँव में रोने और चिल्लाने के अलावा कुछ सुनाई नहीं दे रहा था! पूरे गाँव के लोग सुरक्षित थे लेकिन उनके पास सिवाए पहने हुए कपड़ों के कुछ नहीं बचा था । रात को हो रही लगातार बारिश के कारण बचाव कार्य तेजी से नहीं हो पा रहा था ।



दूसरे दिन सुबह जब बारिश कम हुई तो इलाके के लोग प्रशासन के साथ बचाव कार्यों में जुट गए ।मशीन से मलवा हटाने के दौरान कई मरे हुए पशुओं को बाहर निकाला गया । लोग काफी संख्या में इकट्ठे हो गए थे ! कुछ सामाजिक संस्थाएं लोगों की सहायता के लिए आगे आ गई थी ! उन्होंने उस गांव के सभी लोगों के लिए खाने,पीने कपड़ों व जरूरी चीजों की व्यवस्था की । गांव के सारे मकान इस आपदा में क्षतिग्रस्त हो गए थे ।गावँ से एक किलोमीटर ऊंचाई पर माता सोहनी देवी का मंदिर था। गाँव के लोग माता पर बहुत विश्वास करते थे ! जब गाँव वालों ने देखा कि सिवाय मकानों व मवेशियों के सभी की जान बच गई है तथा सभी बच गए है ,उनका विश्वास माता पर और भी पक्का हो गया । सबका मानना था कि माता के रूप में ही उस लड़की ने सब को जगा कर सब की जान बचाई है ।



उस गांव में लगभग तीन किलोमीटर के क्षेत्र में पत्थर की खानें थी जिनमें से लोग पत्थर निकालते थे ।लोग अप्राकृतिक तरीके से सुरंगों व विस्फोटकों का इस्तेमाल पत्थर निकालने के लिए किया करते थे जिससे सारी जमीन खोखली हो गई थी तथा उसमें पानी का रिसाव होता रहता था । इन खानों के कारण ही बहुत सारे पेड़ों की बली दे दी गई थी । यह रिसता हुआ पानी ही इस जलजले का कारण बना । यह पानी पत्थरों की खुदाई से बने गड्ढों में भर कर धीरे धीरे रिस्ता गया जिसके कारण लगभग 3 किलोमीटर के क्षेत्र का पूरा पहाड़ खिसक गया जिसकी चपेट में पूरा गांव आ गया। प्रकृति से खिलवाड़ का ही यह नतीजा रहा कि पूरे गांव को घर से बेघर होना पड़ा । हमें प्रकृति का पूरा सम्मान करना चाहिए ,यदि मनुष्य प्रकृति का दोहन अपने फायदे के लिए करेगा तो प्रकृति भी उसका प्रतिउत्तर देगी और उसे क्षमा नहीं करेगी। प्रकृति के साथ मानव द्वारा की जा रही छेड़छाड़ का ही नतीजा है जो आज बड़ी बड़ी आपदाएं आ रही हैं ,लेकिन मनुष्य अपने लालच और चंद पैसों के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार है । इस आपदा में सब गाँव बासी तो बच् गए लेकिन उनके कितने ही मवेशी इस जलजले की भेंट चढ़ गए ! लाखों रुपए का उनका नुकसान हो गया ! आज भी गाँव के लोग जब उस काली भयानक रात को याद करते हैं तो उनके रौंगटे खड़े हो जाते हैं ! लोग जब भी आसमान में काले बादल देखते हैं तो उनके मन के एक कोने में डर सा पैदा हो जाता है !

रवीन्द्र कुमार शर्मा घुमारवीं

# भूजल सप्ताह के सफल आयोजन की कामना - रविंद्र आर्य

गाजियाबाद। भूजल जन – जागरूकता के उद्देश्य से प्रदेश में दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। वही अनियंत्रित एवं अविवेकपूर्ण दोहन तथा पुनर्भरण के अभाव में उपलब्धता एंव गुणवत्ता में कमी आ रही है। ऐसी स्थिति में प्रदेश स्तर पर जागरूकता के उद्देश्य से ष्भूजल सप्ताहष् का आयोजन सराहनीय प्रयास है। उत्तर प्रदेश सरकार की 16 से 22 जुलाई 2022 ष्भूजल सप्ताहष् से प्रेरणा लेते हुए, सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र आर्य ने 5 लोगो के खिलाफ पत्र लिख भूजल दोहन की शिकायत किया। यह पत्र गा.बाद मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य मलिक और लघु सिचाई खंड के नोडल अधिकारी हरिओम जी को यह सब जानकारी कर उचित कारवाही करने को पत्र में कहा गया।




बता दे की रविंद्र आर्य ने पत्र में लिखा की गाजियाबाद शहर का माना–जाना वाला 4 सितारा फॉर्च्यून इन ग्राजिया होटल बिना एन ओ सी के भूजल दोहन कर रहा है। जिसमे की मालिवाड़ा चौक में वाहन धोने का सर्विस स्टेशन एवं लोनी रोड पर 2 अबैध आर ओ प्लांट और 1 कार धुलाई सर्विस स्टेशन के संचालकों के बारे मे लिखा की सालों से बिना एन ओ सी के सुचारु रूप से चला रहे है। और अबैध आर ओ प्लांट पानी के टैंकरो द्वारा गाजियाबाद, लोनी और साहिबाबाद, इंद्रापुरम क्षेत्र में सप्लाई कर भूजल दोहन कर रहे है। जिससे स्थानीय क्षेत्र का जलस्तर कम होता जा रहा है।

अपको बता दे की उत्तर प्रदेश सरकार के अधिनियम 2019 एक्ट अनुसार उत्तर प्रदेश में एन ओ सी और लाइसेंस के बगैर कोई भी कंपनी या व्यक्ति आर ओ प्लांट संचालित नहीं कर सकता है। जिसमे की भूमि से जल दोहन कर व्यवसाय करना भी कानूनी जुर्म है। जिसमे 2 लाख से 5 लाख का जुर्माना और 6 महीने से 1 साल की सजा का भी प्रावधान है।

सूची रू 1. फॉर्च्यून इन ग्राजिया, 4 स्टार होटल, सेक्टर 23, संजय नगर, 2. संचालक रू जय प्रकाश चौधरी (चौधरी सर्विस स्टेशन) मालिवाड़ा चौक। 3. वीर सिंह नागर (जे डी एस कार धुलाई सर्विस स्टेशन) लोनी रोड। 4. महिपाल सिंह चौहान (चौहान इंटरप्राइजेज) लोनी रोड। 5. रनजनध्बंटी (दीपक डीएम वॉटर सप्लाई स्टोर) लोनी रोड, मोहन नगर। बिना एन ओ सी के जल दोहन कर व्यवसाय करने वाले अबैध आर ओ प्लांटो और कार और दुपहिया वाहनों को जल दोहन करने वालों की सूची दिया गया। रविंद्र आर्य का कहना है की जल दोहन के कारण ही उत्तर प्रदेश और हमारे जिला गाजियाबाद में भूजल स्तर में कमी आई है। जबकि सिंचाई में 60–65 प्रतिशत भूमिगत जल का प्रयोग किया जाता है। भूजल संरक्षण के लिए हमें इस परम्परा को रोकना होगा। अपनी आमदनी तो बढ़ाना चहाते है, पर भूजल बचा रहे इसके लिए कोई प्रयास नहीं करते हैं। देश में पानी के के परम्परागत स्रोत कम वर्षा व बेतरतीब दोहन के चलते खत्म होते जा रहे हैं इस कारण भूजल स्तर घटता जा रहा है।

रविंद्र आर्य (सामाजिक कार्यकर्त्ता)

## कोविड-19 का नया वेरिएंट बीए, 4 और बीए,5 संक्रामक तथा प्रतिरक्षा को भेदने वाला

(विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किया सावधान)

विश्व स्वास्थ संगठन ने कहा की विश्व को करोना की तीसरी लहर के संक्रमण के लिए मजबूती से तैयार रहना होगा। विशेष तौर पर उन देशों को जिनके पास संसाधन की कमी है और जनसंख्या बहुत ज्यादा, इस संदर्भ में भारत को विशेष सावधानी रखनी होगी क्योंकि भारत की जनसंख्या विश्व स्तर पर दूसरे नंबर पर मानी जाती है ।भारत विकासशील राष्ट्रों में भी शुमार किया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि भारत में शत प्रतिशत वैक्सीन अपने नागरिकों को उपलब्ध कराई है एवं लगातार बूस्टर डोज भी दिए जा रहे हैं इसके बावजूद कोविड–19 की तीसरी लहर भारत में तेजी से अपने पैर पसार रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी एवं डॉक्टर सौम्या स्वामीनाथन ने ट्वीट कर बताया है कि कोविड–19 के नए वैरीअंट बीए 4 और बीए 5 अत्यंत संक्रामक एवं खतरनाक है जो वैक्सिंन लगा लेने के बावजूद भी मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता एवं प्रतिरक्षा को भेदने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देशों फ्रांस, इटली,जर्मनी के अलावा अमेरिका ,ब्रिटेन ,इजराइल ,मलेशिया ईरान, इराक देशों में करोना की तीसरी लहर अपने पैर पसार रही है। इसका मतलब यह है कि संक्रमण तेजी से फैल रहा है एवं अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है जो एक चिंताजनक विषय है

वर्ल्ड बैंक के फिलिप्स शेलेकस के चिंताजनक ट्विटर के बाद जिसमें फिलिप्स ने विश्व में करोना की तीसरी की लहर की चिंताजनक रफ्तार के लिए गहरी चिंता जताई थी और कहा था कि टीकाकरण में भी कुछ देश घनघोर लापरवाही बरत रहे हैं ऐसे में कोविड–19 का नया वैरीअंट फिर से तबाही ला सकता है।

उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के आंकड़ों के अनुसार करोड़ों लोग कोविड–19 के संक्रमण के शिकार हुए थे और लाखों लोगों की इस बीमारी से मृत्यु हो गई थी। सौम्या स्वामीनाथन ने चेताया है कि कोविड–19 की तीसरी लहर को सहजता से नहीं लिया जाना चाहिए एवं समस्त देशों की सरकारों को हाई अलर्ट घोषित कर इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आम जनता की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। सौम्या ने आगे भी कहा कि खासकर यह बात अत्यंत चिंताजनक उन देशों के लिए है जिनकी जनसंख्या देश के अग्रणी 10 देशों में है और उनके पास स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधाएं बहुत कम है एवं संसाधनों की कमी से सरकारे जूझ रही हैं ।ऐसी सरकारें विश्व स्वास्थ्य संगठन से जुड़ कर एवं कंधे से कंधा मिलाकर अपने देश के नागरिकों की रक्षा कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिक तथा डॉक्टर लगातार कोविड–19 की किसी लहर के प्रति लगातार गाइडलाइन देकर सावधानी बरतने की चेतावनी दे रहे हैं। इस संदर्भ में हमें भी कोविड–19 की तीसरी लहर के संक्रमण के प्रति अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए एवं मास्क लगाकर वाले क्षेत्र में ना जाकर सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर लगातार हाथ धोते रहना चाहिए किसी से हमारी सुरक्षा हम सुरक्षित रहेंगे समाज सुरक्षित रहेगा और देश सुरक्षित रहेगा ।

संजीव ठाकुर ,स्तंभकार

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

### शिवम सिंह को बनाया गया जिला उपाध्यक्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स महोबा। राजपूत करणी सेना शाखा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह के आवाहन में संगठन के जिलाध्यक्ष अनुज गंगा सिंह राजावत ने शिवम सिंह राजावत को महोबा जिले का संगठन उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने शिवम सिंह को संगठन के प्रति लगनशील व ईमानदारी पूर्वक कार्य करने को निर्देशित किया है।



### 12 वर्ष से ऊपर के छात्रों को लगाए गए कोविड वैक्सीन के टीके

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के तहसील क्षेत्र जमुनहा के अंतर्गत सेठ प्रभु दास निरंजन कुमार मेमोरियल इंटर कालेज नासिर गंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अधीक्षक रविंद्र कुमार सोनकर के निर्देशानुसार ब्लाक कोऑर्डिनेटर अखिलेश कुमार, सुपरवाइजर रिचा साहू, विद्यालय के व्यवस्थापक हरीश चंद्र जायसवाल के नेतृत्व में ए एन एम मंशा देवी, पंकज कुमार, आशा मिश्र ने 12 वर्ष के ऊपर चिन्हित किए गए 54 छात्र छात्राओं को कोविड वैक्सीन का टीका लगाया गया। इस टीकाकरण के दौरान विद्यालय के छात्र काफी उत्साहित दिखे साथ ही विद्यालय के शिक्षक एवम शिक्षिकाएं सहित जिला व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे



### जनता दर्शन मे पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गई जन समस्याए

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनता दर्शन में आये हुए फरियादियों की समस्याएंधशिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 भूमि विवाद, 02 पारिवारिक विवाद तथा 07 अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।



### पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात शव की शिनाख्त करने में मदद करने की अपील

नन्द कुमार श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। 17 जुलाई 2022 को समय लगभग 09:30 बजे रात्रि इकौना क्षेत्र अंतर्गत एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 65 वर्ष को बलरामपुर–बहराइच हाइवे पर मोहनीपुर के निकट परी हास्पिटल के पास अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिया गया जिससे इस व्यक्ति की मृत्यु हो गई है यह व्यक्ति मुस्लिम समुदाय का है इसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही है। कृपया आप लोगो को उक्त मृतक के बारे में किसी प्रकार की जानकारी हो या जानते व पहचानते हो तो निम्नलिखत मोबाइल नंबर पर सूचित करने की कृपा करें।

क्षेत्राधिकारी इकौना सी यू जी न0 – 9454401380

प्रभारी निरीक्षक इकौना सी यू जी न0 – 9454404306

हुलिया मृतक – सांवला रंग, इकहरा जिस्म नाक ,कान व कद औसत,दाढ़ी व मूछ के बाल सफेद, उम्र करीब 65 वर्ष।

पहनावा – लावारिश व्यक्ति नीले कलर की चेकदार लुंगी व काही कलर की टीशर्ट पहने हुए है। साथ ही इस अज्ञात शव जो संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में पहचान हेतु मोर्चरी में रखा गया है।

### भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कानपुर नगर स्थित ई.पी.एम.वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

कानपुर नगर। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश कुमार द्वारा आज भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद कानपुर नगर स्थित ई०पी०एम० वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। ई0वी0एम0 वेयर हाउस के निरीक्षण के समय भारतीय जनता पार्टी के श्री अवधेश सोनकर, श्री गणेश शंकर शुक्ला, राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के श्री सुरेश गुप्ता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के श्री रामप्रसाद कनौजिया व कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (माक्सवादी) के श्री उमाकान्त उपस्थित थे।

### सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में भक्तों की रही भारी भीड़

रसूलाबाद कानपुर देहात। सावन के पहले सोमवार पर कानपुर देहात के शिव मन्दिरो में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा । अमरौधा के कालेश्वर मंदिर , अकबरपुर के नबीपुर स्थित झाडेश्वर शिव मन्दिर, रसूलाबाद के श्री धर्मगढ़ मन्दिर, जिनई



बनीपारा के पौराणिकबाणेश्वर महादेव मन्दिर, कहिंजरी के महाकालेश्वर मन्दिर, झींझक के भोलेश्वर मन्दिर, डेरापुर के कपालेश्वर मन्दिर में श्रृदालुओं की खासी भीड़ देखने को मिली। सावन के पहले सोमवार के चलते शिव भक्त सुबह से ही मन्दिरों में पहुच भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजन कर रहे है । शिवलिंग को बेलपत्री , धतूरा , दूध और जलाभिषेक कर रहे है। मन्दिरों के आस–पास मेला भी लगाया गया। जिसमें पूजन सामग्री से लेकर बच्चों के खिलौने की भी दुकाने लगी रही। जहां बच्चों ने खासी खरीदारी की। कांवड़ियों की भी खासी भीड़ शिव मन्दिरों में देखने को मिल रही है। वहीं जिला प्रशासन ने शिव मन्दिरों मे खासी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल शिव मन्दिरों में लगाया गया। वहीं मन्दिरों में आये शिव भक्तों की माने तो भगवान शिव से जो भी मांगों वह पूरा होता हैं। जनपद की जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति ने बनीपारा के बाणेश्वर मंदिर पहुंची। जहां की सुरक्षा व्यवस्था का उन्होंने जायजा लिया और मेले में खरीदारी भी की।

## सेवानिवृत कर्मचारी ने खाया जहरीला पदार्थ

दैनिक अयोध्या टाइम्स

मौदहा हमीरपुर। कस्बे के पूर्वी तरौस बांकी तलैया निवासी सुदामा प्रसाद (80) सिंचाई विभाग के सेवानिवृत बाबू ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक पदार्थ सेवन कर लिया जिससे हालत बिगड़ते देख परिजनो ने आनन फानन में इलाज के लिए समुदायिक स्वस्थ केन्द्र मौदहा भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने



प्राथमिक उपचार के बाद हालत सुधार ना आने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल किया रिफर सूत्रों के माने तो कई दिनों से ग्रह कलह के चलते हमेशा परेशान रहता था।

### रफ्तार का कहर, सड़क हादसे में 3 व्यक्ति हुए जख्मी एक रैफर तो दो का इलाज शुरू



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटना वीरगंज बाजार पण्डित पुरवा गांव निवासी ओम प्रकाश पाठक जो सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए अपने घर से निकले थे कि बैरियर चौराहा से मधवापुर जाने वाली सड़क के बीच अज्ञात साइकिल सवार ने ठोकर मार दी जिससे ओम प्रकाश की सड़क पर गिरने से दाहिना हाथ टूट गया जिन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भिनगा भेज दिया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत फतेहपुर बनगई के मजरा मंतुरी निवासी नसीम खान (48) पुत्र बशीर खान अपनी पुत्री हुसनुमा (17) के साथ भिनगा में आधार कार्ड ठीक कराकर वापस अपने घर को आ रहे थे कि बैरियर चौराहा पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने ठोकर मार दिया जिससे पिता पुत्री सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही चौराहे पर गस्त कर रही पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में भर्ती कराया गया। जहां पर दोनो पिता और पुत्री का इलाज चल रहा है।

### 50 पैरा लीगल वालिण्टियर्स को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ में चयनित

- 18 से 21 जुलाई 2022 तक पैरा लीगल वालिण्टियर्स का 04 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया
- शेष प्रशिक्षण का कार्यक्रम 19, 20 व 21 जुलाई, 2022 को



लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 50 पैरा लीगल वालिण्टियर्स को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ में चयनित किया गया है, जो पात्र व्यक्तियों, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों, महिलाओं एवं बच्चों, समाज के पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशानिर्देशन में विधिक साक्षरता एवं विधिक सहायता उपलब्ध करायेंगे। समस्त चयनित पैरा लीगल वालिण्टियर्स का 04 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 18 जुलाई 2022 से 21 जुलाई 2022 तक के लिये पुराना उच्च न्यायालय कैसरबाग स्थित मीडियेशन सेन्टर में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री राम मनोहर नारायण मिश्रा की अध्यक्षता प्रारम्भ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निहारिका जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देशन में पैरा लीगल वालिण्टियर्स एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी (से०नि०) श्री ओम प्रकाश द्वारा किया गया। प्रशिक्षकगण श्रीमती अर्चना सिंह, प्रभारी अधिकारी आशा ज्योति केन्द्रध्वन स्टाप सेन्टर एवं श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह पैनल अधिवक्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पैरा लीगल वालिटियर्स किस प्रकार सामान्य व्यक्तियों की क्या सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशानिर्देशन में किस प्रकार कर सकते है।

अन्त में समस्त उपस्थित जन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की अनुमति से कार्यक्रम का समापन किया गया। शेष प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 19, 20 व 21 जुलाई, 2022 को अन्य प्रशिक्षकगण द्वारा जारी रहेगा।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बाणेश्वर महादेव मंदिर में पहुंच भगवान शिव जी के दर्शन किए तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

कानपुर देहात। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर आज दिनांक 18 जुलाई 2022 को कानपुर देहात जनपद जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति ने डेरापुर तहसील क्षेत्र के बनीपारा में स्थित बाणेश्वर महादेव मंदिर में पहुंच भगवान शिव जी के दर्शन किए तथा सुरक्षा व्यवस्था का



जायजा लिया तथा साफ–सफाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डेरापुर साक्षी शर्मा, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर आदि उपस्थित रहे।

## 25 हजार रुपए का इनामिया शातिर आपराधी अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर(सुमेरपुर)। बीते मई माह में बीरू सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह निवासी ग्राम बड़ा कछार थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर ने थाना सुमेरपुर आकर लिखित रूप से सूचना दी कि नवीन मण्डी स्थल कस्बा सुमेरपुर के आगे नेशनल हाइवे पर हमारे पीछे की तरफ से एक मोटर साइकिल से रोहित यादव पुत्र वीर सिंह यादव निवासी ग्राम पतारा थाना कुरारा तथा उसके एक अज्ञात साथी ने मेरा रास्ता रोककर कर तमंचा लगाकर जबरजस्ती 25 हजार रुपए से भरा बैंग मुझसे लूट लिया और हमीरपुर की तरफ भाग गये है। इस सूचना पर तत्काल थाना सुमेरपुर पर मु0अ0सं0–198/22, धारा–341/392/504/506 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त शातिर अपराधी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा 25000/– रु0 का नकद पुरस्कार घोषित किया गया था एवं शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना सुमेरपुर पुलिस को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा पतारसी, सुरागरसी, अथक प्रयास से कुख्यात अभियुक्त रोहित यादव पुत्र वीर सिंह यादव निवासी ग्राम पतारा थाना कुरारा जनपद हमीरपुर को पंधरी तिराहा कस्बा सुमेरपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके कब्जे से लूटे हुये 12100/– रु0 तथा एक तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा



का0 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना सुमेरपुर पर मु0अ0सं0–198/22, धारा–341/392/504/506/411 आईपीसी व मु0अ0सं0–287/22, धारा–3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया। अभियुक्त रोहित यादव उपरोक्त थाना कुरारा का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर व टाप–10 अपराधी है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना सुमेरपुर, उ0नि0 रविन्द्र कुमार थाना सुमेरपुर, का0 सुरेन्द्र कुमार मिश्रा थाना सुमेरपुर, का0 गौरव सिंह जादौन थाना सुमेरपुर, का0 दीपू सिंह थाना सुमेरपुर शामिल रहे।

### श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जिले के शिव मंदिरों में शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)।श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जिले भर में शहर से लेकर गावों तक के शिवालयों पर शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। जहां प्रातःकाल से ही श्रद्धालु लाइनों में लगकर हाथ में कमंडल लेकर उसमे भांग, धतूर, बेलपत्र, अक्षत,गंगाजल, दूध से शिवलिंग पर अभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिरों में भक्तों द्वारा लगाए जा रहे बोल बम के जयकारे की गूंज से चारों दिशाएं गुंजायमान हो रही थी। इस मौके पर सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर पर जलाभिषेक के साथ साथ भक्तों द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। पूरे दिन जिले भर के शिवालयों में ॐ नमः शिवाय और बम बम भोले





के जयकारों से गुंजायमान रहा। जलाभिषेक के दौरान शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना और अनुष्ठान किए गए जिसको लेकर शिव भक्तों ने मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। तथा भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। शिव भक्तों ने पहले जल से और फिर दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया।श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, आक, धतूरा, पुष्प, तिल, भांग, कमल गट्टा से भगवान शंकर की आराधना कर उन्हें मोली, तिलक, चंदन, अर्पित किया। पांडव कालीन विभूतीनाथ शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों ने अपने आराध्य का जलाभिषेक कर आराधना शुरु कर दी। इसके अलावा शहर के प्रसिद्ध मुंडा शिवालय , काली मंदिर शिवालय, सहित गिलौला के सदा शिव मंदिर, झारखंडी मंदिर, इकौना के बनी नाथ महादेव मंदिर,जमुनहा क्षेत्र में स्थित जगपतिधाम मंदिर, कथरा माफी के हनुमान मंदिर सहित जिले भर में स्थित शिवालयों में भक्तजन लम्बी कतार में लगकर पूजा अर्चना की और घर परिवार की सुख–शांति–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर आने वाले शिवभक्तों की भारी संख्या के मद्देनजर मंदिरों में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा स्वयं विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण कर जायजा लिया साथ ही ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों पी एस सी के जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बुन्देली कलाकारों के लिए मण्डलायुक्तकी बड़ी सौगात

- सांस्कृतिक संवर्द्धन हेतु पूरे झॉसी मण्डल में 150.60 लाख रुपये का बजट सुरक्षित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। नगर निगम, झॉसी द्वारा कला, संस्कृति, साहित्य व पयर्टन को संरक्षित, सवर्दि्धत करने हेतु 15 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया।

अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, झॉसी एवं जालौन द्वारा 50–50 लाख रुपये तथा जनपद ललितपुर द्वारा 02 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया।

मण्डलायुक्त द्वारा जिला पंचायत, ललितपुर को और बजट बढ़ाये जाने हेतु दिये निर्देश। जनपद झॉसी की 5 नगर पालिका परिदों एवं 7 नगर पंचायतों द्वारा उक्त मद हेतु कुल 12.50 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया।

जनपद जालौन की 4 नगर पालिका परिदों एवं 7 नगर पंचायतों द्वारा उक्त मद हेतु कुल 13.10 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया।

जनपद ललितपुर की 01 नगर पालिका परिद एवं 3 नगर पंचायतों द्वारा उक्त मद हेतु कुल 8 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया।

जनपद झॉसी की नगर पंचायत, बड़ागांव द्वारा उक्त मद में धनावंटन न करने के कारण प्रतिकूल प्रविटि निगर्त करने के निर्देश इस प्रकार झॉसी मण्डल में मण्डलायुक्त की प्रेरणा से कला, संस्कृति, साहित्य व पयर्टन को संरक्षित, सवर्दि्धत करने हेतु कुल 150.60 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के इतिहास में यह पहला अवसर है जब स्थानीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित, संवर्दि्धत करने के लिये मण्डल की हर जिला पंचायत, नगर निगम, झॉसी, नगर पालिका परिद एवं नगर पंचायतों में बजट निधार्रित करने के निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त, डॉ. अजय शंकर पाण्डेय द्वारा सघन मॉनीटरिंग और कड़े निर्दे के बाद नगर निगम, झॉसी द्वारा 15.00 लाख रुपये मण्डल की तीनों जिला पंचायतों में कुल 52.00 लाख रुपये एवं जनपद झॉसी की 05 नगर पालिका परिद एवं 07 नगर पंचायतों में कुल 12.50 लाख रुपये, जनपद जालौन की 04 नगर पालिका परिद एवं 07 नगर पंचायतों में कुल 13.10 लाख रुपये इसी प्रकार जनपद ललितपुर की 01 नगर पालिका परिद एवं 03 नगर पंचायतों में कुल 8.00 लाख रुपये का बजट स्थानीय स्तर पर कला, संस्कृति, का संरक्षित, संवर्दि्धत करने के लिए आवंटित किया गया है। इसप्रकार झॉसी मण्डल में मण्डलायुक्त डॉ. अजय शंकर पाण्डेय की प्रेरणा से कला, संस्कृति, साहित्य व पयर्टन को संरक्षित, संवर्दि्धत करने हेतु कुल 150.60 लाख रुपया का बजट आवंटित किया जा चुका है तथा सांस्कृतिक गतिविधियां प्रारम्भ कर दी गयीं हैं। ज्ञातव्य है कि मण्डलायुक्त, डॉ. अजयशंकर पाण्डेय के निर्देशानुसार कला एवं साहित्य को पल्लवित एवं पुपित करने के लिए निम्न 08 समितियों का गठन किया गया हैरू–

1– साहित्य विंग

2– सांस्कृतिक विंग–नृत्य, गायन, लोककला एवं रंगमंच, चलचित्र

3– विाटि कृाि उत्पाद संरक्षण एवं फ्लोराध्फना विंग

4– पयर्टन एवं ऐतिहासिक स्थल विंग

5– क्षेत्रीय व्यंजन एवं रीति–रिवाज विंग

6– जल संरक्षण विंग हस्तािल्प एवं उद्योग धन्धों से सम्बन्धित विंग पल्स ऑफ बुन्देलखण्ड।


यहां यह भी उल्लेख किया जाना प्रासांगिक होगा कि अभी तक 2–4 कलाकारों के आयोजन कराकर सांस्कृतिक गतिविधियों को समाप्त कर दिया जाता था। मण्डलायुक्त, डॉ. अजयशंकर पाण्डेय ने अब स्थानीय प्राासन के लिए कला एवं संस्कृति को संरक्षित, संवर्दि्धत करने के लिये जिम्मेदारी तय कर दी है और बजट निधार्रित होने के बाद इसकी कायर्योजना को तैयार करने के निर्देश दिये गये। कायर्योजना को तैयार करने में स्थानीय कलाकारों की सहभागिता सुनिचित करने के लिये निम्न निर्दो सक्षम अधिकारियों को दिये गये। स्थानीय कलाकारों को मुख्य रूप से स्थानीय कायर्क्रमों के आयोजन में शामिल किया जाय। स्थानीय कलाकारों को गायन, नृत्य, वाद्ययंत्र, इत्यादि के लिए यदि धन की आवयकता हो तो उपलब्ध कराया जाय। स्थानीय कलाकारों को अन्तर जनपदीय भ्रमण करने के समय आने वाले व्यय को बजट में शामिल किया जाय।

नगर पंचायत, बड़ागांव द्वारा कला, संस्कृति को संरक्षित, संवर्दि्धत करने के लिए बजट का आवंटन स्पट निर्दों के बावजूद भी न करने पर अधिाासी अधिकारी, नगर पंचायत, बड़ागांव को प्रतिकूल प्रविटि निगर्त करने हेतु अपर आयुक्त (प्राासन) झॉसी मण्डल, झॉसी को निर्देश दिये गये।

## रेनू महेश फार्मेसी कालेज सीतापुर कर रहा है युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट

संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा आज जिला अधिकारी ज्ञापन देकर लगाई न्याय की गुहार सीतापुर!नवीन चौक सीतापुर हरदोई रोड पर स्थित रेनू महेश फार्मेसी के नाम से स्थापित मेडिकल कालेज में वर्ष 2021–2022 सत्र की शुरुआत में डी फार्मा एलोपैथिक क्लास में प्रवेश कराया गया था और साथ ही फीस के नाम पर शैक्षिक सत्र में प्रतिमाह वसूली कर क्लासेज चलाई गई! शैक्षिक वर्ष में प्रति क्षात्र लगभग पचास हजार फीस जमा कराई गई!और अब सत्र खत्म होने पर प्रयोगात्मक परीक्षा के समय क्षात्रों को बताया गया कि यूनिवर्सिटी में आप सभी का रजिस्ट्रेशन न हो पाने के कारण इस वर्ष आप सभी परीक्षा नहीं दे पाएंगे,अब अगले सत्र में एड्मिशन कराया जाएगा!संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू व किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह से सम्पर्क कर क्षात्रों ने न्याय की गुहार लगाई!आज इस फर्जीवाड़े के सम्बन्ध में जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देकर धोखाधड़ी में शामिल जिम्मेदार प्रबंध तंत्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है!पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि क्षात्र जीवन में एक वर्ष का वेशकीमती समय बर्बाद करने के साथ फीस के नाम पर की गई लाखों रुपए की अवैध वसूली में शामिल लोगों के विरुद्ध अविलंब दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित जाए! शिव प्रकाश सिंह ने कहा इस तरह क्षात्रों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध चार सौ बीस की धारा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर इस तरह से की जा रही लूट पर अंकुश लगाया जाए,ताकि भविष्य में इस तरह से नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न किया जा सके!ज्ञापन देने वालों में ऋषभ, सुमित, बृजनंदन, अमन, अरुण , फिरोज खान, पुनीत, विपिन सिंह,मो०हुसैन,मुनीर अहमद, वीना सिंह, रोली यादव, तेजपाल, सुधीर वर्मा, रोली देवी,सरोज कुमार, मोहन कुमार, अवनीश कुमार सहित काफी संख्या में क्षात्र उपस्थित थे।



# संक्षिप्त समाचार

## पीड़ित ने गुम हुई महिला की शिकायत जालौन पुलिस से की

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। श्यामबाबू पुत्र मनीराम निवासी ग्राम पहाड़पुरा थाना कोतवाली जालौन ने सोमवार को जालौन पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया है कि हमारी पुत्री बंदना देवी उम्र करीब 21 वर्ष जिसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार बाबूराम पुत्र सुंदरलाल ग्राम बरही थाना कोतवाली कालपी के साथ वर्ष 2020 में हुआ था विवाह के अवसर पर प्रार्थी ने दान दहेज दिया था 28/5/2022 को अपनी पुत्री बंदना देवी को अपनी ससुराल बरही से लिवा आया था जब से वंदना देवी ग्राम पहाड़पुरा थाना जालौन में प्रार्थी के घर पर रह रही थी दिनांक 17/07/2022 को समय करीब 6:00 बजे घर से लापता हो गई है प्रार्थी काम से जब घर वापस आया तो पता चला कि वंदना कहीं चली गई है जिसकी खोज प्रार्थी ने कई जगह किया व रिश्तेदारों में भी पता किया लेकिन बंदना का कहीं पता नहीं चला पुलिस ने बताया है कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही जांच पड़ताल कर पता लगाया जाएगा।



## महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर में विधि विधान से हुआ रुद्राभिषेक का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन। महर्षि शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉक्टर गिरीश के निर्देशन में महर्षि शिक्षा संस्थान की विश्व की समस्त शाखाओं में पवित्र श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक का कार्यक्रम विश्व के कल्याण ,सुख ,समृद्धि ,संपन्नता , आरोग्य एवं विश्व शांति स्थापित करने हेतु रुद्राभिषेक का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी कड़ी में आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर में वैदिक विद्वानों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य यजमान की भूमिका में विद्यालय के प्रधानाचार्य जगत नारायण उपाध्याय रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत गुरु पूजा के साथ हुआ ,प्रधानाचार्य जगत नारायण उपाध्याय के साथ समस्त अध्यापक अध्यापिकाओ व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों सहित सभी ने गुरु पूजा में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तदोपरांत प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## दलित महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर। साढ़े छः माह पहले दबंगों द्वारा प्रताड़ित दलित महिला की रिपोर्ट दर्ज करने में कोतवाली नगर पुलिस व सीओ सिटी द्वारा की जा रही हीला हवाली से क्षुब्ध होकर दलित महिला ने 21 जुलाई को आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। जिले में एक माह के भीतर दूसरी बार किसी दलित महिला ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आत्मदाह की धमकी दी है। बताते चलें कि कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के पल्हीपुर(लाला का पुरवा)की रहने वाली दलित महिला लीलावती पत्नी दिलीप ने जिलाधिकारी को भेजे प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया है कि उसके गांव के पाल बिरादरी के सरहंगों ने गोलबन्द होकर पहली जनवरी 2022 को उसके घर में घुसकर लोगों मार पीटा महिलाओं के कपड़े फाड़कर अश्लीलता की गई। कोतवाली पहुंचने पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में हीला हवाली करती रही। पुलिस ने चोटहिलों का डॉक्टरी मुआयना तक कराना मुनासिब नहीं समझा। जबकि कोतवाली नगर पुलिस ने खेल करते हुए उन्ही पाल बिरादरी के सरहंगों के नाजायज प्रभाव में आकर उनकी तरफ से दलित कुनबे के 11 सदस्यों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और लीलावती साढ़े 6 माह से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटक रही है। दलित महिला लीलावती ने जिलाधिकारी से तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। रिपोर्ट दर्ज न होने पर 21 जुलाई को जिला मुख्यालय पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।



## गोमती मित्रों को मिला संतों का साथ,कर आरती बढ़ाया सहयोग का हाथ

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

झूम उठी धरा झूम उठा गगन हुआ धाम पर जब संतों का आगमन गजब का दृश्य था जब मां गोमती की आरती करने संतों का समूह सीता कुंड धाम पहुंचा, गोमती मित्र तो उत्साहित ही थे श्रद्धालु भी इस मौके पर खुद को उपस्थित पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे, अयोध्या नया घाट स्थित खड़ेश्वरी मठ के महंत श्रद्धेय दिलीप दास जी व प्रयागराज स्थित लेटे हनुमान जी के मंदिर की साध्वी निधेश्वरी जी को जब गोमती मित्र मंडल के मां गोमती स्वच्छता अभियान के प्रयास की जानकारी हुई व हर रविवार शाम होने वाली आदि गंगा मां गोमती की महा आरती के बारे में पता चला तो वे अपने को रोक ना पाए और पहुंच गए सीता कुंड धाम मां गोमती की आरती करके गोमती मित्रों को यह आश्वासन देने की आप अकेले नहीं हैं संत समाज भी अब आपके साथ है,स्वच्छता का बीड़ा अब हम भी उठाएंगे और आपकी आवाज को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाएंगे,जब बड़े दीपक से संतों ने आरती करना शुरू किया तो लगा जैसे धाम का एक–एक कोना मां गोमती का जयकारा लगा रहा हो, सब रोमांचित थे,स्वच्छता के प्रति संकल्पित हो रहे थे,मां की स्वच्छ लहरों का सपना देख रहे थे,आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।।आरती में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन,संरक्षक रतन कसौंधन,महिला मंडल अध्यक्ष सरिता सेठ,डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,मुन्ना पाठक,अजीत शर्मा,विकास शर्मा,सुनील कसौंधन,आलोक तिवारी आदि।



## जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंटकर किसानों की समस्याओं को रखा भाकियू राष्ट्रीय महासचिव ने

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंटकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने किसानों की समस्याओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन भी भेंट कर समस्याओं को हल करने की मांग उठाई।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन के नेतृत्व में भाकियू जिलाध्यक्ष डा. द्विजेंद्र सिंह निरंजन, बृजेश राजपूत, दिनेश प्रताप गौर, रामकुमार पटेल आदि जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट करते हुए बताया कि हर माह के दूसरे मंगलवार को होने वाली सिंचाई बंधु की बैठक को नियमित हर माह करवाई जाये तथा हर तीसरे बुधवार को होने वाले किसान दिवस की बैठक को प्रारंभ करवाया जाये इसके साथ ही जनपद की बिजली ब्यवस्था को दुरुस्त कराया जाये तथा जिले में भीषण सूखे की स्थिति को देखते हुए सूखा घोषित किया जाये साथ ही सूखे से निपटने की कार्यवाही की जाये।

## तीन परिवारों का परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने कराया समझौता



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने सोमवार को अपने कार्यलय में तीन परिवारो को बुला कर सालो से पड़े विवाद को समझा बुझा कर तीनो परिवारों को खुशी खुशी घर भेजा महिला परिवार परामर्श केन्द्र की टीम उ0नि0 रानी गुप्ता प्रभारी महिला परामर्श केन्द्र नसीम खांन डॉ0 विनोद पाठक उर्मिला यादव . म0का0 प्रियंका वादी श्रीमती प्रेमलता पुत्री सुरेश कुमार नि0ग्रा0 नया पटेल नगर थाना कोत0 उरई जनपद जालौन प्रतिवादी मुनेश कुमार पुत्र बाल विहारी नि0मु0 तिलक नगर थाना माधौगढ़ जनपद जालौन का (पति–पत्नी विवाद) समझौता कराया गया । वादी श्रीमती संगीता पुत्री कृष्ण कुमार निवासी ग्राम सुड़ार सालाबाद थाना जालौन जनपद जालौन प्रतिवादी कृष्ण कुमार पुत्र धर्मदास विश्वकर्मा निवासी सुड़ार सालाबाद थाना जालौन जनपद जालौन का (पति–पत्नी विवाद) समझौता कराया गया । . वादी श्रीमती अनामिका पुत्री प्यारेलाल निवासी मो0 इकलासपुरा थाना कोत0 उरई जनपद जालौन प्रतिवादी अमित कुमार पुत्र परशुराम निवासी ग्राम चिल्ली विरगुआं थाना डकोर जनपद जालौन का (पति–पत्नी विवाद) समझौता कराया गया ।

------------------

## करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत पारिवारिक जनों में मचा कोहराम



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। कादीपुर क्षेत्र से जुड़ा मामला आया सामने दोस्तपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई घटना से गुस्साए परिजनों ने दोस्तपुर मुडिला रोड पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस आक्रोशित परिजनों को शांत कराने में जुटी परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से बिजली का तार खेतों के पास दौड़ाया गया है घटना थाना क्षेत्र के भीलमपुर गांव के रहने वाला राम तीरथ का 17 वर्षीय बेटा रोहित निषाद दोपहर 1:00 बजे खेतों की तरफ जा रहा था रास्ते में एक किसान द्वारा सिंचाई के लिए जमीन पर बिजली का केवल बिछाई गई केवल कटे होने की वजह से उसमें करंट आ रहा था रोहित करंट की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया और उसकी मौत हो गई मृतक अपने मां–बाप का अकेला था घटना की जानकारी होते ही गांव में कोहराम मच गया घटना की जानकारी होने पर कादीपुर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे वहां परिजनों को शांत कराने के प्रयास में लगे हुए हैं प्रदर्शन स्थल पर थाना अध्यक्ष दोस्तपुर अनिल मिश्रा थानाअध्यक्ष अखंड नगर कृष्ण मोहन के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था रात 8:00 बजे के बाद प्रदर्शन जारी रहा वहीं दूसरी तरफ स्थानीय थाने की पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है और मृतक के पारिवारिक जनों में कोहराम मचा हुआ है।

## भवानीपुर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने पहुचे श्रद्धालु



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट अरविंद पांडे

सुल्तानपुर। जिले के कादीपुर क्षेत्र के अंतर्गत भवानीपुर प्राचीन मुखेश्वर महादेव मंदिर जलाभिषेक करते श्रद्धालु सावन के पहले सोमवार को प्राचीन वीर शेव तंत्र साधना सिद्ध पीठ पंच मूखेश्वर महादेव मंदिर भवानीपुर में जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों का ताता लगा रहा। सुबह से लाइन लगाए श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की व्रत रखने वाले व शिव की आराधना करने वाले भक्त सोमवार को मंदिर प्रांगण में सुबह से लाइन में खड़े होने शुरू हो गए हर हर महादेव व बोल बम गूंजे नारे मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। जलाभिषेक करने वाले शिव भक्त दूध ,दही, बेलपत्र, पान, सुपारी, धतूरा, मदार, अबीर जल आदि चढ़ाकर शिव जी को प्रसन्न कर मनवांछित फल प्राप्ति की कामना की। मंदिर के पुजारी सानू पाठक इस मंदिर की विशेषता के बारे में बताया। मंदिर का गर्भगृह तीन भागों में विभाजित है। जिसमें पंचमुखी शिव की प्रतिमा विराजमान है मान्यता है कि यहां मांगे गए मुरादे भगवान भोले पूरा करते हैं। दूरदराज से लोग मनोकामना पूर्ण होने पर दर्शन पूजन को आते हैं इस मंदिर को मंदिर देखरेख करने शिव भक्त पुजारी सानू पाठक मुख्य पुजारी एवं व्यवस्थापक, सुरेश गुप्ता, राजेंद्र मोदनवाल, जयप्रकाश मोदनवाल, प्रेम प्रकाश जयसवाल ,राधेश्याम सिंह उमा नाथ पाठक शिव भक्त मौजूद रहे।

## शुरू हो गया दस्तक अभियान, घर घर पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीमें संचारी रोग, टीबी, कुपोषण जैसे मरीजों को करेंगी चिह्वित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शनिवार 16 जुलाई से दस्तक अभियान शुरू हो गया। अब स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर घर जाकर टीबी के मरीजों की खोज करेगी। इसके लिये आशा, एएनएम व आगंनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जायेंगी और टीबी मरीजों की पहचान और उनकी स्क्रीनिंग करेंगी। इस दौरान संभावित मरीजों की टीबी जांच करवाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने बताया कि दस्तक अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। हाई रिस्क क्षेत्रों में दस्तक अभियान के दौरान टीम की ओर से की गई घर–घर सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित क्षेत्रों में फॉगिंग की जाएगी। इसमें मेडिकल टीमें घर–घर जाकर संक्रामक रोगों से ग्रस्त मरीजों की पहचान करेंगी। इस टीम में आशा कार्यकर्ता के साथ–साथ स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। टीम की मदद से रोगियों को चिन्हित कर उन्हें दवा दी जाएगी और जरूरी होने पर अस्पताल में भर्ती भी कराया जाएगा। अगर सर्वे में ऐसे मरीज मिलते हैं तो उनकी जांच कराई जाएगी। इसके अलावा अभियान में कुपोषित बच्चों की जानकारी जुटाने का निर्देश भी दिया गया है। दस्तक अभियान के तहत टीबी के लक्षण वाले मरीजों को खोज कर उनकी जांच कराई जाएगी। प्रभारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कौशल किशोर सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान के बारे में संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसा कोई संभावित मरीज जिसे दो हफ्ते से लगातार खांसी आ रही हो ,बुखार आता हो, पसीना लगातार आता है, बलगम में खून आता हो या लगातार वजन घटने के लक्षण दिखाई दें तो ऐसे व्यक्ति को तत्काल जिला क्षय रोग नियंत्रण केंद्र पर जांच के लिए रेफर किया जाए। उन्होंने बताया की अगर किसी भी प्राइवेट एमबीबीएस चिकित्सक के यहां पर किसी मरीज में क्षय रोग की पुष्टि होती है और वह उस मरीज को क्षय रोग विभाग में पंजीकृत कराता है तो उस चिकित्सक को 500 रुपये प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिये जायेंगे। साथ ही जब तक क्षय रोगी का इलाज चलता है, उसे



भी निक्षय पोषण योजना के तहत पांच सौ रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। जो उसके बैंकखाते में भेजे जाते हैं। जिला कार्यक्रम समन्वयक नुरुल हुदा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ टीबी मरीजों की तलाश करेंगी। उन्होंने बताया कि जिले में जनवरी से अब तक 1584 क्षय रोगी चिह्नित किए गए हैं। जो उपचाराधीन है।

## इफको नैनो यूरिया के प्रति समिति सचिवो को किया गया जागरुक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जनपद मे इफको के सौजन्य से सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शंकर बैंकट हाल उरई मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव यादव जिला कृषि अधिकारी जालौन व कार्यक्रम की अध्यक्षता सी. एल. प्रजापति सहायक आयुक्त एंव सहायक निबन्धक सहकारिता जालौन ने की। इफको के क्षेत्र अधिकारी रामरतन सिंह ने नैनो यूरिया के लाभ एवं प्रयोग बिधि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। नैनो यूरिया के इस्तेमाल से पर्यावरण जल एवं मृदा प्रदूषण से बचाव के साथ साथ कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने के बारे में बताया साथ ही किसानों को यह भी बताया गया कि 1बोतल नैनो यूरिया एक बोरी यूरिया के बराबर काम करती है जिसका प्रयोग 2–4 एमएल प्रति लीटर पानी मे मिलाकर स्प्रे करना है दलहनी फसलो मे 2 एमएल व खाद्यान फसलो मे 4 एमएल नैनो यूरिया प्रति लीटर पानी का प्रयोग कराना है तथा एक बोतल नैनो यूरिया की कीमत 240 रुपये है जो कि दानेदार यूरिया से 10 प्रतिशत सस्ता भी है साथ ही किसान भाईयों को बताया गया कि फसल के पहली सिंचाई के समय दानेदार यूरिया का ही प्रयोग करे क्योंकि उस समय फसल बहुत छोटी अवस्था मे होती है नैनो यूरिया का प्रयोग 40 दिन की फसल होने पर स्प्रे के माध्यम से करे। जिला कृषि अधिकारी महोदय द्वारा सभी सचिवो को बताया कि नैनो यूरिया मिट्टी को बंजर होने से



बचा सकती है साथ ही पर्यावरण हितैषी भी है सभी सचिव अधिक से अधिक किसानों को नैनो यूरिया के प्रति जागरूक करे और दानेदार यूरिया का प्रयोग कम करने के लिए किसानों को सलाह दे ,इसके स्थान पर नैनो यूरिया की बिक्री बढाऐ यही सरकार की भी मंसा है। सहायक आयुक्त एंव सहायक निबन्धक सहकारिता जालौन महोदय द्वारा सभी समितियों को नैनो यूरिया के प्रति जागरूक किया गया साथ ही सभी समितियों को नैनो यूरिया के खरीफ सीजन मे बिक्री के लक्ष्य से अवगत कराया साथ ही शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी को निर्देशित किया साथ ही वताया नैनो यूरिया भविष्य का उर्वरक है इसे किसानों के बीच अधिक से अधिक लोकप्रिय बनाना है । कार्यक्रम मे समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी , एडीओ जालौन सहित लगभग 75 सचिवो ने भाग लिया।

## डीएम व सीडीओ द्वारा अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पीढ़ी व भीखुपुर पंचायत भवन का किया गया औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर वागीश कुमार (लम्भुआ सुल्तानपुर)। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा सोमवार को विकास खण्ड जयसिंहपुर के अन्तर्गत अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पीढ़ी तथा भीखूपुर ग्राम पचायत में बने पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में कुल 114 गोवंश संरक्षित पाये गये।

जिलाधिकारी द्वारा गोशाला को स्वावलम्बी बनाये जाने हेतु किये गये प्रयास जैसे–वर्मी कम्पोस्ट, मछली पालन तथा चारागाह विकास प्रोजेक्ट का अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्मी कम्पोस्ट को बेचकर ग्राम पंचायत की आय बढ़ाई जाय जिससे गोवंशो हेतु भूसा चारा का प्रबंध होके,तथा पूरे गोशाला ग्राउण्ड में खडंजा बिछाने तथा एक गेट लगाया जाए, जिससे गोवंश सुरक्षित रहकर परिसर में घूम सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोशाला के चारों तरफ बनी बाउण्ड्रीध्दीवार को और ऊंचा करायें, ताकि गोवंश बाउण्ड्री को क्रास न करने पाये। उन्होंने गोशला में गोवंश के पानी पीने हेतु बने तालाब में मछली पालन से होने वाली आमदनी से गोवंशों हेतु भूषा, चारा का प्रबन्ध कराए जाने के निर्देश दिए, ज्ञात हो कि तालाब में मछली पालन हेतु 2500 बच्चे डाले गये हैं। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि गोवंश आश्रय स्थल में स्वच्छ पेयजल, गोवंश के खान–पान एवं साफ– सफाई पर नियमित रूप से विशेष ध्यान दिया जाय तथा दैनिक सत्यापन/निरीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराएं। तत्पश्चात डीएम व सीडीओ द्वारा भीखुपुर ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया



गया।निरीक्षण के दौरान ठब सखी द्वारा पंचायत भवन में किए जा रहे कार्यों को देखा गया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण वासियों को आधार बेस्ड मनी उपलब्ध कराया जाय तथा इसका प्रचार–प्रसार भी कराया जाय, ताकि ग्रामीणों को पैसा लेने हेतु बैंक का चक्कर न लगाना पड़े।

## उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की सालाना बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश कार्यसमिति के निर्देश पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की सालाना बैठक उपाध्यक्ष अलीमुद्दीन की अध्यक्षता में शहर के ग्रीन मैरेज लॉन में संपन्न हुई । यहां वर्ष भर में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी मौजूद सदन के सामने रखी गई । आगामी वार्षिक सदस्यता को लेकर विचार किया गया । वर्ष भर में समिति के साथ जुड़कर शानदार काम को अंजाम देने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया ।

समिति की वार्षिक बैठक में जिला सचिव अमर बहादुर सिंह ने मौजूदा सदन को वर्ष भर के संपादित किए गए कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया । प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में दिए गए निर्देशों पर भी चर्चा की । आईजी जोन प्रयागराज व आईजी जोन अयोध्या से समिति को प्राप्त निर्देशों के बारे में चर्चा की गई । समिति के पदेन उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक द्वारा समिति को थाना वार गठित करने का जो मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है उस विषय में प्रगति की जानकारी भी सदन के सामने रखी । यहां श्री सिंह ने बताया 15 अगस्त के पूर्व थाना और तहसील की कमेटी गठित कर ली जाए जिसके बाद सभी के पहचान पत्र निर्गत किए जा सके । आगामी त्योहारी सीजन में सतर्क रहकर सारे त्योहारों को कुशलता पूर्वक संपन्न कराना समिति का पहला लक्ष्य है । समिति में योगदान करने वाले श्री अमर बहादुर सिंह , अलीमुद्दीन , डॉ आर एन सिंह , आशीष तिवारी , मखदूम राम गुप्ता , राज देव शुक्ल, अनीता पांडेय , श्रीमती प्रीति शर्मा व सुशीला सोनी को अंग वस्त्र , बुके व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया । बैठक में लंभुआ अशोक कुमार पाण्डेय उर्फ मुन्ना , धनपतगंज से डा पवन कुमार , बंधुआ कला से डा बी पी सिंह , तहसील जयसिंहपुर से विनोद अग्रहरी , थाना मोतिगरपुर से प्रदीप तिवारी , चांदा से अवधेश सिंह , उपाध्यक्ष फौजी अमर सिंह की






घोषणा की गई । सभी पदाधिकारियों को कमेटी बनाने के लिए निर्देशित किया गया । यह प्रमुख रूप से हमीद उल्ला पप्पू , राम आसरे सोनी , हैदर अब्बास खान , प्रदीप तिवारी , राहुल चौधरी , राकेश शर्मा , विनय सेन , जगत नारायण दूबे , विजय प्रधान , आशीष तिवारी , संतोष पाठक , राहुल कुमार , अशोक कुमार सिंह , सिराज भाई जान , सुशील कनौजिया , शफीक अहमद , जिया उल हक , रामनरेश सोनकर , पवन कुमार श्रीवास्तव , अनूप कुमार श्रीवास्तव , अशोक कुमार सिंह कोतवाली देहात थाना सचिव, रामपाल प्रजापति , मोहम्मद अनवर , चंद्रभान यादव , राशिद अली , संजय कुमार , मोहम्मद काशिफ , मोहम्मद इस्माइल , एमएच खान गौरी एडवोकेट , प्रदीप कुमार श्रीवास्तव , अशोक कुमार पांडे , विनोद कुमार अग्रहरि , पवन अग्रहरि , राजकुमार सोनकर , मकबूल इदरीसी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## हर घर दस्तक अभियान ने कोविड टीकाकरण को दी मजबूती -कोरोना टीका देने के लिए जिले में हर घर दस्तक अभियान जारी

☒ जिले में अभी तक 39 लाख 69 हजार 617 लाभार्थियों को लगा टीका

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरों के बीच जिले में टीकाकरण की रफ्तार में तेजी लाने की कवायद जारी है। इसमें पिछले महीने शुरू हुए हर घर दस्तक अभियान ने और मजबूती दी है। इसके तहत टीकाकर्मी लोगों के घर–घर पहुंचकर टीका लगा रहे हैं। इस कार्य में आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं के साथ–साथ एएनएम को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि जिले में टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों के लिए पंचायतवार और वार्डवार माइक्रो प्लान तैयार कर टीकाकरण किया जा रहा है। हर घर दस्तक अभियान 31 जुलाई तक चलाया जायेगा।



जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर हर घर दस्तक अभियान को सफल बनाया जा रहा है। इसके लिए सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग लिया जा रहा है। प्रीकॉशन डोज ड्यू लिस्ट के अनुसार 12 से 14, 15 से 17, 18 से 59 व 60 प्लस के सभी लाभार्थियों को टीकाकृत करना है। जिले में अभी तक 39 लाख 69 हजार 617 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है, जिसमें 20 लाख 54 हजार 191 लाभार्थियों को पहला डोज और 17 लाख 57 हजार 944 को दूसरा डोज लगाया गया है। वहीं 1 लाख 57 हजार 482 लाभार्थियों ने प्रिकॉशन डोज लिया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके. झा ने बताया कि हर घर दस्तक अभियान के तहत आशा व एएनएम अपने क्षेत्र में टीका की निर्धारित डोज से वंचित लोगों को चिह्नित करते हुए टीकाकरण सुनिश्चित कर रही हैं। डॉ. झा ने अपील की कि जिन्होंने टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपना पहला डोज जरूर ले लें। पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरी डोज लें और दूसरी डोज ले चुके लोग 6 महीने बाद ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य लें।

## सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर, सेना में जाने के लिए इच्छुक लड़कियों के लिए महत्वपूर्ण खबर

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। सेना भर्ती निर्देशक कर्नल बॉबी जसरोटिया ने बताया है कि बिहार और झारखंड की साढ़े सत्रह वर्ष से 21 वर्ष की लड़कियां सेना पुलिस में महिला सिपाही के अंतर्गत भर्ती हो सकती हैं। अगस्त के महीने में भारतीय सेना के साइट www-joinindianarmy-nic-in पर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है और नोटिफिकेशन में अपने आपको रजिस्टर कर सकती हैं। भर्ती की तिथि जल्द ही प्रकाशित की जाएगी। किसी भी क्षण भारतीय सेना के JIA साइट पर अग्नि पथ योजना में भर्ती का नोटिफिकेशन जारी हो सकता है। बताया कि नोटिफिकेशन जारी होने पर उसके आलोक में युवा अपना आवेदन दे सकते हैं। कर्नल बॉबी जसरोटिया ने युवाओ से अपील की कि सेना बहाली की विभिन्न प्रक्रियाओं में भाग लेने की दिशा में पूरी तत्परता एवं मनोयोग के साथ आगे आएं और सेना में बहाल होकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि सेना की बहाली में पूरी पारदर्शिता होती है। अतः किसी भी बिचौलिए के बहकावे में न आये। ऐसा करने से आपका भविष्य बर्बाद हो सकता है। उन्होंने अपील की कि दलालों से बचें एवं अपनी मेहनत, लगन, परिश्रम और मजबूत आत्मविश्वास के साथ सेना में बहाली को लेकर खुद को तैयार करें और एक सैनिक बनकर राष्ट्रीय सेवा में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

## मौनियाँ बाबा मेले को नहीं मिला राजकीय मेले का दर्जा तो ले लूंगा जीते जी समाधि

☒ आखिर श्री मौनिया बाबा महावीरी झंडा मेला को राजकीय मेला का दर्जा क्यों नहीं मिला स्पष्ट कोई नहीं बता रहा ?

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। सीवान महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय शहर में महान संत शिरोमणि श्री मौनिया बाबा के नाम से महावीरी झंडा मेला 1923 से लगते आ रहा है 100 वर्ष पूरा होने को है और आज तक इस महावीर झंडे मेले को राजकीय मेला का दर्जा नहीं प्राप्त हुआ को लेकर इस बार एक युवा संत यह कह दिया है कि इस साल लगने वाले श्री मौनिया बाबा महावीरी झंडा मेला को राजकीय मेला का दर्जा नहीं मिला तो जिस प्रकार मौनिया बाबा जीते जी समाधि ले लिए थे मैं भी जीते जी समाधि ले लूंगा। आखिर योग प्रचारक अंगद जी महाराज ने क्यों कहा कि जीते जी समाधि ले लूंगा पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से संबंध रखने वाले और महाराजगंज सिहौता बाजार निवासी युवा संत अंगद जी महाराज ने कहा कि 100 वर्षों से यह मेला लगते आ रहा है और आज तक यह मेला प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा का शिकार होते चला आया है जिसका परिणाम है कि इस मेले को आज तक राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ इससे बाद के कई ऐसे ऐतिहासिक स्थल हैं जिसको राजकीय मेले का दर्जा मिल गया लेकिन मौनिया बाबा महावीरी झंडा मेले को राजकीय दर्जा नहीं मिलना यह दुख की बात है अब यह दुख सहा नहीं जाता है और इस बार मौनिया बाबा मेले को राजकीय मिले का दर्जा नहीं मिलेगा तो 29 जुलाई से वह अनशन करेंगे और मेला के



दिन जीते जी समाधि ले लेंगे। अब देखना यह है कि अंगद जी महाराज की बातों पर जिले के पदाधिकारी गण और जनप्रतिनिधि क्या मेले को राजकीय मेला का दर्जा दिलाएंगे या फिर वही होगा जो अंगद जी ने कहा अंगद जी महाराज ने डू एंड डाई का निर्णय ले लिया है ऐसे में चाहिए कि सक्षम पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इसे राजकीय मेले का दर्जा दिला देंगे तो महाराजगंज के लिए यह एक ऐतिहासिक कडी से जूट जाएगा ।

## मुफ्त चिकित्सक सिवीर लगा कर मरीजो की जांच की गई लायंस क्लब

प्रिंस कुमार पाठक दैनीक अयोध्या टाइम्स कल्याणपुर पूर्वी चंपारण। लायंस क्लब ऑफ चकिया के द्वारा पूरन छपरा के सर्वोदय पब्लिक स्कूल में मुफ्त स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन केसरिया विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा, क्लब अध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार, सचिव अभय गुप्ता, कोषाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, चार्टर अध्यक्ष सत्यम कार्तिकेय वत्स ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किए।

शिविर में मधुमेह, ब्लड प्रेशर, ह्रदय रोग, लीवर, किडनी, नस, ब्रेन, टीवी, जोड़ों का दर्द जैसे बीमारियों का मुफ्त जांच एवं उससे संबंधित चिकित्सीय परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को जांच के उपरांत मुफ्त दवाइयां भी वितरण की गई। चिकित्सक के रूप में मुजफ्फरपुर से आए डॉ. सद्दाम अहमद एवं चकिया केयर हॉस्पिटल के लायन डॉ. आसिफ हुसैन ने उपस्थित मरीजों का जांच करते हुए इलाज किया एवं उन्हें उचित परामर्श प्रदान किए। शिविर के दौरान कुल 185 मरीजों ने भाग लिया जिसमें पुरुष और महिला शामिल रहें।



चिकित्सा शिविर का संचालन लायन सत्यम वत्स एवं प्रबंधन लायन विशाल जयसवाल, कुंवर संदीप, राम पुकार पासवान, विकी जयसवाल ने संयुक्त रूप से किया। चिकित्सा शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों में भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, दक्षिणी गवन्दरा के मुखिया संजय दुबे, मेदन सिरसिया के मुखिया बख्तेयार अली, अरुण कुमार के साथ–साथ क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों का स्वागत गुलाब का फूल देकर बारी बारी से लाइन लीडर्स ने किया। वहीं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन क्लब अध्यक्ष लायन ओम प्रकाश कुमार ने किया।

## आदिती ने विश्व कौशल प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। चंपारण की बेटी अदिती ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मेघा प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चंपारण का नाम राष्ट्रीय फलक पर ऊंचा किया है ।जी हां राष्ट्रीय आयोजित इस प्रतियोगिता में अदिति ने रजत पदक हासिक कर बिहार सहित चंपारण का झंडा बुलंद किया है और ये साबित कर दिया है कि अगर सच्चे मन से किसी भी कार्य को किया जाय तो सफलता आपके कदम चूमेगी ।मोतिहारी शहर के एक छोटे से ब्यवसाई दिवाकर त्रिपाठी ओर इंदु त्रिपाठी की बेटी अदिति ने एमएससी की पढ़ाई पूरी कर पीएचडी कर रही है और साथ मे एक प्राइवेट कंपनी में जॉब भी कर रही है ।अदिति जब प्रथम वर्ष में ही थी तो स्किल इंडिया के बारे में सुना और 2017 में उसने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर वो राज्य स्तर में स्वर्ण पदक हासिक कर अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया था ।,उसके बाद वो भुवनेश्वर में क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित स्किल इंडिया प्रतियोगिता में रजत पदक जीता उसके बाद वो राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में बाहर हो गयी लेकिन उसने इस हाल से हताश नही होकर अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातर मेहनत करने लगी उज्ने फिर से कॉलेज स्तर से इसकी तैयारी शुरू की ओर वो फिर से राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीता और उसके बाद 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीत कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज करवाया और अभी उसका प्रक्षिक्षण मंगलोर के मणिपाल में चल रहा है । यहाँ हम आपको बता दें कि विश्व कौशल प्रतियोगिता प्रत्येक दो सालों में आयोजित होता है और इसमें 60 देशों के प्रतिभागी बिभिन्न ट्रैंडो में भाग लेते है ।देश के विभिन्न मंत्रियों द्वारा अदिति को सम्मानित भी किया जा चुका है हाल ही में अदिति को बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री जीवेश कुमार द्वारा विश्व कौशल दिवस के अवसर पर भी सम्मानित किया गया है अदिति के गोल्ड मैडल जितने पर अब उसे बधाइयों का तांता लगा है ,ओर लोग चम्पारण की इस बेटी के इस उपलब्धि पर बधाइयां दे रहे हैं । उक्त आशय की जानकारी सचिन पाण्डेय ने दी।

## जल शक्ति मंत्रालय के आगमन पर मेहसी प्रखंड के ग्राम पंचायत भीमलपुर में जीविका दीदीयों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। श्री संजय कुमार जैन ,संयुक्त सचिव, भारत सरकार सह केंद्रीय नोडल पदाधिकारी ,कैच द रेन , मोतिहारी एवं श्री वारिद गुप्ता, सहायक निदेशक, जल शक्ति मंत्रालय के आगमन पर मेहसी प्रखंड के ग्राम पंचायत, भीमलपुर में जीविका दीदीयों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जल शक्ति अभियान अंतर्गत कैच द रेन से संबंधित जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा भीमल पुर जंगल में व्यापक वृक्षारोपण करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई ।

संयुक्त सचिव,महोदय ने जीविका दीदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर क्षेत्र में जल जीवन हरियाली एवं जल शक्ति अभियान अंतर्गत व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार कर आमजन को जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बूढ़ी गंडक नदी के किनारे बसे भीमल पुर जंगल को भविष्य में बायोडायवर्सिटी पार्क में विकसित करने , टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पलायन को रोकने के लिए क्षेत्र




में रोजगार सृजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायती राज, कोठिया हरिराम, में मनरेगा द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत कुआं जीर्णोद्धार कार्य को देखने पहुंचे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , जीविका प्रबंधक , डीपीओ मनरेगा ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया गण , जीविका दीदी आदि उपस्थित थें ।

# सड़क हादसे में मौत



(संतोष कुमार राम प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सरायगढ़ भपटियाही। आज सुबह 7:00 बजे दहुपत्ति गांव वार्ड नंबर 8 पंचायत झिलाडुमारी निवासी रमाकांत मेहता , पिता श्री जामुन मेहता ने अन्य दिनों की तरह आज भी सुबह अपने साईकिल से सब्जी ले के सब्जी मंडी राघोपुर जा रहे थे । उसी क्रम में एनएच 57 पर जा रहे , रमाकांत मेहता को एक अनियंत्रित हो के साईकिल से जा रहे रमाकांत को ट्रक से ठोकर मरते हुए निकल गए और रमाकांत मेहता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । ये जान लेने वाली जगह है धर्मपट्टी राज धर्मकांटा जहां आज रमाकांत की अंतिम विदाई हो गई । वही राघोपुर थाना ने घटना की जानकारी मिलते ही अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचा और शव को अपने कब्जे में ले लिया।

घटना के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजन ने एनएच 57 को जाम कर दिया ।थानाध्यक्ष और जिला परिषद सदस्य गौतम कुमार मेहता के सहयोग से जाम को हटाया गया और परिवहन को चालू किया गया । उसके बाद थानाध्यक्ष ने तुरंत शव को सदर अस्पताल सुपौल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहा उपस्थित रहे झिलाडुमरी के ग्रामीण एवम परिजन ।

## नवजातों को जीवन का वरदान दे रहा बिहार का पहला एसएनसीयू

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। हाजीपुर सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू को बिहार का पहला एसएनसीयू (स्पेशल नेटल केयर यूनिट) होने का गौरव प्राप्त है। यहां शून्य से एक महीने तक के नवजातों को जीवनदान दिया जाता है। इसकी सफलता के बाद ही बिहार में अन्य जगहों पर एसएनसीयू की शुरूआत की गयी थी। सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ एसके वर्मा कहते हैं कि यहां ऐसे नवजातों की भी जान बचायी गयी है जिनका इलाज हाजीपुर के प्राइवेट हॉस्पीटल में नहीं हो सका था। समय की कमी होने पर भी बेहतर चिकित्सकीय देखरेख में बच्चे को इंफ्युजन पंप के द्वारा और ब्लड ट्रांसफ्यूजन के द्वारा जान बचायी गयी। हाल ही में ऐसे भी नवजात आए जिनका बिलुरूबीन 26 –27 तक बढ़ गया था। इस एसएनसीयू के लिए यह भी गर्व की बात है कि यहां राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड विजेता जीएनएम सुनीता जैसी नर्स कार्य करती हैं। जिनकी कार्यशैली देखने लायक है। यहां हर वह चिकित्सकीय सुविधा मिलती है जो किसी बड़े प्राइवेट हॉस्पीटल में मिलती है। डॉ वर्मा कहते हैं कि यह एसएनसीयू 16 बेड का है। यहां शून्य से एक महीने तक के बच्चों का उपचार होता है। इसके हर बेड पर रेडिएंट



वार्मर, सक्शन पंप, सी पैप, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर, इंफ्यूजन पंप, पल्स ऑक्सी मीटर, फोटोथेरेपी मशीन जैसे जीवन रक्षक मशीन उपलब्ध हैं। इसके अलावा इसके सभी बेडों की कनेक्टीवीटी ऑक्सीजन के केंद्रीयकृत सप्लाई सिस्टम से जुड़ा है। यह 24 घंटे चालू रहती है। डॉ वर्मा ने बताया कि अभी जितने भी नवजात भर्ती हैं उनमें अधिकतर कम वजनी तथा पीलिया से पीड़ित नवजात हैं। 16 जून तक कुल 876 नवजात यहां इलाज के लिए भर्ती हो चुके हैं। वहीं 51 तरह के इमरजेंसी दवाओं की मौजूदगी हमेशा यहां बनी रहती है। यहां तीन शिफ्टों में चिकित्सकों और नर्सों की मौजूदगी रहती है।

# संक्षिप्त समाचार

### सावन की पहली सोमवारी पर सिरहा शिव मंदिर में स्थित भोले शंकर की पूजा अर्चना की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार सिरहाकोठी। सिरहा कोठी शिव मंदिर में स्थित भोले शंकर की मूर्ति पर सिरहा पंचायत के हजारों महिला श्रद्धालु भक्तों ने जलाभिषेक करते हुए अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की। इसी क्रम में हमारी योजना बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड पूर्वी चंपारण के निदेशक श्रीमती प्रियंका भार्गव पुष्पांजलि भार्गव काजल कुमारी दीपांजलि कुमारी कटास निवासी मीना देवी सहित हजारों महिला श्रद्धालुओं ने अपनी अपनी मनोकामना पूर्ण करने की आरजू बिनती भोले शंकर भगवान से की। बताया जाता है कि सावन की पहली सोमवारी से लेकर अंतिम सोमवारी तक जो महिलाएं अपनी मनोकामना लेकर भोले शंकर के शरण में जाती है उनकी मनोकामना मां पार्वती की कृपा से भोले शंकर निश्चित रूप से पूर्ण कर देते हैं इसी आस्था विश्वास के साथ हजारों श्रद्धालु शिव भक्तों के द्वारा सावन की शुरुआत होते ही भोले शंकर भगवान माता पार्वती की पूजन में संलग्न हो जाते हैं।



### अश्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा सावन माह के प्रथम सोमवारी के अवसर पर ओद्राघाट काली मंदिर एवं घाट का निरीक्षण किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) श्री श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा सावन माह के प्रथम सोमवारी के अवसर पर ओद्राघाट काली मंदिर एवं घाट का निरीक्षण किया गया। ओद्राघाट काली मंदिर डोक नदी के किनारे अवस्थित है, जहाँ से सावन माह में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं द्वारा जल प्राप्त कर भूतनाथ गोशाला मंदिर में जलाभिषेक हेतु कॉवर यात्रा करते है।ओद्राघाट काली मंदिर परिसर के निरीक्षण के दौरान अन्य व्यवस्था सामान्य पायी गयी। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा कॉवर यात्रा व नदी में स्नान करने वाले महिला श्रद्धालुओं द्वारा गिले वस्त्र को बदलने हेतु दो चेजिंग रूम बनाने का निदेश भवन निर्माण विभाग के अभियंता को दिया गया। साथ ही ओद्राघाट काली मंदिर परिसर में एक टेन्ट लागने का भी निदेश दिया गया। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मेडिकल टीम रखने का निदेश असैनिक शल्य चिकित्सक को दिया गया।



### जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक ने मेहसी थाना का किया निरीक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) निरीक्षण के दौरान थाना में उपस्थित अधिकारियों से कार्यालय कार्यो एवं थाना के मालगोदाम के बारे में ली जानकारी। वही जिलाधिकारी महोदय द्वारा थाना के अभिलेखों को ठीक ढंग से संधारित करने तथा थाना क्षेत्र की विधि व्यवस्था को बनाये रखने को लेकर दिया गया आवश्यक निर्देश।उक्त निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी चकिया, विशेष पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।




### नेतृत्व क्षमता को लेकर चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) वैशाली। हाजीपुर, चिकित्सा पदाधिकारियों के नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने हेतू सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति वैशाली के सभागार में एक सामूहिक परिचर्चा जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी रीतु राज की उपस्थिती में आयोजित की गई,जिसमें विभिन्न प्रखंड से आए चिकित्सा पदाधिकारियों ने भाग लिया एवं अपने–अपने विचार एवं अनुभव को साझा किया। बैठक में मौजूद पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लिडर पप्पू कुमार राय ने बताया कि नेतृत्व क्षमतावर्द्धन विषय पर पूर्व में प्रशिक्षित चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ पियर लर्निंग कम्यूनिटी( पीएलसी) का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी के अपने अनुभव एवं विचार को साझा किया बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्वेता पुष्कर,डॉ कुमारी नेहा,डॉ सना प्रवीण,डॉ रंजना,डॉ रविन्द्र,पीएल अमरेश कुमार,पप्पू कुमार राय,फेल्लो शिल्पा दूबे,जाह्नवी मौजूद थे।



### सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में भक्तों ने की पूजा अर्चना

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी सुगौली। पवित्र श्रावण महीने के पहली सोमवारी को सुगौली नगर के महादेवा टोला स्थित शिवालय सहित प्रखण्ड के शिवमंदिर, प्रखण्ड सहित अन्य शिवमंदिरों में अहले सुबह से ही शिवलिंग की पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा शिवमंदिर परिसर हर–हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु मंदिर में आकर दूध, गंगाजल, पुष्प, बेलपत्र तथा भोग अर्पित कर शिवलिंग की पूजा–अर्चना की तथा अपने अपनों के लिए मंगल कामना की। हिंदू धर्म में सावन महीने का विशेष महत्व होता है।



क्योंकि यह महीना भगवान भोलेनाथ को अत्यंत ही प्रिय है। इस माह में भोलेनाथ की पूजा करने और शिवलिंग पर जल अर्पण करने से सभी तरह की मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती है। वही सुगौली शिवालय मंदिर के परिसर में सुबह से ही हजारो की भीड़ दर्शन के उमड़ पड़ी थी जिसको लेकर स्थानीय लोग भी भक्तों के आने जाने को लेकर व्यवस्था किया गया था।

## सावन पहले सोमवारी को जरती माता मंदिर में भी हुआ भक्तो का भीड़




दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज सिवान। महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय के धरती माता मंदिर में सावन के सोमवारी को लेकर महिला व पुरुष भक्तों के काफी भीड़ उमड़ पड़ी भीड़ को पंक्ति बंद्ध कराने में प्रबंधन समिति के कई सदस्य भी लगे रहे अहले सुबह से लेकर 10:00 बजे तक यह भीड़ की संख्या काफी थी जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया भीड़ में कुछ कमी आती गई वहीं कई लोगों की मन्नतें पूरी होने पर अष्टयाम का भी आयोजन मंदिर परिसर में चल रहा।

जरती माता मंदिर दरबार में बाबा बैद्यनाथधाम भोलेनाथ की नगरी देवघर जाने वाले भक्तों और देवघर से बाबा का दर्शन कर लौटने वाले भक्तगण की भी संख्या काफी देखने को मिले जहां कांवरियों का जत्था जाते समय भी माता रानी का दर्शन करके ही अपनी यात्रा प्रारंभ किए वहीं जब बाबा बैजनाथ का दर्शन कर और जब कावरिया का जत्था अपने घर के तरफ लौटे तो फिर जरती माता मंदिर में माथा टेक कर के ही अपने घर को जाते हुए भक्त लोगों को देखा गया। भोलेनाथ के मंदिर में सावन में भीड़ होना चारों तरफ देखा जाता है वही महाराजगंज के ऐतिहासिक जरती माता मंदिर में वैसे भी शुक्रवार तथा सोमवार के दिन काफी भीड़ होता है ऐसे में सावन के पहले सोमवार को काफी भीड़ देखने को मिली।

## तीन महिला समेत चार संक्रमित मिलने के बाद प्रशासन और हेल्थ टीम अलर्ट

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। कैमूर में पिछले करीब एक हफ्ते के भीतर भभुआ,दुर्गावती व रामगढ़ की तीन महिला समेत कोरोना के चार संक्रमित मरीज मिलने के बाद जिला प्रशासन व हेल्थ टीम अलर्ट मोड में आ गया है। हेल्थ टीम ने वैक्सीनेशन की रफ्तार बढ़ा दी है। इस कड़ी में पूरी शिद्दत से हेल्थ टीम जिले के रेलवे स्टेशन व समेकित चेकपोस्ट पर मुस्तैदी से आने–जाने वाले यात्रियों की कोविड–19 जांच कर रही है। इस दौरान लोगों को तेजी से लोगों को वैक्सीनेट करने का भी काम किया जा रहा है।जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के इम्यूनाइजेशन पदाधिकारी मदूसूदन कुमार ने बताया है कि जिले में अब तक कुल 22 लाख 5,179 लोगों को कोरोना टीका दी जा चुकी है।वैक्सीनेट अधिक से अधिक लोगों को किया जा सके इस कड़ी में जिले में सभी सरकारी अस्पतालों समेत हेल्थ सेंटरों पर लोगों को तेजी से टीकाकृत किया जा रहा है।2000 संदिग्धों की रोज सैम्पल ले की जा रही जांच जिले में कोरोना संक्रमण के केस मिलने के बाद अब हेल्थ टीम लोगों के सैम्पल लेकर कोरोना जांच कर रही है।



जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर आर के चौधरी ने बताया है कि इस कड़ी में रोज करीब 2000 संदिग्ध लोगों की सैम्पल लेकर जांच की जा रही है। इसके अलावे जिले में कोरोना वैक्सीनेशन के लिए 225 हेल्थ टीम काम कर रही है।

## तपती धूप में भी नहीं थमें सत्याग्रह सेवा संस्था के कार्यकर्ता

☒ स्वच्छ महिला स्वस्थ महिला के तहत सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया

☒ स्वच्छता के साथ सेहत पर ध्यान दें औरतें : संजय कुमार

☒ साफ सफाई पूरी तो खुशियां कैसे रहें अधूरी : राहुल कुमार बरनवाल

☒ मासिक धर्म न करे शर्म : मासूम रजा

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। पश्चिमी चंपारण गौनाहा प्रखंड अंतर्गत धमौरा पंचायत के सुदूर क्षेत्र भीखनाठोरी वार्ड नंबर 1 में आशा कार्यकर्ता के उपस्थिती में तपती धूप में सत्याग्रह सेवा संस्था के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ महिला स्वस्थ महिला के तहत महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण हुआ और मासिक धर्म में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए इस्तेमाल करने के लिए महिलाओं को जागरूक किया गया ताकि भविष्य में महिलाएं इंफेक्शन और बीमारी से बच सकें और स्वस्थ रहें जिससे परिवार आर्थिक स्थिति से बच सके। राकेश कुमार सिन्हा के द्वारा सत्याग्रह सेवा संस्था को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया। जिसे महिलाओं को जागरूक करने में संस्था को सफलता मिली। संस्था के संस्थापक संजय कुमार ने स्वस्थ महिला एवं स्वच्छ महिला का नारा दिया वही संस्था के सचिव रेहान नैयर ने महिलाओं द्वारा गंदे वस्त्र का इस्तेमाल करने पर परहेज बरतने की सलाह मौके पर सत्याग्रह स्वास्थ्य संस्था के संस्थापक संजय कुमार सचिव रेहान नैयर कोषाध्यक्ष राहुल कुमार बरनवाल राष्ट्रीय कार्यकर्ता अजीत राय मासूम राजा रवि कुमार एवं समाजसेवी प्रदीप कुमार रईस अंसारी चंदन कुमार आशा कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की




संख्या में उपस्थित महिलाएं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया और सुदूर क्षेत्र के महिलाओं को जागरूक करने के लिए सत्याग्रह सेवा संस्था के सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।

## जिला जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला जनता दल यू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, सीतामढ़ी की बैठक जिला जदयू कार्यालय में जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष बिकाऊ महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला एवं प्रखंड के प्रमुख साथियों के साथ संगठन की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि आजादी के बाद बिहार एवं देश के पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा अति पिछड़े समाज को सत्ता और सरकार में जो हिस्सेदारी एवं भागीदारी देने का काम किया वह किसी सभ्य समाज के लिए नजीर है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है अति पिछड़े समाज के लोग एकजुट होकर नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करें एवं उनके द्वारा किए गए 17 वर्षों के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने एवं जिला जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को धारदार एवं मजबूत बनाने हेतु हम कार्यकर्ता संकल्पित जाएं।

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महासचिव बबलू मंडल ने कहा कि आज से और अभी से संगठन को धारदार एवं मजबूत बनाने हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडों का दौरा कार्यक्रम आज तय कर लिया जाए एवं हम सभी साथी आज से और अभी से अपने–अपने प्रखंड की बैठक की तैयारी में लग जाएं। आज की बैठक में हम सभी को संकल्प लेकर वर्ष 2024– 25 के लोकसभा एवं विधानसभा की तैयारी में जुट जाना है।



बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह एवं जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए समाज के अवकाश प्राप्त प्रबुद्धजन प्रभुनंदन झा, सियाराम बैठा एवं बिलट प्रसाद साह सहित कई ने जदयू जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह कुशवाहा से जनता दल यू का सदस्यता ग्रहण किया एवं जदयू संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करने वाले प्रमुख लोगों में सुजीत कुमार सिंह, गोपी ठाकुर, विश्वनाथ प्रसाद पूर्व मुखिया, सीताराम ठाकुर पूर्व मुखिया, विजय कुमार पटेल, राम छबीला मंडल, भरत मंडल,राम नरेश महतो, नंद किशोर महतो,कारी राऊत, सुधीर पटेल, बुधन शाह, शिव शंकर महतो अभिराम पटेल, सीताराम महतो,लक्ष्मी राय, राजाराम पंडित, सुधीर कुमार, कमल सा सहित दर्जनों ने भाग लिया एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा की सफलता के लिए सारथी रथ रवाना



☒ जिले भर के स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया जा रहा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जनसंख्या स्थिरीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले भर के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा की सफलता के लिए जिले भर में सारथी रथ को प्रचार–प्रसार के लिए रवाना किया गया। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र लाल, प्रभारी एसीएमओ सह परिवार नियोजन के नोडल पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिन्हा, डीआईओ डॉ. एके झा ने सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि माइकिंग और हैंडबिल आदि के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के साधन को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र लाल ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही परिवार नियोजन में अस्थाई सामग्री के इस्तेमाल के बारे में भी लोगों को बताया जाएगा। साथ ही योग्य और इच्छुक लाभार्थियों को महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के दौरान जिला के सभी सीएचसी, पीएचसी और सदर अस्पताल में परिवार कल्याण ऑपरेशन किया जाना है। डॉ. सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि परिवार नियोजन में अस्थायी साधन बहुत ही कारगर है। कंडोम, कॉपर टी, अंतरा जैसी अस्थायी सामग्री के इस्तेमाल में लोगों को झिझक नहीं करनी चाहिए। इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है। साथ ही परिवार नियोजन में भी सहायक होता है। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसलिए, जो लाभार्थी अस्थाई साधन को अपनाना चाहते हैं, वे अस्थाई साधन के रूप में कॉपर–टी, छाया, अंतरा, कंडोम समेत अन्य सुविधाओं को अपना सकते हैं। डॉ. सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के दौरान जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी और सदर अस्पतालों में परिवार कल्याण अभियान चलाया जाना है। इसके लिए प्रत्येक संस्थान के लिए 100 महिला नसबंदी और 10 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है।

## शिक्षा विभाग में बिचौलियों का बोलबाला घोटाला ही घोटाला

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ बिहार सरकार निगरानी विभाग से करवाए जांच : राजकुमार पासवान

बिहारशरीफ (चौथी वाणी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार पासवान ने नालंदा में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं भारतीय स्वतंत्र शिक्षक संघ के साठगांठ से बहुत बड़े घोटाला किए जाने का आरोप लगाया है। इस घोटाले के दोषी लोगों के खिलाफ अबिलंब कड़ी कार्रवाई करने की मांग बिहार सरकार से की है। श्री पासवान ने बताया कि पिछले तीन–चार वित्तीय वर्षों के दौरान शिक्षा के अधिकार के तहत प्राइवेट स्कूलों को मिलने वाले अनुदान की राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।उन्होनें बताया की मानवोत्कर्ष नामक संस्था के अधीन नालंदा में सैकड़ों स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत मिलने वाले अनुदान की राशि का भुगतान फर्जी तरीके से किया जा रहा है। करीब वैसे 15– 20 दर्जन स्कूलों की अनुदान राशि का भुगतान किया गया है, जिनका धरातल पर कोई अता पता नहीं है तथा सारे स्कूल एक ही संस्था के द्वारा संचालित हो रहा है।



उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की भुगतान की गई अनुदान की राशि तथा संबंधित संस्था का निष्पक्ष ऑडिट कराने पर करोड़ों रुपया का घोटाला का पर्दाफाश होगा। जिला अध्यक्ष राजकुमार पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पूरे मामले की जांच निगरानी विभाग से कराई जाए ,ताकि शिक्षा विभाग में एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश हो सके।

## रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मोतिहारी का द्वितीय पदस्थापन समारोह का हुआ आयोजन




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। मेहनत सीढ़ियों की तरह होती है और भाग्य लिफ्ट की तरह, लिफ्ट तो किसी भी समय बंद हो सकती है पर, सीढिया हमेशा ऊँचाई की ओर ही ले जाती है।उपयुक्त पंक्ति में व्यख्यानित मेहनत की सीढ़ी पर एक कदम और बढ़ाते हुए , कल दिनांक 17–07–22 को रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मोतिहारी ई० सी० ने अपना द्वितीय पदस्थापन समारोह सफलता पूर्वक इण्डियन रेड क्रोस के प्रांगण में सम्पन्न किया। इस कार्यक्रम को सुशोभित करने हेतु माननीय मुख्य अतिथि श्रीमती बिंदु सिंह (पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर , आर० आई० डी०– 3250 , बिहार झारखंड) , विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो० प्रणवीर सिंह ( प्रोक्टर, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय) आमंत्रित थे। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में रो० ई० हर्ष वर्धन सिंह (जोनल रोट्रेक्ट रिप्रेजेंटेटिव , जोन–1) अथवा रेड क्रॉस के अध्यक्ष रोटेरियन ई० बिभूति नारायण सिंह भी उपस्थित थे। अवसर पर आए हुए अतिथियों का स्वागत रो० रितेश रंजन (इम्मीडिट पास्ट प्रेसिडेंट) ने किया। साथ ही उन्हे पौधा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उपयुक्त मौके पर क्लब के नए अध्यक्ष रो० शिवम कुमार एवं सचिव रो० रितेश शर्मा को चुना गया। साथ ही अध्यक्ष ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो० प्रणवीर सिंह ने, रोट्रेक्ट ई० सी० को द्वितीय पदस्थापना की ढेरों शुभकामनाएं दी और साथ ही खुद को बहुत भाग्यशाली बताया इस कार्यक्रम का हिस्सा बन के। इसके अतिरिक्त ये आश्वाशन भी दिया कि आने वाले समय मे महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र – छात्राएं भी सामाजिक कार्य मे भरपूर सहयोग करेंगे। इसके साथ वहाँ डैश पर उपस्थित सभी अतिथियों से ष्नेकी की दीवार एवं रोटी बैंकष की स्थापना हेतु स्थान के लिये निवेदन किया। रो० शुभम गुप्ता एवं रो० अनामिका ने रोट्रेक्ट एमजीसीयूबी अथवा रो० रितेश रंजन और रो० शुभम अग्रावाल ने रोट्रेक्ट क्लब ई० सी० के पिछले वर्ष में किये कार्यो का विवरण भी दिया। उक्त अवसर पर रेड क्रॉस के अध्यक्ष रोटेरियन बिभूती नारायण सिंह ने युवाओं को ऐसे ही सामाजिक कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।साथ ही, रक्तदान के आवश्यकताओ एवं विशेषताओं का बड़े ही सरल शब्दों में उल्लेख कर, लोगो को जागरूक किया। इसके अलावा नेकी की दीवार एवं रोटी बैंक की स्थापना हेतु स्थान देने का आश्वासन दिया। पिछले रोटा ईयर (2021–22) में रोट्रेक्ट मोतिहारी ई० सी० और रोट्रेक्ट एमजीसीयूबी द्वारा किये कार्यो में जिन लोगो ने सहायता की, उन सभी को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही रोट्रेक्टर ऑफ द ईयर का पुरस्कार रो० हर्ष वर्धन सिंह को , रोट्रेक्ट ई० सी० के तरफ से अथवा रो० अनामिका को रोट्रेक्ट एमजीसीयूबी के ओर से दिया गया। इसके अलावा समग्र गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ समर्थन के लिए रोटेरियन बिभूति नारायण सिंह को अथवा सभी परियोजनो में सहायता करने हेतु रोटेरियन विकास कुमार को सम्मानित किया गया । इसके अलावे कई अन्य तरह के पुरस्कार भी भावपूर्ण आभार के साथ दिए गए। मौके पर सभी स्पोंसर्स (माउंट लिटेरा जी स्कूल, कैफे– द अमीरलाल , द फ्लेवर्स, मोनजीनिज, साक्षी ट्रेडर्स, संजय सिनेप्लेक्स, बचपन एनजिओ, रॉयल मोटर, राज डीजल एवं ललिता होमियो फार्मेसी) को भी सहयोग करने हेतु सम्मानित किया गया । उक्त अवसर पर रोटेरियन पुष्पा किशोर, रोटरी को संबोधित करने हेतु रोटेरियन अभिमन्यु कुमार, नए सदस्य प्रेरण करने हेतु रोटेरियन मनीष सिन्हा तथा महेश प्रसाद सिन्हा संजय जयसवाल डॉक्टर विवेक गौरव धर्मेंद्र नारायण सिंह महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर स्वाति तथा प्रोफेसर नरेंद्र सिंह दिलीप सिंह और रोट्रेक्ट ई० सी० एवं रोट्रेक्ट एमजीसीयूबी के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे। मंच का संचालन रो० हर्षवर्धन सिंह ने कियाद्य उक्त आशय की जानकारी रोट्रेक्ट एवं जी स्कूल के प्रबंधक शुभम गुप्ता ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी पोखर की मनरेगा के तत्वधान में जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पहुंचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार –सह– केंद्रीय नोडल पदाधिकारी, कैच द रेन, मोतिहारी एवं श्री वारिद गुप्ता , सहायक निदेशक, जल शक्ति मंत्रालय , भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पिपराकोठी प्रखंड में ग्राम पंचायत राज,वीरछपरा में नवोदय विद्यालय के निकट सरकारी पोखर की मनरेगा के तत्वधान में जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पहुंचे। जीविका दीदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त सचिव महोदय का भव्य स्वागत किया गया। सरोवर के उपर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा संयुक्त सचिव महोदय को विशाल सेमर के पुराने वृक्ष के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य से अवगत कराया गया ।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , श्री कमलेश कुमार सिंह , अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर ,निदेशक डीआरडीए, डीपीओ मनरेगा ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण , जीविका दीदी एवं गणमान्य ग्रामीणआदि उपस्थित थे।

### श्रावणी मेला का आयोजन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बेला थाना अंतर्गत नोचा गोरहारी स्थित प्राचीन नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर मे श्रावणी मेला का उद्घाटन किया गया बताते चलें कि पूर्व से लगने वाला यह श्रावणी मेला पिछले दो साल कोरोना वायरस महामारी के कारण बंद हो गया था इस साल जैसे ही मेला का उद्घाटन किया नेपाल के सीमावर्ती इलाका होने के साथ साथ बेला थाना अंतर्गत आसपास के जितने भी गांव हैं श्रद्धालु बाबा नागेश्वर नाथ का दर्शन करने के लिए ज्यादा से ज्यादा तादात में लोग पहुंचे इस मेला मंदिर के उद्घाटन के मौके पर मुखिया पति दिनेश राम उप मुखिया व समाजसेवी विनय कुमार झा मंदिर के महंत धीरेंद्र चौधरी मेला अध्यक्ष मुनेसब झा विमल कुमार सिंह पवन मंडल सुनील मंडल की उपस्थिति में मेला का उद्घाटन एसएसबी कमांडेंट थोरू मेहरा ने फीता काटकर किया श्रावणी मेला के आयोजन में रामलीला झूला एवं अनेक प्रकार के मनोरंजन के साधन का बंदोबस्त किया गया है वही इस मेले में पश्चिम चंपारण के मशहूर रामलीला कंपनी का आयोजन हो रहा है।




### कार से 15 लीटर शराब बरामद, दो गिरफ्तार

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव के समीप समेकित चेकपोस्ट की जांच चौकी पर रविवार को वाहन चेकिग के दौरान एक कार से 15 लीटर शराब बरामद की गई। पुलिस ने कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को अकोढ़ी गांव के समीप समेकित चेक पोस्ट की जांच चौकी पर यूपी की तरफ से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक कार (यूपी 65 जीटी 3637) को रोका गया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें 88 पीस 8 पीएम टेट्रा पैक शराब रखी गई थी। कार सवार यूपी से शराब लेकर बिहार में खपाने की तैयारी में थे। कार में दो युवक सवार थे। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें जमानिया गाजीपुर निवासी प्रशांत कुमार गुप्ता (38) एवं नोखा रोहतास निवासी धर्मेंद्र कुमार (27) का नाम शामिल है। शराब के साथ गिरफ्तार कार चालकों के विरुद्ध मोहनियां थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद इन्हें भभुआ जेल भेज दिया गया। शराब कारोबारियों पर पुलिस की कड़ी नजर है। शराब के नशे में छह व एक धंधेबाज गिरफ्तार।



### लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी डीएम

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। समाहरणालय के सभाकक्ष में डीएम नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में राजस्व, खनन, लोक शिकायत निवारण, नीलाम पत्र, मध निषेध से संबंधित बैठक की गई। बैठक में दाखिल खारिज के 21 दिनों से अधिक लंबित मामलों व परिमार्जन पोर्टल पर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का डीएम ने निर्देश दिया। बैठक में जलस्त्रोतों को अतिक्रमणमुक्त कराने की चल रही कार्रवाई के बारे में डीएम ने जानकारी ली और कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही। पीएम आवास योजना के भूमिहीन लाभुकों को भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश सीओ को दिया। डीएम ने नीलाम पत्र के अंतर्गत साप्ताहिक विशेष अभियान चलाकर वारंटियों को गिरफ्तार कर नीलाम पत्र शाखा के लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न माध्यम से प्राप्त परिवाद एवं निष्पादित आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय भभुआ एवं मोहनिया में प्राप्त आवेदनों की संख्या 15484 निष्पादित आवेदनों की संख्या 14827 लंबित आवेदनों की संख्या 657 बताई गई।



### उर्वरक संबंधी समस्या की शीघ्र होगा समाधान

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। उर्वरक संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिसका अविलंब समाधान किया जाएगा। जिसमें जिला स्तरीय हेल्पलाइन में पदाधिकारियों और कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।सहायक निदेशक रसायन मिट्टी जांच प्रयोगशाला दुर्गा रंजन जिनका मोबाइल नंबर 7896723488, लिपिक जिला कृषि कार्यालय राकेश कुमार 9304207997 और कार्यपालक सहायक मो. कैफ आलम 9110154435 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।इस बारे में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि उर्वरक की कालाबाजारी जमाखोरी मुनाफाखोरी तस्करी एवं कृत्रिम अभाव इत्यादि की समस्या के रोकथाम के लिए जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

## दुपट्टे से गला कस कर युवती की हत्या का प्रयास युवती को बचाने पहुंचे युवकों पर महिला ने किया हमला

पीलीभीत पूरनपुर।मामूली बात पर मां बेटी में विवाद हो गया।मां ने चुनरी से पुत्री का गला घोटने का प्रयास किया।बचाने दौड़े दो युवकों पर महिला ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।दुपट्टे से गला कसने के चलते इसकी हालत बिगड़ गई।घटनाक्रम ने तीनों घायलों को सीएचसी लाया गया।मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

सोमवार को माधोटांडा मार्ग पर मां बेटी पूरनपुर आने के लिए सवारी का इंतजार रही थी।इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया।इस पर अक्रोशित महिला ने अपनी पुत्री को पहले बेरहमी से पीटा।

उसके बाद जान से मारने की नियत से दुपट्टे से गला घोंटने का प्रयास किया।युवती के चीखने चिल्लाने पर रास्ते से गुजर रहे माधोटांडा निवासी वीरेंद्र और रानीगंज निवासी प्रेमशंकर मौके पर पहुंचे।उन्होंने युवती को बचाने का प्रयास किया तो आक्रोशित महिला ने दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।इससे खलबली मच गई।

मौके पर पहुंचे लोगों ने बमुश्किल युवती के गर्दन से फंदा निकाला। घटनाक्रम में घायल हुए युवकों ने बताया कि महिला अपनी पुत्री को जान से मारने के लिए दुपट्टे से उसका गला कर दिया था। उसे बचाने गए थे इस पर महिला ने दोनों पर हमला कर दिया।उपचार के लिए तीनों को सीएचसी लाया गया।जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

## पोषाहार लेने गई महिलाओं से आंगनवाड़ी केंद्र पर धक्का-मक्की युवक ने की अभद्रता,घंटों धूप में रहने के बाद भी नहीं मिला पोषाहार

पीलीभीत पूरनपुर।बच्चों के साथ आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषाहार लेने गई महिलाओं के साथ युवक ने अभद्रता कर धक्का–मुक्की की आरोप है कि तेज धूप में घंटों खड़े रहने के बावजूद पोषाहार नहीं दिया गया।इस पर महिलाएं थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव हमीरपुर में सोमवार को दर्जनों महिलाए अपने बच्चों का पोषाहार लेने केंद्र पर पहुंची थी।वहां पर पहले से ही मौजूद गांव के एक युवक ने केंद्र के अंदर महिलाओ को जाने से मना कर दिया।विरोध करने पर धक्का–मुक्की की गई।इस पर गोद में बच्चा लिए महिलाएं गिरकर चोटिल हो गई।

महिलाओं ने बताया कि भीषण गर्मी और तेज धूप में वह करीब तीन घंटे तक लाइन में लगी रही।उसके बावजूद उनको पोषाहार नहीं दिया गया।इसको लेकर महिलाओं में खासा रोष देखा गया।महिलाओं का कहना है कि युवक का आंगनवाड़ी केंद्र पर कोई दायित्व नहीं है।उसके बावजूद महिलाओं का वह रास्ता रोककर परेशान कर रहा है।भीषण गर्मी और तेज धूप में खड़े रहने से महिलाएं हाल बेहाल हो गई।महिलाएं पोषाहार लिए वगैर ही वैरंग होकर वापस लौट गई।उसके बाद गांव की संध्या देवी,शिवानी,सुनीता, शिवरानी, शिवानी,मीना देवी,पुष्पा, लक्ष्मी,राम गुनी,रीना देवी,सुनीता सहित दर्जनों महिलाओं ने थाना सेहरामऊ उत्तरी पहुंच कर मामले की शिकायती पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया महिलाओं द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर धक्का–मुक्की की तहरीर दी गई है।जिस पर जांच की जा रही है।मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एनसीसी कैडेट प्राप्त कर रहे हैं सैन्य प्रशिक्षण

अयोध्या। स्थानी डोगरा रेजीमेंट सेंटर अयोध्या में चल रहे 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा के तत्वाधान में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज पांचवे दिन एनसीसी गर्ल्स एवं बॉयज एनसीसी कैडेटों को डोगरा रेजीमेंट के रिक्रूटमेंट स्थल पर जहां चयनित सैनिकों को ट्रेनिंग प्रदान की जाती है एनसीसी कैडेट सेना की भर्ती प्रक्रिया एवं प्रशिक्षण का पूरा अभ्यास कराया गया सेना के अनुभवी प्रशिक्षकों ने समस्त ऑप्टिकल्स पर कैडेटों को तत्काल टेंट को लगाने की प्रैक्टिस कराई जा रही है प्रशिक्षण शिविर में मैप रीडिंग फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट स्वास्थ्य एवं प्राथमिक चिकित्सा के साथ फुट ड्रिल हथियार के साथ ड्रिल भी प्रतिदिन कराया जा रहा है कैंप कमांडेंट कर्नल सुनीत सिंह शौर्य चक्र के दिशा निर्देशन में सभी कैडेटों को कुशल प्रशिक्षण के साथ–साथ अनुशासित जीवन जीने की कला और भावी भविष्य की तैयारी हेतु यह कैंप मील का पत्थर साबित होगा



किस तरह से बाधाओं को पार करना है विधिवत डेमो के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया इस कैंप में थल सेना कैंप हेतु चयनित कैडेटों को फायरिंग का अभ्यास रेंज पर प्रतिदिन कराया जा रहा है साथ ही साथ समस्त कैडेटों को फायरिंग के साथ बारीकियों से अवगत कराया जाएगा विषम परिस्थितियों में एनसीसी कैडेट सेना के साथ सैन्य माहौल से परिचित होकर अपने आप को भारतीय सेना हेतु तैयार कर रहे हैं।

कैंप संचालन में भारतीय सेना के कुशल प्रशिक्षकों के साथ गोंडा के मेजर राजेश द्विवेदी मेजर राजाराम लेफ्टिनेंट नरेंद्र मिश्र प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

## कावड़ कमेटी वह बजरंग दल की ओर से जिलाधिकारी महोदय जी को ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर।

सनातन धर्म मैं श्रवण मास का बहुत महत्व माना जाता है पहले ही दिन से भगवान महादेव जीके लाखों भक्त अपने तन मन भाव अर्थात पवित्रता भावना लेकर जलाभिषेक के लिए कावड़ यात्रा मैं निकलते हैं जिसमें हम सभी लोग शामिल होते हैं इसी के साथ उससे जुड़े ठोस अवशेष सड़कों पर पड़े रहते हैं जो हमारी पवित्रता को भंग करते हैं।

अतः आपसे निवेदन है 1 की महीने भर के लिए पूरे क्षेत्र में के किनारे के किनारे संचालित होने वाली दुकानों को वहां से हटवा दिया जाए जिससे श्रद्धालुओं सकुशल निकल सके

जिलाधिकारी महोदय जी के नाम से ज्ञापन थाना अध्यक्ष तंबौर सुरेश



क्रम में आपके जनपद सीतापुर के गांजर क्षेत्र अंतर्गत रतनगंज से शारदा नदी के घाट से लाखों की संख्या में महीने भर के लिए श्रद्धालु कावड़ यात्रा में शामिल होते हैं जिसमें सड़कों के किनारे अनावश्यक रूप से कुछ लोगों द्वारा मीट की दुकानें संचालित की जा रही है जिसके कारण अत्यंत दुर्गंध पटेल जी को ज्ञापन सौंपा गया।

सीनू मिश्रा प्रखंड संयोजक बजरंग दलविजय वर्मा छोटू पोरवाल संजय पोरवाल हैप्पी श्रीवास्तव अभिषेक शुक्ला सिवा नाग शुभ शुक्ला सोनू शिवम नाग अंकित पांडे दिव्यांश अवस्थी देवेंद्र अवस्थी सत्यम अवस्थी सीकरी आदि बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इनर व्हील क्लब आफ पूरनपुर ग्लोरी ने सावन की शुरुआत कुछ नए अंदाज में पेड़ पर झूला सजाओ और मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता से की

पीलीभीत आप सभी को सावन माह की अग्रिम शुभकामनाएं।

पीलीभीत पूरनपुर इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने सावन की शुरुआत कुछ नए अंदाज में पेड़ पर झूला सजाओ और मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता से की।

अध्यक्ष अंजू मिश्रा जी ने स्कूल की बालिकाओं के मध्य झूला सजाओ प्रतियोगिता करवाई जिसमे बहुत सारे बच्चों ने हिस्सा लिया एक ग्रुप में पांच बच्चे रहे और 6 ग्रुप ने झूले सजाए ।निर्णायक मंडल द्वारा एक ग्रुप विजेता हुआ जिसमे लवी, गुनगुन भारती,सानिया ,नेहा ,सृष्टि आदि बालिकाएं रही। विजयी ग्रुप को पुरस्कृत किया।



18 बालिकाओं ने मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमे पहले स्थान पर सिमरन ,दूसरे स्थान पर किरण एवम कीर्ति तीसरे स्थान पर नीलक्षी रही। बच्चो के द्वारा ही 50 छायादार पौधे नीम ,अशोक, पीपल बरगद लगवाए गए और उन पौधों की बड़े होने तक लगातार सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

इनर व्हील ग्लोरी परिवार ने सावन के महीने की मीटिंग विभिन्न गेम्स, डांस के साथ की जिसका संचालन पूर्व अध्यक्ष संगीता गुप्ता ,क्लब सदस्य अलका गुप्ता ,आई एस ओ शशि खण्डेलवाल ने किया गेम में कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल और सचिव पूनम गुप्ता विजय रही।

आई पी पी अध्यक्ष मोनिका होरा ने क्लब के सभी सदस्यो को सुंदर पर्स दिये। बरेली साउथ ग्लोरी के अधिस्थापन समारोह में पूरनपुर ग्लोरी को आमंत्रित किया गया जिसमे चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सीमा गुप्ता , सह सचिव मधुरिमा गुप्ता, मीना रस्तोगी ,सविता खंडेलवाल , मीनाक्षी खन्ना ,सोनम गर्ग, राज वेंदर कौर , निधि वर्मा , शिप्रा गुप्ता ,शिवानी खंडेलवाल रिंकी गुप्ता आदि सदस्यो ने उपस्थित रहे।

## नवनियुक्तपुलिस चौकी प्रभारी दिनेश चन्द्र जोशी को संस्था पदाधिकारियों ने शाल ओढ़ाकर भगवान गणेश जी की प्रतिमा देकर स्वागत

राजपुरा। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य अमन कुमार के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से राजपुरा नवनियुक्त पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश चन्द्र जोशी को संस्था पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर भगवान गणेश जी की प्रतिमा देकर स्वागत किया

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार ने संयुक्त रूप से कहा की हम राजपुरा नवनियुक्त पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश चन्द्र जोशी से भविष्य में आशा करते हैं की राजपुरा क्षेत्र को नशा मुक्त अपराध मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में आपका अहम योगदान रहेगा क्योंकि अपराध की जड़ नशा जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है यह बहुत चिंता का विषय है जिस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना बहुत जरूरी है और हम सबकी भारतीय होने के नाते यह नैतिक जिम्मेदारी है की हम अपने क्षेत्र व शहर और जिला सहित प्रदेश एवं देश को नशा मुक्त अपराध मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए हम सबको अपने अंदर जागरुकता उत्पन्न करनी होगी क्योंकि किसी भी अपराध नशा भ्रष्टाचारी बीमारी से मुक्ति पाने के लिए इंसान का जागरूक होना बहुत जरूरी है और जिस दिन हम भारतवासी अपराध की जड़ नशा के प्रति जागरूक हो गये उस दिन हमारे भारत देश में नशे के साथ अपराध भ्रष्टाचार का नामोनिशान नहीं होगा तभी हम अपने आने वाली पीढ़ियों को अच्छे वातावरण व संस्कार दे सकेंगे तभी



हमारा भारत देश विश्वगुरु बनेगा इसीलिए एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था क्षेत्रवासियों एवं भारतवासियों को नशा मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त अपराध मुक्त अभियान के अंतर्गत जागरूक करने का लगातार प्रयास कर रही है और आगे भी करती रहेगी क्योंकि नशा मुक्त भारत हर भारतीय नागरिक की आवश्यकता है साथ ही संस्था प्रशासन के सभी अच्छे कार्यों में सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

इस दौरान स्वागत करने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार रितिक साहू अमन कुमार संदीप यादव सूरज मिस्त्री गोविन्द मिस्त्री सुशील राय मुकेश कुमार सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित है।

## अघोषित बिजली कटौती को लेकर किसानों ने डाला डेरा अन्नदाता किसान यूनियन ने बिजली उप केंद्र पर दिया धरना

पीलीभीत पूरनपुर।किसानों ने बिजली कटौती को लेकर बिजली उपकेंद्र पर पहुंचकर डेरा डाल दिया।बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर प्रदर्शन किया।बिजली व्यवस्था दुरुस्त न कराए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।देर शाम तक किसान बिजली उपकेंद्र पर डटे रहे। एसडीओ के समझाने पर भी लोग नहीं माने।

शासन के आदेश के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है।विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा किया जा रहा है।शासन के इस दावे का दूर–दूर तक कोई असर नहीं दिख रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों तक मनमाने ढंग से विद्युत आपूर्ति की जा रही है।सोमवार को अंडवोजी,गढ़वा खेड़ा,सिंहपुर ,भोपतपुर,कजरी से आए ग्रामीणों ने वताया कि इन गांवो में बिजली 18 घंटे में लगभग 6 या 8 घंटे ही आ रही है।उसमें भी केवल सिंगल फेस ही आ रहा है।जिससे ना तो हमारे घरों के मोटर और ना ही पंखे कूलर चल रहे हैं।खेतों में जो बिजली वाले मोटर लगे हुए हैं।उससे हम अपने खेतों की सिंचाई करते हैं।मगर इस बार बिजली इतनी खराब आ रही है। जिससे हमें अपने खेतों में सिंचाई करने के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सोमवार को बड़ी संख्या में किसान ने कुरैया बिजली घर पहुंचे।उन्होंने बिजली व्यवस्था को लेकर हंगामा कर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंचे एसडीओ प्रवीण सिंह कनौजिया ने किसानों को समझाने का प्रयास किया।लेकिन वह डटे रहे।प्रदर्शन करने वालो में अन्नदाता किसान यूनियन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह,अन्नदाता जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा,बलकार सिंह, गुरमुख सिंह, हरदीप सिंह,मोहन सिंह, लखबीर सिंह,ऋषि पाल सिंह, गुरप्रीत सिंह,बलजीत सिंह, अमरजीत सिंह, करमजीत सिंह, सहित कई लोग मौजूद रहे।



## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से लाखों हड़पे रुपये वापस मांगने पर गैर जनपद वुलाकर झोंका फायर

पीलीभीत पूरनपुर।विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों रुपए ठग लिए। रुपए मांगने पर गैर जनपद ले जाकर युवक से मारपीट कर उसके ऊपर फायर झोंक दिया।बमुश्किल युवक की जान बच सकी।पुलिस ने जालसाजों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बलरामपुर चौकी क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी सचिन कुमार ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने इंग्लैंड में नौकरी दिलाने का झांसा दिया।जिसमें सात लाख रुपये नौकरी दिलाने के लिए आरोपियों द्वारा मांग की गई।झांसे में आकर पीड़ित ने वर्ष 2021 में सात लाख रुपये दे दिए।जिसमे पांच माह के अंदर उसको विदेश भेजने की बात आरोपियों ने कही।लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी उसको विदेश नहीं भेजा गया।इस पर उसने अपने रुपए मांगे।कुछ रुपए देने के लिए पीडित को चेक दिया गया।पीडित अपना चेक लगाने बैंक में गया। उसको बिना भुगतान किए ही बैंक से वापस कर दिया।इस पर पीड़ित ने आरोपियों से संपर्क कर पूछा इस पर उन्होंने फिर से चेक लगाने को कहा।इस पर 6 जुलाई को यह भुगतान वापस कर दिया।इस पर पीडित को न ही नौकरी मिली,और नही रुपये वापस किए।इस पर युवक ने अपने आपको ठगा महसूस समझा।उसने कहा है कि धोखाधड़ी करके उसके लाखों रुपए ठग लिए।पंचायत के बाद शाहजहांपुर में रोजा मंडी में रुपए देने की बात कह कर पीड़ित को रोजा मंडी बुलाया।आठ जुलाई को बाइक से अपने मित्र के साथ रोजा मंडी के लिए जा रहा था।इसी दौरान रास्ते में पीछे से चार पहिया वाहन सवारों ने टक्कर मार दी।टक्कर लगने से वह सडक पर गिर गया।पीड़ित ने जब उठने का प्रयास किया तो आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट शुरू कर दी।विरोध करने पर तमंचा निकालकर जान से मारने की नियत से पीडित पर फायर झोंक दिया।इससे वह वाल वाल बचा।शोर–शराबा करने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।12 जुलाई को रोजा थाने में गुलरिया भूपसिंह निवासी अरुण, अनुज,राम कुमार, पुष्पा देवी,बाहर व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना सिंह ने सैदनगर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना सिंह ने सैदनगर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के वक्त विद्यालय में प्रवेश के बाद सर्वप्रथम वह रसोई की तरफ गई और उन्होंने रसोई व नाली के आसपास की साफ–सफाई देखी तथा उन्होंने सोमवार के मिड डे मील में मीनू के अनुसार रोटी और सब्जी को बनते हुए देखा।

इसके बाद वह मल्टीपल हैंडवाश की तरफ गई और वहां की दीवार पर टाइल लगाने के निर्देश दिये।



इसके बाद उन्होंने शौचालय का निरीक्षण किया जो कि स्वच्छ पाए गए फिर पेड़ के नीचे छांव में शैक्षिक गतिविधि व खेल–खेल में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से उन्होंने सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। कक्षा सात की छात्रा एलिजा ने उन्हें अंग्रेजी में स्टोरी सुनाई तथा कक्षा 4 के छात्र गौरव ने बताया कि उसे 35 तक पहाड़े आते हैं इस पर उन्होंने 27, 29 और 34 का पहाड़ा सुना। छात्र गौरव द्वारा पहाड़े सही सुनाने पर बीएसए काफी प्रसन्न हुई और उन्होंने छात्र गौरव को पेंसिल और रबड़ देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक गतिविधियों एवं खेल–खेल में शिक्षा के माध्यम से बच्चे का सर्वांगीण विकास संभव हैं। शैक्षिक गतिविधियां एवं खेल–खेल में शिक्षा सीधे बच्चे के मन पर वार करती हैं और इससे बच्चा की हुई गतिविधि को काफी समय तक याद रखता।

## पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को ग्राम भमरव्वा स्थित शिव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को ग्राम भमरव्वा स्थित शिव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि आज श्रावण मास के पहले सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भमरव्वा स्थित शिव मंदिर का निरीक्षण किया। जलाभिषेक हेतु कांवडियों के आने व जाने की समुचित व्यवस्था के दृष्टिगत मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्ग तथा थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम भमरव्वा में स्थित शिव मंदिर में डयूटी पर तैनात सभी पुलिस बल को चौक किया व सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होने बताया कि श्रावण मास के पहले सोमवार को हालांकि श्रद्वालुओं की भीड़ कम होती हैं लेकिन धीरे–धीरे श्रद्वालुओं की संख्या बढती जाती रहती हैं इसी के मद्दे नजर पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात किया गया हैं ताकि किसी भी श्रद्वालु को कोई परेशानी न हो। उन्होने कहा कि कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रामपुर पुलिस द्वारा सभी जरूरी कदम उठाये गये हैं इसके अलावा यदि कोई शरारती तत्व द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की गई तो वह पुलिस से बचने वाला नहीं हैं।



उन्होने श्रावण मास के पहले सोमवार को भमरव्वा स्थित शिव मंदिर का बारीकी के साथ मुआयना किया और तैनात पुलिस बल को चौक कर उन्हे आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

# संक्षिप्त समाचार

### वन चौकी के पास तेंदुए ने फिर वनाया कुत्ते को निवाला जंगल से सटी कालौनी में भी देखी गई तेंदुए की आमाद

पीलीभीत पूरनपुर।आबादी क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी के चलते ग्रामीणों में दहशत देखी जा रही है।मामले की सूचना वन विभाग को दी गई।लेकिन बात बिभाग की ओर से कोई सजग प्रयास नहीं किए गए।जिससे लोग दहशत में हैं। बीते दिनों दियूरिया बन चौकी क्षेत्र के अंतर्गत चौकी पर वन कर्मियों की मौजूदगी के समय ही लेपर्ड द्वारा चौकी का पालतू कुत्ता दबोच कर उसे निवाला बना लिया गया था।वही रविवार की शाम गांव लोहन्ना निवासी हरपाल की पशु शाला में तेंदुआ जा पहुंचा।आंगन में काफी देर तक चहल कदमी करता रहा।इस दौरान पालतू कुत्ते ने जब शोर–शराबा किया तो उसे अपना निवाला बना लिया।इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के गांव मटेहना कॉलोनी नंबर पांच में भी तेंदुए की चहलकदमी देखी गई।इससे लोगों में दहशत फैल गई।इस दौरान मवेशी पशुशाला में चीखते चिल्लाते नजर आए।ग्रामीणों ने एक राय होकर शोर शराबा व थाली,पीपे अन्य बजाना शुरु कर दिया।जिस पर काफी देर बाद तेंदुआ जंगल की ओर चला गया।हरपाल बाहर काम करने के लिए गया है।घर में महिलाएं मौजूद है।जिन्होंने जंगल से सटी हुई झाडियां साफ कराने के लिए वन विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई थी।लेकिन उस पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है।दहशत के चलते शाम ढलते ही लोग घरों व छतों पर पहुंच जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि तार फिसिंग न होने के कारण ऐसी वारदातें हो रही हैं।वहीं इस मामले में डिप्टी रेंजर दिनेश गिरी ने बताया कि जंगल का किनारा है।जीव जंतु बाहर निकल आते हैं।लोगों को सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

### क्लब में पुराने 88 सदस्यों में से 64 को वापस ले लिया गया

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में वाल्टन क्लब की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्लब के सचिव द्वारा बताया गया कि क्लब में पुराने 88 सदस्यों में से 64 को वापस ले लिया गया। लगभग सभी सदस्यों द्वारा माह अप्रैल तक का सदस्यता शुल्क जमा किया जा चुका है। सचिव द्वारा बताया गया कि 09 नये लोगों द्वारा सदस्यता प्राप्त की गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी को






निर्देशित करते हुये कहा कि सदस्यता शुल्क में 15 अगस्त तक कोई बढ़ोत्तरी न की जाये। क्लब के मेंबरों को क्लब का मैदान पार्टी के लिए रियायत दर पर सुविधा उपलब्ध कराई जाये। इसके साथ ही साथ क्लव के सदस्यों एवं परिवारजनों को भी क्लब की सुविधाऐं प्रदान की जाएगी। जुलाई में क्लब के सदस्यों का चुनाव कराकर नई कार्यकारिणी समिति गठित की जाये। बैठक में सभी को निर्देशित करते हुये कहा कि क्लब के सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि क्लब में नये सीसीटीवी कैमरे लगवायें जाये। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा क्लब के 05 सदस्यों को गोल्डन कार्ड वितरित किये गये। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट सहित क्लब के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### समस्त सरकारी विभागों एवं उनके अन्तर्गत संस्थाओं में प्राथमिकता के आधार पर सेवामित्र पोर्टल से सेवाएं प्राप्त करने हेतु अनुदेश जारी

पीलीभीत। अपर मुख्य सचिव श्रम सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। सेवा प्रदाता के माध्यम से कुशल कामगारों द्वारा नागरिकों/उपभोक्ताओं को सेवाए प्रदान करने के साथ साथ प्रदेश के समस्त सरकारी विभागों एवं उनके अन्तर्गत संस्थाओं में प्राथमिकता के आधार पर सेवामित्र पोर्टल से सेवाएं प्राप्त करने हेतु अनुदेश जारी किया गया है। नागरिकों को सेवाऐं प्रदान करने हेतु विकसित की गई व्यवस्था से सेवा का परिचालन कुशल कामगार अर्थात सेवामित्र व उपभोक्ता के मध्य सीधे न होकर पोर्टल पर पंजीकृत सेवाप्रदाता के माध्यम से किया जायेगा। सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित डिजिटल प्लेटफार्मा सेवामित्र पोर्टल (sewamitra.up.gov.in) मोबाईल एप के माध्यम से सर्विस प्रोवाईटर एवं सेवामित्र द्वारा प्रदेश के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तथा शासकीय कार्यालयों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की सेवाऐं जैसे इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, प्लम्बर, एसी, सर्विस मैकेनिक, टैक्सी सर्विस, रंगाई, पुताई आदि उपलब्ध कराई जा रही हैं। उक्त के क्रम जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा समस्त अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि जनपद में होने वाले विभिन्न सरकारी कार्यालयों में मेन्टेनेंस सम्बन्धी कार्यों को सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से ही कराऐं, साथ ही हुनरमंद अभ्यर्थियों तथा सेवा प्रदाताओं को भी अपने माध्यम से सेवामित्र पोर्टल पर पंजीकृत कराऐं जिससे स्थानीय स्तर पर कुशल कामगारों को रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। सेवामित्र पोर्टल पर सर्विस बुक कराने अथवा अन्य किसी जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 155330 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### रामपुर के पुराने जर्जर गेट अब लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ करते हुए नजर आ रहे

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते रामपुर के पुराने जर्जर गेट अब लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ करते हुए नजर आ रहे हैं।



रामपुर नवाबों का शहर कहलाया जाता हैं यहां पर नवाबी दौर से शहर के पुराने मौहल्लों में गेट बने हुए हैं जो अब जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। वार्ड 37 के मौहल्ला घेर उसमान खां स्थित पुरानी पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक गेट बना हुआ हैं जो काफी जर्जर हालत में हैं। उक्त गेट की हालत इतनी भयावह हैं कि उसमें पाखड़ का पेड उग चुका हैं जो काफी बड़ा भी हो गया हैं उसकी जड़े भी काफी फैल चुकी हैं। बरसात के मौसम या फिर आंधी के समय उक्त पेड़ हिलता हैं तो जर्जर गेट की ईटे भी गिरना शुरू हो जाती हैं। वार्ड सभासद दिनेश कुमार उर्फ दिन्ने भाई ने बताया कि उक्त जर्जर गेट को लेकर वह लगातार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराते रहते हैं लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई हैं। पिछले दिनों उक्त जर्जर गेटों की ईटे भर भराकर गिर गई जिससे एक व्यक्ति बाल–बाल बचा। मौके पर ही सभी अधिकारियों को बुलाकर जर्जर गेट की हालत दिखाई। अधिकारी मौके पर तो आये लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस मामले में जब पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं से बात की गई तो उन्होने बताया कि रामपुर के सभी पुराने जर्जर गेटों के लिए पालिका प्रशासन द्वारा एक कमेटी गठित कर दी गई हैं। कमेटी के रिपोर्ट आने के बाद पुराने जर्जर गेटों की मरम्मत की जायेगी या फिर उनका ध्वस्तीकरण कराया जायेगा ताकि किसी प्रकार की जानहानि न हो सकें।

### ईदगाह से बरेली गेट तक की डामर सड़क को बनाये जाने की मांग ईओ से की

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। वार्ड 42 की सभासद फूल बी ने ईदगाह से बरेली गेट तक की डामर सड़क को बनाये जाने की मांग ईओ से की हैं। ईओ को भेजे पत्र में सभासद फूल बी ने कहा कि ईदगाह से बरेली गेट की ओर जाने वाली डामर की रोड पूर्व के वर्षो में बनाई गई थी जिसके वर्तमान में सही स्थिति में हैं लेकिन मौलवी साहब की मजार से बरेली गेट तक की डामर रोड जल निगम द्वारा सीवर लाइन के कार्य करने से जगह–जगह से खराब हो गई हैं। रोड काटने के कारण सडक में बहुत अधिक गड्डे आदि हो गये हैं जिससे जल भराव तो होता ही हैं और दुर्घटना का भय भी बना रहता हैं। ईओ से टूटी सडक को दुबारा बनवाने की मांग की गई है।



## भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संगठन रजि0 के तत्वावधान में आयोजित डासना मन्दिर गाजियाबाद में समस्त संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों कि समीक्षा बैठक बुलाई गई

भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संगठन रजि0 के तत्वावधान में आयोजित डासना मन्दिर गाजियाबाद में समस्त संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों कि समीक्षा बैठक



बुलाई गई।

भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संघठन के तत्वावधान में आयोजित डासना गाजियाबाद में समस्त संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों कि समीक्षा बैठक बुलाई गई जिसमें सामिल समस्त हिन्दू राष्ट्रीय अध्यक्षों के द्वारा भारत को सनातन हिन्दू राष्ट्र घोषित करने समेत 25 अन्य मुद्दों को सर्वसम्मति से पारित किया गया शिखर सम्मेलन में सम्लित महामंडलेश्वर यति नरसिहानंद स्वामी जी ने भी भाग लिया और समस्त अध्यक्षों को मजबूत व एकजुट होकर कार्य करने हेतू पारित किया जिसमें भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संगठन रजि0 के संस्थापक जयकुमार शर्मा जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष शर्मा जी ने सभी को प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा जल्द ही दुसरी बैठक बुलाकर दुत्तीय महासम्मेलन आयोजित करके चंतर मंतर में प्रदर्शन करने हेतू कहा वही इन सभी मुद्दों को समस्त आये हुए प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति प्रस्ताव को पारित किया इन सभी प्रस्तावों का ज्ञापन राष्ट्र पति प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भेजा जायगा।

## पीएफआई के सदस्य के साथ सत्तू पी रही बिहार पुलिस, लखनऊ से गिरफ्तार किया और पटना लाते-लाते हो गई दोस्ती!

पटनाः बिहार टेरर मॉड्यूल में एक तरफ उच्चस्तरीय जांच हो रही है तो दूसरी ओर चौंकाने वाली तस्वीर भी आ रही है. तस्वीर चौंकाने वाली इसलिए है क्योंकि एक वीडियो सामने आया है जिसमें बिहार की पुलिस पीएफआई के सक्रिय सदस्य नुरुद्दीन जंगी के साथ सत्तू पी रही है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. नुरुद्दीन जंगी को पटना सिविल कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था. इसी दौरान पुलिस और नुरुद्दीन जंगी ने आराम से एक साथ सत्तू पी और बातें कीं. इसका वीडियो देखा जा सकता है।



दरअसल, नुरुद्दीन जंगी पटना के फुलवारी शरीफ से चलाई जा रही देश विरोधी गतिविधियों के मामले में नामजद पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का सक्रिय सदस्य है. बीते शुक्रवार को लखनऊ के मवैया मेट्रो स्टेशन से उसे गिरफ्तार किया गया था. वहां से लेकर बिहार पुलिस पटना पहुंची लेकिन तस्वीर देखकर ऐसा लगता है कि पटना आते–आते तक दोनों में दोस्ती हो गई।

## पुष्कर त्रिपाठी ने आईसीएसई बोर्ड 10 वीं परीक्षा में पूरे देश में किया टाप

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

• भाजपा कार्यालय में मिठाई खिलाकर दी गई शुभकामनाएँ

बलरामपुर । भारतीय जनता पार्टी जनपद बलरामपुर चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं वीटीएम हास्पिटल के संचालक डॉ. प्रांजल त्रिपाठी के बेटे पुष्कर त्रिपाठी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं इस गौरवशाली क्षण के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बलरामपुर पर पुष्कर के पिता भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. प्रांजल त्रिपाठी को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह,डॉ अजय सिंह पिंकू, जिला महामंत्री वरूण सिंह, मीडिया संयोजक डीपी सिंह



करते हुए आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में पूरे देश में सर्वाधिक अंक हासिल कर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन किया गया। इस उपलब्धि के लिए डा. प्रांजल त्रिपाठी व पूरे परिवार को लोगों द्वारा बधाई एंव शुभकामनाएं दी जा रही है जनपदवासी इस उपलब्धि के लिए बैस, जिला मंत्री अवधेश तिवारी सहित आदि पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दी गई । इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा उनके बेटे पुष्कर के उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।

## बारिश नहीं होने से परेशान शख्स ने भगवान इंद्र के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत, तहसीलदार ने दिया ये आदेश

कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले में भोगनीपुर तहसील के मदनपुर गांव में खेतों की जुताई करने वाली महिलाओं ने वर्षा के देवता भगवान इंद्र का आशीर्वाद लेने के लिए पूजा की. महिलाओं ने भौरी की रस्म भी निभाई. जिसमें



वे रसोई के विभिन्न उपकरण ले जाती हैं और मंदिरों में पूजा–अर्चना करती हैं. एक स्थानीय ज्योतिषी अवनीश दुबे ने कहा, आधुनिक युग में इस प्रथा को लोग अंधविश्वास कह सकते हैं, लेकिन यहां यह एक लोकप्रिय धारणा है कि यदि महिलाएं खेतों में बैल और हल की जगह लेती हैं, तो वर्षा देवता प्रचुर मात्रा में बारिश करते हैं।

इस मौसम में बारिश नहीं होने से क्षेत्र के निवासी परेशान हैं और इससे धान की बुवाई में देरी हो रही है. उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में सुमित कुमार यादव नाम के व्यक्ति ने तहसीलदार के पास भगवान इंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और बारिश में देरी के लिए उचित कार्रवाई की मांग की है. तहसीलदार ने आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत पर उचित कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# आम जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना समय की मांग पर्यावरण के संबंध में आरोग्य भारती की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न

हरियाणा पंचकूला 18 जुलाई 22 ( चंद्रकांत सी पुजारी) आरोग्य भारती की हरियाणा के शहर पंचकूला में चल रही अखिल भारतीय पर्यावरण योजनात्मक कार्यशाला के दूसरे और अंतिम दिन भारत सहित पूरे विश्व में पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उसके प्रभाव पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में तय किया गया कि पूरे देश में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना समय की मांग है।

बैठक में पर्यारण संरक्षण के लिए आदिवासी समुदाय से सीख लेने की बात पर भी बल दिया गया। कार्यशाला में विस्तार से बताया गया कि किस तरह से भारत के विभिन्न हिस्सों में आदिवासी समुदाय ने पर्यावरण को बचाने और जल का स्तर ऊंचा उठाने के लिए जो जो प्रयास किये हैं वो किस तरह पूरे क्षेत्र का हाल बदलने में कारगर साबित हुए। बैठक में शामिल आरोग्य भारती के संघठन सचिव डॉ अशोक कुमार वर्ष्णाय ने बताया कि प्रकृति के नकारात्मक उपयोग से जलवायु परिवर्तन हो रहा है जिस का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पूरा पड़ रहा है। झारखण्ड से आये प्रांत सरंक्षक प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि वन क्षेत्रों में उद्योगीकरण और पर्यटन के नाम पर बढ़ती इंसानी दखलंदाजी विनाश का कारण बन रही हैं। बैठक में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश पंडित, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बी एन सिंह,आर एस एस के पर्यावरण गतिविधियों के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल आर्य, संस्था के हरियाणा प्रान्त के प्रदेश अध्यक्ष डॉ पवन गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।





बैठक के दौरान रोटरी क्लब पंचकूला द्वारा देश के विभिन प्रान्तों से आये डेलीगेट्स को गौ के गोबर से बने गमले भेंट किए गए। ई गमलों की यह खासियत है कि इसमें लगे पौधों को खाद देने की जरूरत भी नही है। इस मौके पर रोटरी क्लब की तरफ से अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सचिव मनमोहन सेठी और पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गोयल उपस्थित थे।

# देवापुर पंचायत में काम के नाम पर केवल खानापूर्ति, गलियों में भरा पानी लोगों, को निकलने में हो रही परेशानी, बीमारी का बढ़ रहा खतरा

औरैया। –जिला औरैया के अंतर्गत विकासखंड भाग्यनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवरपुर की गलियों का हो रहा बुरा हाल जिसमें साल भर से ज्यादा बीत जाने के बावजूद नहीं हो पा रहा सुधार।





देवरपुर गांव में औरैया फफूंद फोरलेन रोड से अंदर की तरफ जा रहा मेन रास्ता इस तरह पानी से भरा रहता है। कि वहां रहने वाले लोग व बच्चे उस गंदे पानी में निकलने पर मजबूर हैं। तथा आने जाने वाले अन्य व्यक्तियों को भी भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। जिससे लोगों में प्रधान व सचिव के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है एवं लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान व सचिव को इस बारे में कैई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन सचिव का प्रधान इस कार्य को कराने में कोई भी दिलचस्पी नहीं ले रहे।

गांव लोगों का कहना हैं कि ग्राम प्रधान से इस गली के बारे में बात की तो प्रधान का कहना है हम क्या करें गली ऊंची नहीं करवा पाएंगे ना ही साफ करवा पाएंगे। क्योंकि हमारी पंचायत में सफाई कर्मी ना होने के कारण सफाई नहीं हो पा रही है।

इस बात को आम जनता ने अपने जहन में रखते हुए आज गांव के लगभग आधा सैकड़ा लोग एक साथ एकत्रित होकर हो मीडिया से बातचीत की। और प्रधान व मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया मीडिया के सामने लोगों का कहना है कि अगर हमारी सुनवाई शासन व प्रशासन नहीं करेगा तो हम सभी लोग ककोर मुख्यालय पहुंच कर धरना पर बैठेंगे और जब तक मेरी सुनवाई नहीं होगी तब तक हम लोग वहां से नहीं हटेंगे जब तक मेरी समस्या का समाधान नहीं हो जायेगा।

एवं मेरा शासन व प्रशासन से अनुरोध है कि मेरे गांव की मेन रोड को सही करवाया जाए जिससे हम लोगों की समस्या का निराकरण हो सके और हमारे बच्चों की सुरक्षा भी हो सके। अन्यथा बरसात के पानी से और भी समस्या उत्पन्न हो सकती है जिसमें हमारे बच्चे और मवेशियों को बड़ी बीमारी सामना करना पड़ सकता है। हमारा शासन व प्रशासन से अनुरोध है कि हमारी समस्या का समाधान कर हमारी रोड को सही करवाया जाए

एवं प्रधान व सचिव की लीपापोती को संज्ञान में लेकर इन पर कार्यवाही करने का आदेश दिया जाए। जिससे गांव में हो रहे कार्यों की समीक्षा कर बड़े स्तर पर जांच हो सके।

जिस से गांव में उन्नत विकास हो सके एवं आम आदमी को एक निकलने में राहत मिल सकें।

तथा ऐसे कार्य हीन लोगों पर कार्यवाही कर लोगों का विश्वाश्य शासन व प्रशासन पर हमेशा बना रहे।

इस समस्या को अवगत कराते हुए गांव के संभ्रांत लोग मौके पर उपस्थित रहे जिनमें से गजाधर, गिरीश बाबू, राजेश कुमार, रामबली, अरविंद कुमार, बादशाह, राकेश बाबू, कल्लू, छोटेलाल, रविकांत, कमाल, संतोष, मोतीलाल, करण सिंह, चरण सिंह, पदम, अनुज, व महिलाएं सुखदेवी, सपना देवी, सरला देवी, राधा देवी, सुमन, मंजू, कौशल्या, मुन्नी आदि महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# एच आर ए इण्टर कालेज उतरौला में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर) सोमवार को हुए सम्मान समारोह में हाई स्कूल और इण्टर के बोर्ड परीक्षा वर्ष 2021–22 में 80: से अधिक अंक पाने वाले मेधावियों को प्रबंधक अन्सार अहमद खान के द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया। इण्टर मीडिएट में जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले राम सजन यादव को 5000 रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा इण्टर और हाई स्कूल के अन्य विद्यार्थियों करीमुन निशां मोहित श्रीवास्तव विकास वर्मा महमूदा सदफ श्रद्धा वर्मा सलोनी मोदनवाल सजरे हिदाया आलोक कुमार सादिया फातिमा इरम बानों पारुल वर्मा सिमरन सोनी रौनक रुकैया मनोज कुमार अलीमुन निशाँ तौसीफ रहमान रामकुमार इमरान अली अंजली देवीअब्दुल रहमान स्मृति श्रीवास्तव अनंत शुक्ला कीर्ति यादव काजल दृष्टि सिंह राहीद सिद्दीकी हरीश चंद्रा फिजा खान अरीबा फिजा पारुल सोनी सानिया बनो आदि को मेडल प्रशस्ति पत्र और स्कूल बैग देकर सम्मानि किया गया ।प्रधानाचार्य वी के श्रीवास्तव ने बच्चों को भविष्य में और अच्छे अंक से पास होने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



# मारपीट के बाद फावड़े के वार से गंभीर रूप से घायल हीरालाल की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला (बलरामपुर)।

सोमवार सुबह लगभग पांच बजे बड़हरा कोट गांव मे जमीनी विवाद में हुई मारपीट के बाद फावड़े के वार से गंभीर रूप से घायल हीरालाल की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी रामा देवी ने गांव के ही रामवृक्ष के विरुद्ध पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी ने बताया कि गांव मे उसके घर के सामने ग्राम समाज की जमीन है। उसी जमीन पर कब्जे को लेकर विपक्षी आए दिन झगड़ा कर पुलिस को प्रार्थना पत्र



रहता था। सोमवार सुबह हीरालाल मंदिर से पूजा करने के बाद गांव के होटल पर जा रहा था। विपक्षी ने फावड़े से गर्दन पर पीछे से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था मे उसे सीएचसी लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम संतोष ओझा, सीओ उदयराज सिंह ने मौके पर जाकर विवादित जमीन का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली। गांव में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# आम आदमी की बैठक में संगठन विस्मार पर हुई गहन चर्चा मुख्य अतिथि के रूप जिलाध्यक्ष सुनील परिहार रहे मौजूद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। आम आदमी पार्टी यूथ विंग जिला जालौन के जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत (जैसारी कलां) की अध्यक्षता में एक बैठक जिला मुख्यालय उरई में संपन्न हुई जिसमें पार्टी के विस्तार हेतु अनेक पहलुओं पर चर्चा की गयी आज की बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुनील परिहार विशिष्ट अथिति जिला संगठन सह प्रभारी अजीत सिंह राजावत (रिंकू) रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुये संगठन निर्माण जिला सह प्रभारी जालौन अजीत सिंह राजावत रिंकू ने कहा कि सिर्फ आम आदमी पार्टी ही किसानों और नौजवानो की सच्ची हितैसी पार्टी है और हम जो कहते है वह करते है दिल्ली में किया है और पंजाब में कर भी रहे है साथ ही बैठक को पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया और आ रहे निकाय चुनाव के बारे में विशेष रणनीति बनाकर सभी पार्टी साथियों को हर प्रकार से सहयोग करने के लिये कहा जिला महासचिव प्रवीण रायकवार ने कहा कि सभी साथियों को एकजुट होकर जिला संगठन को और मजबूत बनाना है जिससे नगर पालिका चुनाव में हम सभी दलों पर भारी पड़ सकें वा सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से अब्दुल हमीद और यूथ विंग से मुकेश राजपूत को बधाई देकर पार्टी का संगठन मजबूत करने पर बल दिया जिससे हमारी पार्टी एक साफ स्वच्छ राजनीति और भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना कर सकें साथ ही पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील परिहार ने कल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करने आये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्री में रेवड़ी बांटने बाले बयान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के किसान कर्ज से दवे होने के कारण आत्महत्या कर रहे हैं और प्रधानमंत्री अपने दोस्तों को करोड़ों रुपए कर्ज देकर विदेश भगाने में मदद और कर्ज माफ भी करवा रहे हैं अब ये सब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा साथ ही मुकेश राजपूत जैसारी कलां जिलाध्यक्ष यूथ विंग ने कहा है की पार्टी की नीतियों को पार्टी के युवा साथी धरातल तक ले जायेगे और आने बाले समय में निकाय चुनाव में पार्टी अपना परचम जिले में फहरायेगी इसके साथ ही राजपूत ने अपने संगठन में कुछ पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी

इसके उपरान्त जिला अध्यक्ष जी परिहार के निर्देश पर तिरंगा शाखा लोधी धर्मशाला कुइया रोड उरई में लगाई गई जिसमें संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर सुनाया गया और देश के प्रति क्या कर्तव्य होते हैं और संविधान हमें क्या–क्या मौलिक अधिकार देता है इस बारे में विस्तार से पार्टी के वरिष्ठ साथी आसाराम आजाद जी के द्वारा सभी साथियों को बताया गया अंत में राष्ट्रगान के उपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की गई यहां से बैठक समाप्त होने के बाद पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार पार्टी के सभी साथी मच्छर चौहान के पास बुंदेलखंड एजेंसी के सामने शहीद पार्क में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान तिरंगा शाखा की ओर से संपन्न किया गया।आज के इस मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मम्मू खान, यशपाल सिंह टिकुरी, काशीराम वर्मा,जिला सचिव भूप सिंह राजपूत, महेंद्र वर्मा,नगर अध्यक्ष जालौन वरुण दुवेदी,संत सिंह, मानवेन्द्र सिंह बिनौरा, सहित आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

(संविधान को फिर से कमजोर किया जा रहा है)

## प्रधानमंत्री मोदी अंतिम संस्कार का जुलूस निकालेंगेः पॅन्थर डा. राजन माकणीकर

मुंबई दि (प्रतिनिधि) जब से आरएसएस के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सत्ता में आई है, भारतीय संविधान को कमजोर किया जा रहा है, यह देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव पैंथर डॉ. राजन माकणीकर ने सोसिएल मीडिया द्वारे चेतावनी दी कि मोदी शिक्षा व किराणा सामान पर जीएसटी निर्णय पिछे नही लेते तो उनकी प्रतिकात्मक अंत्ययात्रा निकालकर विरोध करेंगे।



पैंथर डॉ. माकणीकर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संविधान को रौंदा है और बडी जाति और धन के पक्ष में निर्णय लेकर आर्थिक असमानता में एक बड़ा अंतर पैदा कर रहे हैं। इन सभी हानिकारक गतिविधियों का विरोध कर रोकणा बहुत जरूरी है।

भारतीय संविधान के अनुसार सभी के लिए शिक्षा मुफ्त है, भारत सरकार अपने कर्तव्य को भूलकर देश, समाज और भारत के युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात कर रही है। इस सरकार ने शिक्षा का पूरी तरह से बाजारीकरण कर दिया है। इस तरह के घटनाक्रम से इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि भारत में जल्द ही श्रीलंका जैसी स्थिति नहीं बनेगी।

अगर शिक्षा और अनाज पर जीएसटी के फैसले को नहीं बदला गया, तो पैंथर ऑफ सम्यक योद्धा के संस्थापक पंथर डॉ. राजन माकणीकर ने यह भी चेतावनी दी है कि वे पार्टी प्रमुख कनिष्क कांबले की मौजूदगी में राज्य के सबसे शक्तिशाली भवन यानी मंत्रालय के सामने एक प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार निकालेंगे।

## एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से बहादुरपुरा में 128वां नशे के विरुद्ध कार्यक्रम

**एनसीबी हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का करें सदुपयोग- गुप्त सूचनाएं दें- डा. अशोक**

**नशा छुड़वाने के लिए भारी प्रयास कर रही है प्रयास संस्था- भोजन, राशन के साथ आर्थिक सहयोग**

कुरुक्षेत्र. हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में गाँव बहादुरपुरा में ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया गया. प्रयास और एनसीबी का यह एक दिवसीय 128वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम था जिसमें शिक्षक वेद प्रकाश के नेतृत्व




में हरजीत सिंह तल्हेड़ी के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया. ग्राम सरपंच जसविंद्र सैनी की अध्यक्षता में नम्बरदार नरेंद्र कपूर, शिक्षक हरीश चोपड़ा, विजय कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित पूर्व सरपंचों सहित नारी शक्ति और विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के साथ साथ मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे जिन्होंने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भारत द्वारा निर्मित मादक पदार्थ एवं नशीली औषधियों के अधिनियम के अंतर्गत कड़े कदम उठाने का. किसी भी ऐसे व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा जो हमारे युवाओं, बच्चों को नशे की लत लगा रहे हैं. अब एनसीबी हरियाणा पुरे हरियाणा प्रान्त में प्रतिदिन ऐसे अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें उनके उचित स्थान तक पहुंचा रही है. जून के माह में 448 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा गया है. उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि आपको किसी से शत्रुता मोल लेने की आवश्यकता नहीं है केवल अपने फोन से 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं दें और आपका नाम पूर्ण रूप से गुप्त रखा जाएगा. उन्होंने कहा माननीय श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से नशे में ग्रस्त लोगों को पीड़ित मानकर उनका निशुल्क उपचार कराया जा रहा है. उनके रहने से लेकर उनके भोजन और आवश्यकतानुसार सूखा राशन घर तक दिया जा रहा है. कार्यक्रम के अंत में सभी ने हाथ उठाकर सौगंध ली कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे. कार्यक्रम संयोजक दल ने उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को सरोपा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वे इस अभियान को अवश्य सफल करने में सहयोग करेंगे. इस अवसर पर प्रयास सदस्य प्रशांत शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

## एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया 62वां कार्यक्रम

प्रयास के नाम किया पौधारोपण– नशे से दूर रहने के लिए देता रहेगा सन्देश, नशा छोड़ने वाले सम्पर्क करें– 9050891508 पर

करनाल। एनसीबी हरियाणा प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में राजकीय माध्यमिक विद्यालय रायपुर रोड़ान के प्रांगण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के



साथ मिलकर एक दिवसीय 62वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रयास के नाम एक पौधा रोपित कर नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया. एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे. विद्यालय की मुख्याध्यापिका अनीता सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ. ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य को पूर्ण रूप से नशा मुक्त करने के लिए वर्ष 2020 में हरियाणा राज्य में एनसीबी का गठन किया है जिसका उद्देश्य हरियाणा राज्य को नशा मुक्त करना है. एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब ने हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करने के लिए स्टेट एक्शन प्लान भी तैयार कर दिया है जो पुरे हरियाणा पर लागू होता है. उन्होंने बताया कि एनसीबी हरियाणा का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 सम्पूर्ण हरियाणा के लिए चलाया गया है जिस पर कोई भी व्यक्ति ड्रग्स जिसमे चरस, हेरोइन, चिट्टा, स्मैक, गांजा, चुरा पोस्त, नशे की गोलियां, नशे के टीके आदि बेचने वालों की गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं. ऐसे व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गुप्त रखा जाता है. इसके अतिरिक्त इस नंबर पर नशा छोड़ने वाले व्यक्ति भी सम्पर्क कर सकते हैं क्योंकि नशे में ग्रस्त व्यक्ति को पीड़ित अथवा रोगी मानकर उसका उपचार कराया जा रहा है. उन्होंने बताया कि श्री जाधव साहब के दिशानिर्देशों से अब तक कुरुक्षेत्र जिले में 110 से अधिक अनेक लोगों को नशा मुक्त कर दिया गया है. इसके साथ ही उन्हें आवश्यकतानुसार सूखा राशन, भोजन, दूध चाय और अन्य आवश्यक वस्तुए उपलब्ध कराई जा रही हैं. उनके पुनर्वास के लिए भी कार्य किया जाता है. कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साथ जीवन में नशा न करने का वचन दिया. इस अवसर पर शिक्षक रामकुमार आदि उपस्थित रहे.।

## आइसीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित आन्या वर्मा ने सेंट मैरिज कालेज टाप किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना हाई स्कूल आइसीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित हो जाने के बाद सेंट मैरीज स्कूल नगीना के उतीर्ण छात्र–छात्राएं खुशी में खुशी से झूम उठे। रविवार को घोषित किये गये आईसीएसई हाई स्कूल के परीक्षा में आन्या वर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेंट मैरिज कालेज टॉप किया।जबकि वंश राजपूत ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान तथा अमोल सचदेवा व मेधा शर्मा ने संयुक्त रुप से 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता–पिता को दिया। प्रिंसिपल फादर बीनो ने बताया कि हाई स्कूल में 122 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी।कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कॉलेज टॉप करने वाली छात्रा अनन्या वर्मा ने बताया कि वह आगे चलकर इंजीनियरिंग करना चाहती है।उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता व गुरुजनों के दिये गये संस्कारों व मेरी मेहनत का फल बताया।



## कस्बे के गंगोह चौराहा पर एडीजी जोन राजीव सभरवाल जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचे

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
उन्होंने कावड़ यात्रा के मद्देनजर भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन का निरीक्षण कर अधिकारियों को कावड़ यात्रा को सुरक्षित व सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।कस्बे के दिल्ली यमुनोत्री हाईवे मार्ग से होते हुए एडीजी जोन राजीव सभरवाल के साथ एसएसपी अभिषेक, एसपी ओपी सिंह, सीओ श्रेया ठाकुर, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह सोमवार में दोपहर बाद गंगोह– तीतरों चौराहा पर पहुंचे। एडीजी जोन ने हरियाणा व उत्तर प्रदेश में आने जाने वाले भारी वाहनों के लिए प्रयोग होने वाले रूट का निरीक्षण किया। रूट डायवर्जन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जनपद के पुलिस अधिकारियों, पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि भारी वाहनों के लिए तैयार किए गए रूट पर जाम न लग पाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए मार्ग पर पुलिसकर्मी तैनात रहे।
पानीपत, करनाल, शामली, को आने–जाने वाले वाहनों का आवागमन जारी रहेगा। निरीक्षण करने के बाद एडीजी जोन वापस जनपद मुख्यालय पर लौट गए। इससे पूर्व भी सेक्टर 35 के मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह व अन्य ने भारी वाहनों के लिए तैयार किए गए रूट डायवर्जन का निरीक्षण किया।



## कांवड़ मार्ग को सुपर जोन,जोनल व पाँच सेक्टर जोन में बांटा

–एक डिप्टी एसपी,दो इंस्पेक्टर,दस सब इंस्पेक्टर व 60 कॉन्स्टेबिल,ढाई प्लाटून पीएसी के कंधों पर है कांवड़ मार्ग की सुरक्षा का जिम्मा

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस प्रशासन ने कांवड़ मार्ग को सुरक्षित करने के लिए एक सुपर दो जोनल व पाँच सेक्टर जोन में बंटा है।एक पाली में डिप्टी एसपी,दो इंसेक्टर,दस सब इंस्पेक्टर, पचास कॉन्स्टेबिल, दस महिला कॉन्स्टेबिल एक प्लाटून पीएसी के कंधों पर कांवड़ मार्ग की सुरक्षा का जिम्मा होगा। जिला प्रशासन ने कांवड़ मार्ग को सुरक्षित करने के लिए पूरी तैयारियां की हैं। मुख्य मार्ग को एक सुपर,दो जोनल व पाँच सेक्टर जोन में बांटा है। उद्योगिक क्षेत्र से यमुना ब्रिज तक सुपर जोन की जिम्मेदारी सीओ जगबीर सिंह,उद्योगिक क्षेत्र से शामली बस स्टैंड तक जोनल जोन की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर मंजू चौधरी व शामली बस स्टैंड से यमुना ब्रिज तक संजीव मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है। सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि सुपर जोन,जोनल जोन व पाँच सेक्टर जोन में बांटा गया है। एक पाली में एक डिप्टी एसपी,दो इंस्पेक्टर,दस सब इंस्पेक्टर,पचास कॉन्स्टेबिल, दस महिला कॉन्स्टेबिल तैनात रहेंगे। साथ ही एक प्लाटून पीएसी कांवड़ मार्ग व डेढ़ प्लाटून पीएसी यमुना ब्रिज पर तैनात की गई है। सुरक्षा के दृष्टिगत चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं,जो पल–पल कांवड़ मार्ग की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। सुरक्षा में कहीं कोई कमी बेशी न रहे इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समय– समय पर उच्चाधिकारी कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।



## चार बाइकें आपस में टकराई, कई घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। यूपी से प्रतिदिन हरियाणा राज्य में मजदूरी के लिए जाने वाले लोगों की चार बाइकें आपस में टकरा गईं,जिसमें पाँच लोगो घायल हो गए।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।
सोमवार की प्रातः हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत में चार अलग–अलग बाइकों पर सवार होकर मजदूरी के लिए जा रहे मजदूरों की बाइकें आपस में टकरा गई,जिसमें पाँच लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर तुरन्त पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इस दौरान मुकीम,आसिफ, नदीम, अबरार व तौफीक घायल हुए हैं।

### कांवड़ यात्रा पर ट्रैफिक बंद, शिवभक्तों के वाहनों की होगी एंट्री -मालवाहक वाहनों के साथ अन्य वाहनों पर प्रतिबंध लगने पर हरियाणा- यूपी सीमा पर लगी वाहनों की लंबी कतारें

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शिवभक्त कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए हरियाणा सरकार ने कांवड़ियों के वाहनों के अलावा अन्य वाहनों की एंट्री बन्द कर दी है। सिर्फ आवश्यक वाहनों के आवागमन की अनुमति प्रदान की गई है कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यूपी प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर हरियाणा प्रशासन ने भी शिवभक्तों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए हरियाणा में कांवड़ियों के वाहनों को छोड़ अन्य सभी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी है। आवश्यक वाहनों को छोड़कर सभी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया। परमीशन लेने वाले वाहन संचालकों को भी रात्रि बारह बजे से प्रातः चार बजे तक वाहनों को निकालने की अनुमति प्रदान की गई है। हरियाणा प्रशासन की ओर से ट्रैफिक बन्द करने के बाद हरयाणा–यूपी सीमा पर दोनों ओर मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइनें लगीं हुई हैं।



## दिव्यांगों ने चेयरमैन अरविन्द संगल को गोल्डन मैडल पहनाकर भव्य स्वागत किया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
शामली में दिव्यांगजनों को समर्पित निःशुल्क सेवा में जनचेतना दिव्यांग सोसायटी रजि0 एनजीओ शामली द्वारा जिला सयुक्त चिकित्सालय में 98 वा दिव्यांग सेवा शिविर सेवा सहयोग हेतु आयोजित किया गया। जनपद के दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाणपत्र मेडिकल चिकित्सक डॉ बोर्ड द्वारा बनाये गए। मुख्य अतिथि आदरणीय श्री अरविन्द संगल हृदय सम्राट समाजसेवी निवर्तमान चेयरमैन नगर पालिका परिषद का भव्य स्वागत अभिनदन किया गया। सोसायटी कैम्प प्रभारी जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सरोहा टीम दिव्यांगों ने गोल्डन मेडल व पटका पहनाकर गर्व महसुस किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविन्द संगल जी ने बोर्ड डाक्टरो को गोल्डन मेडल से सम्मानित करते हुए अपने विचारों में कहा जनचेतना दिव्यांग सोसायटी जनपद में दिव्यांग भाई बहनों के लिए अनमोल है। किसी भी दिव्यांग को हम कोई परेशानी नही होने देंगे। इसके लिए संकल्पबद्ध है। सोसायटी की दिव्यांगजन हित सेवा कार्यों की दिल से सराहना करता हु। इस संस्था की नींव रखने वाले नन्द किशोर मित्तल संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम सेवा कार्यो हेतु बधाई के पात्र है जिन्होंने 500 सदस्यो की टीम संस्था हेतु तैयार कर इतिहास रचा। सोसायटी टीम कार्यकर्ताओ ने दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाणपत्र फॉर्म भरे। सेवा सहयोग कार्य किया। कांधला नगर प्रभारी वेदपाल चौहान व जिला सयोजक कुलदीप मलिक ने दिव्यांगों की भरपूर सेवा प्रमाणपत्र बनवाने में की। डॉक्टरो ने जांच उपरांत प्रतिशत प्रदान कर दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाये। प्रत्येक सोमवार को जिला अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की सेवा जारी है। शामली महिला जिलाध्यक्ष सरस्वती मलिक कैम्प में मौजूद रही।





## बसपा कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग का आयोजन

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
थानाभवन विधानसभा प्रत्याशी रहे जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन जहीर मलिक के आवास पर बसपा कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग का आयोजन किया गया।
जिसमें बसपा सुप्रीमो कुमारी मायावती द्वारा स्वार्थी लोगों से सावधान रहने की की गई अपील के सम्बन्ध मे बसपा कार्यकर्ताओं को सावधान किया गया।
बसपा कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग का आयोजन थानाभवन विधानसभा प्रत्याशी रहे जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन जहीर मलिक के आवास पर किया गया मीटिंग की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष देवीदास जयंत द्वारा की गई।इसअवसर पर बोलते पूर्व चेयरमैन जहीर मलिक द्वारा कार्यकर्ताओं को बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा स्वार्थी लोगों से सावधान रहने की ट्विटर पर की गई अपील के सम्बन्ध में विस्तार से समझाया।बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बयान देकर पार्टी के लोगों से अपील की है कि दलित व उपेक्षितो मे भी स्वार्थी लोगों की कमी नहीं है जिसमें मेरे कुछ रिश्तेदार भी हैं एक तो ऐसा है जो मेरी गैर हाजरी में मेरे दिल्ली निवास पर सीबीआई छापे के बाद परिवार सहित चला गया। तब से ही मेरा छोटा भाई आनन्द अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर परिवार के साथ मेरी सेवा व पार्टी कार्य में लगा हुआ है जबकि इन स्वार्थी किस्म के लोगों ने खासकर बामसेफ डीएस 4 आदि के नाम पर अनेकों प्रकार के ऐसे कागजी संगठन बनाए हैं जो सामाजिक चेतना पैदा करने की आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं और अब अभी यही कार्य बीएसपी में कुछ निष्क्रिय हुए लोग भी दूसरे तरीको से कर रहे हैं यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं इस प्रकार से बीएसपी को कमजोर करने हेतु जातिवादी शक्तियां यहां पर्दे के पीछे से यह सब षड्यंत्र करती रहती हैं साथ ही उनसे कागजी पार्टियां बनवा कर चुनाव में दलित तो शोषितों का वोट बांटने की घातक कोशिश करती हैं ऐसे में पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी कार्यकर्ताओं को इन सभी से स्वार्थी लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है।इस अवसर पर सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, तीन घायल

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। बच्चों के बीच हुए मामलू विवाद के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें एक पक्ष के तीन सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।
सोमवार की दोपहर नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद के बाद खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि नौशाद पक्ष के आधा दर्जन लोग एक राय होकर सलीम के मकान पर पहुंच गए और गाली–गलौच करते हुए लाठी–डंडों व तेजधारदार हथियार से हमला कर दिया,जिसमें फुरकान,तहसीन व फैसल पुत्रगण सलीम निवासीगण मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुँचे इमामगेट चौकी इंचार्ज राहुल कादयान ने घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया और त्वरित कार्यवाही करते हुए दो युवकों को हिरासत में ले लिया।



## मर्शनिंग वाक पर साइकिल से कांवड़ मार्ग की सुरक्षा परखने निकले सीओ

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मॉर्निंग वॉक के दौरान साइकिल पर सवार होकर कांवड़ मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले सीओ कैराना ने ड्यूटी पॉइंट चेक किए, इस दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया।
सोमवार की प्रातः मॉर्निंग वॉक पर साइकिल से निकले सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने ड्यूटी पॉइंट चेक किए और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान लगभग आधा दर्ज पुलिसकर्मी ड्यूटी से नदारद मिले। जिनके खिलाफ जीडी में तस्करा दर्ज कराया गया और रिपोर्ट एसएसपी को प्रेषित कर दी गई। अचानक सिविल में साइकिल पर सवार सीओ कैराना को देखकर पुलिस कर्मी भौचक्के रह गए और आनन–फानन में एक्टिव नजर आए।
सीओ ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। हर हाल में ड्यूटी पॉइंट पर तैनात रहना होगा।



## स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर किया जागरूक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स/फफूंद(औरैया)
कस्बे के कटरा हेमनाथ में स्कूली बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली।रैली में शामिल बच्चे हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे थे रैली कस्बे के मुख्य जगहों से होती हुई वापस विद्यालय में समाप्त हुई।
सोमवार को कस्बे के कटरा हेमनाथ में स्थित श्री राम शंकर गौरी शंकर इंटर कॉलेज के बच्चों ने स्कूल चलो जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल छात्र, छात्राएं हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लिए हर घर मे एक दीप जलेगा,हर बच्चा स्कूल चलेगा–हम भी स्कूल जाएंगे पापा का मान बढ़ाएंगे–हम बच्चो का नारा है शिक्षा अधिकार हमारा है–घर घर विद्यादीप जलाओ अपने बच्चे सभी पढ़ाओ–कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है हमारा अधिकार–मेरे स्कूल सा नही कोई दूजा जहां होती सरस्वती पूजा जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे और लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए जागरूक के रहे थे। रैली मुख्य सड़को से गुजरती हुई वापस विद्यालय में आकर समाप्त हुई। विद्यालय के प्रबंधक अशोक दुबे,संरक्षिका जीतकुमारी दुबे,श्याम जी दुबे,अशोक मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।




## जिले में सावन के पहले सोमवार को शिवालयों पर रही श्रद्धालुओं की धूम

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
०देवकली मंदिर सहित जनपद में शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने किया पूजन–अर्चना
औरैया। सावन माह का पहला सोमवार 18 जुलाई 2022 पंचमी तिथि को पड़ा है। सावन के पवित्र माह पर पहले सोमवार को शहर से कमोवेश 4 किलोमीटर दूर कालिंद्री के निकट स्थित महाकालेश्वर देवकली मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों तथा जनपद के विभिन्न कस्बों व ग्रामीणांचलों में स्थित शिवालयों पर श्रद्धालु भक्तगणों ने अवघड़दानी भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। शिवालयों पर श्रद्धालु भक्तजनों की धूम रही। मंदिर पर श्रद्धालु भक्तगणों की दर्शन के लिए लंबी– लंबी कतारें लगी हुई थी। देवकली मंदिर परिसर में आकर्षक महिला भी लगा। जिसमें लोगों ने खरीदारी की। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। जिले के विभिन्न कस्बों तथा ग्रामीणांचलों में भी सावन के प्रथम सोमवार को श्रद्धालु भक्तगणों द्वारा भगवान शिव की स्तुति किए जाने के समाचार प्राप्त हुए हैं।
सावन माह के पहले सोमवार पर शहर के बीहडांचल में स्थित महाकालेश्वर देवकली मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालु भक्तगणों महिला व पुरुषों के अलावा युवक–युवतियों का पहुंचना शुरू हो गया। देवकली मंदिर पर श्रद्धालु महिला व पुरुषों की अलग–अलग कतारें लग गई। श्रद्धालुभक्तगणों ने महाकालेश्वर मंदिर पर भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ फल–फूल, बेलपत्र,धतूरा एवं आक के फूल तथा मिष्ठान आदि चढ़ाकर पूजन अर्चन किया और मन्नतें मांगी। देवकली मंदिर परिसर में भव्य मेला का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालु भक्तगणों ने घर गृहस्थी से संबंधित सामान खरीदें। मेला में विभिन्न प्रकार के खिलौने आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन जहां एक ओर मंदिर परिसर में मुस्तैद रहा वहीं दूसरी ओर शहर की देवकली चौराहा एवं जालौन चौराहा पर पुलिस यातायात व्यवस्था को चाक–चौबंद बनाए रही। श्रद्धालु भक्तगण महाकालेश्वर के दर्शन करने के लिए निजी साधनों एवं सवारी वाहनों के अलावा पैदल आते–जाते रहे।
यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। इसी प्रकार शहर के विभिन्न शिव मंदिरों पर श्रद्धालु भक्तगणों ने भगवान शिव की पूजा करते हुए मनवांछित फलों की कामना की। इसी तरह से जनपद के कस्बा दिबियापुर, सहायल , कंचौसी, सहार, बेला, बिधूना , याकूबपुर , एरवाकटरा, उमररैन, नेविलगंज, अछल्दा , फफूँद , अटसू, अजीतमल, बाबरपुर , मुरादगंज , व अयाना के अलावा ग्रामीणांचलों में भी शिव मंदिरों पर श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा पूजा– पाठ के साथ आराध्य शिव की ।





# संक्षिप्त समाचार

### सोमवार को भगवान भोलेनाथ जी का हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी। नगीना मोहल्ला लाल सराय स्थित शिव मंदिर पर श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ जी का हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मध्य में भाजपा नेता रोहित रवि ने चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी एवं नगीना– बिजनौर फाटक के आसपास प्रसाद वितरित किया,पूर्व विधायक सतीश गौतम ने लोगों के सुख शांति की कामना की।कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने मिलजुल कर सहभागिता की इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम ,भाजपा नेता रोहित रवि,शीशराम रवि,बाबूराम, रमेश कुमार, बिशना सिंह, सीताराम सिंह,गोपाल सिंह,धर्मेंद्र कुमार, अविनाश कुमार, ओशो ,अमूल नंदा, मुन्नू सिंह, इंदर चौधरी, दीपक हिरनवाल, प्रिंस कुमार,राजेंद्र कुमार, निर्मल कुमार, प्रमोद कुमार, रमन कुमार,बसंत दीवान एवं स्थानीय व्यक्ति उपस्थित रहे।



### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। विवाहिता को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाला। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। सोमवार को मोहल्ला अफगानान निवासी पीड़िता विवाहिता रेशमा पत्नी अकरम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह पिछले दिनों अपने मायके आ गई थी। आज जैसे ही ससुराल में कपड़े आदि लेने गई तो इस दौरान पति अकरम, देवर मुकर्रम व मुशर्रफ आदि ने एक राय होकर उसके साथ मारपीट की और घर से बाहर निकाल दिया।आरोप है कि मामूली बातों को लेकर देवर उसके साथ मारपीट करते हैं और जन से मारने की धमकी देकर घर से बाहर निकाल देते हैं।पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### चलती बाइक से गिरा कांवड़िया,घायल

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौट रहा कांवड़िया चलती बाइक से अचानक नीचे गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।
सोमवार को धर्मनगरी हरिद्वार में स्नान कर पवित्र गंगाजल लेकर बाइक से वापस लौट रहा कांवड़िया अचानक चलती बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गया। राहगीरों व पुलिस के सहयोग से घायल सुंदर निवासी गाँव कबूलपुर जनपद रोहतक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथी कांवड़िए सचिन ने बताया कि अचानक दौरा पड़ने पर सुंदर बाइक से गिर गया है।

### निरीक्षण में दो जोनल प्रभारी समेत बारह पुलिसकर्मी ड्यूटी से नदारद मिले-एसएसपी के निरिक्षण में सात व सीओ के निरीक्षण में दो जोनल प्रभारी व तीन होमगार्ड मिले ड्यूटी पाइंट से गायब, जीडी में तस्करा दर्ज कर रिपोर्ट एसएसपी को भेजी गई, होगी विभगीय कार्यवाही

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना।एसएसपी शामली अभिषेक द्वारा किए गए निरिक्षण में सात पुलिसकर्मी नदारद मिले तो वहीं सीओ के निरिक्षण दो जोनल प्रभारी समेत तीन होमगार्ड भी ड्यूटी पॉइंट से गैर हाजिर मिले। सभी के खिलाफ रस्करा डालकर रिपोर्ट एसएसपी को प्रेषित की गई है सोमवार की अलसुबह एसएसपी अभिषेक झा कांवड़ मार्ग के निरीक्षण पर निकले ,जहां उन्होंने ड्यूटी पॉइंट भी चौक किए। इस दौरान तीन होमगार्ड व चार कॉन्स्टेबिल ड्यूटी से गायब मिले। उधर मॉर्निंग वॉक के दौरान साइकिल से कांवड़ मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था जांचने निकले सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना के निरीक्षण में दो जोनल प्रभारी इंस्पेक्टर अंजू चौधरी व संजीव मिश्रा सहित तीन होमगार्ड विनोद,भूरा व शहजाद कांवड़ ड्यूटी से गैर हाजिर मिले हैं।सभी के खिलाफ जीडी में तस्करा दर्ज कर रिपोर्ट एसएसपी को प्रेषित कर दी गई है।

### ग्रामीणों ने हाईटेंशन विघुत लाइन बदलवाने की मांग की

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) कैराना। ग्रामीणों ने हाईटेंशन विधुत लाइन बदलवाने के लिए पूर्व मंत्री एमएलसी वीरेंद्र सिंह से गुहार लगाई है। क्षेत्र के गांव बुच्चाखेड़ी निवासी किसानों ने लंबे समय से चली आ रही गाँव जासाला से हाईटेंशन विधुत लाइन हटवाकर कैराना से जुड़वाने की गुहार लगाई है। पीड़ित किसानों का कहना है कि जासाला से गाँव बुच्चाखडी की काफी दूरी है,जिस कारण कहीं से भी लाइन में फाल्ट हो जाता है और विधुत आपूर्ति बाधित रहती है,जिससे फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। किसानों का कहना है कि उनकी विधुत सप्लाई को कैराना बिजली घर से सुचारू कराया जाए। किसानों की पीड़ा को देखते हुए एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने तत्काल अधीक्षण अभियंता को समस्या का निराकरण करने को कहा है।

### कांवड़ मार्ग पर लगाए छह पीए सिस्टम

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ मार्ग पर प्रशासन की ओर से छह पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं। तीन का कंट्रोल कोतवाली व तीन को पालिका कंट्रोल रूम से अटैच किया गया। पालिका प्रशासन की ओर से कांवड़ मर्ग पर ट्रैफिक सिस्टम सुदृढ़ करने और सन्देश फ्लैश कर मार्ग पर जमा भीड़ को हटाने तथा ड्यूटी प्वाइंट पर लगे सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक सन्देश देने के लिए छह पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं,जिससे पूरे कांवड़ मार्ग को कवर किया गया है। पब्लिक इंटर कॉलिज, शामली बस स्टैंड व सीओ कार्यालय पर लगे सिस्टम को कोतवाली, कांधला तिराहा, तितरवाड़ा रोड़ व मदरसे के समीप लगे पीए सिस्टम को टँकी परिसर में स्थित पालिका के कंट्रोल रूम से अटैच किया गया है। एक साथ पूरे मार्ग पर सन्देश फ्लैश करने के लिए इसका प्रयोग किया जाएगा।


### ग्रामीणों ने हाईटेंशन विधुत लाइन बदलवाने की मांग की

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। ग्रामीणों ने हाईटेंशन विधुत लाइन बदलवाने के लिए पूर्व मंत्री एमएलसी वीरेंद्र सिंह से गुहार लगाई है। क्षेत्र के गांव बुच्चाखेड़ी निवासी किसानों ने लंबे समय से चली आ रही गाँव जासाला से हाईटेंशन विधुत लाइन हटवाकर कैराना से जुड़वाने की गुहार लगाई है। पीड़ित किसानों का कहना है कि जासाला से गाँव बुच्चाखडी की काफी दूरी है,जिस कारण कहीं से भी लाइन में फाल्ट हो जाता है और विधुत आपूर्ति बाधित रहती है,जिससे फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। किसानों का कहना है कि उनकी विधुत सप्लाई को कैराना बिजली घर से सुचारू कराया जाए। किसानों की पीड़ा को देखते हुए एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने तत्काल अधीक्षण अभियंता को समस्या का निराकरण करने को कहा है।


### कांवड़ यात्रा के मद्देनजर किया रूट डायवर्ट

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए ट्रैफिक को भी डायवर्ट कर दिया गया। सोमवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया है। पानीपत की ओर से शहर से होकर शामली जाने वाले वाहनों को कांधला की ओर डायवर्ट कर दिया गया है। वहीं बाईपास मार्ग से शामली की ओर जाने वाले वाहनों को झिंझाना गाड़ी वाला चौराहे की ओर डायवर्ट कर दिया गया है, जो गाड़ी वाला से शामली व थानाभवन के लिए निकलेंगे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से रोडवेज कर्मी महिला की मौत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०औरैया के रोडवेज में सीनियर लिपिक के पद पर तैनात थी मृतक महिला'

औरैया सदर कोतवाली क्षेत्र के देवकली चौराहे के समीप नेशनल हाइवे पर सोमवार को उन्नाव से ड्यूटी करने आ रही एक महिला को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलावस्था में उसे यातायात पुलिस के सिपाही ने जिला संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अलावा महिला के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी गई।



जनपद उन्नाव शुक्लागंज निवासी कृष्णा मिश्रा जोकि औरैया रोडवेज विभाग में हेड लिपिक के पद पर तैनात है। वह सोमवार की सुबह रोडवेज बस द्वारा ड्यूटी करने के लिए औरैया आ रही थी, जैसे ही वह स्थानीय देवकली चौराहा के समीप बस से उतर कर रोड पार करने लगी, उसी कानपुर की ओर से इटावा की ओर जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर रोड पर गिर पड़ी। दुर्घटना होने पर यातायात पुलिस के जवान ने घायल महिला को ऑटो के माध्यम से 50 शैय्या युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंच गई, और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह चिचौली भेज दिया। इसके अलावा पुलिस ने महिला के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी है। समाचार लिखे जाने तक परिजन अस्पताल नहीं पहुंच सके थे।

## सहायता समूह द्वारा बनाई गई सामग्रियों का लगा स्टाल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। सोमवार दिनांक 18 जुलाई 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव सावन के प्रथम सोमवार पर देवकली मंदिर मेला परिसर में संस्था ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान द्वारा संचालित माधव हैप्पी ओल्ड एज होम (वृद्ध आश्रम ) आनेपुर औरैया के वृद्धजनों ने आराध्या स्वयं सहायता समूह से बनाई जा रही सामग्रियों जैसे अगरबत्ती, धूपबत्ती, स्टिक धूपबत्ती, मूंग दाल की मिगौड़ी, गुलाब जल, हवन सामग्री दुर्गा पूजा किट ( समस्त पूजन सामग्री) की स्टाल सजाकर मेले में आए श्रद्धालुओं को आकर्षित किया और समाज को यह संकेत दिया कि स्वयं रोजगार कर 60 वर्ष से ऊपर अभी भी रोजगार कर सकते हैं। वृद्धजनों द्वारा बनाई गई सामग्रियों को देखकर मेले में आए श्रद्धालु प्रफुल्लित हुए और जमकर खरीदारी की। स्टाल पर उपस्थित वृद्धाश्रम प्रबंधक नरेंद्र पाल, वृद्ध राजा बेटी , चंद्र प्रकाश, भिखारी लाल , सहयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छात्रध्छात्राए स्नेहा, साक्षी प्रजापति , राजवीर, अविनेंद्र हरदीप आदि मौजूद रहे।




## व्यापार मंडल ने अमरनाथ यात्रियों का मालार्पण कर यात्रा पर किया रवाना

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स। दिबियापुर,औरैया। सावन के प्रथम सोमवार को औद्योगिक नगरी दिबियापुर के व्यापारी ऋषभ पोरवाल, सौरभ गुप्ता, वैभव गुप्ता, शुभम पोरवाल, प्रतीक पाठक, आलोक त्रिपाठी, सौरभ गुप्ता, अजय गुप्ता, बिल्लू गुप्ता ,अमित पोरवाल सहित अन्य कई भक्त बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए ,फफूंद स्टेशन से रवाना हुए जिनको प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत कर विदाई दी। इस मौके पर माल्यार्पण कर रवाना करने वाले पदाधिकारियों में संतोष सोनी अध्यक्ष, नवीन गणेश पोरवाल महामंत्री, राजेश सक्सेना उपाध्यक्ष, अजय पोरवाल उपाध्यक्ष, गजेंद्र पाल उपाध्यक्ष, राजेश पोरवाल , मुकेश गुप्ता, मनोजशर्मा, शैलेंद्र सोनी, युवा जिलाध्यक्ष बृजेश,छोटे पोरवाल, अखिलेश जैन दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे। सभी ने बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि सकुशल उपरोक्त जत्था भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर शीघ्र वापस आये।



## पुलिस ने तमंचे सहित युवक को किया ग्राफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी। भोगांव। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को देशी पोनिया तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्थानीय रोडवेज बस स्टैण्ड के नजदीक से एक युवक को घेर कर पकड़ लिया। जामा तलाशी मे युवक के पास एक देशी पोनिया तंमचा बरामद किया है। थाना लाकर की गयी पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोविंद पुत्र लकपति गिहार निवासी मोहल्ला खाड़े बेवर कोतवाली गुरसहायगंज जनपद कन्नौज बताया। पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी कर जेल भेजा है।

इस सबंध में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र बहादुर ने बताया कि आरोपी ने पोनिया तमंचा लगभग दो साल पहले बदायूं से खरीदा था। तमंचा किससे खरीदा उसके संबध में वह कोई जानकारी नही दे सका है। आरोपी के सबंध में गुरसहायगंज पुलिस से जानकारी हासिल की जा रही है।

## शिक्षकों की सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा- नवागत एबीएसए

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०सहार ब्लाक के नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का हुआ स्वागत'

सहार,औरैया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई सहार द्वारा नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव का स्वागत किया गया।



अवगत हो कि जगदीश श्रीवास्तव 13 वर्ष बाद पुनः जनपद में खण्ड शिक्षा अधिकारी के पदभार पर आए हैं। अपने शिक्षक हितैषी और मृदु व्यवहार के कारण शिक्षकों ने अपने प्रिय खण्ड शिक्षा अधिकारी का जोश से स्वागत किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष गौरव सक्सेना, ब्लॉक मंत्री आशुतोष शुक्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष आशीष, रश्मि पाठक, महेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में बीआरसी सहार में स्वागत कार्यक्रम चला। खण्ड शिक्षा अधिकारी से संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही शिक्षकों की सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस के लिए सभी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज तिवारी, सतेंद्र अग्निहोत्री, यश प्रताप सिंह, योगेश तिवारी, अतुल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## ईसन नदी का जीणोर्द्धार एवं सौन्दर्यीकरण के लिए वचनवद्ध हुए जिलाधिकारी जल्द ईसन नदी को जलकुम्भी से मुक्त किया जाए- जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 18 जुलाई, 2022– जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने आजादी के अमृत महात्सव के महापव के अन्तगर्त ईसन नदी का जीणोर्द्धार एवं सौन्दयीकर्रण निमार्ण एवं नदी को अस्तित्व में लाने के उद्देश्य से ईसन नदी पुल मॉल के समीप पर ईसन नदी से जलकुम्भी हटाने, नदी के जीणोर्द्धार काय का शुभारम्भ करते हुये कहा कि ईसन नदी को जल्द ही नया स्वरूप मिलेगा, ईसन नदी की सफाई का काय निरतंर चलेगा, पुलों के नीचे की सफाई लेवर लगाकर करायी जायेगी, ईसन नदी से जलकुम्भी पूरी तरह समाप्त होगी, पॉकलेन मशीन से जलकुम्भी के साथ– साथ नदी की सफाई का काय कराया जायेगा। उन्होने कहा कि ईसन नदी की सफाई से इसके जलस्तर में वृद्धि होगी जो शहर के आस–पास के भू–गभ जलस्तर को सुधारने में सहायक होगी,नदी के जलस्तर में वृद्धि से शहर के आस–पास का भू–गभ जलस्तर सुधरेगा, किसानों को सिंचाई हेतु संशाधन उपलब्ध होंगे, नदी में पानी की उपलब्धता होने पर किसानों को राहत मिलेगी। उन्होने नदी की सफाई के काय में लगे कामिर्कों से कहा कि नदी की सफाई का काय पूरे मनोयोग से करें। उन्होने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निदेर्शित करते हुये कहा कि सफाई काय में लगे सभी मजदूरों के पास समस्त आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहें, उन्हें जूते, ग्लब्स आदि उपलब्ध कराये जायें, आबादी के पास होने के कारण नदी में सफाई के दौरान कांच की शीशियां, सिरिंज आदि निकलने की सम्भावना हैं, इसलिए सफाई के काय में पूरी सतकर्ता बरती जाये।



श्री सिंह ने कहा कि नदियां प्रकृति का अनमोल उपहार है, नदियां हमेशा जीवनदायिनी रही है, नदियां बारिश का जल एकत्र कर उसे भू–भाग में पहुंचाने का कार्य करती है, नदियों के किनारे प्राचीन भारत की सभ्यता का विकास हुआ, देश की कई शक्तिशाली नदियों के पानी की स्वच्छता में डुबकी लगाने से हमारे शरीर की नकारात्मक उजा नष्ट होती है। उन्होने कहा कि नदियां, तालाब, प्राकृतिक जलश्रोत भू–गर्भ जल स्तर को बढ़ाने का काय करती है साथ ही नदियों के आस–पास का वातावरण साफ–सुथरा रहता है, नदियों में पानी की उपलब्धता रहने से आस–पास का क्षेत्र हरा–भरा होता है साथ ही पशु–पक्षियों को पीने के पानी की उपलब्धता भी बनी रहती है। उन्होंने सभी का आव्हान करते हुये कहा कि नदी के किनारे खुले में शौच न करें, कूड़ा–करकट नदी में न फेंके, नदी को पुराने स्वरूप में लाने के लिए प्रशासन ने नदी से जलकुम्भी को हटाने का कार्य प्रारम्भ किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकृति से छेड़छाड, नदियों के आस–पास अनाधिकृत कब्जे, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई का ही परिणाम है कि प्रकृति मैं तेजी से असंतुलन बढ़ा रहा है, धरती से अंधाधुंध दोहन के कारण गमी ज्यादा पड़ रही है और बारिश लगातार घट रही है, हमें धरती को पुराने स्वरूप में लाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है, पानी की अधिक बबार्दी आने वाले समय में विकराल रूप धारण करेगी, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पयार्वरण प्रदूषित होगा, नदियों में गंदगी डालने से उनका स्वरुप बदलेगा, पॉलिथीन सवर्नाश की जड़ है फिर भी लोग इसके प्रयोग से परहेज नहीं कर रहे, जानबूझ कर जल का दोहन कर दुरुपयोग कर रहे हैं हम सब को सजग रहना होगा अन्यथा इसके भयावह परिणाम सामने होंगे। नहरों, तालाबों, नदियों के किनारे अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर, तालाबों, नहरों की सफाई कराकर शहर की जीवनदायिनी ईशन नदी को स्वच्छ बनाने, नदी की संरक्षित करने की दिशा में काय करना होगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका लालचन्द भारती आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय पर तैनात चौकीदार का शव कार्यालय के बाहर सड़क किनारे पड़ा मिलने से मचा हड़कंप, मौत का रहस्य जानने के लिए पुलिस कर रही है जांच

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी,भोगांव में भाजपा कार्यालय पर तैनात चौकीदार का शव कार्यालय के बाहर सड़क किनारे पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

भोगांव थाना क्षेत्र के छाछा रेलवे क्रॉसिंग स्थित भाजपा कार्यालय के सामने का है। जानकारी के मुताबिक भोगांव के भाजपा कार्यालय पर तैनात 60 वर्षीय चौकीदार रामअवतार पुत्र चोखेलाल निवासी गड़िया संसारपुर कोतवाली मैनपुरी का शव सुबह 5 बजे अज्ञात कारणों के चलते कार्यालय के सामने जीटी रोड किनारे पड़ा मिला। शव की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों शव देखते ही चीखपुकार शुरु कर दी। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज आदेश भारद्वाज और एसएसआई मनोज रावत ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव का पंचायत नामा भरा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक चौकीदार के गले में बनियान लिपटी हुई थी। इसी के चलते मामला संदिग्ध माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी। बताया जा रहा है चौकीदार पिछले 5 वर्षों से भाजपा कार्यालय पर देखरेख के लिए तैनात था। फिलहाल मृतक



रामअवतार की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## युवक ने घर मे घुस कर की छेड़ छाड़

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ, मैनपुरी

भोंगाव। घर में घुसकर छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट युवती द्वारा थाने में दज करायी गयी है। रिपोट में विरोध करने पर आरोपी द्वारा मारपीट करने व भाई को तमंचे से जान से मारने की धमकी देने की बात कही गयी है।

थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वीते 12 जुलाई को उसका भाई पंजाब से बच्चों को लेने गया था। घर पर वह व उसकी मां अकेली थी। 13 जुलाई की शाम 7 बजे उसकी मां खेतो की तरफ गयी थी। तभी ग्राम मौजेपुर हविलिया निवासी साहिल उफ आशीष पुत्र छविनाथ कठेरिया, उसे घर में अकेला देख घर में घुस आया और उसे बुरी नियत से दबोचकर छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। तथा रिपोट दज कराने पर उसके भाई को तमंचे से जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने रिपोट दज कर जांच शुरू कर दी है।



## सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री निशुल्क आरोग्य मेलों का हुआ अयोजन ,800 मरीजों ने निशुल्क उपचार लिया

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी, जनपद के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री निशुल्क आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों मरीजों ने विभिन्न बीमारियों का उपचार लिया। वहीं सीएमओ ने पीएचसी नवीगंज व चिरावर का औचक निरीक्षण कर मेलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रविवार को को जनपद के 50 सीएचसी, पीएचसी निशुल्क मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 800 महिला पुरुष मरीजों ने विभिन्न बीमारियों का निशुल्क उपचार लिया। इस दौरान सीएमओ डा. पीपी सिंह ने पीएचसी नवीगंज का औचक निरीक्षण किया। जहां सभी व्यवस्थाएं दुरस्त मिलीं। इसके बाद सीएमओ पीएचसी चिरावर पहुंचे। जहां उन्होंने चिकित्सकों व स्टॉफ को बताया कि 11 से 17 अगस्त तक अमृत महोत्सव के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी अस्पतालों पर तिरंगा झंड़े लगाए जाएं। संचारी रोगों से बचाव के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लोगों को जागरुक करें। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी रवींद्रसिंह गौर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## विधुत चोरी करी तो होगी सख्त कार्यवाही - पीयूष शुक्ला

- कुरावली भ्रमण पर निकले एस डी ओ

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी

कुरावली विधुत घर में नए एस डी ओ पीयूष शुक्ला ने 9 जुलाई शनिवार को कार्यभार सभाल लिया है। जिसके बाद से एस डी ओ एक्शन मोड में दिख रहे है। युवा का अधिकारी के पद पे बैठना इस लिए और प्रभाव डालता है कि क्षेत्र में भृमण कसरत से चलता रहता है। कभी प्रातः तो कभी तप्ती धूप दुपहर में बकायदारों और विधुत चोरो को पकड़ने में लगे रहते है। जिससे नगर के विधुत चोरो में डर का माहौल दिख रहा है।

आपको बताते चले कि कुरावली में आज फिर एस डी ओ पीयूष शुक्ला और जे ई कन्नौजिया ने विधुत टीम के संग मोहल्ला सराय से कानून गोआन में बकायदारों और विधुत चोरी को लेकर अभ्यांन चलाया। पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर क्षेत्र की स्थिति जानी और बकायदारों को चिन्हित कर बकाया बिल जल्द जमा कराने के आदेश देते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी।



पीयूष शुक्ला कुरावली एस डी ओ ने कहा कि कुरावली क्षेत्र का भ्रमण किया है विधुत उपभोक्ताओ की ओर से किसी प्रकार की कोई चोरी नही देखने को मिली है। यदि विधुत चोरी पकड़ी जाती है तो सरकार की मंशा के अनुसार विधुत चोरो पर सख्त से सख्त कार्यवाही होगी। जिसके बाद बोले कुरावली विधुत उपभोक्ता विधुत चोरी के बारे में सोचे भी नही यदि विधुत चोरी करते पकड़े गए तो सख्त कार्यवाही के लिए तैयार रहे किसी भी प्रकार की शिफारिश नही चलेगी सिर्फ कार्यवाही होगी। तो वही बकायदारों को भी चेताया कि अपना अपना बकाया जल्द जमा करा दे, नही तो उनके भी खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

## जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं को दिखाने होंगे परिचय पत्र

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०सुरक्षाकर्मियों को सख्त हिदायत न्यायालय परिसर में नहीं जाएगा कोई असलाह'

औरैया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन औरैया के अध्यक्ष सतीश चंद्र राजपूत एवं महामंत्री प्रदीप कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जिला जज की संस्तुति के आधार पर निर्णय लिया गया कि कोई भी अधिवक्ता बिना परिचय पत्र के न्यायालय परिसर में नहीं प्रवेश करेगा और मांगे जाने पर वह अपना परिचय पत्र दिखाएगा तथा यह भी निर्णय लिया गया कि वही अधिवक्ता वकालतनामा का प्रयोग करेगा जिसके पास सीओपी नंबर होगा, तथा सीओपी नंबर की प्रमाणित प्रति भी वकालतनामा के साथ लगाएगा। सर्व सम्मत से डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने यह भी निर्णय लिया कि कोई भी बाद कारी बिना आधार कार्ड दिखाएं प्रवेश नहीं करेगा, वही डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की संस्तुति पर सुरक्षाकर्मियों को सख्त हिदायत दी गई , कि अगर कोई भी सुरक्षाकर्मी जो न्यायालय में पैरवी बयान या अन्य कार्य से आता है तो वह अपना सरकारी असलाह या प्राइवेट असलाह न्यायालय परिसर के बाहर रखकर ही आएगा। न्यायालय परिसर में किसी भी प्रकार का आर्मस वर्जित है।

इंसैट– 'डीबीए में फर्जी वकीलों की धरपकड़ में एक फर्जी वकील निगरानी समिति ने पकड़ा

औरैया। सोमवार को जिला न्यायालय परिसर में एक फर्जी अधिवक्ता को निगरानी समिति ने पकड़ लिया और उसकी जामा तलाशी में जानकारी हुई कि वह एक वरिष्ठ अधिवक्ता का मुंशी है और स्वयं को अधिवक्ता कहकर न्यायालयों में पैरवी करता है जिसको निगरानी समिति के पदाधिकारियों ने पकड़ कर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री के समक्ष पेश किया जहां पर उस को सख्त हिदायत देकर लिखित माफीनामा मंगवा कर छोड़ा गया और भविष्य के लिए हिदायत दी गई कि न्यायालय परिसर में वह ना दिखें अन्यथा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, वही एक तथाकथित अधिवक्ता की गाड़ी पर फर्जी लोगों एडवोकेट के लगे देखकर निगरानी समिति ने जांच पड़ताल की, जहां पता चला कि जिस वाहन पर एडवोकेट का लोगो लगा था वह एक महाविद्यालय का एलएलबी का छात्र है, और हवा बनाने के लिए एडवोकेट का लोगो लगा लिया था, जिसको सख्त हिदायत देकर उतरवाया गया।



# संक्षिप्त समाचार

### प्रतिभावान कलाकारों की खोज के लिए आवेदन आमंत्रित

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा– लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, भजन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज के लिए सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन 22 जुलाई 2022 तक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रदर्शन के लिए कलाकारों को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में करना होगा, जो जिला सूचना कार्यालय औरैया या संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर भी प्राप्त किया जा सकता है। उक्त आवेदन जिला सूचना कार्यालय औरैया में जमा किए जा सकेंगे। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को ई–डायरेक्टी में पंजीकृत किया जाएगा तथा उनको क्यूआर कोड वेस्ट पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक कलाकार/अभ्यर्थी 20 जुलाई 2022 तक प्रत्येक दशा में अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित कार्यालय में जमा करा दें, उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी जिला सूचना विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

### वेतन मांगने शिक्षक व कर्मचारी पहुंचे जिलाधिकारी के पास,सौंपा ज्ञापन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स। औरैया। जिला विद्यालय निरीक्षक चन्द्रशेखर मालवीय के चिकितसा अवकाश पर चलते जनपद के माध्यमिक स्कूल का जून माह का वेतन भुगतान नही हो पा रहा है। इसी समस्या से जूझते शिक्षको व कर्मचारियों के संगठन के प्रतिनिधि जिलाधिकारी के पास सोमवार को पहुंचे। शिक्षक संघ के जगदीश नारायण त्रिपाठी,जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मिश्र,शिक्षणेत्तर संघ के उत्तम शुक्ल,कोषाध्यक्ष उमेश तिवारी ने जिलाधिकारी को वेतन न मिलने से उतपन्न समस्याओ से अवगत कराया एवं आर एस इ0 कालेज पन्हर के शिक्षको व कर्मचारियों को विगत 3 माह से भुगतान न होने की समस्या से भी अवगत कराया। जिलाधिकारी ने समस्याओ के तुरंत निस्तारण हेतु पदाधिकारियों को आश्वस्त किया।



### आगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। कृषि विज्ञान केंद्र ग्वारी में गृह वैज्ञानिक डा. रश्मि यादव द्वारा ब्लॉक अछल्दा में प्रसार कार्यकर्ता आगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया, जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका बनाए जाने के लिए कुछ केंद्र चिन्हित किए गये। इसके साथ ही डॉ रश्मि यादव ने बताया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर एक पोषण वाटिका अवश्य होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने केंद्र की सहायकाओं से वार्तालाप की, और उन्हें गेहूं में उपलब्ध पोषक तत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि आटा और दलिया में पूर्ण पोषक तत्व मौजूद रहे तो कितना बेहतर रहेगा जैसे प्रोटीन, आयरन, जिंक आदि यह सब गेहूं की बायोफोर्टिफाई डीबीडव्ल्यू 187 करण वंदना में है, क्योंकि यह हमारी रोजमर्रा की आवश्यकता है हम प्रतिदिन सेव केला अनार नहीं खा सकते, क्योंकि हम एक मध्यमवर्गीय परिवार से हैं, वहीं केंद्र के कीट विशेषज्ञ अंकुर झा ने बताया कि फसल में कीट का रोकथाम कैसे किया जाए और धान में लोगों को कैसे पहचान सकते हैं साथ ही उसमें रोग नियंत्रण के विभिन्न उपाय भी बताएं जिसमें की महिलाओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा और हल पाया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण वाटिका बनाई जाने का था।



### व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण कराये जाने हेतु 30 जुलाई तक पंजीयन कैम्प आयोजित किये जायेंगे

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी 18 जुलाई, 2022– डिप्टी कमिश्नर, नोडल अधिकारी राज्य कर उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि व्यापारिक गतिविधियां संचालित करने वाले व्यापारियों को सुविधा प्रदान करने हेतु अधिक से अधिक व्यापारियों का जीएसटी पंजीयन कराया जा रहा है, पंजीयन सीमा से अधिक टन ओवर वाले व्यापारियों को एवं स्वेच्छा से पंजीयन लेने वाले व्यापारियों को पंजीकरण कराये जाने हेतु 30 जुलाई तक मध्यान्ह 12 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक पंजीयन कैम्प आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि दि. 19 जुलाई को दीवानी रोड निकट ईशन नदी का पुल, दि. 20 जुलाई को निहाल गली घिरोर, दि. 21 जुलाई को राम जनकी मैरिज होम के पास भोगांव, दि. 22 जुलाई को निकट बेवर बस स्टेण्ड, दि. 23 जुलाई को नगर पंचायत ज्योंति, दि. 25 जुलाई को नगर पंचायत कुरावली, दि. 26 जुलाई को क्रिश्चियन तिराहा मैनपुरी, दि. 27 जुलाई को मदार गेट मैनपुरी, दि. 28 जुलाई को ज्योंति तिराहा आगरा रोड, दि. 29 जुलाई को नगर पंचायत किशनी, दि. 30 जुलाई को नगर पंचायत करहल में पंजीयन कैम्प आयोजित कराये जायेंगे, जिसमें पंजीयन सीमा से अधिक टर्न ओवर वाले व्यापारी, स्वेच्छा से पंजीयन लेने वाले व्यापारी पंजीयन एवं पंजीयन से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ फसलों में बीमा कराने की अतिंम तिथि 31 जुलाई निधार्रित

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ । मैनपुरी 18 जुलाई, 2022– उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ फसलों में बीमा कराने की अतिंम तिथि 31 जुलाई निधार्रित है, जिसमें खरीफ फसल बीमा कराने हेतु अधिसूचित फसलें धान, मक्का, बाजरा, मूंगफली में बीमा कराया जा सकता है, जिसमें धान 1547 रू., बाजरा 1018 रू., मक्का 1061 प्रति हे., मूंगफली 1789 प्रति हे. प्रीमियम की धनराशि निधार्रित है। उन्होने कृषकों को सूचित किया है कि वह अपनी फसलों का प्राकृतिक दैवीय आपदाओं में क्षति होने की दशा में क्षतिपूर्ति हेतु बीमा समय से सुनिश्चित करायें, गैर ऋणी कृषकों का बीमा सम्बन्धित बैंक शाखा अथवा जनसुविधा केन्द्र से कराया जा सकता है तथा ऋणी कृषकों का बैंक स्तर से स्वयं बीमा किया जायेगा।



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ । मैनपुरी,एलाऊ – विकासखंड जागीर क्षेत्र के गांव एलाऊ में स्टार क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट के द्वारा आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया गया था। जिसमे क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ ने सोमवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। आयोजक समिति ने बताया आठ दिवसीय टूर्नामेंट मे 16 क्षेत्रीय टीमे भाग लेंगी। जिसमें अभी तक कई टीमें भाग ले चुकी हैं। विजेता प्रथम व द्वितीय टीम को प्रतीक चिन्ह व नगद पुरस्कार भेंट किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ ने कहा खेलों का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का भव्य आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ियों का निखार बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते हैं। इस मौके पर कासिम खान, सोनू यादव, अजमुद्दीन खा, नीरज चौहान, पंकज कुमार, शारुख, अमित चौहान आदि थे।



RNI NO.: UPHIN/2015/67284

## अदनानफिटनेस चौंपियनशिप मे रुदौली स्टूडियो के प्रतिभागियों का रहा जलवा

दैनिक अयोध्या टाइम्स
अमरनाथ रुदौली संवाददाता
रुदौली/अयोध्या

द पावर हाउस जिम देवकाली रोड, फैजाबाद द्वारा आयोजित यूपी स्टेट पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप में अदनान फिटनेस स्टूडियो रुदौली के प्रतिभागियों का जलवा रहा। बेंच प्रेस व डेड लिफ्ट प्रतियोगिता में आस पास में जिलों से 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया। धर्मेंद्र गोस्वामी, साजिद खान व राहुल तिवारी प्रतियोगिता के जज बने। प्रतियोगिता में एएफएस के सनद खान ने बेस्ट प्रतिभागी का खिताब जीता व मो. अजहर तीसरे पर रहे। वहीं अपनी कटेगरी के बेंच प्रेस में मो. अथर को प्रथम व डेड लिफ्ट में रिजवान व मोहित अपनी कटेगरी में प्रथम रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंडीयन पावर लिफ्टिंग फेडरेशन के सेक्रेटरी नकुल भार्गव, यू.पी. आईपीएफ प्रेसीडेंट धर्मेंद्रगोस्वामी, आयोजक राहुल तिवारी व मिस्टर यूनिवर्स अदनान रसूल उपस्थित रहे। अदनान फिटनेस स्टूडियो के संस्थापक अदना रसूल ने कहा हमें खुशी है कि रुदौली के लड़कों की मेहनत रंग लायी। उन्होंने कहा इन युवाओं को और आगे बढाने में आईएफएस अपना पूरा योगदान देगा।



## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

मिल्कीपुर–अयोध्या। 37 वर्षीय युवक ने छत में लगे पंखे के हुक में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को छत से उतरवाकर पंचनामा कराते हुए पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पूरब गांव सिधौना निवासी सूर्य बक्स मिश्र का 37 वर्षीय पुत्र दीनानाथ मिश्र कुमारगंज करबा के सब्जी मंडी में घर बना कर अपनी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के साथ रहता था। परिजनों के अनुसार दीनानाथ शाम को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया सोमवार की भोर करीब 5:00 बजे देखा गया तो उसकी लाश छत से रस्सी के सहारे लटकती मिली। जिसे पूरे घर में कोहराम मच गया। घटना की लिखित सूचना परिजनों ने कुमारगंज पुलिस को दी मौके पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा कराते हुए पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पिता सूर्य बक्स ने बताया कि रविवार को दीनानाथ पैतृक गांव सिधौना घर आकर खाने पीने का कुछ सामान लेकर कुमारगंज में बने घर पर चला गया। मृतक दीनानाथ टॉफी, बिस्किट, पान मसाला, सहित अन्य सामानों का फुटकर दुकानों पर जा जाकर सेलिंग का काम करता था। ग्राम प्रधान पूरब गांव द्वारिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि दीनानाथ बचपन से ही बड़ा होनहार था। थाना प्रभारी कुमारगंज विवेक सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## कैंपस प्लेसमेंट में कृषि विवि के 19 छात्रों को रोजगार

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। छात्रों को डेवलपमेंट ऑफिसर 03, डीलर एग्जिक्यूटिव 03 एवं सेल्स एग्जीक्यूटिव के 13 पदों के लिए चयनित किया गया है। वहीं दूसरी डायरेक्टरेट ऑफ ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक डॉ. डी नियोगी ने कुलपति द्वारा छात्रों को समय से डिग्री पूर्ण करने के बाद रोजगार दिलवाने के वादे से प्लेसमेंट की ऑफलाइन प्रक्रिया आयोजित कराई। इससे छात्रों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। डाक्टर नियोगी ने बताया कि गत माह जी. वि.के नामक संस्था ने भी वेटरनरी के



तरफ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कंपनी द्वारा चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय स्थित डायरेक्टरेट ऑफ प्लेसमेंट कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अथक प्रयासों से कैंपस प्लेसमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जेनेवा क्रॉप साइंस के दो वरिष्ठ अधिकारी हरिओम शर्मा, रीजनल मैनेजर व पवन सिंह, टेरिटरी मैनेजर ने छात्रों का साक्षात्कार लिया तथा छात्रों से प्रभावित होकर 19 छात्रों का चयन किया। कैंपस प्लेसमेंट में कृषि एवं वानिकी महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक छात्रों ने प्रतिभाग किया। 12 छात्रों को चयनित किया साथ ही कुछ दिनों में दो और कंपनियों द्वारा साक्षात्कार सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व विद्यालय छात्रों के प्लेसमेंट हेतु निरंतर से इस प्रकार के साक्षात्कार आयोजित करता रहा है तथा भविष्य में भी करता रहेगा।

छात्रों के चयन से पहले डायरेक्टरेट ऑफ प्लेसमेंट के पूर्व उपनिदेशक डा. सत्यव्रत सिंह ने जिनेवा क्रॉप साइंस के अधिकारी, निदेशक डॉ देवाशीष नियोगी व समस्त छात्रों का स्वागत किया साथ ही इस चयन प्रक्रिया के लिए कुलपति महोदय का आभार जताया।

## खुद को फंसता देख आनन फानन मे गॉव मे लगवा रहे हैं ह्यूम पाइप

दैनिक अयोध्या टाइम्स पवन कुमार संवाददाता अयोध्या।रुदौली अयोध्या। खडंजा सहित तमाम मामलों मे कई लाख रुपये का घोटाला कर चुके हैं पूर्व प्रधान अंजनी कुमार पाण्डेय। जॉच की जद मे आ रहे हैं रुदौली ब्लाक के कई जिम्मेदार इस लिए पूर्व प्रधान को बचाने मे जुटे है टक्व अखिलेश कुमारगुप्ता , ।क्व गंगा श्रीवास्तव, व पंचायत सचिव नुसरत फातिमा। अगर प्रदर्शिता के साथ निष्पक्ष जॉच हुई तो पूर्व ग्राम प्रधान मुजफ्फर पुर, पूर्व पंचायत सचिव अनुपमा वर्मा सहित कई लोग होंगे सलाखों के पीछे। अयोध्या जनपद के ब्लाक रुदौली मे भ्रष्टाचार दिनो दिन अपना रौद्र रुप अख्तियार करता जा रहा है ताजा मामला रुदौली ब्लाक के ग्राम मुजफ्फर पुर का है जहॉ के पूर्व प्रधान अंजनी कुमार पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय के फ्राड कर खडंजा निर्माण व मरम्मत कार्य नल रिबोर, नाली निर्माण और पटिया, शौचालय, ह्यूम पाइप जैसे तमाम ऐसे कार्य जिसको इन्होने किया ही नही और उसका सारा पैंसा निकाल लिया शिकायत कर्ता रमेश कुमार पाण्डे ने बताया की यहॉ रुदौली ब्लाक के जितने भी अधिकारी हैं इन सभी का इस बडे घोटाले मे अहम रोल रहा है अगर निष्पक्ष जॉच हो जाएगी तो इन सबको जेल भेज दिया जाएगा इसी वजह से जॉच के नाम से सब कतराते से नजर आते हैं, इस घोटाले के मामले मे जिले के आला अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर कुछ विषयों का स्थलीय निरीक्षण किया तो उसमे पृथम दृष्टया ही पूर्व प्रधान अंजनी कुमार पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय के फ्राडपन की तस्वीर साफ हो गयी ग्रामीणों की माने तो उनका कहना है की गॉव के तमाम ऐसे गरीब परिवार हैं जिनके पास कदम रखने तक की जमीन नही है वहीं पूर्व प्रधान अंजनी कुमार पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय ने गॉव की आबादी की जमीन के साथ साथ सरकार की सुरक्षित भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।

जिसके विषय मे ग्रामीण कई बार आला अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं शिकायत कर्ता के अनुसार पूर्व प्रधान अंजनी कुमार पाण्डेय अक्सर शराब के नशे मे धुत्त होकर गाली गलौज करता व जान से मार देने की धमकी देता रहता है सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करता है कैमरे की नजर से बचते हुए ग्रामीणों ने बताया की पूर्व प्रधान की जो कार्यशैली है अगर पूर्व प्रधान पर जल्द ही अंकुश न लगाया तो गॉव मे कभी भी कोई बडी घटना घटित हो सकती है फिलहाल पूर्व प्रधान के फ्राडपन की चर्चा होते आस पास के गॉवो मे साफ देखा जा सकता है।

## ग्यारह माह बीत जाने के बाद भी नही हो सकी जर्जर मार्ग की मरम्मत

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल
रुदौली अयोध्या

भेलसर रहीमगंज जर्जर मार्ग की 11 माह बीतने के बाद भी मरम्मत नहीं हो सकी।ग्रामीणों की तमाम शिकायतों के बाद भी लोक निर्माण विभाग झूठी रिपोर्ट लगाकर निर्माण कार्य पूर्ण दिखा रहा है।समाधान दिवस में जर्जर सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिए फिर शिकायतीपत्र दिया गया है।

रुदौली विकास खण्ड कार्यालय के ठीक सामने से राष्ट्रीय राजमार्ग से भेलसर रहीमगंज का जर्जर मार्ग जो रहीमगंज, नकछेदपुर,धौरहरा,हलीमंगर,नई सराय,देवकली का पुरवा, ममरेजनगर, जैथरी, महंगू का पुरवा सहित तराई क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली खस्ताहाल जर्जर सड़क जिसपर राहगीर व स्कूली बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर चलने पर मजबूर हैं।जिसकी शिकायत डीएम,मुख्यमंत्री तक के पोर्टल पर की जा चुकी है लेकिन यह जर्जर मार्ग विभागीय अधिकारियों की भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गया है।भेलसर निवासी सादअख्तर ने रुदौली तहसील में आयोजित पिछले समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर इस जर्जर सड़क की मरम्मत कराए जाने की एक बार फिर से लोकनिर्माण विभाग से मांग की है।



साद अख्तर ने बताया कि हम सब ग्रामीणों द्वारा दी गई पिछली शिकायतों को लेकर लगभग 11माह बीतने को लेकिन इस जर्जर सड़क की अभी तक मरम्मत नही हुई है जिसपर अब चलना और भी कठिन हो गया है।साद अख्तर ने विगत माह में डीएम व मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दर्ज शिकायत 40017721052434 व 40017721039579 के बारे में बताते हुए कहा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इतने बेखौफ हैं जिन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कई बार आदेश जारी किया गया कि प्रदेश की सभी गड्ढा युक्त सड़कों को तत्काल गड्ढा मुक्त कराया जाए लेकिन अयोध्या जिले के लोक निर्माण विभाग के बेखौफ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ाकर शासन को बदनाम करने का ही कार्य किया है।इसी भेलसर रहीमगंज मार्ग की मरम्मत को लेकर को डीएम को आनलाइन शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग ने बिना जर्जर सड़क की मरम्मत कराए ही सड़क मरम्मत की झूठी रिपोर्ट भेजकर सरकार को बदनाम करने का काम किया है।जिसकी आनलाइन शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी की चुकी है।वहीं विभाग दूसरी बार शिकायतकर्ता को लिखित आख्या भेजकर अवगत कराता है कि प्रश्नगत मरम्मत का कार्य प्रगति पर है जिसे 15ध्11 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।उसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने तीसरी बार शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर प्रश्नगत मार्ग पर 1.00 किमी की लंबाई में मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लेने की फर्जी रिपोर्ट शिकायतकर्ता को भेजा।इस खस्ताहाल जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए आनलाइन शिकायती पत्र के बाद इस मार्ग पर किसी तरह का मरम्मत कार्य कराए बिना सम्बंधि विभाग द्वारा दो बार सड़क बनाने का आश्वासन व तीसरी बार दी गई आख्या में बिना सड़क पर किसी प्रकार का कार्य कराए ही खस्ताहाल जर्जर सड़क को विभाग द्वारा मरम्मत कार्य पूर्ण होने की झूठी रिपोर्ट भेजने पर शिकायतकर्ता व क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।जिसे लेकर शिकायतकर्ता सादअख्तर ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर आनलाइन शिकायत की थी।साद अख्तर ने 16 जुलाई 2022 को रुदौली तहसील में आयोजित समाधान दिवस में भेलसर रहीमगंज की जर्जर सड़क मरम्मत कराए जाने के लिए शिकायती पत्र दिया है जो लगभग 11 माह बीतने के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा झूठी रिपोर्ट के सहारे ही जर्जर सड़क की मरम्मत रिपोर्ट ही लगाई गई।अब देखना यह है कि इस शिकायत पर पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क की मरम्मत कराता है या हर बार की तरह फिर झूठी रिपोर्ट लगाकर अपना पल्ला झाड़ने का कार्य करेगा।

## अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, एक की मौत, तीन घायल

सुधीर बंसल रूदौली–अयोध्या। कोतवाली रुदौली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम मखवापुर मजरे अख्तियार पुर गांव के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गया जिसमें एक की मौत व तीन लोग घायल हो गए। घटना स्थल पर पहुंची भेलसर चौकी की पुलिस ने तीन घायलों को सीएचसी रूदौली भेजा। एक की हालत गम्भीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली की भेलसर चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम मख्वापुर गांव में अयोध्या की ओर से लखनऊ की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गया जिसमें 21 वर्षीय युवक ट्रक और दीवार के बीच चिपक गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। ट्रक की चपेट में आकर तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने भेलसर पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार उपाध्याय तत्काल अपने हमराहियों उमेश सरोज, अक्षय कुमार, प्रद्युम्न सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल 21 वर्षीय युवक को सीधे जिला अस्पताल अयोध्या भेज दिया।

जिसे डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया। जहां तीनों घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही रूदौली कोतवाली प्रभारी शशिकांत यादव व उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार राय ने अपने हमराहियों के साथ मौके पहुंचकर बचाव कार्य मे जुट गए। इस सम्बंध में भेलसर चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार उपाध्याय ने बताया की लखनऊ की ओर जा रहे ट्रक संख्या यूपी 51 बीटी 2070 अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे मख्वापुर गांव में एक घर में घुस गया जिससे घर के बाहर सो रहे चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसमें अपने मामा के यहां रह रहे ग्राम पंचायत भेलसर निवासी राजितलाल पुत्र रामतेज व मख्वापुर निवासी राम पराइस पुत्र अरुण कुमार 8 वर्ष,सुभद्रा पुत्री बेनीमाधव 50 वर्ष व शांति देवी पत्नी बेनीमाधव 65 वर्ष घायल हो गए।

जिसमें गभीर रूप से घायल राजितलाल को निजी एम्बुलेंस से सीधे जिला अस्पताल अयोध्या भेज दिया गया और अन्य तीन घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया गया। घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।चौकी प्रभारी ने बताया कि गम्भीर रूप से घायल राजितलाल पुत्र रामतेज 21 वर्ष की मौत हो गई और तीनों घायलों का इलाल चल रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे ले लिया है।

## नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की लगी रही लाइन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। सुबह से ही भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सबसे पहले सरयू में स्नान किया और इसके बाद नागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिए कतारबद्ध हो गए। नागेश्वर नाथ मंदिर से लेकर राम की पैड़ी तक दर्शनार्थियों की लंबी कतार लग गई। पुलिस प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बैरिकेडिंग करके भीड़ को रोका गया। छोटे छोटे जत्थों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति मिली।

सुबह से शुरू हुआ दर्शन पूजन का दौर जारी है। नागेश्वर नाथ मंदिर के साथ श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी और रामलला का भी दर्शन किया। बड़ी संख्या में शिव भक्त छीरेश्वर नाथ मंदिर में भी दर्शन के लिए पहुंचे।

सख्त व्यवस्था चाक–चौबंद

–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि सरयू घाट पर बड़ी संख्या में शिव भक्त आते हैं सरयू के घाटों से जल लेते हैं और शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखी गई है सरयू में एसडीआरएफ और जल पुलिस की तैनाती की गई है लोकल स्तर पर गोताखोर और नावें लगाई गई हैं सरयू के घाटों पर बैरिकेडिंग के अंदर ही स्नान करने के लिए निवेदन किया जा रहा है खतरनाक स्थानों पर स्नान करने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है मंदिरों में आ रहे श्रद्धालुओं की व्यवस्थाएं की गई हैं ट्रैफिक कंट्रोल के लिए रूट डायवर्जन किए गए हैं।



## भाकियू ने पंचायत कर एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन तहसील मिल्कीपुर की आवश्यक पंचायत विकासखंड खंडासा के परिसर में तहसील अध्यक्ष राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई पंचायत में समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को दिया गया तथा पंचायत में कई अधिकारियों को बैठा कर समस्याओं पर विस्तृत वार्ता करते हुए समाधान का प्रयास किया गया। पंचायत में छुट्टा जानवरों को गौशाला में जमा करने, स्वयं सहायता समूह में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने, रामावती पत्नी केदारनाथ शर्मा के सहन भूमि पर स्थगन आदेश होने के बावजूद भी जमील अहमद द्वारा किए जा रहे कब्जे को रोकने, सुनीता पत्नी संतराम निवासी ग्राम अजरौली के सहन पर जबरदस्ती कब्जे को रोकना ,पात्र लोगों को शौचालय उपलब्ध कराने, सिद्धू भारती पुत्र संपत के परिवार में गलत ढंग से शामिल नगर पंचायत रुदौली के 4 लोगों का नाम काटने एवं कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त मिनी किड्स को किसानों को दिए जाने आदि समस्याओं को लेकर पंचायत की गई और ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करके किसान समस्याओं के लिए बड़ा आंदोलन छेड़ने की आवश्यकता है बिना संगठन मजबूती के ना तो किसानों की समस्या समाधान होगी और ना ही मान –सम्मान स्वाभिमान ,सुरक्षित रहेगा। जिला अध्यक्ष सूर्य नाथ वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 21 जुलाई की मासिक पंचायत में सभी पदाधिकारी निश्चित रूप से पहुंच कर संगठन मजबूती के संबंध में महत्वपूर्ण योगदान दे। पंचायत को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भागीरथ वर्मा, सिद्धू भारती ,बाबूराम तिवारी, रामसुमेर भारती ,नाथूराम यादव, राजदेव यादव, विश्राम चौधरी ,आशाराम, राम सुमेर भारती ,ओरौनी प्रसाद ,वीरेंद्र प्रताप यादव, राम रतन चौरसिया ,बच्चू लाल प्रजापति ,संदीप यादव, राम बहादुर यादव, हरिश्चंद्र चौहान ,राधिका प्रसाद, रामावती, उर्मिला देवी, कलावती ,किरण देवी, ममता, फूलमती, रामदीन आदि लोगों ने संबोधित किया।



## शिवालय में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारें, सावन के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

रिपोर्ट – राज पलिया ब्यूरो चीफ

फिरोजाबद– भगवान शिव के प्रिय सावन के महीन के प्रथम सोमवार को जिलेभर में भोले की आस्ता की बयार बही। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव को जल और दूध से अभिषेक करते रहे। वही कई मंदिरों में शिव भक्तो ने रूद्रभिषेक का आयोजन किया। इस दौरान शिवालयों में ओम नम शिवाय के मंत्र गूजते रहे। शिवलयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड लगी रही।

सावन के प्रथम सोमबार को शहर से लेकर गावं तक शिव मंदिरों में शिवभक्तों का तांता लगा रहा। शिव भक्तो द्वारा शिवलिंग पर जल अर्पित करने के बाद बेल पत्र, मदार के फूल, धतूरा अर्पित कर शिविलिंग का श्रंगार कर दीप जला कर आरती की। वहीं कैला देवी मंदिर ओंकारेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर स्थित शिव मंदिर, गंज मौहल्ला स्थित सिद्वेश्वरनाथ महादेव मंदिर, गल्ला मंडी स्थित रामेश्वरनाथ महादेव मंदिर, पंचमुखी महादेव मंदिर के अलावा शहर से दस किलोमीटर दूर सांती मंदिर पर सुबह से भक्तों की भीड़ रही।

मंदिर के बाहर शिवभक्तों की लंबी–लंबी कतारे लग गई। यमुना किनारे बने शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा रूद्राभिषेक कर भोलेनाथ को प्रसंन्न किया। शाम को मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। साथ ही भोले नाथ की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।



## विद्युत कनेक्शन काटने के विरोध में महिला-पुरूषों ने लगाया जाम

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ

फिरोजाबाद– विद्युत विभाग द्वारा चेकिंग के दौरान कनेक्शन काटने के विरोध में सोमवार को टापाखुर्द चौराहे पर आक्रोशित महिला–पुरुषों ने जाम लगा दिया। यहां एक घंटे तक लोग हंगामा व नारेबाजी करते रहे। मुख्य मार्ग जाम होने से दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी रहीं, जिससे राहगीर परेशान रहे।कोटला रोड स्थित विजय नगर व बालाजी नगर में एक्सईएन के आदेश पर शनिवार को जेई कयामुद्दीन खान द्वारा अभियान चलाकर 50 से अधिक अवैध कनेक्शन कटवाए गए थे। घरों की बिजली कटने से तीन दिनों से लोग पानी के लिए भी परेशान थे। कई बार फोन करने पर विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन नहीं जुड़वाए गए। सोमवार को आक्रोशित महिला–पुरुषों ने टापाखुर्द चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान दुपहिया वाहन चालकों ने जबरन निकलने का प्रयास किया, तब महिलाओं ने विरोध करते हुए हंगामा कर दिया।



जाम की सूचना पर थाना उत्तर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जाम खुलने के काफी प्रयास किए, लेकिन महिलाएं कटे कनेक्शन जोड़ने की मांग पर उड़ी थीं। एसडीओ दुष्यंत तिवारी ने आश्वासन दिया कि जिन लोगों के स्थाई कनेक्शन हैं, उनके कनेक्शन जुड़वा दिए जाएंगे। इसके बाद ही लोगों ने जाम खोला।

# संक्षिप्त समाचार

## खण्ड शिक्षाधिकारी राजेश यादव के नेतृत्व में मासिक संकुल की बैठक हुई सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सल्लहपुर टेघरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में दिन सोमवार को न्याय पंचायत सल्लहपुर की मासिक संकुल बैठक आयोजित हुई।



बैठक की अध्यक्षता खण्ड शिक्षाधिकारी राजेश यादव ने किया। बैठक को प्राथमिक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ल, एआरपी प्रमोद ओझा, विशाल सिंह, ब्रजेश यादव ने संबोधित किया।बैठक का मुख्य एजेंडा डीबीटी , क्विज निपुण लक्ष्य, भाषा शिक्षण, गतिविधि आधारित शिक्षण आदि रहा। बैठक में अन्य समस्याओं पर चर्चा किया गया।

बैठक को संकुल शिक्षक आनंद पांडे, कृपा नारायण मिश्र, शत्रुघ्न यादव, अमितेश प्रसाद, कुंवर अजीत सिंह यादव सहित प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश पांडेय, बिंदू राय ने संबोधित किया। बैठक में संकुल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में प्राथमिक विद्यालय टेघरा के प्रधानाध्यापक श्री मनोज कुमार राय ने सभी को धन्यवाद दिया।

## सावन के पहले सोमवार को श्रद्धलुओं ने श्रद्धा पूर्वक जलाभिषेक किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी नगर पंचायत स्थित ठाकुर जी की कुटी में प्राचीन शिवलिंग नारदेश्वर महादेव विराजमान है तो वही क्षेत्र के एकलाआम से कुछ ही दूरी बनकटा तिवारी गांव में स्थित बाबा जंगली नाथ विराजमान है श्रावण मास के पहले सोमवार को दूर–दूर क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने जयकारा के साथ बोल बम बोल बम के नारा से गूंज उठा बनकता तिवारी उसके बाद बाबा को जल अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक प्रार्थना विनती की। उतर प्रदेश के गोरखपुर मण्डल के देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र के बनकटा तिवारी गांव मे स्थित बाबा जंगली नाथ का मंदिर भक्तो के आकर्षण का केंद्र है। श्रावण मास, मानसमास के समय विशाल मेला



लगता है। लाखो की संख्या मे भक्त आते है।हिंदू धर्म में सावन माह का विशेष महत्व है। सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। सावन का महीना भगवान शिव के भक्तों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण होता है।बाबा जंगली नाथ की महिमा के साथ साथ यहां का प्रकृति परिदृस्य भी बड़ा ही मन भावन है, यहां एक तरफ भव्य मंदिर दूसरी तरफ छोटी गंडक नदी है। सोर शराबे से दूर शांत जगह, हमेसा ताजी हवा मिलता है। भगवान शिव के भक्त सावन के महीने में पूरी श्रद्धा भक्ति से भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं और भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों की सारी मनोकामना पूरी करते हैं इसी दौरान हरेंद्र चौहान, जयचं कुशवाहा,जयप्रकाश कुशवाहा, गोपाल ठाकुर,दिलीप यादव, जगदेव पाण्डेय, किंकर बाबा, मैके पर भटनी पुलिस जगह जगह उपस्थित रहे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही

## गाजे-बाजे के साथ निकली बाबा महाकाल की पालकी यात्रा

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद– सोमवार देर शाम श्री बाबा महाकाल मित्र मंडल समिति के तत्वावधान में बाबा महाकाल की पालकी यात्रा गाजे–बाजे के साथ राधाकृष्ण मंदिर से निकाली गई। पालकी यात्रा में आधा दर्जन झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शिवभक्तगण बाबा के भजनों पर झूमते दिखाई दिए। बाबा महाकाल की पालकी यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से प्रारम्भ हुई। जो कि घंटाघर, सदर बाजार, शास्त्री मार्केट, गंज चौराहा होते गंज मौहल्ला स्थित सिद्वेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। पालकी यात्रा में शिव भक्त हाथों में डमरू लेकर शिवभजनों पर झूमते नजर आए। पालकी यात्रा में उज्जैन से आई महाकाल बाबा की मूर्ति आकर्षक का केंद्र बनीं रही।



भगवान शिव की सजीव झांकी के दर्शन कर भक्तजन भावविभोर हो गए। डमरू बजाते तो कोई भस्म उड़ाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुआ। जगह–जगह महाकाल की आरती उतारी गई। इस दौरान दुष्यंत यादव, मनोज, मयंक भटनागर, प्रमोद राजपूत, वेदप्रकाश यादव, शिवांशू शर्मा, उपेंद्र दीक्षित, सुनील अग्रवाल, कन्हैयालाल गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, अभिषेक मित्तल, दीपक गुप्ता कालू, लकी गर्ग, आकाश गर्ग, अनुपम शर्मा आदि शामिल रहे।

## डीएम व सीडीओ ने संचारी रोग नियन्त्रण महाअभियान का किया शुभारम्भ

रिपोर्ट – राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद।

फिरोजाबाद– विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत एक जुलाई से चलाए जा रहें महाअभियान को और अधिक गति प्रदान देने के लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व प्रशासनिक टीम के साथ सोमवार को विकास खण्ड अरॉव के ग्राम पंचायत कंथरी में पहुंचे। घरों में पड़े कूलर, फ्रिज, ड्रम, टायर, गमले, पशु पक्षियों के पानी–पीने के पात्र आदि को खाली कराए जाने को लेकर वृहद अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि मलेरिया, डेंगू, डायरिया आदि मौसम जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये हर परिवार के तहत पूरे जनपद में अभियान के तौर पर कार्य किया जा रहा है। कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखें, खुले में शौच न करें, रोजाना स्नान करें, ताकि संचारी रोग से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिये सरकारी अस्पताल लाये। उन्होने वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम व बचाव के बारे में जागरूक किया जायें। इस दौरान जिलाधिकारी रवि रंजन, मुख्य विकास अधिकारी चर्चित गौड़ ने नेहरू युवा कंद्र के वालिटयर्स व आशा एवं सफाई कर्मियों को रवाना करने से पहले उपस्थित जन सामान्य एवं अधिकारियों, कर्मचारियों को जन जागरूकता व संचारी रोग नियंत्रण हेतु शपथ भी दी, जिसमें कहा गया कि व्यक्तिगत साफ–सफाई का ध्यान रखेंगे।अपने घर के आस–पास साफ–सफाई रखेंगे, अपने गांव के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे, तथा समुदाय को साफ–सफाई एवं स्वच्छता अपनाने के लिये प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा हमारे गांव में बुखार से पीड़ित होगा, उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिये सरकारी अस्पताल जाने के लिये प्रेरित करेंगे। उन्होने कहा कि कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है, दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता हैं, और रोग के उपरान्त शारीरिक और मानसिक विकलांगता भी ला सकता हैं।



## श्रावणी उपाकर्म पर किया स्वस्ति महायज्ञ का आयोजन वैदिक मंत्रों की ऋचायों से गुंजायमान हुआ गांव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,छाता। वेद प्रचार संस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा जिला मथुरा के तत्वाधान में गांव खायरा में तृतीय वैदिक सत्संग एवं यज्ञ का आयोजन श्रावणी उपाकर्म वेद प्रचार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता पं रामदेव भारद्वाज के निवास स्थान खायरा पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य स्वदेश महाराज की सद्प्रेरणा से हवन यज्ञ आचार्य पं धर्मवीर आर्य के द्वारा किया गया एवम् वैदिक संगीत के माध्यम से यज्ञ महिमा का गुणगान किया।आर्य समाज खायरा के प्रबंधक पंडित बलवीर महाशय ने बताया कि आर्यावृत का भू–भाग वर्षा व कृषि बाहुल्य होने के कारण वैदिक युग में ऋषियों ने वर्षाकाल को वेद स्वाध्याय के लिए शुभ माना है। सावन मास सभी मास से उत्तम मास कहा गया है इसलिए इस माह में पूजन यज्ञ हवन किया हुआ सर्वाधिक लाभकारी होता है। आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान दान सिंह आर्य ने बताया कि यज्ञ हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है , हवन यज्ञ करने से वायुमंडल से सभी प्रकार के अन्धकार दूर होते है। कोरोना भारत का कुछ बिगाड़ नहीं सकता, बशर्तें हमारी जीवनशैली प्रकृति आधारित और सांस्कृतिक हो। ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के भारत शर्मा ने यज्ञ कराने के उद्देश्य के संबंध में बताया कि ऐसे आयोजन से मन में शांति व मनोविकार से लड़ने के अलावा साकारात्मक विचार को संबलता मिलती है। इस वैदिक सत्संग के अवसर पर आर्य समाज के प्रबंधक बलवीर आर्य, ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित रामदेव भारद्वाज, डा देवदत्त शर्मा, तोताराम प्रधान, मुख्य यजमान इंजी मनोज शर्मा, डॉ आकाश शर्मा, प्रीति शर्मा, डॉली शर्मा, रामवती शर्मा, शीला शर्मा, नीतू शर्मा, देवेंद्र, आदि उपस्थित रहे।





## महिला हत्याकांड का पर्दाफाश अवैध संबंधों को लेकर पति ने की थी पत्नी की हत्या, जेल भेजा



अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। अवैध संबंधों को लेकर पति ने ही की थी महिला की हत्या पुलिस जांच में हुआ हत्याकांड का पर्दाफाश आला कत्ल बरामद हत्यारा पति गया जेल। बता दें शनिवार की रात क्षेत्र के ग्राम धीरपुर में घर के बाहर सो रही महिला की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। घटना का कोई चश्मदीद नहीं मिल रहा था न ही मुकदमे में किसी को नामजद किया गया था पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया था इसको लेकर पुलिस संशय में थी। हालांकि घटना के बाद से ही महिला का पति पुलिस के संपर्क में नहीं आ रहा था जिससे पुलिस की शक की सुई उसके पति की ओर जा रही थी और उसकी भूमिका संदेहास्पद भी लग रही थी।बाद में पुलिस जांच के दौरान घर पर मौजूद मृतका के 12 वर्षीय पुत्र ने पुलिस को बताया कि उसके पापा ने ही उसकी मां को मार दिया और भाग खड़े हुए। उसने पहले डर की वजह से यह बात पुलिस के सामने नहीं बताई। पुलिस ने हत्या के आरोपी विष्णु की तलाश शुरू कर दी और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर विष्णु ने बताया कि उसकी पत्नी के गांव के ही देवेश पुत्र नेकराम से लगभग 5 साल से अवैध संबंध चल रहे थे। उसने कई बार उन्हें रंगे हाथों पकड़ा था। लेकिन रिंकी निडर होकर उसके साथ प्रेमालाप करती थी और हद तो तब हो गई जब विरोध करने पर वे दोनों मिलकर उसको कई बार पीट भी चुके थे। शनिवार को भी यही हुआ जब वह घर पहुंचा तो देवेश वहां पहले से मौजूद था। इसके बाद पति–पत्नी के बीच झगड़ा हुआ और विष्णु वहां से चला गया। रात को जब वह लौटा तो उसके सिर पर खून सवार था उसने पत्नी को रास्ते से हटाने का मन बना लिया और देर रात सोते वक्त ही पत्नी की गर्दन व सिर पर बंके से ताबड़तोड़ बार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने अज्ञात में दर्ज किए गए अज्ञात मुकदमे में हत्यारे पति का नाम उजागर कर उसे आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ब्राह्मण सभा ने दिनेश कौशिक की सुरक्षा को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा बृज द्वारा श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के मुख्य



वादी पं दिनेश शर्मा (कौशिक) की सुरक्षा की मांग को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मार्तण्ड प्रकाश सिंह को एक ज्ञापन सौंपा वही मीडिया से रूबरू होते हुए ब्राह्मण सभा के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पंडित चंद्र शेखर शर्मा ने कहा हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कौशिक श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में हिंदू पक्षकार हैं. उनको सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है उसी को लेकर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के बृज क्षेत्र के पदाधिकारियों ने पंडित दिनेश कौशिक की सुरक्षा को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मार्तण्ड प्रकाश सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है वही उन्होंने बताया ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने तत्काल फोन के माध्यम से सीओ गोवर्धन गौरव त्रिपाठी को अवगत कराकर आश्वासन दिया इस अवसर पर बृजेश दत्त भारद्वाज, राजेश पाठक , श्याम शर्मा , आशीष शर्मा , डी,के शर्मा राज नारायण गौड़, आदि उपस्थित थे।

## फतेहगंज पूर्वी इलाके में खूंखार बंदरों एवं कुत्तों का आतंक नगर वा देहात की महिलाएं और छोटे बच्चे हो रहे बंदरों के शिकार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फतेहगंज,पूर्वी। नगर व देहात में खूंखार बंदरों का आतंक चरम पर है जिनकी चपेट में आकर महिलाएं का बच्चा घायल हो रहे हैं लेकिन नगर पंचायत बंदरों के आतंक पर जरा भी ध्यान नहीं दे रही नगर वासियों ने खूंखार बंदरों को पकड़वाने की नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है! नगर में इन दिनों खूंखार बंदर और कुत्तों का आतंक बढ़ता ही चला जा रहा है नगर की छतों पर खूंखार बंदरों के झुंड के झुंड बैठे रहते हैं और जैसे ही कोई बच्चा और महिलाएं गर्मी में परेशान होकर छत पर पहुंचती हैं वैसे ही बंदरों के खूंखार झुंड उनके ऊपर हमलावर हो जाते हैं कई बार नगर में खूंखार बंदरों के आतंक से गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं अभी कुछ दिन पहले ही मोहल्ला बाजार जनूबी में पूनम और स्वाति अपनी छत पर शाम के समय टहल रही थी कि बंदरों के खूंखार झुंड ने उन पर हमला कर दिया इससे दोनों महिलाएं घायल हो गयी हैं वहीं क्षेत्र के गांव निवरिया उचसिया झादा रमह्मपुरा करतौली लखनपुर आदि गांव में भी बंदरों के आतंक से ग्रामीण और महिलाएं एवं छोटे बच्चे दिन भर परेशान रहते हैं लोगों ने बताया कि जैसे ही घर में खाना खाने के लिए कोई सदस्य बैठता है तो बंदर पूरा झुंड बनाकर उसके ऊपर हमला कर देते हैं और खाने के सामान को छीन ले जाते हैं बंदरों के सामने बड़े



पुरुष और महिलाएं भी डंडा लाठी लेकर उनका सामना नहीं कर पाते हैं वही नगर में इन दिनों खूंखार कुत्तों का भी आतंक सड़कों पर फैला हुआ है खूंखार हुए कुत्ते आए दिन छोटे बच्चों और स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों पर हमला करते रहते हैं नगर के लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द आवारा कुत्ते और बंदर पकडवायेजाने की मांग की है वरना किसी दिन बंदर और आवारा कुत्तों से नगर में कोई हादसा होने की आशंका बनी हुई है!

## एसडीएम का सर फोड़कर चर्चाओं में आए गणेश पहलवान के आगे नतमस्तक है पुलिस नहीं लिख रही विधवा की रिपोर्ट

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,गोवर्धन। एसडीएम राकेश मालपानी का सरफोड़कर चर्चाओं में आए दबंग चेहरा के रूप में उभरे ब्राह्मण युवा दबंग की दबंगई उस समय और वेग में आ गई जब गोवर्धन थाने में स्पेक्टर के तौर पर अरविंद कुमार ने अपने रिश्वतखोरी का माध्यम की तलाश पूर्ण कर गणेश पहलवान को खुला संरक्षण दे दिया फिर क्या था उक्त बदजुवान बदमिजाज गणेश पहलवान ने हर वो कार्य कर अकूत संपत्ति अर्जित की और अपने आपको स्वयंभू दबंग स्टार घोषित कर पुलिस को नपुंसक साबित कर दिया और पुलिस के साथ प्रशासन भी नतमस्तक होकर रह गई और कस्बे की जनता का जम कर दोहन उत्पीड़न किया जाता रहा । सूत्रों के अनुसार गणेश पहलवान की दहशत पुलिस में इतनी ज्यादा हो गई कि धीरे धीरे वो कानपुर के कुख्यात विकास दुबे की राहों पर चल पड़ा और अपनी ताकत के नशे में चूर हो कर सुप्रीम कोर्ट की ईकाई एन जी टी के आदेशों के खिलाफ गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के सप्त कोसीय बाजार को बंद करवा कर कस्बे में भय वा आतंक का माहौल बनाकर देश के सर्वोच्च न्यायालय को खुली चुनौती देने का कार्य कर देता है तो देश पर पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की प्रथम पुण्य तिथि पर भी अभद्र टिप्पणी करने से भी नहीं चूका जिसे दो मीडियाकर्मियों ने रिकॉर्ड कर लिया जिसकी जानकारी होने पर अपनी दबंगई से उक्त क्लिप डिलीट करवा दी गई। गणेश पहलवान की गुंडई के खौफ और उत्पीड़न के चलते कस्बे में 90 : लोग पीड़ित हैं जो नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि कस्बे में होने वाले सभी अनैतिक कार्यों से गणेश पहलवान बकायदा पैसे एकत्र कर पुलिस के कुछ अधिकारियों से लेकर प्रशासन तक पहुंचाता है और अपना हिस्सा अलग से लेता है कस्बे के नागरिकों के मुताबिक अगर पुलिस अपनी ताकत और कार्य शैली को निष्पक्ष करते हुए कार्य करे तो कस्बे से जुआ सट्टा, नशे का कारोबार ,अवेध कब्जे , दूषित मिठाईयां वा काला बाजारी आदि पर अंकुश लग सकता है लेकिन पुलिस गणेश पहलवान के इतने दबाव में है कि निष्पक्ष कार्य कर ही नहीं सकती है। जिसका जीता जागता ताजी उदाहरण है सविता नामक विधवा महिला का जो सर्व विदित है कि गणेश पहलवान ने किस प्रकार उसके देवर के साथ मिलकर दुकान पर अवैध कब्जा कर लिया है लेकिन पुलिस है कि सबकुछ जानते हुए पीड़ित विधवा महिला की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कर रही है। पीड़ित विधवा महिला ने एस एस पी मथुरा को पुन दिए अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि प्रार्थिया सविता सैनी पत्नी स्व श्री प्रीतम सैनी निवासी सैनी मोहल्ला दसबीसा गोवर्धन की रहने वाली एक विधवा महिला है जो पति की मृत्यु के बाद जैसे तैसे अपना और अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है। महोदय बिजलीघर तिराहे गोवर्धन पर पार्थिया के पति की एक दुकान गोविंद धर्मशाला में है जिसे गणेश पहलवान पुत्र छिद्दी पहलवान ने 20 हजार रुपए प्रति महीने में किराए पर लिया था लेकिन विगत दो साल से न तो किराया दे रहा न दुकान वापिस कर रहा है। दिनांक 18 मई 22 को को जब प्रार्थियां ने पुन अपना शेष किराया मांगा और दुकान वापिस करने की कहा तो गणेश पहलवान ने अपने पुत्र, भतीजे और सुंदर उर्फ पंकज पुत्र युधिष्ठिर विष्णु सैनी राल वाले का लडका ने मेरे साथ मारपीट की अश्लील हरकतें करते हुए बेइजत करते हुए धक्के मारकर भगा दिया और धमकी दी कि तेरे देवर कमल को हमने कीमत चुका दी है और लीखापड़ी करा ली है अब दोबारा दुकान वापिस मांगने आई तो तुझे जान से मार देंगे । पीड़ित विधवा महिला ने आगे लिखा है कि गणेश पहलवान ने यह भी धमकी दी कि जब मैने वर्ष 2010 में एस डी एम सदर राकेश मालपानी की खोपड़ी फोड़ी थी तब पुलिस पर मेरा कुछ नहीं बिगड़ा मैने सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ लोगों को भड़काकर गोवर्धन बंद करवाया और माहोल बिगड़ा तब भी पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकी, मैने साजिश कर पांच पुलिस वालों को सस्पेंड करवाया तब भी पुलिस पर कुछ नहीं बिगड़ा मेरे खिलाफ कई मामले दर्ज हैं परंतु पुलिस की क्या ओकात जो मेरे खिलाफ जा सके और डीएम,एस एस पी मेरे यहां रोज आते हैं और में मुख्यमंत्री का खाश हूं मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।

पीड़ित विधवा महिला ने अपने पत्र में एस एस पी मथुरा के वावत यह भी लिखा है कि मैने सुना है कि श्रीमान जी नेकदिल इंसाफ पसंद अधिकारी हैं इसलिए बड़ी उम्मीद लेकर आपकी शरण में न्याय पाने की उम्मीद है आई हूं कि धोखे से ली है दुकान और 20 हजार रूपए के हिसाब से 24 महीनों के किराए को न देने अश्लील हरकतें करने मारपीट गाली गलौज करने जान से मारने की धमकी देने तथा देवर के साथ मिलकर मेरी दुकान के फर्जी कागजात तैयार करने के संबंध में प्रार्थिया की रिपोर्ट दर्ज कराकर मुझे न्याय दिलाएंगे।

अब यह तो आने वाले समय मे ही पता चलेगा कि मुजफ्फर नगर जैसे संवेदनशील जिले को सुधारने वाले लोक प्रिय वा न्यायप्रिय एस एस पी मथुरा अभिषेक यादव इस गणेश पहलवान जैसे नासूर पर लगाम लगाने में रुचि रखते हैं और उच्च कोटि का राजनेतिक संरक्षण प्राप्त उनके एस एच ओ गोवर्धन नितिन कसाना गणेश पहलवान पर क्या प्रभावी कानूनी कार्रवाई करते हैं क्योंकि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पूर्व अपने विरुद्ध हाइवे थाने से खुली एक जांच से मुक्त होकर नितिन कसाना ने टटलूओ के गड़ में अपने आपको एस एच ओ गोवर्धन घोषित किए सैकड़ों अपराधियों को स्पष्ट संकेत देकर अपनी उच्च कोटि की राजनेतिक पहुंच का परिचय दिया था और नतीजन पूर्व एस एच ओ के निलंबन के बाद एक सप्ताह गोवर्धन थाना खाली रहा और जैसे ही गैर जनपद आगरा से मथुरा जनपद में नितिन कसाना ने एंट्री कराई उसके चंद घंटे बाद गोवर्धन थाने का चार्ज प्राप्त कर अपनी दबंगई और पहुंच का परिचय दिया ऐसे दबंग नितिन कसाना गणेश पहलवान के आगे नतमस्तक होकर जी हुजूरी कर विधवा महिला को न्याय दिलाने में नाकामयाब रहते है अथवा अपनी ताकत और दबंगई के आगे बडकर गणेश पहलवान के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई कर पाते हैं यह तो आने वाला समय ही तय करेगा।

## 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने का पी.एफ.आई का षडयंत्र हिंदुओं को व्यक्तिगत सुख दुख और हानि का विचार न कार राष्ट्ररक्षा के लिए आगे आना चाहिए

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने का पी.एफ. आई.का हिन्दुओं को व्यक्तिगत सुख–दु:ख और हानि का विचार न कर राष्ट्ररक्षा के लिए आगे आना चाहिए, तब ही राष्ट्र बचेगा ! – महंत दीपक गोस्वामी, ज्ञानम फाउंडेशन– 'वर्ष 2047 में भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए यदि 10 प्रतिशत मुसलमान सहायता करें, तो निर्बल बहुसंख्यकों को (हिन्दुओं को) घुटने पर लाकर इस्लाम स्वीकारने हेतु बाध्य करेंगे', ऐसा आत्मविश्वास से कहनेवाले 'पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया' के (पी. एफ.आई.के) कागजातों की ओर हिन्दू अनदेखी न करें । इसी वृत्ति के कारण एक समय भारत का ही एक भाग रहे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका हमने खो दिए हैं । आज हमारी कुछ हानि होगी, इस भय से यदि हम पीछे रहेंगे, तो कल राष्ट्र ही शेष नहीं रहेगा । यदि राष्ट्र अपना नहीं रहा, तो हमारा कुछ शेष नहीं रहेगा। 'सेक्युलर' सरकार भी नहीं रहेगी। झारखंड के एक विद्यालय में मुसलमान विद्यार्थियों की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक होने पर वहां हिन्दू विद्यार्थियों को हाथ जोडकर प्रार्थना करने हेतु सीधा प्रतिबंधित किया गया है। इसलिए अब हिन्दुओं को अपने व्यक्तिगत सुख–दुरूख और हानि का विचार न कर राष्ट्ररक्षा के लिए आगे आना चाहिए, ऐसा स्पष्ट प्रतिपादन राजस्थान स्थित 'ज्ञानम फाउंडेशन' के संस्थापक महंत दीपक गोस्वामी ने किया है । हिन्दू जनजागृति समिति आयोजित '2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने का पी.एफ.आई. का षड्यंत्र ?' इस विषय पर ऑनलाइन 'विशेष संवाद' में वे बोल रहे थे। इस समय बिहार के 'भारतीय जनक्रांति दल' के राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्रा ने कहा, बिहार की घटना से पी.एफ.आई. और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना करना अनुचित है । पी.एफ.आई. विविध घातक शस्त्रास्त्रों का प्रशिक्षण देकर देश में हिंसक कृत्य कर रही है तथा देशप्रेमी संगठन रा.स्वं. संघ नागरिकों को स्वसुरक्षा प्रशिक्षण सिखा रहा है । वास्तव में देखें तो संघ के संबंध में आपत्तिजनक वक्तव्य करनेवाले बिहार के पुलिस अधिकारी मानवजीतसिंह डिल्लोन के खालिस्तानी आतंकवादियों से कुछ संबंध हैं क्या, इसका अन्वेषण करना चाहिए। 'पी.एफ.आई.' जैसे देशघाती संगठनों पर प्रतिबंध लगाएं! इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के प्रवक्ता श्री. नरेंद्र सुर्वे ने कहा कि, तुर्किस्तान का गुप्तचर दल 'आई.एच.एच.' दान के नाम पर संसार भर में आतंकवादी कृत्य करता रहता है । इसी दल के साथ पी.एफ.आई. की अनेक बैठकें हुई हैं । चीन से पी.एफ.आई. को करोडों रुपए मिले हैं । उसी का दूसरा संगठन 'कैम्पस फ्रंट ऑफ इंडिया' (सी.एफ.आई.) और अन्य संगठनों को 100 करोड मिले हैं, यह 'ईडी' के अन्वेषण में सामने आया है । 'नागरिकता सुधार कानून' का विरोध करने के लिए पी.एफ.आई. को विविध देशों से 120 करोड रुपए आए हैं। अनेक हिन्दुत्ववादियों की हत्या इस संगठन ने की हैं। प्रतिबंधित संगठन 'सिमी' के ही लोग पी.एफ.आई. संगठन के माध्यम से देशघाती कृत्य कर रहे हैं। केरल में इसी संगठन की रेली में 10 वर्ष के लडके ने हिन्दुओं का नरसंहार करने का आवाहन किया था। इसलिए 'पी.एफ.आई.' के साथ संलग्न देशघाती संगठनों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।



## गर्व की बात 76 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं को कैंपस के जरिये से मिल जाती है नौकरी : कुलाधिपति

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाऐं उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को सच्चाई में बदलकर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश–समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर



सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की। जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा–निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ–साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़–प्रतिज्ञ है। 110 एकड़ के शोर–शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी–भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है। वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक–तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ–साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है। किसी भी विषय को सीखाने–समझने के लिए अलग–अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है, किसी छात्र को पढ़कर समझ आता है, किसी छात्र को वही विषय डिस्कशन के द्वारा समझ आता है, तो वहीं किसी छात्र को उस विषय पर पूछे गये प्रश्नों को हल करके। इसी प्रकार कुछ छात्रों को कोई विषय 'प्रोजेक्ट एक्टिविटि' के द्वारा तथा कुछ को उस 'विषय' से सम्बन्धित प्रयोगों को स्वयं प्रयोगशाला में, वास्तविक रूप से करके ही समझ आता है। जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठयक्रमों में शिक्षण–प्रशिक्षण के लिए इन विधियों–तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय–शाखा में पारंगत हो सके।विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षकों को जीएलए विश्वविद्यालय की फैकल्टी में शामिल किया गया है। जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष–हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि जीएलए के छात्र–छात्राऐं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। जीएलए विश्वविद्यालय का मूल–मन्त्र–'परफैक्ट टीचिंग के साथ–साथ परफैक्ट लर्निंग' भी है। अपने छात्रों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जॉब अपॉर्च्युनिटी एवं प्लेसमेन्ट हेतु पूरी तरह योग्य व सक्षम बनाने के लिए हमने हर विषय व ब्रान्च का पाठ्यक्रम तैयार करते समय नैसकॉम, मैकिन्जी व वर्ल्ड बैंक की रिपोट्र्स को भी पूरी तरह ध्यान में रखा है। इन रिपोट्र्स में प्रस्तुत आंकड़ों एवं सुझावों को ध्यान में रखकर तैयार किए गये 'पाठ्यक्रम' के कारण हमारे छात्रों के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की सम्भावनाओं में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है। विश्वविद्यालय में अल्ट्रा–मॉडर्न टैक्नोलोजी पर आधारित श्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। जिसके कारण यहां के हर छात्र–छात्रा को अपने शैक्षिक व तकनीकी ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ स्तर पर ले जाने का पूरा अवसर मिलता है।वर्तमान में जीएलए विश्वविद्यालय में 12 हजार से अधिक छात्र इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी, इन्स्टीटयूट ऑफ बिजनेस मैनेजमैन्ट, इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च व इन्स्टीटयूट ऑफ एप्लाईड साईन्सेज एण्ड हयूमिनिटीज, इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (विधि संस्थान) में उच्च–स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान को अपने 33000 से अधिक पूर्णतया सफल 'एल्यूमनाई–बेस' (पूर्व छात्र–छात्राओं) पर गर्व है। जीएलए विश्वविद्यालय वर्तमान में इन्जीनियरिंग की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में अन्डर–ग्रेजुएट, पोस्ट–ग्रेजुएट व डॉक्टरल कोर्सेज उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय का समर्पित 'ट्रेनिंग व प्लेसमेंट' विभाग यहां के छात्र–छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ व परफैक्ट स्तर तक पहुंचने में समर्थ बनाता है, ताकि वे अपनी इच्छा के क्षेत्र में बेस्ट प्लेसमेंट पा सकें। जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्र–छात्राओं को शिक्षा और तकनीकि श्रेष्ठता के उन सर्वश्रेष्ठ स्तरों पर पहुंचने में भी सहायता



करता है, जहां सर्वश्रेष्ठ व महान लक्ष्य खुद उन्हें खोजे।यह वास्तव में अत्याधिक गर्व व हार्दिक सन्तोष का विषय है कि प्रतिवर्ष जीएलए के लगभग 76 प्रतिशत विद्यार्थियों को परीक्षा और इन्टरव्यूज के माध्यम से ही 500 से अधिक कंपनियों द्वारा चुन लिया जाता है। इसके साथ ही जीएलए विश्वविद्यालय इन्डस्ट्रियल विजिट्स, गैस्ट लैक्चर्स, वर्कशॉप्स, ट्रेनिंग कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार के डवलपमेंट कार्यक्रम, कॉफ्रेंस, सेमिनार आदि का निरन्तर आयोजन करता रहता है। इन विजिट्स तथा कार्यक्रमों में विशेषज्ञ फैकल्टी मेम्बर्स, वैज्ञानिकों,इन्जीनियर्स तथा प्रतिष्ठित व सफल उद्धमियों को आमन्त्रित किया जाता है। जो यहां के छात्र छात्राओं को अपने ज्ञान–अनुभव और अपनी सफलता के वास्तविक कारणों के बारे में बेहद दोस्ताना माहौल में बताते हैं। इस प्रकार से यहाँ के छात्र–छात्राओं को व्यापक सोच के साथ ऊंचे लक्ष्यों तक पहुँचने का ज्ञान व उत्साह से परिपूर्ण दिशा–निर्देश निरन्तर प्राप्त होता रहता है। एक उच्चकोटि के शैक्षणिक व तकनीकि संस्थान के रूप में जीएलए विश्वविद्यालय छात्र–छात्राओं को शिक्षा व तकनीकि ज्ञान के सर्वोच्च स्तर उपलब्ध कराकर देश और समाज के विकास व कल्याण में अधिकतम योगदान देने को पूर्णतया दृढ़–संकल्पित है। जीएलए विश्वविद्यालय के आधारभूत सिद्धान्त व आदर्श कुलाधिपति श्री नारायण दास अग्रवाल के संस्कारपूर्ण आदर्शों पर ही आधारित।

# संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने पत्नी सहित किए ठाकुर द्वारकाधीश जी महाराज के किये दर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा । श्री द्वारकाधीश मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक यादव अपने परिवार के साथ कल सायंकाल शयन के दर्शन ठाकुर द्वारकाधीश जी महाराज के दर्शन कर प्रसाद लिया





इस दौरान मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट मंदिर के इतिहास और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को हो रही ट्रैफिक की परेशानी के संबंध में अवगत कराया और मंदिर कार्यालय में उनका स्वागत स्वागत किया गया और इस दौरान उन्होंने मंदिर की विजिटर बुक में अपने हस्ताक्षर से अत्यंत सुखद अनुभूति का रिमार्क भी लिखा।

### नगर आयुक्तमहोदय के आदेश के अनुपालन में डी0के0 सिंह,सहायक नगर आयुक्त एवम श्री लवकुश गुप्ता सहायक नगर आयुक्तके नेतृत्व में आज निम्नानुसार चिन्हांकन/अतिक्रमण हटान/प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी-

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। प्रतिबन्धित प्लास्टिक



पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान चलाते हुए वार्ड नं0–7 औरगांवाद व वार्ड नं0 36 में मौहल्ला दामोदरपुरा से लगभग 10 किलो प्लास्टिक/पॉलिथीन जब्त कर रू0 14500/– जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही गन्दगी फैलाने वालों से रू0 200/– जुर्माना वसूल किया गया। कार्यवाही के समय श्री निहाल सिंह स्वच्छता निरीक्षक व प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड के श्री हर्ष वर्मा तथा प्रवर्तन दल के श्री राजेश कुमार, श्री पंकज व श्री नरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। इसी प्रकार श्री लवकुश गुप्ता सहायक नगर आयुक्त द्वारा वृंदावन नगर मे सौ फूटा पुल से पापड़ी चौराहा तक अतिक्रमण आभियान चलाया गया, एवम प्रतिबंधित पॉलिथीन पर कार्यवाही करते हुए 2 किलो पॉलिथीन जब्त की गई।



### 80 लाख के लेन देन का आरोपी बर्खास्त पालिका कर्मी 155 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार, जेल भेजा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। बर्खास्त नगर पालिका कर्मी पहले हवाला व नाइजीरियाई गैंग से संपर्क के चलते चर्चाओं में रहा था जो 6 माह में 80 लाख के लेन–देन का आरोपी भी था। लेकिन नशे के सौदागर सौदागर प्रधान के साम्राज्य का अहम हिस्सा भी बताया गया है स्मैक तस्करी में लिप्त होने पर पुलिस ने स्मैक तस्करी के आरोप में भेजा जेल। एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के अवैध धंधे में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध पुलिस चलाया जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी फरीदपुर गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व कोतवाल राजेश कुमार की टीम ने गश्त के दौरान झारखंड के रांची से 6 माह में 80 लाख के लेनदेन के आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि साथी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। सोमवार को स्थानीय पुलिस के कस्बा इंचार्ज नवीन कुमार, एसआई राजकुमार, कांस्टेबल शिवकुमार व इंतजार अहमद शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु क्षेत्र में गश्त ड्यूटी पर थे। पुलिस की टीम जैसे ही मोहल्ला भूरे खां गौंटिया बाईपास पुराना भुता रोड पर पहुंची तो भुता रोड से दो व्यक्ति आते दिखाई दिए जो पुलिस को देख कर सकपका कर वापस पीछे लौटने लगे। पुलिस ने दौड़ कर एक को दबोच लिया जबकि दूसरा



साथी भागने में कामयाब हो गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मो. इरफान अंसारी पुत्र अल्ताफ अंसारी निवासी मोहल्ला भूरे खां गौंटिया व फरार साथी का नाम इकरार पुत्र लाल मोहम्मद निवासी मोहल्ला भूरे खां गौंटिया बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से 155 ग्राम स्मैक और मोबाइल फोन ओप्पो का बरामद किया बरामद की गई स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। ज्ञातव्य है कि पकड़ा गया तस्कर इरफान नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मी के रूप में कार्यरत था। पूर्व में दिल्ली निवासी रोमिका रॉबर्ट नाइजीरियन जब अपनी ठगी की गई रकम के लिए फरीदपुर पहुंच गया था जो पुलिस के हत्थे चढ़ गया तो उसने फरीदपुर में अपने संपर्क के लोगों के नाम बताए जिसने इरफान का नाम भी सोशल मीडिया पर वायरल तस्करों की लिस्ट में आठवां नंबर था ।पूर्व में नाइजीरियाई गैंग से जुड़े रूखसाद के संबंध इरफान से थे जिसे पुलिस ने 27 लाख की रकम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। जांच में पाया गया कि इरफान के एचडीएफसी बैंक के खाते से झारखंड से 6 माह में 80 लाख की रकम का का लेनदेन हुआ था सूत्रों के मुताबिक इसी रकम से बर्खास्त पालिका कर्मी ने बहुमंजिला कोठी बनाई और लग्जरी कार खरीदी आनन–फानन में लखपति बनने पर इरफान मोहल्ले वासियों की आंखों में खटकने लगा। घटना के बाद इरफान की सेवाएं अधिशासी अधिकारी नितिन गंगवार ने प्रदाता कंपनी को नोटिस भेजकर पालिका में सेवाएं समाप्त कर दी थीं। लेकिन पालिका के स्टाफ का दिली प्यार बरकरार रहा । सोमवार को भी जब इरफान को स्मैक तस्करी में पकड़ा गया तब भी नगर पालिका के कई कर्मचारी फरीदपुर कोतवाली में व मेडिकल परीक्षण के दौरान सीएचसी में उससे मिलने पहुंचे थे वह भी शक के दायरे में हैं पुलिस उन्हें भी बुला कर कभी पूछताछ कर सकती है।

### जनपद के सभी ब्लाकों में पंचायत मित्रों को डाउनलोड कराया गया दामिनी ऐप

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। वज्रपात की बढ़ती घटनाओं व संभावनाओं के दृष्टिगत शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार ग्राम स्तर पर वज्रपात पूर्व चेतावनी तंत्र विकसित कराया जा रहा है। जिस पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र द्वारा सभी राजस्व व पंचायत कर्मियों को दामिनी एप डाउनलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के द्वारा ब्लाकवार जागरुकता अभियान चलाकर जनपद के सभी ब्लाक के पंचायत सहायकों के मध्य गोष्ठी कर दामिनी ऐप डाउनलोड कराये गये हैं। इस अभियान के तहत विकास खण्ड सिरसिया के पंचायत मित्रों को दामिनी एप डाउनलोड कराया गया। इन कार्यक्रमों में एन डी आर एफ के जवानों ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को बाढ़ से बचाव, एक्सीडेंट होने पर प्राथमिक उपचार, सांस नली में बाहरी पदार्थ फंसने पर उपचार, घरेलू वस्त्र से स्ट्रेचर बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक पंचायतीराज जटाशंकर मिश्र ने सभी पंचायत मित्रों को निर्देशित किया की मोबाइल में डाउनलोड दामिनी एप का प्रतिदिन अवलोकन करें। वज्रपात होने की संभावना होने पर तत्काल ग्रामसभा के व्हाट्सऐप ग्रुप में सूचना भेजें। जिससे समय रहते सभी नागरिक स्वयं को सुरक्षित कर सकें। इसके अलावा उन्होंने सभी पंचायत मित्रों से अपने स्तर पर 100 व्यक्तिओं को दामिनी ऐप डाउनलोड करवाने का निवेदन किया। इस कार्यक्रम में की अध्यक्षता एनडीआरएफ के निरीक्षक धीरेन्द्र उपाध्याय व संचालन उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह ने किया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत फौजदार आर्या समस्त सचिव व एन0डी0आर0एफ0 के जवान मौजूद रहे।







# संक्षिप्त समाचार

## जेल से रिहाई के बाद पूर्व चेयरमैन अरुण कुमार सिंह का गाजीपुर सीमा में प्रवेश करने पर हुआ स्वागत

गाजीपुर । पूर्व चेयरमैन व सर्वदलीय संघर्ष समिति के संयोजक अरुण कुमार सिंह 6 वर्ष के बाद जेल से छूटने के बाद गाजीपुर सीमा मे प्रवेश करने के बाद समर्थकों द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया ।नारीपचदेवरा मे संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा गरीबों व समाज के कमजोर वर्गो के उत्पीड़न पर उनकों न्याय दिलाने के सदैव संघर्ष करता रहूंगा ।सपा व वसपा सरकार मे मैने गरीबों को न्याय दिलाने तथा विकास के लिए संघर्ष किया जिससे मुझे फर्जी ढंग से फंसाया गया ।मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश व देश में जो विकास कार्य किया उससे विकास की बयार बह रही है उसको जनता के बीच ले जाने का प्रयास करूंगा ।परन्तु मे भाजपा मे नही हूं ।सर्वदलीय संघर्ष समिति के माध्यम से आन्दोलन व न्याय दिलाने



का कार्य जारी रहेगा। श्री सिंह ने कहा 26 मई 2022 को करण्डा ब्लाक के बीडीओं पर किये गये जानलेवा हमले मे शामिल हमलावरों को आज तक गिरफ्तार नही किया गया ।गिरफ्तारी होने तक हमारा आन्दोलन जारी रहेगा। 27 अप्रेल 2015 में दो हिरोइन तस्करों को छुड़ाकर फरार होने वाले अपराधी फरार है। इस मामले मे योगी का बुल्डोजर उनके घर तक नही पहूंचा ।संरक्षण देने वाले नेताओं को बेनकाब करूंगा ।इस अवसर पर शिवप्रसाद सिंह, बटुकनाथ मिश्रा,बृजेश सिंह,गौतम मिश्रा, उदयप्रताप सिंह,चन्द्रभान सिंह,किसान नेता अमरनाथ यादव,बब्बन यादव,जगदीश यादव,उमेश यादव,राजठाकुर,राजेश सिंह,रुद्रप्रताप बन्टी, अतीक खांन,हूमायू खांन,ज्ञानेन्द्र प्रताप,हरिहर सिंह,संजय बिन्द, रामधनी बिन्द,संजय बिन्द,गोविन्द चौधरी,अविनाश सिंह,श्यामबिहारी ,सुहेलदेव राजभर,अजय सिंह आदि लोग प्रमुख रुप से मौजूद थे।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी वेद प्रकाश व ललित सोनी द्वारा आरोपी धुन्नीपाल पुत्र चुनकू निवासी ग्राम बिहरवां थाना सरधुआ को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुआ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

## विदेशी मॉडल्स के जलवो से सतरंगी हुई ग्लैम फैशन शो की शाम

• होटल क्लार्क शीराज में देश के तमाम राज्यों की मॉडल्स ने बिखेरे जलवे

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। ग्लैम फैशन फीड का ग्रांड फिनाले में देशभर से आई मॉडल्स के जलवों से शाम सतरंगी हुई। कैटवॉक करती मॉडल्स। रंग–बिरंगे परिधानों में रंगबिरंगी रोशनी में फैशन प्रेमियों के बीच 80 फीट के रैंप पर अपनी अदाओं का जलवा बिखेरने पहुंची, तो होटल क्लार्क्स शीराज का शहनाज हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नारी शक्ति को समर्पित फैशन फीड में करीब 145 डिजायनर परिधानों को रैम्प पर 69 देशी–विदेशी मॉडल्स कैटवॉक कर प्रस्तुत किया। मौका था आगरा रेडीमेट गारमेंट फेयर 2022 के उद्घाटन सत्र का। जिसमे पहली बार फैशन डिजायनर, मॉडल्स, गारमेंट मेनिफेक्चर्स, ब्यूटी आर्टिस्ट सब एक साथ नजर आये। ग्लैम फैशन एंड ब्यूटी एकेडमी और रावी इवेंट्स की ओर से सोमवार को आयोजित हुए फैशन फीड के बीच में हॉलीवुड और बॉलीवुड धुन के बीच मॉडल्स की परफॉर्मेंस देख फैशन प्रेमी मंत्रमुग्ध हो गए। रैंप पर ब्रज की मधुबनी शैली के परिधानों के बीच मॉडल्स ने आगरा की पहचान जरदोजी के बेहतरीन परिधान मॉडल्स की खूबसूरती पर चार चांद लगा रहे थे। फैशन शो में भारतीय और पश्चिमी संस्कृति का तड़का भी कई बार दिखाई दिया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजसेवी मधु बघेल, वरिष्ठ उघमी डॉ. रंजना बंसल, होटल क्लार्क्स के महाप्रबंधक अमूल्य कक्कड़, समाजसेवी प्रीति उपाध्याय, मिसेज इंडिया रही जया सिंह, डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा, जयदीप मल्होत्रा, वरिष्ठ फैशन डिजायनर राखी कौशिक, मनीष अलरेजा, सिमरन अलरेजा, हिमानी सरन और रितू अग्रवाल रही। अतिथियों का स्वागत ग्लैम फैशन एकेडमी की निदेशक डॉ. शिवानी मिश्रा, आशीष मिश्रा और रावी इवेंट्स के निदेशक मनीष अग्रवाल ने किया।

इन्हें किया सम्मानित ग्लैम फैशन फीड में एक्सीलेंस अवार्ड में मुंशी पन्ना मसाला उद्योग प्राइवेट लि. के



नितिन गोयल एवं फोटोग्राफी के क्षेत्र में नैनी स्टूडियो के निदेशक दीपक असवानी, स्पेशल डिजायनर ड्रेस अवार्ड से सम्मानित किया गया अशोक माहेश्वरी, प्रदीप माहेश्वरी (निदेशक केगरिमा मार्किट एलएलपी) संजीव कुमार अग्रवाल, आयुष गर्ग (निदेशक शंकर लाल नेमीचंद गारमेंट प्रा. लि.) विशाल अग्रवाल, भारत अग्रवाल(निदेशक श्री हरी टेडर्स) रोहित बरेजा, पुनीत बरेजा (निदेशक कपडा मंदिर ) लिपिका चड्डा (निदेशक टेलर बर्ड) अंजलि खिरवार, रूचि भदौरिया (निदेशक सुर्ख) मॉडल्स की कोरियोग्राफी कपिल आहूजा ने की इवेंट कोर्डिनेटर की भूमिका में अमित सूरी, अमित यादव, दिलीप कुमार रहे। शो में सेंडी लरमा, रूचि दुबे, भावना यादव, रिनेश भास्कर, रश्मि वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन आशीष मिश्रा और मनीष अग्रवाल ने किया। संचालन निधि सोनी ने किया।

## हिंदू लड़की को भगाकर ले जाने पर इलाके में सांप्रदायिक तनाव

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। खंदौली थाना क्षेत्र के गांव लहलर में हिंदू युवती को दूसरे समुदाय के युवक भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। आरोपी का परिवार घर का ताला लगाकर फरार हो जाने पर इलाके में सांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। बताया गया है कि गांव लहलर में शनिवार की रात तकरीबन नौ बजे घर से शौच के लिये खेत में गयी युवती को गांव का ही मुस्लिम युवक भगा ले गया। जब देर रात युवती घर नहीं पहुंची तो परिवारीजनों चिंता हो गई और वह आनन–फानन में इधर उधर पूछताछ करने लगे ने युवती को काफी खोजा। मालूम हुआ कि गांव का ही लड़का दूसरे समुदाय का व्यक्ति उनकी लड़की को बहला–फुसलाकर ले गया है। जब युवती के परिजन युवक के घर पहुंचे तो परिवारीजनों ने युवती को एक दिन बाद सकुशल लाने की बात कही। लेकिन इसके बाद वे भी रातों–रात घर पर ताला लगा कर भाग खड़े हुए । युवती के पिता विनोद ने थाना खंदौली में युवक और उसके भाइयों के खिलाफ तहरीर दी है। जिसकी वजह से गांव में संप्रदायिक तनाव की स्थिति बनी हुई है। विनोद का आरोप है कि उसकी पुत्री को गांव के ही नसीर का पुत्र रशीद बहला फुसला कर भगा ले गया है। जब इस बात की शिकायत रशीद के परिवारीजनों से की गई तो उन्होंने लड़की को एक दिन बाद वापस लाकर देने की बात कही थी लेकिन रशीद के परिवारीजन रातों रात घर का ताला लगा कर फरार हो गए। विनोद ने सुबह थाना खंदौली में युवक और उसके भाइयों के खिलाफ तहरीर दी है। भाई खाने वाली पुलिस भी सक्रिय हो गई है जल्द से जल्द युवक युवती को बरामद कर परिवार को सुपुर्द किया जाए फिलहाल क्षेत्र में संप्रदायिक तनाव बना हुआ है।

## शिक्षक अखिलेश दूबे हत्या कांड में थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

गाजीपुर। पड़ोसियों द्वारा मामूली विवाद को लेकर शिक्षक की ईट से कूच कर हत्या मामले में थानाध्यक्ष करंडा को लाइन हाजिर कर दिया गया। मालूम हो कि इस मामले में धारा 302 की जगह धारा 304 की एफआईआर दर्ज करने पर आक्रोशित लोगों ने बीती शाम मृतक का शव एसपी आवास के बाहर रखकर विरोध जताया। जिसके बाद आनन फानन मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने किसी तरह समझा–बुझाकर और एफआईआर में धारा परिवर्तन तथा तीन सदस्यीय पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराने का आश्वासन देते हुए आक्रोशित लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। आज पुलिस अधीक्षक ने एक्शन लेते हुए थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। इसके साथ ही एफआईआर में धारा परिवर्तित कर दी गई है। ज्ञात हो कि रविवार को रास्ते में खड़े ट्रैक्टर को लेकर हुए विवाद में जमुआव निवासी अखिलेश दुबे(46) की ईंट से मारकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक का बैठका और विजय शंकर जायसवाल उर्फ पिंटू का



घर आसपास है। छोटी–मोटी बातों को लेकर दोनों परिवारों में अक्सर किचकिच होती रहती थी। रविवार को अखिलेश दूबे ने दरवाजे पर पड़ी गोबर की खाद खेत में डालने के लिए ट्रैक्टर बुलाया था। जिसकी ट्राली विजय शंकर जायसवाल के घर के सामने थी। बस इसी बात पर विजय शंकर जायसवाल का लड़का सोनू मृतक के पुत्र दुर्गेश दुबे से गाली गलौज करने लगा। पुत्र द्वारा गाली का विरोध करने पर सोनू ने उसे घूसा मार दिया। जिससे दुर्गेश के होठ फट गया और खुन बहने लगा। मौके पर पहुँचे अखिलेश ने दोनों को झगड़ा न करने की नसीहत देते हुए वहां से हटा दिया। खुन्नस खाये विजय शंकर उसकी पत्नी शकुंतला और पुत्री सोनम ईंट पत्थर हांथ में लिए अखिलेश के पास पहुंच गये। विजय शंकर ने सामने से अखिलेश को कसकर पकड़ लिया तथा पत्नी शकुंतला ने हाथ में लिये ईंट से अखिलेश के सिर पर प्रहार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## सहज पाठ साहिब जी के मध्य के भोग पर कीर्तन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा। फरवरी 2022 से शुरू धन धन श्री गुरु नानक देव जी की सातवीं ज्योत गुरु हरिराय साहिब जी के आगमन दिवस गुरपुरब की खुशी में गुरु भक्ति में लीन होकर रोज पांच महीने तक सिमरन से जुड़ी संगते श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ चौपाई साहिब जी के पाठ अरदास के साथ 14 फरवरी 2022 से सहज पाठ की आरंभता महर्षिपुरम स्त्री सत्संग सभा द्वारा की गई सभी ने शब्द गुरवाणी सिमरन में शामिल होकर अपना जीवन सफल किया सहज पाठ के साथ देश भर से ऑनलाइन से भी संगते जुड़ी 18,7,2022 को सहज पाठ साहिब



जी के मध्य पाठ की अरदास पर स्त्री ससंग द्वारा कीर्तन पाठ हुवे 1,माता की आसीस पूता माता की सदा भजो जगदीश ,2,खुशियां खुशियां लख खुशियां पातशाहिया, मुख्य रूप से नीतू कौर, बलजीत कौर ,बबी कौर,गंभीर कौर, अलका आडवानी, पूनम तलवानी,राधा वाधवानी, सुखप्रीत कौर, देवेंद्र कौर ,रितु लांबा, चांदनी भोजवानी ,मीनाक्षी, जसवीर कौर,सुखप्रीत कौर, सतनाम कौर, बबली कौर, दवेंद्र कौर, आदि।

## माथुर वैश्य महासभा के रक्तदान शिविर के लिए महिलाओं ने किया व्यापक जनसंपर्क, 24 को होगा रक्तदान

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद। माथुर वैश्य महासभा द्वारा आगामी 24 जुलाई को पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं, इसी क्रम में फतेहाबाद में लगाए जाने वाले शिविर के लिए महिलाओं ने कस्बे में व्यापक जनसंपर्क किया तथा लोगों को रक्तदान के फायदे बताएं। इस दौरान कार्यक्रम का नेतृत्व फतेहाबाद की रक्तदान शिविर प्रभारी अनीता मनोज गुप्ता ने किया।

प्राप्त जानकारी अनुसार अखिल भारतीय माथुरवैश्य महासभा के अंतर्गत केंद्रीय युवादल एवं मण्डलीय परिषद फतेहाबाद के नेतृत्व में 24 जुलाई 2022 को रक्तदान शिविर का आयोजन फतेहाबाद के कान्हावन ग्रीन्स में किया जाना है। सोमवार को रक्तदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया ।यह अभियान सर्वप्रथम उत्तर क्षेत्र में चलाया गया जिसमें क्षेत्र की महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया,रक्तदान करने के फायदे बताये गए, रक्तदान कौन कर सकता है और कौन नही कर सकता यह भी बताया गया। रक्तदान प्रचार के लिए घर घर जाकर स्टिकर लगाये और पेम्पलेट बांटे गए।

सभी ने रक्तदान करने का और कराने का अस्वासन दिया। रक्तदान प्रचार प्रसार के लिए रक्तदान शिविर प्रभारी फतेहाबाद अनीता मनोज गुप्ता , उत्तर क्षेत्र महिलामण्डल अध्यक्षा श्रीमती रेनू संजय अनवारिया ,दक्षिण क्षेत्र मंत्राणी श्रीमती ऊषा राजेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रही। इस दौरान मंडलीय परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शिविर में फतेहाबाद क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में रक्तदान कर रहे हैं जिसकी सूची बनाई जा रही है।

## प्रशासन द्वारा तालग्राम की घटना में की गई कार्रवाई को लेकर हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। प्रदेश की योगी सरकार एक और प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के चलते सख्त रुख बनाए है बावजूद इसके कुछ अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश के चलते जनपद कन्नौज के थाना तालग्राम के ग्राम रसूलाबाद में अराजक तत्वों द्वारा असंवैधानिक कार्य के चलते जहां एक ओर जिले में प्रशासनिक फेरबदल हुए वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल योगी सेना के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की स जनपद के तालग्राम थाना के ग्राम रसूलाबाद में बीते दिनों एक मंदिर परिसर के अंदर गाय का कटा सर मिलने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए जिस तरीके से प्रशासनिक फेरबदल किए और साथ में संदेह के घेरे में आए चिन्हित लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेजने के बाद से ही हिंदू संगठन बजरंग दल ने पुलिस प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई के साथ हिंदुओं पर अत्याचार का आरोप लगाया आपको बताते चलें बीते दिनों घटना के बाद आक्रोश फैल गया था जिससे कुछ उपद्रवी तत्वों ने उपद्रव करने की कोशिश की थी जिसको लेकर प्रशासन ने दोनों तरफ से चिन्हित लोगों पर कार्रवाई कर जेल भेज दिया था ।

इस पर बजरंग दल के लोगों ने हिंदुओं के साथ अन्याय होने की बात कहते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर हनुमान चालीसा पढ़ कर ज्ञापन सौंपने का काम किया और साथ में प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा हमारे निर्दोष लोगों को नहीं छोड़ा



गया तो हम लोग आंदोलन करेंगे इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष संजय भदोरिया उपाध्यक्ष मिलन शुक्ला नगर अध्यक्ष शैलेंद्र त्रिवेदी सह मंत्री अभिनव चतुर्वेदी योगी सेना जिला अध्यक्ष गोपाल पांडे अनुज राठौर शिवम शुक्ला अनुपम कुशवाह सौरभ तिवारी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## श्रावण मास के पहले सोमवार को सिद्ध पीठ बाबा गौरीशंकर में लगा भक्तों का तांता


मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। कन्नौज शास्त्रों में ऐसा कहा जाता कि श्रावण मास भगवान शंकर को अति प्रिय होता है इस मास के सोमवार में व्रत रखकर मांगी जाने वाली मुराद महादेव अवश्य ही पूरी करते हैं उसी मान्यता के चलते कन्नौज जनपद स्थिति सिद्ध पीठ बाबा गौरी शंकर के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया जहां पर बच्चे बूढ़े नवजवान स्त्री पुरुष और विद्यार्थी भी शिव की भक्ति में लीन दिखाई दिए भीड़ के चलते किसी भी भक्त को कोई असुविधा ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ–साथ मंदिर कमेटी के लोग भी सक्रिय और मुस्तैद दिखाई दिए। श्रावण मास देवों के देव महादेव को अति प्रिय होता है शास्त्रों और पुराणों में ऐसी मान्यता है कि श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार को व्रत रखने से व्रत करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मनोकामनाएं जरूर पूर्ण होती हैं उसी मान्यता और विश्वास के चलते श्रावण मास में चार सोमवार पड़ने बाले है इस मास का पहला सोमवार होने के चलते आज जनपद के सभी शिवालयों में भक्तों का टाटा दिखाई पड़ा उसी क्रम में सिद्ध पीठ स्वयंभू प्राचीन बाबा गौरी शंकर के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा दिखाई दिया भीषण धूप और गर्मी की परवाह किए बगैर भोले के मतवाले बच्चे बूढ़े नौजवान स्त्री पुरुष विद्यार्थी मस्तक पर त्रिपुंड लगाकर अपने आराध्य भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए घंटों लाइन में लगकर अनुशासित ढंग से अपनी



बारी का इंतजार करते दिखाई दिए भक्तों की भीड़ स्थानीय जिले की ना हो करके गैर जनपदों से आए हुए भक्तों ने भी अपने आराध्य गौरी शंकर बाबा के दर्शन किए और पूरा मंदिर प्रांगण हर हर बम बम जय शिव शंकर उद्घोष उसे गोष्ट दिखाई दिया आए हुए शिव भक्तों और कांवरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन और मंदिर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया।

## मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। बीएस फार्म हाउस सेमरी का ताल देवरी रोड आगरा पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस पर, व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य भागवत किंकर परम श्रद्धेय पंडित श्री सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री वत्सल जी महाराज श्री धाम वृंदावन के मुखारविंद से कथा का श्रवण प्रभु की भक्ति में लीन ईश्वरीय रसपान सभी भक्तों ने ग्रहण किया बिहारी जी



की जय जयकार राधे राधे की गूंज के बीच वृंदावन से आए म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने संगीतमई अपनी प्रस्तुति दी भक्तों ने खूब झूमते नाचते राधा रानी के दरबार में नृत्य किया परीक्षित बने बनी सिंह चाहर सीमा देवी विशाल आरती अपरांत प्रसाद का वितरण हुआ। पवन सिंह चाहर द्वारा सभी भक्तों का आभार कल कथा दोपहर 1 से 5 बजे तक।

## इरादत नगर में माता पिता ने बच्चों को पैसे नहीं दिए तो नाबालिग चले कमाने

दै. अयोध्या टाइम्स संवादाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। थाना इरादत नगर में माता पिता की डांट से नाराज होकर दोनों नाबालिक घर छोड़कर चले कमाने पिता ने पैसे देने से मना किया तो दोनों ने बैग उठाया और कमाने के लिए निकल पड़े परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर नाबालिगों को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। एक ही कक्षा में पढ़ने वाले दोनों दोस्त थाना इरादत नगर के बसई खुर्द गांव गांव के नाबालिक बच्चे महेश 14 वर्षीय पुत्र अरुण और भूपेंद्र पुत्र 13 वर्षीय दोनों एक ही विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ाई करते हैं रविवार दोबारा अचानक से दोनों लापता हो गए महेश ने कहा कि रविवार दोपहर दोनों दोस्त घर से बाहर थे काफी देर बाद नहीं लौटे तो फोन मिलाया गांव के आसपास क्षेत्र समेत रिश्तेदारी में भी पूछा लेकिन कुछ पता नहीं चला थक हार कर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस



दोपहर से ही दोनों की तलाश कर रही थी एसएसआई सर्वेश सिंह ने टीम गठित की शाम 6रू00 बजे के करीब पुलिस ने दोनों को जाजू रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद किया है थाना प्रभारी प्रेम सिंह ने बताया कि अरुण और बृजमोहन ने बताया है कि उन्होंने अपने परिजनों से रुपए मांगे थे परिजनों ने पैसे देने से मना कर दिया और डांट दिया इस बात से दोनों दोस्त नाराज हो गए दोनों ने फैसला कर लिया के घर छोड़कर कहीं पर कमाने के लिए चलते हैं अब किसी से भी पैसे मांगने की जरूरत नहीं है दोनों ने अपना अपना बैग लिया उसमें कपड़े आदि भरकर बिना किसी को बताए घर से निकल गए दोनों ग्वालियर जा रहे थे फिलहाल उन्हें पुलिस द्वारा बरामद कर लिया है। और दोनों नाबालिग बच्चों के परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है ।

## कोल्ड चेन प्रबंधन का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

• आकस्मिक परिस्थितियों में कोल्ड चेन प्रबंधन संभालेंगी स्टाफ नर्स इविन पोर्टल के बारे में दी गई जानकारी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
आगरा, 18 जुलाई। आकस्मिक स्थिति में कोल्ड चेन प्रबंधन के लिए सोमवार को एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में 11 स्टाफ नर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।



इसमें उन्हें कोल्ड चेन को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि स्टाफ नर्स को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को कोल्ड चेन की महत्ता बताते हुए आकस्मिक स्थिति में कार्य संभालने की अपेक्षा की। प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों को कोल्ड चेन में वैक्सीन का रख रखाव, वैक्सीन टेंप्रेचर मॉनिटर करना और इविन (इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलीजेंन्स नेटवर्क) के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से स्टॉक रजिस्टर, डिस्ट्रीब्यूटर रजिस्टर को अद्यतन करना, टेंपरेचर लॉगबुक को भरना, इविन एप पर वैक्सीन इंडेंट को जिला स्तर पर प्रस्तुत करना, आकस्मिक परिस्थितियों में जैसे विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने पर वैक्सीन को नजदीकी कोल्ड चेन प्वॉइंट पर स्थानांतरित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण यूएनडीपी के वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर शिवकुमार तिवारी और जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी महेश चंद्र कुशवाहा द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर यूनिसेफ के मंडल मॉनिटर शिवदत्त पाराशर उपस्थित रहे। स्टाफ नर्स राजेंद्र, नंदिनी व्यास, गिरिजेश देवी, संध्या यादव, काजल, आरती, पूनम, ममता, अर्चना, सुधा, गीता ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

## धर्मार्थ होम्योपैथी संस्था ने 14वा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। श्रावण समाजिक संस्था चिराग युथ फाउंडेशन ने श्रावण मास के शुभ अवसर पर प्रथम सोमवार को पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पर धर्मार्थ होम्योपैथी क्लीनिक के सौजन्य से संस्था द्वारा 14वा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ अक्षय गैलानी ने अपनी सेवाएं दी ।शिविर के माध्यम से लगभग 80 लोगो को निःशुल्क परामर्श और निशुल्क दवा वितरित की गई। संस्था द्वारा शुरू किए गए धर्मार्थ



क्लिनिक का मुख्य उद्देश्य भी शहर में हर वर्ग के व्यक्ति को कम खर्चे में इलाज मुहैया करवाना है । इस मौके पर अध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी,संस्था महामंत्री रोहित वडेरा, एड सुनील शर्मा,पर्यावरणविद चन्द्रशेखर शर्मा,रवि दिवाकर, संजय शर्मा,के लाल त्रिलोकानी मुख्य तौर पर मौजूद रहे ।

## मोदी सरकार के नेतृत्व में वैश्विक पटल पर बढ़ रहा भारत का मान : देवेश

• भाजपाईयों ने बैठक संपन्न

चित्रकूट ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की जिला की बैठक का आयोजन सोमवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी देवेश कोरी रहे तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्र, सुशीला देवी, सुशील द्विवेदी भी मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी देवेश कोरी ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बडी पार्टी है। भाजपा की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर और योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का देश में मान बढ रहा है। भाजपा ने सभी वर्गों व जातियों को आगे बढाने का काम किया है। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मु इसका जीवंत उदाहरण हैं। केंद्र की मोदी व प्रदेश की यागी सरकार के संरक्षण में उत्तर प्रदेश विकास पथ पर अग्रसर है। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता जनसंवाद करके संगठन को मजबूत कर रहे हैं।

बूथ सशक्तिकरण, हर घर तिरंगा अभियान, बूथों पर व्हाटसअप ग्रुप बनाना, सभी महत्वपूर्ण कार्य ससमय सम्पन्न किये जाए। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कार्यकर्ताओ से आग्रह करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा जनसहभागिता के साथ हम प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी के विचार सुनें। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात हर बूथ की बैठक अनिवार्य रूप से हो।

बैठक का संचालन महामंत्री अश्विनी



अवस्थी ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्रजेश पाण्डेय, आनंद पटेल, महेन्द्र कोटार्य, विपुल सिंह, हरिओम करवरिया, महामंत्री राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, प्रेमलाल बाल्मिकी, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, बाबूलाल पटेल, पप्पू पाल, रामेन्द्र गौतम, भागवत त्रिपाठी, संजय पाण्डेय, विनीता द्विवेदी, सुनीता श्रीवास, राकेश कोल, हरिनारयण, हीरो मिश्र, मोहित, शिवाकांत, आदित्य, सुखेन्द्र, प्रमेन्द्र, मण्डल अध्यक्ष श्रवण पटेल, विनोद पाण्डेय, श्याम गुप्त, ओमप्रकाश मिश्र, मनीष सिंह, प्रदीप सिंह, गणेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, सुशील द्विवेदी, मण्डल प्रभारी रवि त्रिपाठी, राजीव त्रिपाठी, दिनेश सिंह, गुलाब सिंह, सुखेन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## जिले में कल से चलेगा पेट में कीड़ा मारने की दवा खिलाने का अभियान

• अभियान के तहत जिले में एक से 19वर्ष तक के लगभग 6.60 लाख बच्चों को दवाई खिलाने का है लक्ष्य

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जनपद में 20 जूलाई (बुधवार) से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया जायेगा ।इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सीएमओ सभागार मुख्य चिकित्साधिकारी डा.विनोद कुमार की अध्यक्षता में बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

सीएमओ ने कहा कि कृमि यानि पेट में कीड़े से शरीर में अनेक प्रकार की परेशानियां जैसे शरीर में खून की कमी और भूख नहीं लगना, जी मिचलाना आदि हो सकती है। कुपोषण होने का कारण कृमि ही होता है।

उन्होंने बताया कि सभी बच्चों व किशोर किशोरियों को अभियान के दौरान खिलाई जाने वाली एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन करना चाहिए। सीएमओ ने कहा कि यह दवा बिल्कुल सुरक्षित और कारगर है ।इस दवा का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं हैं।

एनडीडी नोडल डा.ए.के जाटव ने बताया कि कृमि मुक्ति अभियान 20 जुलाई व किसी कारणवश छुटे हुए बच्चों को माप–अप राउंड के तहत 24 से 27 जुलाई को दवा खिलाई जायेगी। जिले में 6,64,332 बच्चों व किशोर–किशोरियों को एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जाकर एक से 19 वर्ष के बच्चों को अपने सामने एलबेंडाजोल की खुराक देगीं। उन्होंने बताया कि एक वर्ष से दो वर्ष के बच्चों को 400 एमजी की टेबलेट की आधी गोली पीसकर व दो से तीन वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल 400 एमजी का एक टैबलेट चूर्ण कर पानी के साथ खिलाना है द्य इसके साथ ही तीन से 19 साल बच्चों और किशोर–किशोरियों को एक गोली चबाकर खिलाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जनपद में निर्धारित लक्ष्य 6,81,266 के तहत करीब 6.25 लाख बच्चों को दवाई खिलाकर लक्ष्य के अनूरूप 91.7 फीसदी उपलब्धि हासिल की।

जिले में इस वर्ष ब्लाकवार निर्धारित लक्ष्य
कन्नौज –80,322,
उमर्दा–1,40,435
तालग्राम –1,15,813
गुगरापुर–30,729
हसेरन–53,897
छिबरामऊ 1,08,209
सौरिख–85,931
जलालाबाद –50,681

जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डा.सुरेश यादव बताते हैं कि कृमि रोग अर्थात पेट में कीड़े होना एक साधारण बीमारी समझी जाती है। मगर इसका इलाज न किया जाए तो यह रोग कई जटिलताएं जैसे खून की कमी, कुपोषण, आंतों में रुकावट, एलर्जी आदि जानलेवा रोगों का कारण भी बन सकता है। गोल कृमि, वीप वार्म, अंकुश कृमि ऐसे कीड़े है ।जो कि बच्चों को संक्रमित करते है ।जिससें उनके पोषण स्तर तथा हीमोग्लोबिन स्तर के साथ–साथ शारीरिक व बौध्दिक विकास पर गलत प्रभाव पड़ता हैं।

उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल दवाई बिल्कुल सुरक्षित है। लेकिन जिन बच्चों के पेट में कीड़ों की अधिकता होगी। उनके द्वारा दवा का सेवन करने पर मामूली लक्षण सामने आयेंगे जैसे दवा खाने के बाद जी मचलाना,पेट में हल्का दर्द, उल्टी,दस्त और थकान महसूस करना लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है पेट में कीड़ा होने के कारण प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देगा। इस दौरान बच्चे को आराम करने की सलाह दें।

# खेत सींच रहे युवक पर झोका फायर, हालत गम्भीर बरेली रेफर

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर
खुटार शाहजहांपुर। खेत पर पानी सींच रहा युवक सन्दिग्ध परिस्थितियों में गम्भीर घायल मामले की सुचना मिलने पर युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और वहां से बरेली के लिये रेफर कर दिया है। घायल निखिल कुमार के चाचा रूपेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका भतीजा निखिल सोमवार को सुबह तड़के खेत में सिंचाई कर रहा था तभी सुबह करीब 3:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके ऊपर फायर कर दिया जो उसके सिर में लगा और बह गम्भीर रूप से घायल हो गया हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर में रहने वाले पूर्व कोटेदार पवन वर्मा उर्फ नीटू वर्मा का बड़ा पुत्र निखिल वर्मा अपने छोटे भाई रचित वर्मा उर्फ इलू के साथ गांव से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर मजरा हिटौटी में अपने खेत में पानी खींच रहे थे बताया जाता है। कि सुबह तड़के करीब चार बजे छोटा भाई रचित वर्मा उर्फ इलू चल रहे इंजन से कुछ दूरी पर खेत की दूसरी क्यारी में पानी काटने चला गया और बड़ा भाई निखिल इंजन के पास ही खड़ा था।तभी अचानक इलू वर्मा को गोली चलने की आवाज सुनाई दी गोली की आबाज सुनते ही इलू अपने भाई की ओर दौड़ा तो उसने देखा कि तीन चार लोग वहां खड़े हैं।लोगों को खड़े देख बह डर गया और गन्ने के खेत की तरफ भाग खड़ा हुआ और जहां से तुरन्त फोन पर अपने परिजनों को सूचना दी खबर मिलते ही परिजन व गांव के तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा की निखिल वर्मा घायल अवस्था में वहां पड़ा था।यह देख परिजन उसे लेकर खुटार के सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन वहां उपचार होने के बाद भी उसकी हालत में कुछ सुधार ना होने पर डाक्टरों ने उसे बरेली के लिए रेफर कर दिया।जानकारी मिली कि घायल निखिल वर्मा का बरेली में उपचार चल रहा है।

नहीं लगी गोली संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हुआ युवक : क्षेत्र के गांव मोहनपुर में पूर्व कोटेदार पवन वर्मा उस नीटू वर्मा के पुत्र को बदमाशों द्वारा गोली मारकर घायल होने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई तो वहीं इस मामले में खुटार थानाध्यक्ष धनंजय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि युवक के



गोली नहीं लगी है युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हुआ है युवक का मेडिकल कराया गया जिसमें गोली लगने जैसी बात सामने नहीं आई है मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच की जा रही है।

## कृमि मुक्तिदिवस पर सभी स्कूलों में बच्चों को खिलाई जाएगी क्रमि नाशक दवा

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद। आगामी 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। इसकी तैयारियों के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर किया गया।जहां विशेषज्ञों द्वारा आशा तथा एएनएम को प्रशिक्षित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर तैयारियों के संदर्भ में आयोजित बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रमोद कुशवाहा ने कहा कि आगामी 20 जुलाई को सभी स्कूलों में दवाई खिलाई जाएगी। इस दौरान एल्बेंडाजोल की खुराक 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई जाएगी। वही बीसीपीएम यासीन खान ने बताया स्कूलों में दवा से वंचित बच्चों को 26–27 जुलाई को आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर–घर जाकर दवा का वितरण किया जाएगा स्वास्थ्य विभाग का संकल्प है कि कोई भी बच्चा कृमि नाशक दवा से वंचित ना रहे। बैठक में प्रमुख रूप से गौरव थापा, यासीन खान, धर्मवीर सभी आशा ,एएनएम मौजूद रहे।

# वन कर्मियों ने घायल बंदरिया का कराया उपचार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर
खुटार,शाहजहांपुर।सोमवार को वन क्षेत्राधिकारी डीएस यादव जंगल में राउंड पर थे तभी उन्होंने देखा एक बंदरिया अपने मासूम बच्चे के साथ बुरी तरह घायल अवस्था में पड़ी थी उन्होंने तुरंत वन कर्मियों की मदद से घायल बंदरिया को अपनी गाड़ी में बैठाया और वन दरोगा नंदा बल्लभ पांडे व अशोक बाजपेई के साथ घायल बंदरिया को पशु चिकित्सालय खुटार पर भेजा जहां मौजूद डॉक्टर मनोज कुमार फार्मासिस्ट एवं पशु मित्र अभिषेक मिश्रा ने घायल बदरिया का उपचार किया।बंदरिया की हालत देख



ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह करंट लगकर जख्मी हो गई है वन विभाग के कर्मचारियों ने उसे अपनी देखरेख में रखा है।वन दरोगा नन्दा बल्लभ पांडेय ने बताया है कि बंदरिया बहुत ही बुरी तरह जख्मी हालत में मिली है।उसका उपचार करवाया गया जब तक वह ठीक नहीं होती तब तक उसे देखरेख में रखा जाएगा और उसके बाद जब बह स्वास्थ्य हो जायेगी तो उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

## पटना देवकली स्थित शिव मंदिर में जिला अधिकारी ने देखी व्यवस्थाएं

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को श्रावण मास में कांवड़ियों की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न स्थलों एवं मार्गो का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पटना देवकली स्थित शिव मंदिर में भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि कांवड़ियों की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए पर्याप्त प्रबंध समय से सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कावड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के तथा पुलिस दस्तों को क्षेत्र में निरंतर



भ्रमणशील रहने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पटना देवकली मंदिर में श्रद्धालुओं एवं प्रबंधकों से वार्ता कर समस्याओं के विषय में जानकारी ली। मंदिर परिसर में स्वच्छता, जलापूर्ति एवं विद्युत व्यवस्था की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उप जिलाधिकारी कलान सतीश चंद्र को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने पुलिस के प्रबंधन के विषय में आवश्यक निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।

# थाना मदनापुर मे बिजली उप केंद्र पर तैनात संविदा कर्मचारी को गुस्साए किसानों ने पीटा, एफ.आई.आर दर्ज

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
शाहजहांपुर। उप केंद्र मदनापुर मे लगभग दो हफ्तों से सैकड़ों गाँवों की बिजली सप्लाई बंद किए जाने को लेकर विद्युत केंद्र का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया गया प्रदेश की योगी सरकार के सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते बिजली व्यवस्था को लेकर किसानों में भारी आक्रोश हो जाने के कारण किसानो ने उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया जिसको पुलिस के द्वारा समझा बुझा कर शांत करा दिया लेकिन बिजली सप्लाई चालू नहीं हुयी जिसके चलते किसानों ने सैकड़ों एकड़ धान की सूखती फसल को ट्रैक्टर से जोत दिय।

वहीं किसानो का आरोप है कि जिम्मेदार लाइन मैन और बिजली कर्मचारियों की मनमानी के चलते सप्लाई नहीं चालू की जाती है बिजली उपकेन्द्र मे बिजली होने पर भी लाइन मैन सप्लाई नहीं देते और कहीं भी कोई फाल्ट होने पर कर्मचारी ठीक नहीं करते ठीक करने के अतिरिक्त पैसे की मांग करते है और पैसे ना देने पर लाइन ठीक नहीं करते जिसके चलते दिनाँक 17 जुलाई को संविदा कर्मी यशपाल पुत्र कृष्ण पाल निवासी गाँव छपका दिलावरपुर थाना मदनापुर के साथ मारपीट की गयी है जिसमें थाना मदनापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुव. अव. संख्या 388/2022, धारा 323 504,506, आई. पी. सी दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# किसानों के सपनों को पूरा करने के लिए किया जाएगा संघर्ष

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। किसानों कार्यकर्ताओं के सम्मान और किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत और किसान मसीहा स्वर्गीय श्री मुकेश सिंह के सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष करेगा भारतीय अराजनैतिक संगठन, उक्त विचार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष श्री हरनाम सिंह वर्मा के द्वारा रामनगर ब्लाक के ग्राम अछेछा निवासी श्री कृष्ण पाल सिंह उर्फ बबलू वर्मा मंडल अध्यक्ष अयोध्या मनोनीत किए जाने पर जिला कार्यालय बेगम गंज पर जिला अध्यक्ष श्री राम बरन वर्मा के नेतृत्व मे हुए स्वागत मे व्यक्त करते हुए मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह उर्फ बबलू वर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का मूल उद्देश्य किसानों की समस्याओं के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक संगठित होकर किसान मसीहा स्व चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत व स्व मुकेश सिंह के द्वारा किसानों के हित के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष किया जाएगा उन्होंने कहा कि आज सबसे ज्यादा उपेक्षित किसान समाज है इसके लिए सभी पदाधिकारी ग्राम इकाई का गठन कर ग्राम स्तर पर संगठन को सक्रिय करें जब तक ग्राम इकाइयां मजबूत नहीं होगी तब तक किसानों को उनके हक नहीं मिलेंगे उन्होंने जिले मैं बदहाल विद्युत व्यवस्था और नहरों में पानी ना मिलने के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा चुप्पी साधे जाने से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आज स्वास्थ शिक्षा व्यवस्था बदहाल होती जा रही है और पूरी तरह प्राइवेट सेक्टर हावी होता जा रहा है इसका सबसे ज्यादा नुकसान किसानों और नौजवानों को झेलना पड़ रहा है इन



सब समस्याओं के लिए शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा उन्होंने जिला अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संगठन में अनुशासनहीनता नहीं होनी चाहिए संगठन जभी आगे बढ़ेगा जब अनुशासित रहेगा इस अवसर पर मुख्य रूप से दिलीप सिंह चौहान, चौधरी कमालुद्दीन, कुंवर बहादुर सिंह, उमाकांत वर्मा, मुन्ना भाई, विजय कुमार पटकर, संतोष सिंह ,राहुल वर्मा, रामू वर्मा, राजेंद्र सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह यादव, राम सिंह मोहम्मद शकील वारसी, मोहम्मद इस्माइल, जंगेश मोरिया, अजय यादव, बांकेलाल, मोहम्मद अशफाक, अनिल यादव, राम सिह यादव,मो,शुऐब,राजू वारसी, सूरज मो,उबैद अशशू आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लम्बे समय से बिजली ना आने पर ग्रामीणों ने रोड जाम कर किया धरना प्रदर्शन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को ठेंगा दिखा रहा है निगोही बिजलीघर का जेई। यूपी सरकार का आदेश है कि शहर में 24 घंटे और गांव में 18 घंटे बिजली जनता को दी जायेगी। लेकिन शाहजहांपुर के निगोही कस्बे के कई गांव में पिछले लंबे समय से बिजली नहीं आ रही है। भीषण गर्मी से परेशान और बिजली घर के जेई की मनमानी से तंग जनता ने आज रोड जाम कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सुबह से रोड जाम की सूचना पर भारी पुलिस फोर्स और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परेशान जनता को कार्रवाई का आश्वासन देकर बमुश्किल जाम खुलवाया । तिलहर विधानसभा के निगोही कस्बे में बने बिजली घर के जेई से गांव की जनता काफी परेशान है क्योंकि पिछले लंबे समय से निगोही के दर्जनों गांवों में जेई की मनमानी के चलते बिजली नहीं आ रही है। पिछले कई दिनों से बिजली ना आने पर गर्मी से बेहाल सैकड़ों ग्रामीणों ने आज निगोही में बिजलीघर के सामने रोड जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन कर रहे है ग्रामीणों का कहना है कि निगोही के दर्जनों गांव ऐसे हैं जिनमें पिछले कई महीनों से लाइट नहीं आ रही है।

जिस कारण किसानों के खेत में खड़ी फसल भी सूख रही है और भयंकर गर्मी की वजह से उनका जीना मुहाल हो गया है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का यह भी आरोप है कि निगोही बिजली घर में तैनात जेई



अपनी मनमानी के चलते सरकार के आदेशों का पालन न करते हुए यहां के गांवों में बिजली नहीं दे रहे हैं। लोगों का यह भी आरोप है कि बिजली घर में तैनात जेई बड़े–बड़े सेठियों से पैसे लेकर गांव की बिजली काट कर बडे लोगों को सप्लाई दे रहे हैं रोड जाम की सूचना पर भारी पुलिस फोर्स के साथ एसडीएम तिलहर राशी कृष्णा मौके पर पहुंची और उन्होंने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया और यह भी कहा कि अब उनके गांवों में बिजली आना चालू हो जाएगी इसके बाद ग्रामीणों ने जाम को खोल दिया।

# बंडा में परिवार नियोजन के तहत पुरुष नसबंदी को लेकर आशाएं कर रही जागरूक

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर
बंडा–शाहजहांपुर। ब्लाक बंडा में परिवार नियोजन के तहत महिलाएं सबसे ज्यादा नसबंदी करा रही है। वहीं कुछ आशाओं ने पुरुषों को नसबंदी के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई है। ब्लाक बंडा की बनिगवां क्षेत्र की आशा शकुन्तला ने 2006 से अब तक 16 पुरुषों को नसबंदी के लिए प्रेरित कर नसबंदी करवाई है वहीं आशा सरला ने छह पुरुष नसबंदी कराई है।आशा शकुन्तला देवी ने बताया कि पुरुष नसबंदी को लेकर पुरुषों में तमाम शंकाएं रहती है।उनकी शंकाओं का समाधान करते हैं। इसके बाबजूद संतुष्ट न होने पर सीएचसी पर ले जाकर चिकित्सकों से उनकी शंकाओं का समाधान करवाते हैं। वहीं तमाम दम्पत्ति जागरूकता के चलते परिवार नियोजन के संसाधनों का प्रयोग कर रहे हैं। पति पत्नी में से किसी एक की ही नसबंदी होती है। पुरुष नसबंदी के लाभार्थियों को 3000 रुपये उनके खाते में भेजे जाते हैं। जबकि प्रेरक को 400 रुपए दिए जाते हैं।प्रेरक आशा, आंगनवाड़ी, एएनएम के अलावा गैरसरकारी व्यक्ति भी हो सकता है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा ने बताया कि आशा शकुन्तला द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है।अन्य आशाओं को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। महिला, पुरुष नसबंदी पूरी तरह निशुल्क है। पुरुष नसबंदी में बिना चीरा व टांका के मात्र छोटा सा आपरेशन किया जाता है। परिवार नियोजन में पुरुषों को भी भागीदार बनने की जरूरत है।बीसीपीएम फरहा भी ने बताया कि आज 19 जुलाई दिन मंगलवार को सीएचसी पर पुरुष व महिला नसबंदी कैम्प का आयोजन किया जाएगा। नसबंदी को लेकर किसी भी प्रकार की शंका को दूर करने के लिए क्षेत्र की आशा कार्यकत्री, संगिनी या अस्पताल से सम्पर्क कर सकते हैं।

## आईसीएसई की 10 वीं में जैतपुर की बेटी ने हासिल किए 98 फीसदी अंक, पिता हैं एडीआरएम

जैतपुर। पारना (जैतपुर) में पले, बढे, पढे लखनऊ के एडीआरएम अश्वनी श्रीवास्तव की बेटी अन्वि श्रीवास्तव ने आईसीएसई बोर्ड की 10 वीं की परीक्षा में 98 फीसदी अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। लखनऊ के सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर की छात्रा के रूप में 500 में से 490 अंक हासिल करने वाली अन्वि श्रीवास्तव सिविल सर्विसेस में जाना चाहती है। उन्होंने



बताया कि पापा की तरह ही गांव समाज की सेवा का सपना पूरा करना है। अन्वि श्रीवास्तव की कामयाबी पर बाह की विधायक पक्षालिका सिंह, पूर्वमंत्री अरिदमन सिंह, मुरादाबाद के वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा0 वीरेश राज शर्मा, मुजफ्फर नगर के जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा, डा0 मदन गोपाल सिंह भदौरिया, राजीव सिंह टांक, संजीव सिंह टांक, पंकेश भदौरिया, जितेन्द्र बरूआ, सतीष पचौरी आदि ने खुशी का इजहार कर बधाई दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## 'कहानी' के पहले म्यूजिक वीडियो में आमिर ने किया कमाल

–अनिल बेदाग–
लाल सिंह चड्ढा के निर्माताओं ने आखिरकार कहानी गाने का बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो रिलीज कर दिया है। इस गाने का ऑडियो वर्जन मोहन ने गाया था जबकि म्यूजिक वीडियो सॉन्ग को वोकल्स सोनू निगम ने दिया हैं। इस गाने को देश भर से प्यार और सराहना मिली है और इसे इस साल रिलीज हुए सबसे सूदिंग गानों में से एक माना जा रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि वीडियो के साथ गाना और भी खूबसूरत और मीनिंगफुल नजर आ रहा है। गाने में आमिर खान का प्रदर्शन कमाल का हैं। वीडियो जितना दिल को छू लेने वाला है, उतना ही ऐसा लगता है जैसे दर्शकों की आंखों में कोई पहेली के टुकड़े एक साथ आ रहे हों।



कहानी का ऑडियो वर्जन, जिसका म्यूजिक प्रीतम ने दिया है और लीरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखे गए हैं, को हर तरफ से प्यार मिला है। यह गाना रिलीज होने के 24 घंटों के भीतर इंटरनेट पर सबसे लोकप्रिय गानों में से एक बन गया, और प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाना जारी रखा है। ऐसे में जिन्हें नही पता, बता दें कि आमिर खान ने बिना म्यूजिक वीडियो के अपनी अपकमिंग फिल्म के सभी गाने जारी किए थे ताकि म्यूजिशियन, सिंगर्स, लीरिसिस्ट और तकनीशियन को स्पॉटलाइट में रखा जा सके। अब तक स्टार ने ऑडियो वर्जन में श्कहानीश, श्मैं की करां?श, श्फिर ना ऐसी रात आएगीश और श्तुर कलेयांश रिलीज किया है और यह पहली बार है जब निर्माताओं ने म्यूजिक वीडियो जारी किया है। आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव और वायकॉम 18 स्टूडियो द्वारा निर्मित श्लाल सिंह चड्ढाश में करीना कपूर खान, मोना सिंह और चौतन्य अक्किनेनी भी हैं। ये फिल्म फॉरेस्ट गंप की ऑफिशियल रीमेक है। लाल सिंह चड्ढा 11 अगस्त 2022 को रिलीज होने वाली है।

## श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों मे उमडा भक्तों का सैलाब,जगह जगह प्रसाद का वितरण, शिव मंदिरों मे शिव जागरण के आयोजन

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। सावन मास के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरों मे बम बम भोले की गूंज गूंजती रही।शिव भक्तों ने अपने आराध्य भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना की गई।
सोमवार सुबह से ही भक्तो ने भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक किया गया।वहीं सुबह से ही भक्त लाइनों लगकर बम बम भोले की गूंज करते हुए आगे बढ रहे थे।
मंदिर मे पहुंच कर अपने आराध्य भगवान शिव पर दुग्धाभिषेक,जलाभिषेक कर रौली, चंदन, बेलपत्र, धतूरा, भांग, चावल और फल चढाकर पूजा अर्चना की गई। फतेहाबाद के प्राचीन पुरानी तहसील स्थित मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं जनेश्वर घाट स्थित मराठा कालीन शिव मंदिर पर ग्रामीण श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही उन्होंने यमुना के जल से अभिषेक भी किया।

# कांट पुलिस ने पाँच घण्टे के अन्दर किया खुलासा

• कार व 21 लाख रूपये सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार । एसपी ने पुलिस टीम को 25000 इनाम दिए जाने की घोषणा

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
शाहजहांपुर। बीती रात थाना कांट पर अंकुर बंसल पुत्र राजेन्द्र बंसल निवासी गली नं0 1 गीता मार्ग , श्रीनगर ,थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ ने सूचना दी कि मै पुस्तक पब्लिकेशन का व्यापारी हूँ तथा शाहजहँपुर मे कैश कलैक्ट करने आया था । कैश कलेक्शन के बाद मेरे चालक प्रमोद कुमार निवासी चन्द्रलोक जनपद हापुड़ द्वारा छलपूर्वक (कार को बैक करने के बहाने से ) पीड़ित की कार UP-15-DD-5025 एवं कार में रखे 21 लाख रुपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। पुलिस ने सूचना पर तत्काल थाना कांट पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की ।घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक एस ने संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं अरविन्द कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक कांट सहित पुलिस टीम का गठन किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी व रूपये की शत प्रतिशत बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये ।

पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा पुलिस टीम का पर्यवेक्षण स्वंय किया जा रहा था ।इसी क्रम मे थाना कांट पुलिस टीम द्वारा लगातार गाडी का पीछा करना प्रारम्भ किया तथा सर्विलांस व



स्थानीय पुलिस के सहयोग से अभियुक्त का पीछा करते हुये जनपद अमरोहा के थाना रजबपुर क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली हाइवे पर ग्राम खाता के सामने ओवरब्रिज के नीच से अभियुक्त प्रमोद को देर रात्रि मे गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से चोरी की गयी वेन्यू कार नम्बर UP-15-DD-5025 व शत प्रतिशत 21 लाख रुपये बरामद किये गये । पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने पुलिस टीम को अतिशीघ्र घटना का अनावरण करने पर उत्साहवर्धन हेतु 25000/– रूपये नगद इनाम देने की घोषणा की गयी ।बरामदगी/ गिरफ्तारी के आधार पर विधिक कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## मंहगाई के खिलाफ आप पार्टी कार्यकर्ताओं ने बीन बजाकर किया धरना प्रदर्शन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
शाहजहांपुर। देश और प्रदेश में दिन पर दिन बढ़ती महंगाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बीन बजा कर धरना प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान बड़ी मात्रा में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता रोड पर बीन बजाते हो और बढ़ती महंगाई के खिलाफ हो हल्ला करते हुए जिला मुख्यालय पर जा रहे थे इस दौरान भारी पुलिस फोर्स ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रास्ते में ही रोक लिया पुलिस द्वारा रोके जाने पर प्रदर्शन कर रहे पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की भी हुई आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पुलिस द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे आम आदमी पार्टी का कहना है



कि प्रदेश और देश में दिन पर दिन डीजल पेट्रोल और रसोई गैस के साथ–साथ रोजमर्रा कि जरूरी चीजों पर दिन पर दिन रेट बढ़ रहे हैं जिसको लेकर आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शाहजहांपुर के टाउन हॉल में बीन बजा कर प्रदर्शन किया आम आदमी का कहना है कि जिस तरह से भैंस के आगे बीन बजाने पर भैंस नहीं हटती है उसी की तर्ज पर वह लोग बीजेपी के आगे बीन बजा कर महंगाई को कम करने की मांग कर रहे हैं।

## कावड़ यात्रियों के मार्गो को शुभम बाद सुरक्षा व्यवस्था बनाए जाने के लिए निर्देश : पुलिस अधीक्षक







अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
शाहजहांपुर। श्रावण मास में चलने वाली कावड़ यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के साथ–साथ कांवड़ यात्रियों के मार्गों को सुगम व सुरक्षा व्यवस्था से परिपूर्ण करने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में फर्रुखाबाद जनपद से शाहजहांपुर होकर लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ स्थित भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु बड़ी मात्रा में घरों से निकल चुके हैं। शाहजहांपुर पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को जांचने निकले इस दौरान उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रियों के रूट को 18 सेक्टर में बांटा गया है क्योंकि जनपद शाहजहांपुर में रामगंगा नदी पर बना पुल धराशाई हो गया था जिसका निर्माण कार्य जारी है जिसकी वजह से कांवड़ यात्रियों को काफी लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए संबंधित थाना प्रभारी लगातार भ्रमण पर रहेंगे इसके साथ ही रविवार एवं सोमवार जो कि कांवड़ यात्रियों का पीक टाइम होता है शाम से लेकर सुबह तक अधिक मात्रा में कावड़ यात्री निकलते हैं इसलिए जो स्टार्टिंग प्वाइंट हैं वहां की क्यू आर टी को तैनात किया गया है। 112 के साथ 7 एंबुलेंस को भी तैनात किया गया है जिससे कि अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो तत्काल कांवड़ यात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके। श्रावण मास के दौरान पूरे महीने चलने वाली इस कावड़ यात्रा के लिए विशेष पॉइंट निर्धारित कर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। कावड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए जगह–जगह फ्लेक्स लगाकर निर्धारित रूट के लिए संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं।

## बहन को सहायता समूह से बाहर निकाला तो भाई ने कर दी फायरिंग

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
शाहजहांपुर। महिलाओं के चलने वाले समूह से एक महिला को निकालना समूह की दूसरी महिला को इतना नागवार गुजरा कि उसके भाई ने समूह चलाने बाली महिला पर फायर कर दिया। आरोप है कि समूह से निकाली गयी महिला के भाई ने पड़ोस की रहने वाली महिला के घर फायरिंग कर दी। फायरिंग के वक्त घर मे बिजली ना आने की वजह से महिला अपने बच्चे को गोद में लेकर छत के छज्जे पर बैठी थी जो कि बाल बाल बच गयी। सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने फायर करने बाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है । जनपद के थाना रोजा क्षेत्र के हथौड़ा बुजुर्ग निवासी शबाना ने मीडिया को बताया कि वह महिलाओं का समूह चलाती हैं। जिसमे पडोस की रहने वाली नूरबानो को उसने समूह से निकाल दिया थ। आरोप है कि इस बात से नाराज नूरबानो के भाई सलीम ने कल शाम उसके घर पर फायरिंग कर दी।इस मामले में प्रभारी निरीक्षक कुँवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी सलीम को आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में जेल भेज दिया है।

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षा 21,22 को

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए ,बीएससी प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं की मिड टर्म परीक्षा 21,22 जुलाई को महाविद्यालय में आयोजित की गई है।
प्राचार्य डॉ मनीषा के अनुसार मिड टर्म परीक्षा के प्राप्तांक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई परीक्षा में जोड़े जाएंगे। जिसमें समस्त छात्र–छात्राओं की उपस्थिति आवश्यक है । अनुपस्थित होने की दशा में छात्र–छात्राएं स्वयं उत्तरदाई होंगे। यह जानकारी प्राचार्य डॉ मनीषा ने दी।

# संक्षिप्त समाचार

## नवागंतुक जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया

चित्रकूट। नवागंतुक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज कोषागार चित्रकूट पहुंच कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। नवागंतुक जिलाधिकारी वर्ष 2014 बैच के आईएएस है, जनपद अयोध्या एवं कानपुर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दी हैं तथा बरेली जनपद में नगर आयुक्त के पद से यहां पर आज जनपद चित्रकूट में जिलाधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी भी ली। तथा मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी से विकास कार्यों तथा राजस्व आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी की। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरी आप लोगों से अपेक्षा है कि आई जी आर एस के डिफाल्टर संदर्भ में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण



कराएं उन्होंने यह भी कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता है कि इस को जल्द से जल्द निस्तारण कराएं, तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त कर विभागीय योजनाओं के कार्यों की जानकारी ली उन्होंने कहा कि विकास प्राथमिकता वाले कार्यों में शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। तदोपरांत नवागंतुक जिलाधिकारी ने रामघाट स्थित श्रीमत्यगजेंद्र नाथ शिव मंदिर, एवं श्री भगवान कामदनाथ जी प्रमुख द्वार पहुंचकर विधिवत पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुधाकरन, वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार, उप जिलाधिकारी कर्वी श्री मती पूजा यादव,मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, अपर उपजिलाधिकारी राजबहादुर,सहायक कोषाधिकारी प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी तथा कोषागार के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शस्त्र अधिनियम के आरोपी को तीन हजार रुपये अर्थदंड

चित्रकूट ब्यूरो। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने शस्त्र अधिनियम के आरोपी को दोषसिद्ध पाए जाने पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड दिया है। इसके अलावा उसे जेल में बिताई गई अवधि से भी दंडित किया गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने कोतवाली कर्वी में दर्ज धारा 25 आर्म्स एक्ट के मामले में सोमवार को आरोपी और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी राजेश कुमार सोनी पुत्र चंद्रकेशन सोनी निवासी कुबेरगंज को सजा सुनाई। उसे तीन हजार रुपये के जुर्माने और जेल में बिताई गई अवधि से दंडित किया गया। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनंद की प्रभावी बहस और पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के न्यायालय में लंबित चल रहे मुकदमों में सघन पैरवी करवाने के निर्देश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अशोक कुमार सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अबरार के समय से गवाहों की पेशी कराने से आरोपी को सजा मिली।

# दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण दो मेगा कार्गो हैंडलिंग टर्मिनल विकसित करेगा

–अनिल बेदाग–

मुंबई। दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी, पश्चिमी भारत में गुजरात राज्य के कच्छ जिले में स्थित, भारत में प्रथम श्रेणी का प्रमुख बंदरगाह, देश में कार्गो हैंडलिंग पोर्ट के रूप में अपने प्रथम स्थान को सुदृढ़ करने के लिए, रु. ५,९६३ करोड़ की अनुमानित लागत पर पीपीपी मोड के तहत बीओटी आधार पर दो मेगा कार्गो हैंडलिंग टर्मिनल विकसित करने के लिए तैयार है। दूरदराज के इलाकों की भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने और गुजरात और संबद्ध राज्यों के आसपास के डाउनस्ट्रीम उद्योगों को और लाभान्वित करने के लिए, प्राधिकरण ने कच्छ जिले के टूना–टेकरा में एक कंटेनर टर्मिनल और एक बहुउद्देशीय कार्गो बर्थ विकसित करने का निर्णय लिया है।

एक बार चालू होने के बाद, टर्मिनल बेहतर बुनियादी ढांचे और एक अत्याधुनिक विश्व स्तरीय कंटेनर सुविधा के साथ क्षेत्र में कंटेनर बाजार के विकास में शामिल होने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित होगा। प्रस्तावित सुविधा का उपयोग बहुउद्देशीय कार्गो, जैसे खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, अयस्क और खनिज, स्टील कार्गो आदि को संभालने के लिए किया जाएगा। बंदरगाह पूरी तरह से चालू हो जाने पर, मौजूदा हैंडलिंग को कांडला से टूना टेकरा स्थानांतरित करने और बहुउद्देशीय कार्गो (कंटेनरध्तरल के अलावा) यातायात में भविष्य के विकास को पूरा करने की परिकल्पना की गई है।

दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी इन परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल पर ३० साल की रियायत अवधि के साथ विकसित करेगी और इसे अगले २० वर्षों के लिए नवीनीकृतध्विस्तारित किया जाएगा। परियोजनाएं अनुमानित क्षमता से अधिक निर्माण, संचालन और दायरे में बदलाव के प्रावधान के लिए लचीलापन प्रदान करती हैं। रियायतग्राही बाजार की स्थितियों के आधार पर टैरिफ तय कर सकता है। लाइसेंस शुल्क एक रुपये होगा जो रियायत प्रदान करने की तिथि से देय होगा। श्री एस के मेहता, आईएफएस, अध्यक्ष, दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी ने



सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "दीनदयाल पोर्ट पर, हम छह प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनमें कार्गो और उत्पादकता में सुधार शामिल हैय जमींदार बंदरगाह विकासय बंदरगाह आधारित औद्योगीकरणय तटीय नौवहन और रो–रोय रो–पैक्स विस्तारय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और कॉस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस और ग्रीन, सस्टेनेबल और सेफ पोर्ट डेवलपमेंट में सुधार। हैंडलिंग क्षमता में और सहायता के लिए, ये दो मेगा कार्गो हैंडलिंग परियोजनाएं बंदरगाह में भीड़ कम करेंगी और कंटेनरों और कार्गो को संभालने के लिए प्रतीक्षा समय को कम करेंगी। विकास के लिए उपलब्ध अपार अवसरों को ध्यान में रखते हुए, मैं यहां व्यापर बिरादरी और इच्छुक उद्यमियों को, जो मेरीटाइम क्षेत्र में उत्सुकता से शामिल हैं, दो मेगा परियोजनाओं के लिए निविदा में भाग लेने और व्यापार तथा राष्ट्र के बड़े पैमाने पर समग्र लाभ के लिए डीपीए के साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता हूं।

# राम भीख राजरानी शिक्षण संस्थान में हुआ पौधरोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे जीवन रक्षार्थ एक पौधरोपण अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड बंकी क्षेत्र के राम भीख राजरानी शिक्षण संस्थान डिग्री कॉलेज गदिया मलूकपुर में बच्चों द्वारा वृहद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व संगठन की मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने पौधरोपण करने वाले सभी बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आज रोपित किये गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी सभी बच्चे निभाएं जिससे तैयार होकर पेड़ आपके लिए यादगार बनेंगे।वहीं विशिष्ट अतिथि एवं जिला पंचायत सदस्य राजीव कुमार राजू ने जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव की इस मुहिम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जैसे हम लोग खाने व पानी का प्रबंधन स्वयं करते हैं उसी तरह हमें ऑक्सीजन का भी प्रबंधन स्वयं करना होगा जो हमें केवल वृक्षों से ही प्राप्त होती है।इसलिए पौधे लगाना जरूरी है। विद्यालय के प्रबंधक हनोमान प्रसाद वर्मा ने जनकल्याण किसान एसोसिएशन को पौधरोपण के लिए धन्यवाद देते



हुए कहा कि पेड़ लगाना तो अच्छी बात है परंतु पेड़ों को सींचना भी जरूरी है। अन्त में उपप्रबंधक पवन कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ वीर बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य अमित श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य चरन सिंह, शिव बहाल मौर्या, सुशील कुमार, उदय सिंह ,राहुल सिंह, आलोक कुमार ,शिवेंद्र सिंह, सूरज कुमार ,अर्पित सैनी, गुड़िया रानी, अपूर्वा पांडेय, शीलू यादव, लक्ष्मी यादव, कल्पना सिंह, शिखा सिंह, गरिमा वर्मा ,अर्पिता ,अंजली, निधि मौर्या सहित समस्त अध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# शियाओं की ईद ए गदीर बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है

रिपोर्ट दैनिक अयोध्या टाइम्स महानगर संवाददाता अथर जैदी दादु सहारनपुर। सहारनपुर में ईद गदीर बड़ी धूमधाम से मनाई गई मोहल्ला बडतला मस्जिद अंसारियांन सहारनपुर मैं ईद ऐ गदीर मनाई गई जिसमें सहारनपुर के शायरों नए हिस्सा लिया और अच्छे–अच्छे कलामो से रसूल सल्लल्लाहो वाले वसल्लम की शान में अच्छे–अच्छे कलाम पेश किए गए जिसमें सहारनपुर के बड़े बुजुर्ग लोग और नौजवानों ने हिस्सा लिया मौलाना इजहार हैदर मौलाना जफर जैदी हाजी प्यारे मियां इंतजार जैदी हाजी कलबे जैदी हाजी कल्लू ख्वाजा नगीन आसिफ जैदी फरत मेहंदी नजर मेहंदी आगाज जैदी डॉक्टर अथर जैदी राहत जैदी लियाकत जैदी मोहम्मद फाजिल मुसययब जैदी गुड्डू पिंटू जैदी अयाज मिर्जा मुमताज मिर्जा मिर्जा नईम डा0 कौसर अब्बास जैदी तनवीर नकवी चांद जैदी कमर अब्बास काजमी हुसैन अली रियासत हवारी एहसान मिर्जा मेहरबान पंजेतन राजू जैदी मोहम्मद आबदी सिकंदर आबदी तनवीर जैदी नवेद जैदी युसूफ जैदी सब मोमिनीन ने बढ़–चढ़कर ईद ए गदीर मैं हिस्सा लिया और हिंदुस्तान की सलामती के लिए दुआ की और सब मोमिनीन के लिए दुआ की आज शियाओं की बड़ी ईद है

गदीर की ईद (अरबी : ईद अल–गदीर य फारसी : ईद–ए–गदीर) शिया मुसलमानों का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार उस घटना की स्मृति में किया जाता है जिसमें कहते हैं कि इस्लाम के पैगम्बर मुहम्मद ने अपने चचेरे भाई और दामाद अली इब्न अबी तालिब को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। यह त्यौहार १८ धू अल–हिज्जा को मनाया जाता है। हदीथ के अनुसार इस ईद को सर्वश्रेष्ठ ईद माना गया है।दुनिया भर के शिया मुसलमान इस उत्सव को प्रतिवर्ष विविध रीति–रिवाजों के साथ मनाते हैं।




यह विभिन्न देशों में आयोजित होता है, जिसमें ईरान, भारत, पाकिस्तान, अजरबैजान, इराक, यूएई, यमन, अफगानिस्तान, लेबनान, बहरीन और सीरिया शामिल हैं। शिया मुसलमान यूरोप और अमेरिका में भी गदीर की ईद मनाते हैं। अथर जैदी दादू की ओर से सब मोमिनीन को ईद गदीर की दिल से मुबारकबाद।

# दो किलों गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थो के तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रैपुरा के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामवीर सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी दुर्गेश कुमार, महेंद्र सिंह व अतुल सिंह परिहार द्वारा आरोपी रमजान वक्स पुत्र कुतुबुद्दीन निवासी बाईपास इटौरा थाना विश्वविद्यालय रीवा जनपद रीवा मध्य प्रदेश व आरोपी कृष्ण कुमार शुक्ला पुत्र दिनेश कुमार निवासी लोही कोतवाली रीवा जनपद रीवा मध्य प्रदेश को रामनगर कस्बा में अस्पताल मोड़ के पास एक–एक किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में आरोपियों के थाना रैपुरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

––––––––––––––––––

# उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के जन्म दिवस के अवसर पर अमेठी विधानसभा 186 से उमड़ा जनसैलाब उनके दीर्घायु होने की कामना

अमेठी से संवाददाता रवि भूषण मिश्रा

अमेठी। उत्तर प्रदेश आज पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे राजनीतिक द्वेष भावना के चलते फर्जी षड्यंत्र रचाकर जेल में निरूद्ध गायत्री प्रसाद प्रजापति का जन्म दिवस आवास विकास अमेठी में धर्मपत्नी महराजी देवी विधायिका अमेठी,पुत्रियां सुधा,अंकिता एवं अरुण, अनुराग प्रजापति ने केक काटकर हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया आगंतुकों पार्टी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र दान साल, साड़ी भेंट कर सम्मानित कर भोजन भी करवाया गया।जिस कार्यक्रम में विधानसभा 186 से भारी जन सैलाब देख अनुराग प्रजापति महराजी प्रजापति एवं प्रजापति परिवार भाव विभोर हो गया और अनुराग प्रजापति ने ऐलान करते हुए कि लोकसभा चुनाव 2019 में अमेठी सांसद माननीय स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा तथाकथित अपने किए गए वादे पर मुकर गई और गायत्री परिवार को एक बार फिर से छला गया कि चुनाव मि सन 2019 में मेरा साथ दो गायत्री मंत्री जेल से बाहर हो जाएगा ऐसे में गायत्री परिवार में सांसद महोदय का साथ दिया और संसद द्वारा छलावा किया गया अब मिशन 2024 की तैयारी की रणनीति बनने लगी हैं कि गायत्री प्रसाद प्रजापति परिवार चाहे जेल में रहे या बाहर लोकसभा चुनाव कहीं से भी प्रजापति परिवार लड़ेगा बदले की भावना तभी पूरा होगी अनुराग प्रजापति अपने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए ग्राम प्रधानों,बी डी सी,डी डी सी,पार्टी कार्यकर्ताओं को वोट बहिष्कार या फिर गायत्री प्रसाद प्रजापति को जेल से बाहर और एक एक वोट की कीमत का पता चलेगा विरोधी पार्टियों पर तंज कसा। लोकसभा चुनाव में जनता जनार्दन ने मिशन 2024 फतेह करने का आश्वासन दिया गायत्री प्रसाद प्रजापति परिवार को जनता जनार्दन पर अटूट विश्वास हो गया है कि जैसे विधानसभा अमेठी जिताने का काम किया है उसी प्रकार लोकसभा सीट भी जनता जनार्दन के हाथों में है और न्याय की उम्मीद जताई है कि 1 दिन होगा कि न्याय मिलेगा, मंत्री जी बाहर होंगे जनता जनार्दन के बीच में उनके प्रत्येक पहलू पर हमेशा खड़ा मिलूंगा और खरा उतरूंगा जन्म दिवस के अवसर पर रुदल यादव, शिव दुलारे यादव,राकेश यादव, सुभाष कश्यप,अभिषेक मिश्रा, शिव बहादुर,त्रिभुवन यादव,हरिशंकर यादव, सोनू यादव,राज कुमार मौर्या राज देव कश्यप,लालता प्रसाद मिश्र उर्फ गार्ड मिश्रा, हरीश मिश्र,कार्यालय प्रभारी संदीप श्रीवास्तव,श्रीनाथ यादव, विजय पासवान, आरिफ खान, रमाशंकर सिंह नंद लाल यादव, महावीर कश्यप, राहुल कनौजिया, अवनीश कनौजिया सतीश यादव, मधु मिश्रा,हरीश यादव, लक्ष्मण यादव राम अभिलाख,मक्खन लाल,शंभू नाथ यादव, गुड्डा देवी परिवार, सूबेदार यादव एवं तमाम संभ्रांत प्रतिष्ठित



कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के दीर्घायु होने की नेक कामना ईश्वर से की है। एवं फर्जी आरोपों से आहत दोषमुक्त होने की कामना सरकार एवं न्यायालय से की है सरकार व न्यायालय के प्रत्येक आदेशों–निर्देशों का अक्षर– शह अनुपालन गायत्री प्रजापति परिवार सदैव करेगा।

# आर्किटेक्ट अनुपमा अग्रहरी को जनशक्ति सम्मान समारोह से किया गया सम्मानित

लखनऊ। आर्किटेक्ट सुश्री अनुपमा अग्रहरि को जनशक्ति सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया।

समाजसेवी एवं आर्किटेक्ट अनुपमा के कड़ी मेहनत और लगन के साथ निरंतर प्रयास एवम् सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उन्हें जनशक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। एस. आर. आर्फ इंस्टीट्यूशन्स बी. के. टी परिसर में मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशिष्ट कार्यक्रम में 121 से अधिक समाजसेवियों को सम्मानित किया गया! जिसमें कई जिलों के सम्मानित समाजसेवी के प्रतिभा को देखते हुए सम्मानित किया गया।



समारोह में अति विशिष्ट अतिथि नीरज सिंह , कार्यक्रम अध्यक्ष पवन सिंह चौहान एम एल सी चेयरमैन एस आर ग्रुप, रायबरेली के राजघराने रियासत से समाज सेविका श्रीमती शाम्भवी सिंह के हाथों से समाजसेवीय एवं आर्किटेक्ट अनुपमा अग्रहरि जी को सम्मानित किया गया। इस विशेष सम्मान समारोह में कृष्ण लोधी (जिला अध्यक्ष भाजपा लखनऊ), पीयूष सिंह चौहान (वाइस चेयरमैन एसआर ग्रुप), समीर शेख (समाजसेवी व सीएमडी ड्रीम्ज ग्रुप), गुंजन वर्मा (अध्यक्षा नीशू वेलफेयर फाउंडेशन), अरुण प्रताप सिंह (अध्यक्ष माँ गायत्री जन सेवा संस्थान )सहित कई गणमान्य नागरिक एवं समाज सेवीय उपस्थित रहें।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटकर किया घायल, चार के खिलाफ तहरीर

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर

खुटार शाहजहांपुर। पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने एक युवक को रास्ते में घेर कर लाठी–डंडों से मारपीट की और जान से मार देने की धमकी देकर फरार हो गए। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर चार नामजद लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव प्रीतमपुर के रहने वाले मुन्नालाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि सोमवार सुबह साढ़े सात बजे वह गांव धनसिंहपुर मजदूरी करने।खीरा तोड़ने जा रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के चार लोग लाठी डंडा लेकर आये और रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। उधर, घास काटकर घर लौट रहे छोटे भाई उमेश बचाने दौड़ा तो उसे भी पीट कर घायल कर दिया। इसके बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित मुन्ना लाल ने पुलिस को तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की जिला बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न

चित्रकूट। भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की जिला बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुआ ।बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी श्री देवेश कोरी जी तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश खरे जी ने की। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्र, सुशीला देवी , सुशील द्विवेदी की गरिमामय उपस्थिति रही। देवेश जी ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बडी पार्टी है । भाजपा की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर और योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का देश में मान बढ रहा है। भारत आज विश्व में मोदी जी के नेतृत्व में समर्थ भारत बन गया है। आगे बताते हुए देवेश जी ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्गों , सभी जातियों को आगे बढाने का काम किया है। एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मु जी इसका जीवंत उदाहरण हैं। केंद्र की मोदी सरकार के संरक्षण में उत्तर प्रदेश विकास पथ पर अग्रसर है। चन्द्र प्रकाश खरे जी ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता जनसंवाद करके संगठन को मजबूत कर रहे हैं। बूथ सशक्तिकरण, हर घर तिरंगा अभियान, बूथों पर व्हाटसअप ग्रुप बनाना, सभी महत्वपूर्ण कार्य ससमय सम्पन्न किये जाए। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कार्यकर्ताओ से आग्रह करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा जनसहभागिता के साथ हम प्रधानसेवक आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के विचार सुनें।

मन की बात कार्यक्रम के पश्चात हर बूथ की बैठक अनिवार्य रूप से हो। बैठक का संचालन महामंत्री अश्विनी अवस्थी ने किया जिला बैठक में



जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्रजेश पाण्डेय, आनंद पटेल, महेन्द्र कोटार्य, विपुल सिंह, हरिओम करवरिया, महामंत्री राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, जिला मंत्री प्रेमलाल बाल्मिकी, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, बाबूलाल पटेल, पप्पू पाल, रामेन्द्र गौतम, भागवत त्रिपाठी, संजय पाण्डेय, विनीता द्विवेदी, सुनीता श्रीवास, राकेश कोल, हरिनारयण, हीरो मिश्र, मोहित, शिवाकांत, आदित्य सुखेन्द्र, प्रमेन्द्र, के साथ मण्डल अध्यक्ष श्रवण पटेल, विनोद पाण्डेय, श्याम गुप्त, ओमप्रकाश मिश्र, मनीष सिंह, प्रदीप सिंह, गणेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, सुशील द्विवेदी, मण्डल प्रभारी रवि त्रिपाठी, राजीव त्रिपाठी, दिनेश सिंह, गुलाब सिंह, सुखेन जायसवाल सहभागी हुये।

# कार्तिक आर्यन को मिला साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान का साथ

–अनिल बेदाग–

मुंबई। बॉलीवुड के जाने माने निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने फिर से एक रोमांचक कास्टिंग की है। दरअसल वह देश के दिल की धड़कन, कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका में अपनी अगली बड़ी परियोजना शुरू करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इस अनटाइटल्ड परियोजना को कबीर खान फिल्म्स द्वारा सह–निर्मित और कबीर खान द्वारा निर्देशित किया जाएगा।

दूसरी तरफ यह अनटाइटल्ड परियोजना साजिद और कबीर को एक बार फिर एक साथ लाया जाएगा। हिट फिल्म निर्माता द्वारा अभिनेता कार्तिक आर्यन को पहली बार पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में पेश करते हुए देखना दिलचस्प होगा। दिलचस्प बात यह है कि भूल भुलैया 2 की जबरदस्त सफलता के बाद कार्तिक की यह पहली बड़ी घोषणा है और इस तरह से सुपरस्टार को अब निर्देशक कबीर खान का साथ मिला है, जिन्होंने पहले बजरंगी भाईजान और 83 सहित कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। साथ ही, कबीर दूसरी बार साजिद नाडियाडवाला के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि परियोजना के विवरण को गुप्त रखा गया है, लेकिन इसे एक बड़े पैमाने पर मनोरंजक कहा जा रहा है, कुछ ऐसा जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा



होगा। इस तरह से तीन दिग्गजों के एक साथ हाथ मिलाने की घोषणा ने निश्चित रूप से फिल्म लवर्स के बीच उत्सुकता को बढ़ा दिया है।

# जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक की

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम होगा आयोजित
- जनपद के सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों एवं निजी भवनों में फहराया जायेगा तिरंगा : डीएम

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार



मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष झंडों का निर्माण करा दिया जाए, झंडा निर्माण के उपरांत बिक्री हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में राशन की दुकानों पर उपलब्ध कराया जाए साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि हर घर में तिरंगा फहरे, इसके लिए विकासखंड स्तर पर सभी खंड विकास अधिकारी अपने अपने विकास खंडों में यह निश्चित करेंगे कि प्रत्येक घर में झंडा पहरे, नगर निकायों में सभी अधिशासी अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। जिलाधिकारी ने सभी गांव में प्रधानों, सचिवों व लेखपालों को ग्रामीणों के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा फहराने की कार्य योजना बताने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय अधिकारियों को झण्डा वितरण हेतु लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों तथा निजी भवनों में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान झण्डा फहराया जाना है। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर अमृत महोत्सव के रूप में हर घर झण्डा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं निजी आवासों पर झण्डा फहराया जाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय नायकों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुये राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत किया जाना है। इस दौरान विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विद्यालयों में झण्डागान का आयोजन, निबन्ध, पेन्टिंग आदि से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया जाना है।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर विभाग आवंटित लक्ष्य के अनुरूप एक कार्ययोजना बनाकर जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रस्तुत करें तथा यह सुनिश्चित करें कि उनके सम्पर्क में आने वाले किसान, व्यापारी, उद्यमी, छात्र, नौजवान, मजदूर, सभी वर्गो में यह सन्देश प्रचारित हो सके जिससे समाज के हर वर्ग के व्यक्ति अपने घरों में तिरंगे का ध्वजारोहण करें। जिलाधिकारी ने यह भी सचेत किया कि झण्डारोहण के समय यह सुनिश्चित किया जाये कि झण्डा संहिता के अनुरूप ही राष्ट्र ध्वज का झण्डारोहण किया जाये, किसी भी दशा में झण्डा संहिता के अन्तर्गत उल्लिखित नियमों का उल्लंघन न किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आन्तरिक कार्ययोजना बना ली जाये ताकि पूरे जनपद में 11 से 17 अगस्त तक चलने वाले हर घर झण्डा कार्यक्रम को सफल बनाया जाये। बैठक में बताया गया कि विभागवार झण्डा वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, जिला विकास अधिकारी तेज भान सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश पांडे, उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदीप मिश्रा बने अभाविप के ऐंचवारा नगर अध्यक्ष

चित्रकूट। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ऐंचवारा इकाई का गठन किया गया। इसमें प्रदीप मिश्रा को नगर अध्यक्ष व सुधांशू श्रीवास्तव को मंत्री चुना गया। इसके अलावा नगर उपाध्यक्ष रामचरित मिश्रा तथा नगर सह मंत्री की जिम्मेदारी अर्पित श्रीवास्तव, वैदेही शुक्ला, अमित मिश्रा, राहुल मिश्रा को संयुक्त रूप से दी गई है। नगर एसएफडी संयोजक संदीप तिवारी को बनाया गया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री प्रखर



मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की रीति नीति के बारे में बताया। इस मौके पर विभाग संयोजक पुष्पेंद्र गर्ग, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु तिवारी, अवनमन, रामू रैकवार आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# प्रिंसिपल की डांट फटकार व कैरियर खराब करने की धमकी से बच्चे ने चलती बस से लगाई छलांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, सलोन। रायबरेली प्रिंसिपल की डांट फटकार व कैरियर खराब करने की धमकी से क्षुब्ध होकर कक्षा 10 के छात्र ने स्कूल के रास्ते में पड़ने वाली सई नदी के पुल पर चलती स्कूल की बस से लगाई छलांग मामला रायबरेली जिले के सलोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगहा गांव में स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल का है जहां कक्षा 10 का छात्र आलोक सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह जो सलोन क्षेत्र के बगहा गांव में स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल का छात्र है घर से स्कूल जाते समय सीट पर बैठने को लेकर ड्राइवर ने भी बच्चे को डांटा था और उल्टा बच्चे की ही शिकायत स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल से की थी स्कूल की प्रिंसिपल कामाक्षा सिंह ने बच्चे को इतना ज्यादा डांट फटकार व कैरियर खराब करने की धमकी दे दी इसी बात से क्षुब्ध होकर स्कूल से घर वापस आते समय बच्चे ने सलोन परशदेपुर मार्ग पर स्थित सई नदी पुल के पास जैसे ही स्कूल की बस पहुंची बच्चे ने छलांग लगा दी बस मे कोई कंडक्टर भी गेट पर मौजूद नहीं था हालांकि छात्र आलोक सिंह के चाचा राजेंद्र सिंह ने बच्चे को बस से धक्का देकर गिराने का भी आरोप लगाया है बच्चा बस से गिरते ही ड्राइवर वहां से बस लेकर भाग गया लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर कर बस वह



बस के ड्राइवर को पकड़ लिया और बच्चे को लेकर आनन–फानन में जिला अस्पताल है जहां मासूम छात्र की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ के ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया है जहां बच्चा लगभग 50 घंटे से आईसीयू में भर्ती है और जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है घायल छात्र आलोक सिंह के चाचा राजेंद्र सिंह ने कहा अभी बच्चे का इलाज करा रहे हैं जैसे ही रायबरेली पहुंचेंगे प्रिंसिपल और ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा लिखाएंगे।

# जिला अधिकारी से पीड़ित परिवार ने लगाई गुहार पति नशे में बेच रहे है बेशकीमती जमीन लगाएं रोक

• जिलाधिकारी आप भी महिला हैं महिला का दर्द तो समझिए मेरे बच्चों के भविष्य का सवाल है न्याय दिलाएं

स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली। रायबरेली नशे से घर बर्बाद होते कई खबरें लोगों ने सुनी जरूर होगी लेकिन आज मामला उस समय उजागर हुआ ।

जब एक महिला जिसका निवास पहरेमऊ थाना महाराजगंज है जहा आज वो अपने पूरे परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पहुंची और उसने जिलाधिकारी महोदय से गुहार लगाई कि आप भी महिला हैं मुझे न्याय दिलाएं मेरे पति शराब के आदी हैं और बेशकीमती जमीन शराब के नशे में आसपास के व्यक्तियों के बहकावे में आकर उनको बैनामा करते चले जा रहे हैं मेरे आगे 3 बच्चे हैं उनकी देखभाल में ही मेरा समय बीत गया और आज मेरे पति के द्वारा मुझे प्रताड़ित भी किया जाता है और लगातार मारा पीटा भी जाता है और तो और जो बच्चों के लिए भविष्य में उनकी पढ़ाई लिखाई और नौकरी के लिए जो बची कुची जमीन है वह भी अब वह लगातार नशे के आदी हो कर लोगों को कौड़ियों के दाम पर बेच रहे हैं मेरा बस यही निवेदन है की उनको इस कृत्य से रोका जाए और जो मालिकाना हक है वह हमारे बच्चों को दिलाया जाए सुनने सुनाने पर यह भी सामने आया है कि किसी महिला से उनका संबंध है जिसके तहत वह लगातार मुझे मारते पीटते हैं और पुश्तैनी जो जमीन है उसको कौड़ियों के भाव बेच रहे हैं जिलाधिकारी महोदय आप महिला हैं महिला का दर्द आप समझ सकती हैं तो आप बस हमारे बच्चों की परवरिश और हमारे बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उक्त जमीन को बेचने का अधिकार मेरे पति के द्वारा ना किया जाए।इस पर जांच करा ली जाए क्योंकि मेरे पति नशे के आदी तो है ही हैं उनका मानसिक संतुलन भी विलुप्त होता जा रहा है आने वाले समय में मैं अपने बच्चों को क्या भविष्य दे पाऊंगी अगर इस पर जिलाधिकारी महोदय के द्वारा संज्ञान लेकर बेची गई जमीन का आकलन करा कर मेरे पति को बहला फुसला और शराब पिलाकर गांव के ही कुछ लोग जमीन अपने नाम करा रहे हैं इस पर संज्ञान लें ताकि मैं अपने परिवार का पेट पालन कर सकूं।अपने बच्चों को पाल सकूं और अपने बच्चों के भविष्य के लिए आगे उनकी सुनिश्चित व्यवस्था भी करा सकूं जिलाधिकारी से निवेदन करते हुए बच्चों ने भी बताया कि मेरे पिता शराब के आदी हैं और गांव के ही लोग जो पैसे वाले हैं सर्किल रेट की कीमत से निम्न स्तर का पैसा देकर मेरे पिताजी से जमीने लिखवा रहे हैं और लगातार उनको मना करने पर वह लड़ाई झगड़ा करते हैं मेरी मां को मारते हैं हम लोगों को मारते हैं बाहर के लोगों को बुलाकर घर में बैठ आते हैं ।

शराब पिलाते हैं और हम लोगों को बकायदा प्रदर्शित करते हैं इसकी सूचना कई बार थाने पर भी दी लेकिन क्योंकि जमीन मेरे पिताजी के नाम हैं और हम लोग उसमें कुछ हस्तक्षेप भी नहीं कर सकते लेकिन जिलाधिकारी से निवेदन यह है कि मेरे पिताजी का डॉक्टरी उच्चारण



कराया जाए और उनको नशा मुक्ति केंद्र भेजा जाए और जो जमीन बची हैं उसके बनाने पर रोक लगाई जाए ताकि आने वाले समय में जब हमको जरूरत पड़े तो हम अपने मां–बाप की सेवा कर सके और अपने भविष्य को आगे बढ़ा सके फिलहाल जिलाधिकारी के पास एप्लीकेशन पहुंचने के बाद यह एक नया मामला था पिता के नशे के आदी होने के परिवार जिला अधिकारी किस चरण में है और जिलाधिकारी महोदय क्या उस पर कार्यवाही करती है और किस तरह से उसकी जांच कराती हैं यह तो आने वाला समय ही तय करेगा।

# शादी कराने का झांसा देकर ठगे 50 हजार

रिपोर्टर विजय सिंह

लालगंज रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे नवरंग नजरे आलम पुर निवासी अजय कुमार ने शादी कराने का झांसा देकर फर्रुखाबाद के एक आदमी से 50हजार रुपए ठग लिए है।पीड़ित ने मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से की है।ठगी की घटना से पीड़ित फेरे नगला जिला फर्रुखाबाद निवासी महेंद्र कुमार ने बताया कि पूरे नवरंग निवासी अजय कुमार ने उसे लड़की देखने के लिए बुलाया था और कहा कि 50हजार रुपए दे दो ।

हाथों हाथ लड़की बिदा कराये दे रहा हूं ।महेंद्र कुमार ने पचास हजार रुपयेअजय को दे दिया लेकिन जब लड़की विदा कराने की बात आई तो अजय बहाना बनाकर गायब हो गया ।दो–तीन दिन खोजबीन के बाद पीड़ित महेंद्र कुमार ने लालगंज पुलिस से शिकायत किया है।

# जनपद में 20 जुलाई को 963312 बच्चों को खिलाई जायेगी एल्बेंडाजोल

अल्ताब अहमद, रायबरेली। कृमि संक्रमण के कारण बच्चों, किशोरों एवं किशोरियों में कुपोषण और खून की कमी होती है। इसी कारण उनमें हमेशा थकावट रहती है। परिणाम स्वरूप उनका संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है। इस समस्या के समाधान के लिए 20 जुलाई को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जायेगा। इसके तहत एक से 19 साल तक के सभी बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जायेगी द्य किसी कारणवश जो बच्चे दवा खाने से छूट जायेंगे उनको 25 व 27 जुलाई को माप अप राउंड के दौरान सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाई जाएगी। एक से दो वर्ष वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली एवं दो से 19 वर्ष तक के बच्चोंध किशोरियों धकिशोरो को एल्बेंडाजोल की पूरी गोली 400 मिलीग्राम खिलाई जाएगी।

सीएमओ डॉ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से सभी सरकारी , निजी स्कूल– कालेजों, मदरसों से सहयोग के द्वारा आयोजित किया जाएगा।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी एस अस्थाना ने



बताया कि कुपोषण एवं खून की कमी को पूरा करने में एल्बेंडाजोल का सेवन एक कारगर माध्यम है जो पूर्णतया प्रमाणित एवं सुरक्षित है द्य इसमें सभी स्कूल और कॉलेज सहयोग कर इस कार्यक्रम को सफल बनायें ।

# अभियान की सफलता के लिए माइक्रो प्लान बेहतर बनाकर टीम भावना से कार्य कर अभियान को सफल बनाने की कार्यवाही की जाये : प्रभाष कुमार

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार ने बचत भवन के सभागार में जनपद में चल रहे संचारी रोग नियंत्रणध्दस्तक अभियान के सम्बन्ध में बैठक कर जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों से संचारी रोग नियंत्रणध्दस्तक अभियान द्वारा कराये जा रहे कार्यो व लक्ष्य की सम्पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने सीएमओ तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो कि 1 जुलाई से चलाया जा रहा है तथा 31 जुलाई तक अनवरत चलेगा। अभियान की सफलता के लिए माइक्रोप्लान बेहतर बनाकर टीम भावना से कार्य कर अभियान को सफल बनाने की कार्यवाही की जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चल रहे अभियान के दौरान जिन बच्चों के टीके नहीं लगे है उन्हें सावधानी व सुरक्षा के साथ ही लगाया जाये। इसके अलावा व्यापक पैमाने पर स्वच्छता, सेनेटाइजेशन आदि की सुविधाएं बढ़ाई जाये। संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाले व जन–जन के स्वास्थ्य से जुड़ा एक कार्यक्रम है जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। दिमागी बुखार को, मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू आदि बीमारियों को बेहतर संविलास व उपचार की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य की ओर बढ़े। बैठक में डीपीआरओ को स्वच्छ भारत मिशन के तहत किसी भी प्रकार जानकारी न होने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त कराने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चलाये जा रहे अभियान के बारे में आम जन को अवगत कराये तथा अमल में लाये जाने को कहे। संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान की सफलता तथा मच्छरों के नाश के लिए फॉगिंग मशीन से एक नाली व गढ्ढा में दवा भी छिड़की जायें तथा आहवन किया कि अभियान की सफलता के लिए साफ–सफाई स्वच्छ जरूरी है इस पर ध्यान दें। संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान में कहा कि दिमागी बुखार को नियंत्रित करने से सबसे बड़ी समस्या इलाज में देरी है। दस्तक अभियान दिमागी बुखार से बचाव एवं नियंत्रण के लिए व्यवहार परिवर्तन संचार अभियान है इस में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर 1–15 वर्ष के आयु के बच्चों के माता–पिता को बीमारी से बचाव एवं उपचार की जानकारी दें। कोई भी बीमारी दिमागी बुखार हो सकता है। ऐसी स्थिति में इलाज में देरी न की जाये। अभियान के दौरान जानकारी के साथ दिमागी बुखार पर चौतरफा



वार भी होगा, जिसमें नियमित टीकाकरण के अंतर्गत जेई टीकाकरण, मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग, बुखार ग्रस्त कटाई, नालियों की सफाई, हैण्डपम्पों की मरम्मत और शौचालय निर्माण आदि शामिल है। संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान में सभी को पूरी तरह सहयोग करना होगा। प्रत्येक बच्चा अनमोल है और सही जानकारी एवं सही समय पर दिया गया इलाज उनकी जान बचा सकता है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी, एडीआईओ इंजेश सिंह, मो0 राशिद रियाज सहित सम्बन्धित विभाग के सभी अधिकारी एमओआईसी आदि भी उपस्थित रहे।

# लालगंज क्षेत्र में भैंस चोरों का आतंक

लालगंज रायबरेली। अभी पूरे बाबू मजरे गौरा रुपई गांव से गायब हुई भैंस का पुलिस पता भी नहीं लगा पाई थी कि उसी गांव के आस–पास के गांवो में चोरों ने धावा बोलकर तीन लोगों की कीमती भैंसे पार कर दिया है ।पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से किया है। मिली जानकारी के अनुसार काशी दीन का पुरवा मजरे सोभवापुर के राजेश यादव उर्फ पंडा यादव की 3 भैंसे चोरी गई है। वही अंबारा पश्चिम निवासी जयप्रकाश तिवारी की एक भैंस चोरी चली गई है ।इसके अलावा ककराही निवासी बैलन मुसलमान की भी एक भैंस चोरी गई है ।चोरी गई भैंसों की कीमत कई लाख रुपए बताई जाती है। वही लगातार हो रही चोरियों की घटना से किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया है ।किसानों ने पुलिस से भैंस चोरी की घटनाओं का खुलासा किए जाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता जल निगम द्वारा कार्यो में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन रोकने के दिये निर्देश

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन फेज द्वितीय के कार्यो की प्रस्तावित आयोजित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन द्वारा कार्यो की सही जानकारी न देने व कार्यो में शिथिलता व लापरवाही बरते जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को कड़ी फटकार लगाते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने व वेतन रोकने के निर्देश दिये। जनपद रायबरेली में चयनित कार्यदायी संस्था द्वारा 187 पेयजल योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने समिति के सदस्यों से जल जीवन मिशन के दिशा निर्देशों के अनुसार ही



पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण, संचालन, अनुरक्षण से सम्बन्धित शासनादेश के अनुरूप कार्यो को युद्ध स्तर पर पूर्ण करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, लघु सिंचाई, एडीआईओ इंजेश सिंह, मो0 राशिद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दलित महिला के साथ भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग ऊंचाहार के नेता ने किया दुष्कर्म

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,रायबरेली। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम से गुंडे माफिया कांपते नजर आते महिला सशक्तिकरण अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही सरकार लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुछ ऐसे भी कार्यकर्ता हैं जो योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल करने में कोई कसर कोर नहीं छोड़ रहे। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग का एक ऐसा नेता जो हवस की भूख मिटाने के लिए दलित महिला के साथ दुष्कर्म किया है।मामला ऊंचाहार तहसील क्षेत्र निकट एक गांव का है जहां पर दलित महिला के साथ बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग नेता अभिलाष चंद कौशल द्वारा दलित महिला के घर में पानी पीने के बहाने घर में घुसकर दुष्कर्म किया इसी संबंध में महिला ने बीते दिनों ऊंचाहार कोतवाली में नामजद तहरीर दिया कार्यवाही ना होने की वजह से सक्षम अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई न्याय न मिलने पर। महिला ने माननीय न्यायालय कोर्ट के समक्ष 156 (3) के तहत न्याय की गुहार लगायी । घटना दिनांक 11/06/2022 को समय लगभग 12:00 बजे महिला अपने घर पर अकेली थी महिला के पति काम के सिलसिले में घर से बाहर गए थे तभी मौका पाकर अभिलाष चंद कौशल व अज्ञात लोग महिला के घर में आए और जेवर खरीदने व बेचने से संबंधित बातें करने लगे जिसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी के कथित नेता के द्वारा पानी पीने की इच्छा जाहिर की गई जब महिला पानी लाने घर के अंदर गई तब तक कथित नेता अभिलाष चंद्र कौशल ने दरवाजा बंद करके दलित महिला के साथ दुष्कर्म किया



। जिस पर माननीय न्यायालय से 08/07/2022 को ऊंचाहार कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देशित किया जिस पर ऊंचाहार कोतवाली में 18/07/2022 को 504 ,506, 376, 452, आईपीसी धारा एससी एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर दिया गया है।भारतीय जनता पार्टी के ऊंचाहार पिछड़ा वर्ग नेता कार्यकर्ता द्वारा ऐसा घिनौना कृत्य किया गया है जिससे दलित समुदाय में सरकार के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है।

दलित समुदाय के लोग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से ऐसा घिनौना कृत्य करने वाले भारतीय जनता पार्टी ऊंचाहार पिछड़ा वर्ग नेता के विरुद्ध गिरफ्तारी की मांग की है।

# बाल्हेश्वर मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

लालगंज रायबरेली। सावन माह के प्रथम सोमवार को भगवान बाल्हेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव की जय जय कार के साथ शांतिपूर्वक दर्शन प्राप्त किए। पंडित झिलमिल महाराज ने बताया के 1बजे के बाद ही रात में तमाम लोग दर्शन करने के लिए पंक्ति में लगे रहे ।जैसे ही प्रथम पूजा के पश्चात पट खोला गया ।हर हर महादेव के नारे के साथ हजारों लोगों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक करना प्रारंभ कर दिया ।वही दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ लगातार उपस्थित रहे तथा दर्शनार्थियों को सुगमता पूर्वक दर्शन कराया। दर्शनार्थियों को दर्शन कराने में समिति के कार्यकर्ता जी जान से लगे रहे। श्याम शुक्ला ,रिशु, बबुआ अवस्थी, मिक्कू शुक्ला, राजा शुक्ला ,होरीलाल ,सोनू वर्मा जितेश शुक्ला, जितेंद्र यादव, श्यामू शुक्ला, राकेश शुक्ला ,इंद्रेश आदि कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम किया वही बरसात कम होने के कारण दुकानदारों की बिक्री पर प्रभाव पड़ा ।लेकिन मेला व्यवस्था प्रमुख सूर्य प्रसाद मिश्र ने बताया कि इस बार काफी दूर–दूर से दुकानदार आए हैं और मेले में लगभग समस्त घरेलू उपयोगी सामग्री सहित बच्चों के लिए झूले आदि भी लगे हुए हैं ।कड़ी धूप के बावजूद भी लोगों ने मेले का आनंद उठाया ।जलेबियां और खाजा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। संपूर्ण मास चलने वाले इस मेले की तैयारियों में प्रमुख रूप से कीर्ति मनोहर शुक्ला, अनुज अवस्थी, विनय त्रिवेदी, शिव बरन वर्मा , राजेंद्र तिवारी, अवधेश कुमार तिवारी ,प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी , अतुल मिश्रा, धीरेंद्र कुमार मिश्र, धूनम शुक्ला कमल शुक्ला ,मनोजकुमार पांडे सहित समिति के पदाधिकारी निरंतर उपस्थित रहे।

# पी0डब्लू0डी0 गेस्ट हाउस अमेठी में मा0 महिला आयोग की सदस्या द्वारा जनसुनवाई 20 जुलाई को

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

• मिशन शक्ति फेज–4 के अन्तर्गत महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज केशव नगर में

अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु सुगमता के दृष्टि से जनपद अमेठी में 20 जुलाई 2022 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे पी0डब्लू0डी0 गेस्ट हाउस तहसील अमेठी में मा0 महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अनिता सचान द्वारा जनसुनवाई किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिला जागरूकता कार्यक्रम सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज केशव नगर अमेठी में अपरान्ह 01 बजे आयोजित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध में उपरोक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में जनसामान्य प्रतिभाग कर सकते है।

# संक्षिप्त समाचार

## रामनगर ग्राम पंचायत में युद्ध स्तर पर मनरेगा कार्य, सीडीओ लगतार कर रही है कार्यो का निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में जल संरक्षण के लिए शहर से गांवों तक में तैयार किए जा रहे अमृत सरोवर लाखों लोगों को जीवन देने के साथ ही जीविका भी देंगे। सरोवर से भूगर्भ जलस्तर बेहतर होगा। इससे पीने का पानी और खेतों की सिंचाई करने में आसानी होगी। वहीं, करीब 3.20 लाख परिवारों को जीविका चलाने का माध्यम भी मिलेगा। इनमें स्वयं सहायता समूह की महिला, किसान और मछुआरा परिवारों को वरीयता दी जाएगी।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों को विकसित किया जा रहा है। अस्तित्व खो चुके तालाबों को पुनः उनका निर्माण किया जा रहा है, जिससे कि आसपास के रहने वाले लोगों के अलावा पशु–पक्षी आदि को भी तालाबों का लाभ मिल सके सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को साकार करने में बाराबंकी की मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह जोर शोर से लगी हुई है इसके अलावा खंड विकास अधिकारी शंभू शरण ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार ग्राम प्रधान अरविंद कुमार सिंह भी पूरा दमखम लगाते हुए नजर आ रहे हैं. इसी का जायजा लेने के लिए हमारे संवाददाता जब जमीनी स्तर पर



काम किया तो ज्ञात हुआ कि विकासखंड त्रिवेदीगंज में अमृत सरोवर तालाब के सपनों को साकार करने का काम काफी जोरों से चल रहा है. इसी क्रम में विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत रामनगर में हमारे संवाददाता ने जब जायजा लिया तो ज्ञात हुआ कि शीतल दास बाबा कुटी के पास में शिवमंगल सिंह तालाब को अमृत सरोवर तालाब के रूप में चयन किया गया जिसका खुदाई का कार्य युद्ध स्तर पर है. मिली जानकारी के अनुसार 66 मनरेगा मजदूरों की डिमांड निकाली गई जिसमें मौके पर 55 मजदूर कार्य करते हुए मिले वही जोगा तालाब कमलेश के दरवाजे के सामने बने तालाब कि साफ सफाई जोरो से हो रही है. इस संबंध में ग्राम प्रधान अरविंद सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत में कई जगहों पर मनरेगा का कार्य चल रहा है इससे हमारी ग्राम पंचायत के लोगों को काफी ज्यादा लाभ होगा उन्होंने बताया कि मनरेगा मजदूर अभी तक प्रदेश जाकर कमाई करने का काम करते थे लेकिन अब उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सरकार की योजनाओं को साकार करने का काम किया जा रहा है ग्राम पंचायतों में युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है।

# ईश्वर एक रूप अनेक : रामसुमेर

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,बछरावां, रायबरेली में गंगा जमुनी तहजीब की पेश हुई एक और मिसाल हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने मिलकर किया भोलेनाथ का भंडारा बछरावां रायबरेली वैसे तो रायबरेली जनपद का बछरावां कस्बा बहुत पहले से सांप्रदायिक सौहार्द व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करता रहा है दशहरे के मौके पर रामलीला का मंचन करने वाली न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला अभिनय कमेटी में दोनों ही संप्रदायों के कलाकार रहते हैं यही नहीं हाफिज रौनी रहमतुल्लाह अलेह की मजार पर प्रतिवर्ष लगने वाले सालाना उर्स में आयोजक समिति के अंदर मुस्लिमों से ज्यादा हिंदुओं की तादात रहती है।इस उर्स का उद्घाटन भी पूर्व विधायक रामलाल अकेला के द्वारा आज तक होता चला आया है इसी कड़ी में स्थानीय कस्बे की चूड़ी मंडी में विगत वर्ष से सावन के पहले सोमवार को आयोजित होने वाला भंडारा हिंदू और मुस्लिम दोनों संप्रदायों के लोगों के द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित किया जाता है चंदा मांगने से लेकर सब्जी काटने तक और प्रसाद वितरण में भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए दोनों समुदाय के लोगों को देखा जा सकता है विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी



सावन के प्रथम सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य आयोजन में सत्येंद्र चौधरी मोहम्मद अकील अखिलेश चौधरी तौकीर अहमद रेहान सचिन मिश्रा मोहम्मद कल्लू आशीष सोनी पूर्व चेयरमैन बराती लाल चौधरी हरिशंकर सोनी भैयन हुसैन सभासद शकील मंसूरी एवं राम कुमार सोनी की भूमिका महत्वपूर्ण रही इस भंडारे को लेकर दोनों समुदायों के बीचभारी उत्साह देखने को मिला रुक रुक करलग रहे बम भोलेके नारेऔरगले में शिव प्रतिमा का गमछा डाले हुए प्रसाद वितरण कर रहे लोगों में यह अंदाजा लगाना ही कठिन था इसमें कौन हिंदू है अथवा कौन मुस्लिम मौजूदा हालात में सांप्रदायिकता की बात करने वालों के लिएबछरावां में आयोजित होने वाले यह कार्यक्रम उनके मुंह पर तमाचा साबित हो रहेहैं।

# महराजगंज थाना क्षेत्र में नहीं रुक रहा क्राइम का सिलसिला

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के गोंदरिहा गांव के सामने शारदा नहर की पटरी पर सोमवार की सुबह दिनदहाड़े बदमाश ने एक महिला की चोगली छीनकर भागने लगा बुजुर्ग महिला के शोर मचाने पर आगे ग्रामीणों ने बदमाश को पकड़ लिया, और जमकर पिटाई करते हुए उसे पुलिस के हवाले कर दिया।घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव गोंदरिहा की है।

छीटू लाल की पत्नी रजाना नहर की पटरी के रास्ते कहीं जा रही थी, इस दौरान पीछे से साइकिल पर आए युवक ने महिला को रोककर बातचीत की और धोखे से गले में एक हाथ लगा कर रजाना की नाक से सोने की चोंगली छीनकर भाग निकला। इसके बाद बुजुर्ग महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने दौड़ाकर बदमाश को पूरे अभिमान सिंह स्थित आशुतोष धाम मंदिर के पास दबोच लिया, और उसे जमकर पीटा।

इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने बदमाश को हवाले कर दिए।सीओ राम किशोर सिंह ने बताया कि, ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची, मौजूद लोगों से गहनता से पूछताछ की गई। आरोपी को थाने ले आया गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है, पूछताच मे आरोपी ने अपना नाम दीपक निवासी ग्राम सलेमपुर थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली बताया है।

# जेल निरीक्षण उपरांत आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

रायबरेली ब्यूरो। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अब्दुल शाहिद के दिशा–निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी के देख–रेख, खानपान, रहन–सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अभिनव जैन द्वारा जेल निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव ने जेल अधीक्षक अविनाश गौतम व जेलर सत्य प्रकाश से जेल के अंदर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। निरीक्षण में कुल 1477 बन्दी निरुद्ध बताये गये। सचिव द्वारा जेल की पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जेल में विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। सचिव ने जेलर को महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल कराने तथा उन्हें समय से दवा आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। सचिव ने बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। सचिव ने बन्दियों को बताया कि जेल में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से विधिक मदद ले सकते है। शिविर के दौरान जिन बंदियों ने यह बताया कि उनके मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं



है उन्हें यह सुझाव दिया गया कि वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली को भेज दे। शिविर में उपकारापाल अनिल कुमार विश्वकर्मा, कुंवर वीरेंद्र विक्रम सिंह, डा0 सुनील अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, बृजपाल व मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

# जेसीआई रायबरेली युवा द्वारा संगीत गायन प्रतियोगिता आयोजित

रायबरेली ब्यूरो। रविवार को जेसीआई रायबरेली युवा द्वारा द मेगा टैलेंट सर्च कंपटीशन के अंतर्गत सिंगिंग कंपटीशन का ऑडिशन लिया गया इस अवसर पर लगभग 30 से 40 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था इस अवसर पर छात्रों ने खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मनमोहक संगीत से सभी दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम का प्रारंभ आए हुए अतिथियों ने मां सरस्वती देवी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया तत्पश्चात अध्याय अध्यक्ष जेसी विक्रम सिंह ने समस्त अतिथियों को पौधे एवं स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया एवं सभी का स्वागत किया इस अवसर पर




निर्णायक मंडल की भूमिका में नुसरत खान एवं शुभेंदु कुमार रहे इस अवसर पर डायरेक्टर ट्रेनिंग श्री राम किशोर मौर्या जी वित्तविहीन व्यक्तिगत शिक्षण संस्थान से से एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल के संचालक श्री एल पी यादव जी मंच संचालन स्कॉलर कंप्यूटर के डायरेक्टर श्री उमेश श्रीवास्तव जी ने एवं श्री विमलेश सोनकर जी ने किया।

अध्याय अध्यक्ष विक्रम सिंह ने सभी को स्मृति चिन्ह एवं धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया।

# बीओबी के एटीएम से मोबाइल हुआ चोरी

लालगंज,रायबरेली। लालगंज कस्बे के मेन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से एक खाताधारक का मोबाइल चोरी चला गया है।पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी है ।वरदाही बाजार लालगंज निवासी ऋतुराज पुत्र मनोज कुमार एटीएम से पैसे निकालने गया था।

उसने पैसा निकालते वक्त मोबाइल मशीन के ऊपर रख गया था ।उसी बीच किसी ने मोबाइल पार कर दिया। पीड़ित ऋतुराज ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के सहारे खोजबीन किये जाने की मांग की है ।एटीएम में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है।

# संक्षिप्त समाचार

## एनसीसी छात्रों में एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना सिखाता है : सूबेदार देव बहादुर गुरुंग

- एसपीवीपी इंटर कालेज सेमरहना में एनसीसी कैडटो का हुआ चयन

दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहीपुरवा बहराइच। एसपीवीपी इंटर कालेज सेमरहना में एनसीसी के ट्रेनिंग के लिए छात्र छात्राओं का चयन हुआ । इस अवसर पर 51 यूपी बटालियन बलरामपुर के पीआई सूबेदार देव बहादुर गुरुंग ने कहा कि एनसीसी युवाओं में एकता अनुशासन और राष्ट्र की भावना सिखाता है । एनसीसी जूनियर डिवीजन में 50 एवं सीनियर डिवीजन में 50 कैडटो का चयन एनसीसी प्रशिक्षण के लिए हुआ । हवलदार टीपी गुरुंग, हवलदार मुकेश कुमार, हवलदार दान बहादुर , एएनओ उपेंद्र दीक्षित, सीटीओ धीरज कुमार की निगरानी में 150 छात्रों ने ट्रायल में भाग लिया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार ,शिक्षक जयराम मौर्य, सुधीर कुमार सिंह, आदि मौजूद रहे।



## जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता बहराइच। बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए सैकड़ों कांवरियों का जत्था हर हर महादेव, बोल बम के जयघोष के साथ जरवलरोड से बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ,जिसमे सैकड़ों शिव भक्त सामिल रहे। सोमवार को बोल बम ,हर हर महादेव के जयघोष के साथ सैकड़ों कांवरियों का जत्था काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन से सुल्तान गंज के लिए रवाना हुआ |जहां से शिव भक्त कांवर में जल भरकर 105 किमी की पैदल यात्रा कर अपने आराध्य बाबा बैजनाथ को जलाभिषेक करेंगे |मान्यता है कि बाबा बैजनाथ को जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है और बाबा का आशीर्वाद हमेशा शिव भक्तों के साथ रहता है |जरवलरोड से प्रतिवर्ष कांवरियों का कई जत्था बाबा बैजनाथ धाम को जलाभिषेक के लिए जाते है। इस अवसर पर आत्रेय कुमार मिश्रा उर्फ मोनू पंडित, बनारसी दास गुप्ता ,विजय कुमार यज्ञसैनी,अजय फैजाबादी, डॉ प्रेम, हेमराज, जुग्गीलाल दादा, अशोक कौशल, मनोज पटवा, रमेश गुप्ता, राजेश गुप्ता , ओम प्रकाश ,सोम प्रकाश, अमित पटवा, रामचंदर , राजन गुप्ता, पन्ना लाल ,आलोक, बृजेश समेत सैकडों शिव भक्त सामिल रहे।



## शिक्षकों की संख्या बढ़ने से कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता को मिलेगी नई उंचाई : मेजर डॉ. एस. पी. सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता बहराइच। किसान पी.जी. कॉलेज ने अपनी शैक्षिक उपलब्धियों के कारण डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय और प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनायी है |गत वर्षों में नए–नए पाठ्यक्रमों के आने से छात्र–छात्राओं को अपनी रूचि के अनुसार विषयों और पाठ्यक्रमों के चयन की सुविधा प्राप्त हुई है। कॉलेज में सभी विषयों में स्नातक और स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित हैं। लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों पर नए शिक्षकों की नियुक्ति से महाविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई प्राप्त होगी। ये विचार किसान पी.जी. कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह ने भौतिक शास्त्र विभाग में उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग,प्रयागराज से चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर अमित सिंह को कार्यभार ग्रहण करवाते हुए व्यक्त किये।

वे छात्र जीवन से ही प्रतिभावान विद्यार्थी रहे हैं और मूलतः लखीमपुर जिले के निवासी हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष पंकज सिंह,संतोष कुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र सिंह गुड्डू, मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सत्यभूषण सिंह विशाल सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव विशाल कश्यप,अविरल प्रताप सिंह सहित अनेक शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।



## दबंग प्रधान हजम कर गए बच्चों का स्कूली राशन, प्रशासन बना मौन

- (विद्यालय अध्यापकों द्वारा खुलासा करने के कई दिन बाद भी दबंग ग्राम प्रधान ने नहीं वितरण किया स्कूली बच्चों का खाद्यान्न)


दैनिक अयोध्या टाइम्स
बलहा,बहराइच। जनपद बहराइच के तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुर में विद्यालय के बच्चों को 24/3/2021 से लेकर 31/8/2021 तक नहीं वितरण करवाया गया एमडीएम का राशन,, इस संबंध में विगत दिनों पहले ग्रामीणों ने कोटेदार के विरुद्ध किया था प्रदर्शन, जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि स्कूल से बच्चों को एमडीएम की पर्चियां दे दी गई है किंतु जब बच्चे व उनके अभिभावक राशन लेने के लिए कोटेदार के यहां जाते हैं तो वह कहता है कि प्रधान से लीजिए, हमने उनको दे दिया है, और जब प्रधान के पास जाते हैं तो कहते हैं कि हमको समय नहीं है जब समय मिलेगा तब वितरण करेंगे। समय गुजरता जा रहा है किंतु अभी तक बच्चों का राशन वितरण नहीं हो पाया है इस संबंध में ग्रामीणों ने कोटेदार व प्रधान के विरुद्ध मोर्चा खोल प्रदर्शन किया था। जहां कोटेदार कन्हई लाल के द्वारा बताया गया था कि हमने समस्त कुल खाद्यान्न ग्रामप्रधान हाशमा तथा प्रधान प्रतिनिधि वसीम अहमद को दे दिया है, जिसकी रिसीविंग मेरे पास है। इस संबंध में खबर भी प्रकाशित हो चुकी है,, जिसके बाद न्याय पंचायत दौलतपुर के संभागीय अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा कोटेदार वा प्रधान द्वारा एमडीएम के राशन को न वितरण करने को लेकर संबंधित विद्यालयों में पहुंचकर अध्यापकों से आवश्यक जानकारी के साथ लेखा–जोखा लिया गया,, जहां ग्राम पंचायत के सभी विद्यालयों के अध्यापकों 1–त्रिलोकीनाथ वर्मा (गोड़ियाना) 2–अलीशेर (प्रा0वि0प्रथम) 3–महेंद्र सिंह ( द्वितीय) 4–शीतला प्रसाद (प्रा0वि0चिरैया) 5–बृजलाल (प्रा0वि0लोनियनपुरवा) द्वारा लिखित प्रार्थनापत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि कुल ग्राम पंचायत के समस्त कोटेदारों को बुलवाया गया,, उसमें सभी कोटेदारों से राशन वितरण न करने के संबंध में पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा हम सभी को बुलवाकर पूरा खाद्यान्न स्थानांतरित करवा लिया गया है,, जिसकी रिसीविंग मेरे पास उपलब्ध है,, जिसके कारण एमडीएम का खाद्यान्न बच्चों को वितरण नहीं हो पा रहा है। ग्राम प्रधान को जब मौके पर बुलवाया गया तो ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि मे से कोई वहां नहीं पहुंचे। घटनाक्रम में जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हम सोमवार तक राशन को अवश्य वितरण करवा देंगे किंतु आज तक भी विद्यालय के बच्चों का राशन वितरण नहीं कराया गया। कोटेदार द्वारा उपलब्ध कराए गए खाद्यान्न की सूचना कुल उठान खाद्यान्न 320 कुंटल 88 किलो ग्राम प्रधान हासमा के पास उपलब्ध है जिसमें से समस्त 5 विद्यालयों में बच्चों को खाना खिलाया गया वह 105 कुंतल 84 किलो 750 ग्राम खर्च हुआ है,, बाकी का खाद्यान्न 215 कुंतल 3 किलो 250 ग्राम बच्चों का राशन प्रधान के पास उपलब्ध है,, क्या ग्राम प्रधान इस कदर अपने आदर्शों से गिर चुके हैं कि ढेर सारी योजनाएं खा कर उनका पेट नहीं भरा तो बच्चों के एमडीएम का राशन भी उठवा कर हजम कर गए,, एक ओर सरकार जहां ग्रामीण अंचलों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए सब पढ़े,,सब बढ़े का लक्ष्य निर्धारण कर प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प पर ढेर सारा पैसा खर्च कर रही है जिसमे कि पढ़ने आने वाले छात्र छात्राओं को मुफ्त में किताबें, ड्रेस, जूते, बैग यहां तक कि एमडीएम के अंतर्गत भोजन की व्यवस्थाएं भी निशुल्क है तो वहीं ऐसे में ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि चंद पैसों को बचाने के लालच में अंधे होकर इस कदर कालाबाजारी कर जाएंगे, किसी ने सोचा ना होगा। ऐसे ग्राम प्रधानों पर तत्काल प्रशासन द्वारा कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करवाया जाना अति आवश्यक प्रतीत होता है।

आखिर योगीराज में ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि विकासखंड के अधिकारियों से सांठगांठ करके बच्चों के एम डी एम के राशन तक को भी नहीं छोड़ा,, आखिर ऐसे दवंग ग्राम प्रधानों पर कब चलेगा बाबा योगी का हंटर,, क्या विद्यालय के बच्चे पाएंगे अपना हक अथवा एमडीएम के राशन को कालाबाजारी कर गर्म होती रहेगी ग्राम प्रधान व संबंधिततों की जेबें,, बनकर रह गया है सिर्फ सवाल।



## आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान के नानपारा

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय बहराइच। ॥ द्वारा ग्राम रमपुरवा, फकिरपुरी, विश्नापुर, विकास खंड मिहींपुरवा में किसान गोष्ठी का क्षमता परियोजना के अंतरगर्त अयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ के एम सिंह ने कहा कि प्रकृति खेती पर हमें ध्यान देना होगा जिससे हमारा और हमारी आने वाली पीढ़ी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा उर्वरकों के अधिक उपयोग से हमारी मिट्टी का स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया है जिसके लिए हमें प्राकृतिक खेती करनी होगी डॉ बी पी सिंह ने बताया खरीफ मौसम में किसान भाई प्याज की नर्सरी तैयार कर ले इससे आगेती प्याज की रोपाई कर सकते हैं । डॉ एस वी सिंह ने कहा इस बार पिछले वर्षो की अपेक्षा बरसात बहुत कम हो रही है इसको देखते हुए किसान भाई कम जल आवश्यकता वाली फसलों को महत्वता देनी होगी डॉ मनीष कुमार ने किसान भाइयों को अपने प्रक्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मशीनों का उपयोग करने की सलाह दी जिससे श्रम, और समय दोनों में बचत हो जाती है किसान गोष्ठी में मुख्यत नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह एवं ग्राम प्रधान माधुरी देवी, रामबचन, चंदू, धर्मेंद्र, सृजना देवी, गंगा देवी आदि किसान उपस्थित रहे।



## 6 गौरवशाली वर्षो का जश्न मनाते हुए, प्रमुख मीडिया एजेंसी आई.टी.डबलू प्लेवर्क ने यूथ ऑर्गनाइजेशनस

दैनिक अयोध्या टाइम्स मुम्बई। सुशिलाजीत साहनी मुंबई 6 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए, प्रमुख मीडिया एजेंसी आई.टी.डबलू प्लेवर्क ने यूथ ऑर्गनाइजेशन इन डिफेंस ऑफ एनिमल्स (योडा) के सहयोग से आवारा जानवरों को खिलाने की एक सी.एस. आर पहल की मेजबानी की। इस मौके पर बॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस शर्ली सेतिया ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि इस पहल से मैं बहुत खुश हूं एवम विनायक जी के साथ कनेक्ट हो कर ये कर पाना आसान हुआ स जिस तरह से हम अपने जीवन काल को भवसागर में बहते हुए पानी में बहते जाते हैं उसी प्रकार से यह प्राणी भी इसी तरह अपना जीवन यापन करते हैं। सड़को पर घूमते हुए आवारा जानवरों जैसे कुत्ते बिल्ली जो घर में पाले जाते हैं एवम निस्वार्थ भाव से हमें इनका खयाल रखना चाहिए क्योंकि यह प्राणी हमारी तरह कुछ बोल तो नही सकते लेकिन वो अपना प्यार भी हमे निस्वार्थ भाव से निभाते हैं।





# सरहट गांव में शिक्षा की मुहिम को आगे बढ़ा रही माधव सेवा संस्थान

- बच्चो को कॉपी–किताब बांटकर शिक्षा से जोड़ रहा संस्थान

मानिकपुर, चित्रकूट। मानिकपुर तहसील क्षेत्र के सरहट गांव में सोमवार को माधव सेवा संस्थान द्वारा गरीब बच्चों को मोहल्ला पाठशाला के माध्यम से कॉपी–किताब का वितरण किया गया।

माधव सेवा संस्थान के सचिव कमलनयन ने बताया कि मानिकपुर क्षेत्र में सबसे ज्यादा जरूरत शिक्षा की है, इस क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा शिक्षा से जुड़े यह हमारा प्रयास है। आज माधव सेवा संस्थान प्रदेश के कई जिलों में मोहल्ला पाठशाला के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराकर, खेल व कविताओं के माध्यम से शिक्षा के प्रति बच्चों की रुचि को बढ़ाने का कोम किया जा रहा है। संस्थान के कार्यकर्ता आशीष कुमार ने बताया कि पाठा में नशाखोरी चरम स्तिथि पर रही है जिसके चलते गांव के नौनिहाल शिक्षा से जुड़ नहीं पाए इसलिए संस्थान नशा मुक्ति और शिक्षा क्षेत्र में माधव सेवा संस्थान अपने रचनात्मक गतिविधियों के चलते हर गरीब व कमजोर विद्यार्थियों को मदद करेगा। बूटी कोल ने कहा कि संस्थान का यह कार्य स्वागत योग्य है। हम सबने भी तय किया है कि सेवा बस्ती में जाकर बच्चो के माता–पिता को पढ़ाने के लिए जागरूक करेंगे। जिससे गांव का शत प्रतिशत बच्चा शिक्षित हो सके। राकेश कोल ने कहा कि गांव की हालत बदलने के लिए किसी योजना की जरूरत नहीं, जरूरत है तो शिक्षा की। आदिवासी बच्चे शिक्षा प्राप्त कर हर बदलाव अपने जीवन में ला सकते हैं। पुस्तक और बिस्किट पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना न रहा।




## सावन मास के प्रथम सोमवार को बाबा बागेश्वर रात भर लगी श्रद्धालुओं की भीड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पिछले 2 सालों से करो ना जैसे महामारी को देखते हुए मंदिर के कपाट समय अनुसार खुलता था लेकिन वह करुणा काल समाप्त होते ही अब लोगो में और भी आस्था जागी है पयागपुर में केवल एक ही स्थान है।

बाबा बागेश्वर नाथ का बड़ा ही मानता है लोगों का और पुजारी से पूछने पर बताया गया कि महाभारत में पांडव के द्वारा अपना संपत्ति पाने के लिए पांडवों ने दुर्योधन से और उनके सभी संबंधियों से जुआ खेला था जुआ के दौरान अपनी सारी संपत्ति हार कर तथा अज्ञातवास वितरित करने के लिए पांच पांडव द्रोपति सहित निकल गए थे उसी दौरान पांडवों के द्वारा इस मंदिर का निर्माण कराया गया था जो कि आज भी लोगों का या कहना है कि बाबा बागेश्वर नाथ धाम पर जो भी श्रद्धालु भक्तजन पूर्ण स्थान से यहां पर जलाभिषेक करने आते हैं उनका यहां से मनोकामना पूर्ण होती है यही नहीं बागेश्वर नाथ बाबा का बहुत ही मानता है लोग दूर–दराज से यहां पर अपनी मनोकामना को लेकर जलाभिषेक करने आते हैं सावन के महीने में पूरे महीने यहां पर लोग जल बेलपत्र भांग धतूर मदार का फूल एवं फल श्रद्धा अनुसार अर्पित करते हैं।



## नवागंतुक जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण कर ली विकास कार्यो की जानकारी



- विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

चित्रकूट ब्यूरो। नवागंतुक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को कोषागार चित्रकूट पहुंच कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। नवागंतुक जिलाधिकारी वर्ष 2014 बैच के आईएएस है। जनपद अयोध्या एवं कानपुर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दी हैं। बरेली जनपद में नगर आयुक्त के पद से यहां पर आज जनपद चित्रकूट में जिलाधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी भी ली। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी से विकास कार्यों तथा राजस्व आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी की। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि आप लोगों से अपेक्षा है कि आईजीआरएस के डिफाल्टर संदर्भ में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि इसको जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। इसके बाद नवागंतुक जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त कर विभागीय योजनाओं के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकास प्राथमिकता वाले कार्य शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। इसके बाद नवागंतुक जिलाधिकारी ने रामघाट स्थित मत्यगजेंद्र नाथ शिव मंदिर एवं भगवान कामदनाथ प्रमुख द्वार पहुंचकर विधिवत पूजन–अर्चन किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदु सुधाकरन, वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, अपर उपजिलाधिकारी राजबहादुर, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी तथा कोषागार के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ब्लाक शिवपुर के लोनियान पुरवा गांव में जेसीबी मशीन से की जा रही खुदाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स
शिवपुर बहराइच। लोनियानपुरवा गांव में तालाब की खुदाई का कार्य मनरेगा योजना के तहत किया जा रहा है जिसमें नियमानुसार मजदूरों की बजाए मशीनों से कार्य कराया जा रहा है |साथ ही नाबालिक बच्चो को लगाया गया।

ग्रामीणों ने जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया |ब्लाक प्रशासन में वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया |विकास खंड शिवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संकल्पा के मजरा लोनियनपुरवा गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत तालाब का जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा था |कार्यालय छुट्टी के दिन रविवार को ग्राम प्रधान ने मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन मगांकर तालाब की खुदाई शुरू करा दी।

जिसकी शिकायत ग्रामीणो ने करते हुए जेसीबी मशीन चलने का वीडियो वायरल कर दिया।

इसके बाद जांच के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे |जांच में चार श्रमिक दो नाबालिक बच्चे व जेसीबी मशीन मौके पर मिली। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान हाजरुन निशा व तकनीकी सहायक इजहार खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए अतरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार पांडेय को आदेशित किया।



## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पंजीकृत से संबंधित फार्मो को संशोधित किया गया

कानपुर नगर। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) श्री राजेश कुमार ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पंजीकृत से संबंधित फार्मों को संशोधित कर दिया गया है। मतदाता पंजीकरण में दिनांक–01 अगस्त 2022 से संशोधित फार्मों का प्रयोग किया जायेगा। निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं में स्वैच्छिक रूप से दिनांक 01 अगस्त 2022 से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही आयोग के निर्देशानुसार की जायेगी। इस संबंध में यह भी अवगत कराना है कि स्वैच्छिक रूप से मतदाताओं के ऑन–लाइन आधार नम्बर लिंक करने की व्यवस्था आयोग की बेवसाइट कमशः ERONET, GARUDA, NVSP, VHA आदि पर भी उपलब्ध करायी जा रही है।

निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं के आधार नम्बर फार्म–6बी पर एकत्र किये जाने हेतु दिनांक–01 अगस्त 2022 से जनपद में कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। आधार नम्बर मतदाता से स्वैच्छिक रूप से एकत्र किये जायेगे। एकत्र किये गये फार्म 6बी का डिजिटाजेशन कराने के पश्चात निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये फार्म 6बी को डबल लॉक में सुरक्षित रखा जायेगा।

उन्होंने जनपद के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली को आधार नम्बर से लिंक किये जाने हेतु प्रारम्भ किये जा रहे कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 20 जुलाई को होगा आयोजन, सभी तैयारियों करें पूर्ण : जिलाधिकारी

- कोविड वैक्सीनेशन आयु 18 प्लास के दोनो पूर्ण करने वाले व्यक्ति जिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी, पीएचसी में अवश्य लगवाये प्रीकॉशन डोज : जिलाधिकारी
- संचारी रोग अभियान अन्तर्गत साफ सफाई, झाड़ियों की कटान अभियान चलाकर करायें: जिलाधिकारी

कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपदीय स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक, संचारी रोग अभियान, कोविड–19 टीकाकरण आदि की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई, बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 20 जुलाई 2022 से एवं माप अप राउन्ड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलाया जायेगा, इसमें कुल आशा वर्कर 1682, आंगनबाड़ी 1788, जिले में कुल कक्षा 1 से 12 तक की संख्या 2805 है। इसमें एल्बेंडाजॉल वितरण– 1 से 2 वर्ष तक–200 मि0ग्रा0(आधी गोली) पीसक खानी है, 2 से 19 वर्ष तक– 400 मि0ग्रा0 (एक गोली) चबाकर खानी है। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित



किया कि इस दिवस को सफल बनाने हेतु सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित कर ले तथा कोई भी बच्चा इसकी खुराक से छूटने न पाये, वहीं कोविड टीकाकरण की समीक्षा करते हुए डा0 आशीष बाजपेयी ने बताया कि आयु 18 प्लास के दोनो डोज 6 माह पूर्ण होने पर प्रीकॉशन डोज अवश्य लगायी जानी है, इसके लिए जनपद का लक्ष्य 40 लाख है जो 30 सितम्बर तक पूर्ण किया जाना है। इसके लिए जिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी, पीएचसी में प्रीकॉशन डोज लगाये जा रहे है। इस पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक सीएचसी एवं पीएचसी एवं जिला चिकित्सालय में प्रीकॉशन डोज अवश्य लगवायें, तथा इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करायें, जिससे कि लोगों को जानकारी हो सके। वहीं 12 से 14 वर्ष के बच्चों के कोविड टीकाकरण हेतु सभी एमओआईसी, खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जहां कहीं अभी टीकाकरण से बच्चें छूटे है उन्हें अवश्य कोविड टीका लगवाये। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी नगर निकाय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा अपने–अपने क्षेत्रों में साफ–सफाई कराये, कहीं भी जल भराव आदि न होने पाये, सीएचसी, पीएचसी आदि क्षेत्रों में अभियान चलाकर झाड़ियों की कटान कराये, उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण समय से कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

## पोषण माह समीक्षा बैठक बाल विकास परियोजना के बैनर तले जरवल विकासखंड मुख्यालय : राज कपूर डीपीआरओ

जरवल बहराइच। जरवल विकासखंड मुख्यालय सभागार में बाल विकास परियोजना के बैनर तले समीक्षा बैठक का किया गया आयोजनध मुख्यअतिथि राज कपूर डीपीआरओ बहराइच के पहुंचने पर रूपाली सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी जरवल ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत अभिनंदन आंगनबाड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए राजकपूर डीपीआरओ बहराइच ने कहा कि आप लोग गांव स्तर पर छोटे–छोटे बच्चों को हाथ धुलने के उपरांत ही भोजन करने की बात कहें तथा दाल व हरी सब्जियों का प्रयोग ज्यादा कराएं व पोषाहार का वितरण सभी समय से करें गांव की मिट्टी से बच्चों को खिलौने बनाने हेतु प्रेरणा भी दें जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास भी होगा। कार्यक्रम के अंत में रुपाली सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी ने अमृत महोत्सव के विषय को लेते हुए हर घर तिरंगा को लेकर आंगनबाड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस आजादी अमृत महोत्सव में आप सभी लोग गांव में राष्ट्रीय ध्वज सभी घरों की छतों पर लगवाएं तथा बाढ़ राहत क्षेत्र में स्थापित चौकियों के द्वारा महिलाओं को टीकाकरण तथा अन्य निर्देशों को बताएं और जागरूक करें इस दौरान–शैलेंद्र सिंह डिस्टिक कोऑर्डिनेटर रामा फाउंडेशन, श्रीमती नीलम सिंह सुपरवाइजर, अंजू लता सिंह सुपरवाइजर, रीता यादव सुपरवाइजर के साथ सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी की महिलाएं भी रही मौजूद।



## सुलह-समझौते के आधार पर वाद निस्तारण का होगा प्रयास

- 13 अगस्त को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

चित्रकूट ब्यूरो। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने निर्देश दिए है।

प्री–ट्रायल बैठक में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी दिनेशचन्द ने वादों से सम्बंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं व बीमा कम्पनियों के अधिकारियों के साथ सुलह–समझौते के आधार पर वाद निस्तारण की चर्चा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के ज्यादा से ज्यादा मामले निस्तारण करने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कम से कम पांच प्री–ट्रायल बैठक करने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों हेतु आज पहली बैठक की गई है। इसके बाद आगामी 23, 27 व 30 जुलाई तथा तीन अगस्त को भी प्री–ट्रायल बैठक आयोजित की जाएंगी। जिनमें वार्ता के जरिए वादों में सुलह–समझौते के लिए रूपरेखा बनाई जाएगी। इस मौके पर अभिवक्ता नवीनचन्द्र त्रिपाठी, राकेश प्रकाश शुक्ला, राजकिशोर त्रिपाठी, शिवप्रसाद शुक्ला, मोहनलाल विश्वकर्मा, कमलाकान्त मिश्रा, प्रद्युम्न नारायण मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता व बीमा कम्पनी की ओर से सत्येन्द्र निगम, राजेश द्विवेदी, मनोज कुमार त्रिपाठी व विधिक टीम के गिरिजाशरण तिवारी आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज दीप नारायण तिवारी ने भी राजस्व वादों एवं अन्य प्री–लिटिगेशन स्तर के वादों के निस्तारण एवं नोटिस की शत–प्रतिशत तामीला के लिए सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय, एलडीएम दीपक कुमार सिंह सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## मोतिहारी में जिले भर में जल शक्ति अभियान 2022 को सफल बनाने से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार –सह– केंद्रीय नोडल पदाधिकारी , कैच द रेन, मोतिहारी की अध्यक्षता में डॉ राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में जिले भर में जल शक्ति अभियान 2022 को सफल बनाने से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पीपीटी के माध्यम से जल जीवन हरियाली अभियान , जल शक्ति अभियान एवं गार्जियंस आफ चंपारण के बारे में जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। जिले भर में कैच द रेन अभियान अंतर्गत मनरेगा के द्वारा किए गए बेहतर कार्यों की उन्होंने सराहना की। संयुक्त सचिव महोदय ने कहा कि जल शक्ति अभियान अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों की जनभागीदारी से जल संचयन एवं संवर्धन के कार्य बेहतर ढंग से किए जा रहे हैं। जिले भर में लक्ष्य से अधिक 92 चिन्हित अमृत सरोवरों का कार्य ससमय पूर्ण करें । व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण करें ।सहायक निदेशक , जल शक्ति मंत्रालय ने कहा कि जल शक्ति अभियान 2022 को सफल बनाने के लिए पंचायतों के सभी ग्रामों में लगातार वाटर बॉडीज के कार्यों को हर हाल में पूर्ण किया जाए ।तालाब ,पोखर , पैईन आदि की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए ।ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदी ,स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक प्रचार प्रसार कर आमजन को प्रेरित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , श्री कमलेश कुमार सिंह , अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर , वन प्रमंडल पदाधिकारी ,निदेशक डीआरडीए, डीपीओ मनरेगा , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन ,सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा आदि उपस्थित थे ।

## सावन के पहली सोमवारी को जयकारे से शिवमय हुआ हर हर महादेव

(सत्य नारायण कामत– अनुमंडल चीफ ब्यूरो निर्मली, सुपौल। सावन की पहली सोमवारी को लेकर निर्मली अनुमंडल स्थित मझारी चौक एन एच 57 से सटे दक्षिण कौशिक नाथ महादेव मंदिर में शिव भक्तों द्वारा जल अर्पित कर पूजा अर्चना की। शिव भक्तों में उत्साह देखने को मिला भक्तों द्वारा कोशी महासेतु स्थित कोशी नदी में स्नान कर एवं जल भरकर श्री श्री 108 श्री कौशिक नाथ महादेव मंदिर में जल अर्पित कर पूजा अर्चना किया। सावन के महीने में सोमवार के दिन को लेकर हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिन पूजा पाठ एवं व्रत करने से भगवान शिव अपने आराध्य पर प्रसन्न होते हैं, सोमवारी व्रत करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए सोमवारी व्रत किया था स सोमवारी के व्रत का शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष महत्व है।



मझारी के सरपंच श्री रामानन्द यादव जी का कहना है कि भक्तों की भीड़ चार बजे सुबह के पहले से ही मंदिर परिसर में भीड़ लग जाते हैं, यहाँ पर आसपास के सभी ग्रामीणों द्वारा भक्तों के लिए सुविधा एवं देखरेख करने के लिए तैयार रहते हैं प्रसासनिक मदद भी रहता है स बाबा के दरवार में हर हर महादेव के जयकारा से गुंजते रहते हैं।

## जीविका दीदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त सचिव महोदय का भव्य स्वागत किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
श्री संजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव, भारत सरकार –सह– केंद्रीय नोडल पदाधिकारी , कैच द रेन, मोतिहारी एवं श्री वारिद गुप्ता , सहायक निदेशक, जल शक्ति मंत्रालय , भ्रमण कार्यक्रम के दौरान तुरकौलिया प्रखंड में विजुलपुर पंचायत के चौइलाहा में मनरेगा के तत्वधान में जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत धनौती नदी पर रिवरफ्रंट जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेने पहुंचे । जीविका दीदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त सचिव महोदय का भव्य स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा संयुक्त सचिव महोदय को धनौती नदी के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य से अवगत कराया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , श्री कमलेश कुमार सिंह,अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर निदेशक डीआरडीए डीपीओ मनरेगा जिला जनसंपर्क पदाधि कारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जीविका दीदी एवं गणमान्य ग्रामीणआदि उपस्थित थे।

## पाटसा गॉव में स्थित सर्वेश्वर धाम मंदिर में बाबा भोलेनाथ की हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना व जलाभिषेक किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ– निरंजन जायसवाल समस्तीपुर, हसनपुर। सावन माह की पहली सोमवारी को लेकर हसनपुर प्रखंड के पाटसा गॉव में स्थित सर्वेश्वर धाम मंदिर में बाबा भोलेनाथ की हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना व जलाभिषेक किया। इस दौरान पाटसा गॉव में भोलेनाथ बाबा का मंदिर बन जाने से लोंगो में उत्साह देखने को मिला। इस बीच चार बजे सुबह से ही मंदिर गेट पर श्रद्धालु पहुंचने लगे थे।



सभी ने गेट पर से ही बाबा के नाम की धूपबत्ती जलाकर पूजा करते हुए बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि बाबा पर चढ़ाया। मंदिर में हर–हर महादेव, बोल–बम, जय भोलेनाथ, हरहर बमबम आदि की भक्तिमय की गूंज सोमवार की सुबह से ही सर्वेश्वर धाम मंदिर परिसर से सुनाई देने लगी। मौका था नीलकंठधारी महादेव भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा सोमवारी का। सभी इस पावन अवसर पर बाबा के शिवलिंग को एक बार छूने व उनका जलाभिषेक करने को आतुर थे।

# विकास की गंगा में डूबता स्तंभ सीतामढी : डॉ. केशव कुमार

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। सीतामढी मुख्य शहर रेलवे ओवरब्रिज 14 वर्षों से यह ओवर ब्रिज स्तंभ की तरह खरा सीतामढ़ी की पहचान बन चुकी है । जिसका कार्य 18 माह में पूरा करना था। अब संदेह होने लगा है कि 18 वर्षों में भी पूरा हो पाएगा कि नहीं जो सरकार वाणी से विकास की गंगा बहाये जा रही है। यही नीतीश सरकार के कार्यकाल में यह स्तंभ खड़ा किया गया और उनके ही कार्यकाल में 14 वर्षों से यह स्तंभ की तरह सीतामढ़ी का नमूना बना हुआ है। अब इस पर कोई भी खबर बनाएं इसे मजाक के तौर पर लिया जाता है जो भी नेता आते हैं इस स्तंभ को देखकर इशारा करते हैं कि ओवरब्रिज का कार्य हम ही पूरा करेंगे शायद वह भी सीतामढ़ी को मजाक बनाकर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं । जबकि जितने भी पर्यटक आते है उन्हें एक बार यह विकास की गंगा पार करना ही पड़ता है,क्योकि पुनौरा धाम जाने के लिए इस मार्ग को पार करना पड़ता है , अगर आप डायरेक्ट पटना,मुजफ्फरपुर से सडक मार्ग या ट्रेन से पुनौरा आते है तो जनकपुर जाने के लिए या पंथपाकड़ धाम जाने के लिए यह गंगा पार करना ही पड़ेगा,अभी सावन का पवित्र पावन महीना चल रहा है इस मे सोमवार का एक अलग महत्व है इस रोज सभी शिव भक्त मंदिर जाते भगवान शिव पर जलार्पण करते किन्तु अगर कोई सोचे कि पुनौरा धाम भी दर्शन करले या पुनौरा से पंथपाकड़ धाम भी दर्शन करले तो आप को इस विकाश की गंगा में उतरना होगा और इस माह में वैसे तो सावन की फुहार प्रचलित है किंतु अभी प्रकृति भी मौन है इस कारण इस विकास की गंगा को पार करते वक्त डूब रहे विकास स्तंभ का प्रतिबिम्ब ही आप का सहारा बनेगा और माँ सीता की जन्मभूमि सीतामढ़ी को पार करते ही आप को यह अपने आप अंतरात्मा की आवाज सुनाई देगी,जान बचे तो लाखों पाए। जी बिल्कुल यह मजाक बन कर रह गया है कभी हमारे सांसद महोदय तो कभी विधायक महोदय तो कभी कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी करते और बताते की बस अब बन जायेगा ओभर वृज पर बनता क्या बस सोसल मीडिया पर रील और जिला वाशी को चाहिए क्या बस लंबा फेककर जितना हो सके सभी नेता आम जनता को गुमराह कर रहे, आपको बता दूं कि इस ओवर ब्रिज के वजह से जाम की इतनी बड़ी समस्या रहती है कि दर्जनों लोगों का अभी तक इन जाम में फंसे फंसे उनकी प्राण पखेरू भी उड़ चुकी है कई बार रेल हादसा भी हुआ अगर ये बृज बन गया होता तो शायद उन हादसों में जिनका जान गया जो अपाहिज हुए वो आज जीवित व स्वस्थ होते किन्तु बस यह कोई नई बात नही है यहां सुनने वाला कौन है सब अपना उल्लू सीधा करने में लगा है।



# सेना का निजीकरण कर राष्ट्रीय हितो से खिलवाड़ कर रही मोदी सरकार : राजेश सिन्हा




☒ सरकार को अविलंब अग्निपथ योजना को रद्द कर देना चाहिएरू लोकेश वशिष्ठ

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। अग्निपथ योजना, सांप्रदायिकता और मोदी सरकार के तानाशाह रवैए के खिलाफ सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। गांधी मैदान ललित आश्रम से सैकड़ों कार्यकर्ता युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी राजेश सिन्हा सन्नी, सह प्रभारी लोकेश वशिष्ठ, यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सह सीतामढ़ी जिलाध्यक्ष शम्स शाहनवाज के सामूहिक नेतृत्व में कारगिल चौक पहुंचे, जहां तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। प्रदर्शनकारी मोदी सरकार के सेना एवं युवा विरोधी अग्निपथ योजना, सरकार के तानाशाही रवैया, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, महंगाई, भ्रष्टाचार और बिजली संकट जैसे जनहित के मुद्दों पर सरकार की चुप्पी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी राजेश सिन्हा ' ने कहा कि मोदी सरकार सेना का निजीकरण कर राष्ट्रीय हितों से खिलवाड़ करने के साथ नौजवानों को कॉरपोरेट का गुलाम बनाना चाहती है, जिसे देशवासी बर्दाश्त नहीं कर सकते। राष्ट्रीय सचिव सह बिहार के सह प्रभारी लोकेश वशिष्ठ ने कहा कि अग्निपथ योजना से न तो सेना का भला होगा और न ही नौजवानों का भविष्य सुरक्षित होगा। लिहाजा सरकार को अविलंब इस योजना को रद्द कर देना चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता सह तिरंगा यात्रा के संयोजक शम्स शाहनवाज ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न दिखाकर मोदी सरकार नौजवानों की रोजी रोटी छीन रही है। महंगाई की मार, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के जहर से देशवासियों की रक्षा के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।
तिरंगा यात्रा में जिला कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, सीताराम झा, वीरेंद्र कुशवाहा, प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव विकास झा, अंजारुल हक, तरन्नुम खातून, अफजल राणा, कलामुद्दीन रजा, सरफराज शेख, दिलीप चौधरी, रमेश जयसवाल, अब्दुल मन्नान, दिलकश खान, तनवीर खान, अख्तर रजा खान, सुंदरम पाठक, वैदेही शरण यादव, जाकिर अंसारी, मुश्ताक सरवर, वीरेंद्र कुमार, तस्लीम राइन, गुलफाम रजा, शहीद हुसैन, शेख अब्दुल्ला, राजा मंसूरी, अली शेर अंसारी, सत्येंद्र सिंह सत्यवादी, नथुनी यादव, मो.नोमान, मुन्ने बिहारी, समी आलम, अजहरुद्दीन अंसारी, राजीव कुमार कुशवाहा, सुनील पासवान आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

# 17 जुलाई, 2022 को द्वितीय जिला समन्वयक बैठक के बाद लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान ससक्त हुआ

(नवलकिशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स रोहतास)
रोहतास। जैसे–जैसे आईपीएस श्री विकास वैभव जी के करीब आते जा रहा हूँ, वैसे–वैसे ईश्वर के अंश से निकलते प्रकाश की अनुभूति हो रही है। समाज के लिए कई सन्देश श्री वैभव ने दिए है,पर सबसे ज्यादा मैं उनके इस सन्देश से प्रभावित हूँ –ष समाज जितना दुर्जनों की सक्रियता से प्रभावित नहीं होता, उससे ज्यादा सज्जनों की निष्क्रियता से समाज को हानि पहुंचता है।ष कल पटना के एल एन मिश्रा इंस्टीट्यूट में लेट्स इन्सपायर बिहार अभियान का दूसरा डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर मीटिंग 2022 हुआ। हर जिले से लोग आए थे, सभी लोग अपने मार्गदर्शक आईपीएस श्री विकास वैभव जी को सुनने के लिए, आडोटोरियम में बैठे थे। अपने बिहार के लिए कुछ अच्छा करने का जज्बा लिए,सभी कॉर्डिनेटर बिहार के दूर–दूर से आएं थें। यह पहली बार था,जब आम लोगों की सोच, बिहार को कुछ देने के लिए एकत्रित थीं। सभी कॉर्डिनेटर के सुझाव बहुमूल्य थें। सब की सकारात्मक सोच और समर्पण के लिए हृदय से धन्यवाद कर रहा हूँ।सभी लोगों से एक उम्मीद जगी है। नई आस से खड़े होने की ताकत मिली है। मैं जानता हूँ कि इस शक्तिशाली संगठन के निर्माण में, एक ईमानदार, जुझारू,कर्मठ और प्रगतिशील सोच के धनी आईपीएस श्री विकास वैभव का हाथ है। इनका समय बहुत ही कीमती है। इनका समय बहुत ही अनमोल है। यह भी निश्चित है कि इनके विचारधारा पर चलने वाला पापी भी पुण्यात्मा बन जा रहा है। सही राह पर चलने लगा है। अपने मातृभूमि की सेवा कैसे करना है,उसकी प्रेरणा ले रहा है। बिहार में बहुत से अधिकारी है,पर उनका दायित्व केवल नौकरी तक ही सीमित हैं। सब आश्चर्य कर रहे है कि आईपीएस श्री विकास वैभव कैसे लेट्स इन्सपायर बिहार अभियान को सम्भव कर पा रहे है। मैंने पहले ही कहाँ है कि यह इसलिए, मुमकिन हो पा रहा है कि आईपीएस श्री विकास वैभव के अंदर ईश्वर प्रदत देवत्व ऊर्जा है।
विरले लोगों में यह पाया विरले लोगों में यह पाया जाता है। छोटे–छोटे कार्यों के माध्यम से हम संगठन को अधिक मजबूत बना सकते है। छोटे–छोटे वीडियों सन्देश देकर युवाओं को सकारात्मक दिशा में रख सकते हैं। हम सब मिलकर अपने सुंदर बिहार का निर्माण कर सकते हैं। अपने बिहार को खुशहाल बना सकते है। निश्चित ही जो अपने मातृभूमि अपने बिहार के लिए समय दे रहा है, तो वो एक महान आत्मा है।
वैसे लोगों के साथ ईश्वर जरूर रहते हैं। हम सब एक मंच पर या एक वृक्ष के नीचे इसलिए हैं क्योंकि ईश्वर ऐसा ही करने की प्रेरणा दे रहें हैं। ईश्वर संकेत दे रहे है कि आईपीएस विकास वैभव जी का एक एक पल बहुत कीमती है, उस हर पल को सम्मान खड़े होकर देना है,जैसे कि कल सबने एल एन मिश्रा इंस्टिट्यूट पटना के सभागार में दिया था। एक बार फिर सभागार में कीमती समय देने के लिए सबको हृदय से धन्यवाद खासतौर से आईपीएस श्री विकास वैभव जी को कोटि कोटि धन्यवाद।
जय हिंद जय बिहार राहुल कुमार सिंह।



# सिरहा शिव मंदिर के बरामदे में शरारती युवकों द्वारा दारु शराब का सेवन कर बोतल वहीं पर छोड़ दिया जाता है पुजारी रहते हैं परेशान



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
सिरहाकोठी। सिरहाकोठी में स्थित शिव मंदिर के बरामदे में कुछ शरारती युवकों द्वारा भुजा चटनी के साथ साथ जुआ ताश और शराब का सेवन कर हिंदुओं के आस्था पर ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। शराब पीने के बाद दारू पीने के बाद बोतल वहीं पर छोड़ दिया जाता है। शरारती युवक अपने मस्ती में मगन हो करके यह भूल जाते हैं कि यह शिव मंदिर हिंदू का एक बहुत बड़ा आस्था का बड़ा मंदिर होता है। इसके अलावा सिरहा मठ के प्रांगण में और सिरहा पंचायत सरकार भवन के चबूतरे पर रात्रि के 8:00 बजे से लेकर 10:00 बजे 11:00 बजे तक कुछ शरारती युवकों द्वारा वहां पर मजमा लगाई जाती है। जुआ ताश का दौर सुबह के 10–11 बजे से शुरू होती है, जो रात्रि के 8:10 बजे तक इन शरारती युवकों द्वारा वहां पर मजमा लगाया जाता है। इस पर जनप्रतिनिधि का ध्यान होना अति अनिवार्य समझा जाता है।सिरहा के जनप्रतिनिधि यदि नहीं दे रहे ध्यान तो आने वाले समय में इन शरारती युवकों द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार की घटना को अंजाम दे सकते हैं।
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार के राज्य को–आर्डिनेटर रवि कुमार भार्गव ने सिरहा पंचायत के जिम्मेवार सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करता है कि वोट की राजनीति से उपर उठकर सिरहा पंचायत में स्थित शिव मंदिर में हो रहे इस तरह की खेल खेलने वाले शरारती युवकों के विरुद्ध ठोस कदम उठाने पर ध्यान केंद्रित करने की कृपा करें। साथ ही उन शरारती युवकों के अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों को सभ्यता संस्कार की ज्ञान देने पर ध्यान केंद्रित करें, जिससे आपके बच्चों की भविष्य उज्जवल हो सके। यदि आप अपने बच्चों पर अंकुश नहीं लगायेंगे तो मजबूरन प्रशासन अपने हाथों में जिस दिन आपके बच्चों को रंगे हाथों पकड़ लेगी, उस दिन आपके बच्चों के भविष्य पर ग्रहण लग जाएगा। उस बच्चों के भविष्य बिगाड़ने का जिम्मेवारी से आप इंकार नहीं कर सकते हैं कि आप अपने बच्चों पर अंकुश लगाया होता, तो आज आपके बच्चों को पुलिस प्रशासन पकड़कर नहीं ले जाता,और उस बच्चे का भविष्य अंधकारमय नहीं होता।तो आईए हम अपने बच्चों पर अंकुश लगाकर उसकी उज्जवल भविष्य की कामना को लेकर ध्यान केंद्रित करें। मंदिर के प्रांगण में लगे नल–जल की सीमेंट वाली खंभा में लगे नल को तोड़ दिया जाता है, जिससे मंदिर के पुजारी को मंदिर में पुजा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि सिरहा पंचायत के वार्ड 09के सदस्य दिलिप कुमार साह रहते हैं परेशान। एक समय था सिरहा पंचायत में दिनेश प्रसाद कुशवाहा के कार्यकाल में भोजपुरी गाने पर और गांव में तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल चलाने पर प्रतिबंध लगाई गई थी, आज फिर दिनेश प्रसाद माननीय मुखिया सिरहा पंचायत को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## सुबोध राय मुखिया परिवार के लोग एक वार फिर से दहसत में हैं

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता उत्कर्ष कुमार की रिपोर्ट शिवहर, सीतामढ़ी। सुबोध राय मुखिया जी के हत्या का एक महीना भी पूरा नहीं हुआ और आज देर रात 03 बजे उनके घर पर 20 की संख्या मे पहुंचे अपराधी द्वारा लगभग 10 राउंड फायरिंग किया गया, परिवार के लोग एक वार फिर से दहसत में हैं। ऐसा पहली बार ही नहीं हुआ है जब भी कोई धटना धटित होती है या होने की संभावना रहते हैं और लोग जातें हैं पुलिस के पास और थाना तो थाना पुलिस अधीक्षक महोदय भी चुप रहते हैं न कोई करवाईं न कुछ यही सच्चाई है शिवहर में शिवहर पुलिस जो है न अनहोनी का इंतजार करते हैं अभी तक न सुरक्षा मुहैया हुआ है और नहीं अपराधी पकड़ाया है जैसा कि धटना धटने से पहले ही लोग अपना फरियाद लेकर पुलिस के पास जातें हैं फिर भी पुलिस अधीक्षक महोदय मौन रहते हैं।



## बगहा नगर थाना द्वारा संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला के बगहा नगर थाना द्वारा सख्ती के साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।बगहा नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि एसपी किरण कुमार गोरख जाधव के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया गया।जिसमें बगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 727 मुख्य मार्ग के छोटकीपट्टी तिरहुत मुख्य नाहर पुल पर वाहनों की चेकिंग की गई।जिसमें वाहनों को रोककर जिसमें बिना हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस,गाड़ी की इंश्योरेंस व प्रदूषण नहीं होने और ओवरलोडिंग जिसमें ट्रिपल लोडिंग आदियों की चेकिंग की गई। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। चालकों में चेकिंग के दौरान कुछ त्रुटिया मिलने पर चालान भी काटा गया। वही चेकिंग अभियान के दौरान बगहा नगर थाना के एस आई नवलकिशोर के साथ कांस्टेबल मौजूद थे। एस आई नवलकिशोर ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान डिक्की खोलवाकर जांच कर शराब माफिया को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा एसपी के निर्देश पर भी जांच पड़ताल भी किया गया।



## बिहार के गोपालगंज में उत्पाद विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता मिली

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज में उत्पाद विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता मिली है. सरकारी गाड़ी में शराब की तस्करी कर रहे आयकर विभाग के सहायक आयुक्त को टीम ने गिरफ्तार किया है. ये कारवाई यूपी–बिहार की सीमा पर कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर की गई है. गिरफ्तार आयकर विभाग के सहायक आयुक्त का नाम राजेश बताया जा रहा है, जो खुद को आयकर विभाग का सहायक आयुक्त बता रहा है और उत्पाद विभाग के अधिकारियों की पूछताछ में उसने दिल्ली में पोस्टिंग होने की बात कही है ।



## डबल मर्डर मामले में कोटवा पुलिस ने आरोपियों के घर पर चस्पाया इस्तेहार सरेंडर नहीं करने पर होगी कुर्की



पूर्वी चम्पारण कोटवा जसौली पट्टी में डबल मर्डर मामले में कोटवा पुलिस ने आरोपियों के घर पर चस्पाया इस्तेहार। सरेंडर नहीं करने पर होगी कुर्की। कोटवा पुलिस ने सख्त हिदायत दी।

## जिला मजिस्ट्रेट एवं केंद्रीय सचिव के द्वारा औचक निरीक्षण

(प्रदीप कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया)। सपही त्रिभुवन के पास अमृत सरोवर नदी धनौती का निरीक्षण माननीय श्री केंद्रीय सचिव एवं पूर्वी चंपारण जिला के डीएम साहब के द्वारा किया गया।



## छपाक वाटर पार्क के सामने भीषण दुर्घटना में युवक की मौत



बाढ़ देवेन्द्र कुमार। बख्तियारपुर पटना फोरलेन पर फतुहा बाईपास के पास स्थित छपाक वाटर पार्क के सामने ट्रक और बाइक में भीषण टक्कर होने से बाइक सवार युवक की मौत। बताते चलें कि ट्रक और बाइक में भीषण टक्कर होने के पश्चात बाइक बुरी तरह से चकनाचूर हो गया साथ ही बाइक सवार युवक को ट्रक करीब 300 मीटर तक रगड़ते हुए ले गया । जिसके कारण युवक की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## नहर में डूबने से 2 बच्चों की हुई मौत

(अनिल कुमार संवाददाता हरसिद्धि दैनिक अयोध्या टाइम्स ) हरसिद्धि। भादा नहर में डुबने से दो बच्चों की हुई मौत। कल शाम से ही दोनों बच्चे थे लापता घर वालों ने रात भर की खोजबीन। शाम में शौच के लिए गए दोनों बच्चे रात्रि तक नहीं लौटे घर। सुबह में खाफी खोजबीन के बाद दामोवृति साऐफन से एक बच्चा हुआ है बरामद। ग्रामीणों के द्वारा लगातार एक और बच्चा की तलाशी के लिए चल रहा खोज बीन। दोनों बच्चा भादा पंचायत के झड़वा गांव के है निवासी। साऐफन के पास सैकड़ों की संख्या में हैं ग्रामींण मौजूद। मुखिया अजय सहनी ने बताया कि नजरूला आलम,सनवर आलम कल शाम से थे। लापता। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच कर कर रही है छानबीन।





# तिरहुत मुख्य नहर भादा में दो चचेरे भाई डूबे, दोनों का शव बरामद

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। हरसिद्धि। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के झड़वा गांव निवासी दो चचेरे भाई तिरहुत मुख्य भादा साइफन के पास नहर में डूब गए। उनमें से एक का शव दमोबिरती नहर से बाहर निकाल लिया गया जबकि दूसरे का शव कोटवा के समीप दीपऊ नहर से निकाला गया। दोनों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। डूबने वाले युवकों में नसरुल्लाह खान का पुत्र नजबुल्लाह खान (15) अनवर खान का पुत्र शाहनवाज खान उर्फ सरवर खान (13) बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बालक रविवार के दिन करीब एक बजे राय कर भादा नहर के पूरब साइफन के पास नहर में स्नान करने गए।वे इसकी जानकारी घर वालों को नहीं बताए।



रात तक जब वे लोग घर नहीं पहुचे तो परिजन बेचौन हो गए और खोज पत्ता करने निकले।इसी क्रम में उन दोनों के कपड़े व चप्पल तिरहुत मुख्य नहर के किनारे से बरामद किया गया।

तब उनके नहर में डूबने की आशंका बढ़ गई और इस आधार पर नहर में उनकी तलाश शुरू हुई। तलाशी के दौरान दोनों का शव बरामद कर लिया गया। हरसिद्धि के थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि दोनों किशोर नदी में स्नान करने के लिए गए थे। दोनों नहर किनारे अपने कपड़े रख दिए उसके बाद नहाने लगे। इसी दौरान डूब गए। नहर किनारे लोगों की भारी भीड़ जुटी है। एस आई रंधीर कुमार, समिति सदस्य पुत्र मनोज कुमार, पंचायत समिति सदस्य पति अरमान खान, चकुदार तपसीर खां, सहीत बहुत ग्रामीण एवम जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों का धरना शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। कोटवा। प्रखण्ड के जसौली पट्टी पंचायत के वार्ड 4 में किसानों ने जगदीश साह के घर के पास पुलिया निर्माण के लिये सोमवार से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए है। धरना की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विभा देवी ने की। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग जब तक पूर्ण नहीं होती है तब तक यह धरना शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहेगा। ग्रामीणों ने नहर एवं बरसात के पानी से खेत में लगे फसलों को बर्बाद होने से बचाने के लिए ऐसा कदम उठाया है। किसानों की मांग के समर्थन में धरना पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने



बताया कि जसौली पट्टी पंचायत के वार्ड 4 में जगदीश साह के घर के पास पहले से पुलिया था। कुछ वर्षों से वह छतिग्रस्त हो गया है, जिसे नए सड़क निर्माण में छोड़ दिया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा किसानों को रोड़ निर्माण के साथ पुल निर्माण का आश्वासन दिया गया था। जबकि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ पर पुल निर्माण शुरू नहीं होने पर किसानों ने अधिकारी से सम्पर्क किया। जिस पर अधिकारी ने बताया कि तत्काल पुल निर्माण सम्भव नहीं है। जब किसानों ने पूछा क्यो सम्भव नहीं है? तो अधिकारी ने सार्थक जबाब नहीं दिये। जबकि उक्त पुल निर्माण से लगभग 300 किसानों के 200 एकड़ भूमि में लगे फसल को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। धरना में सुनील दास, गंगा कुंवर, संजय कुमार सिंह, दिलीप ठाकुर, लालबाबू सिंह, जगदीश साह, जीउत पासवान, शम्भू साह, रूपलाल पासवान, शिवपूजन कुँअर, रामकिशोर सिंह, सुबास दास, भोला दास,वशिष्ठ सिंह, अवधेश दास, सीताराम ठाकुर, शिवनाथ दास, रामदिनेस पासवान, निर्गुण दास के साथ सैकड़ों किसान मांग के समर्थन में शामिल थे।

# ट्रेन से कटकर हुई मौत दूसरा घायल


दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। सुगौली,पू.च। पूर्व मध्य रेलवे के सुगौली– रक्सौल रेल खंड के सुगौली छपरा बहास बाईपास रोड में दो नंबर गुमटी के समीप पुल के किनारे रेल लाइन पर किसी ट्रेन के चपेट में दो युवक आ गए।जिनमे से एक युवक मृत मिला जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल मिला।घटना रविवार की देर रात की बतायी गई है।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची



पुलिस मामले की जांच में जुटी। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों में एक मृतक चिरैया थाना के सेनूअरिया गांव का श्री साह(22) बताया गया है। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल सुगौली थाना क्षेत्र के अमीर खान टोला के अपूक मियां का 25 वर्षीय पुत्र शेख मुन्ना बताया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों नशेड़ी है जो अक्सर घटनास्थल की गुमटी से सटे पुल के पास देर रात्रि तक सुलेशन और गांजा का सेवन करते देखे जाते थे।जिनको कई बार भगाया गया था। घटना की देर रात दोनों गांजा पी रहे थे।जिनको भगाया भी गया था पर फिर से आ गए थे।बताया गया कि देर रात्रि किसी ट्रेन की चपेट में आ गए थे। जिससे श्री साह की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई थी। जबकि दूसरा शेख मुन्ना गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची रेल पुलिस के थानाध्यक्ष विवेकानंद प्रसाद ने स्थिति का जायजा लिया। मामला स्थानीय थाना के क्षेत्र में होने के कारण स्थानीय थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा,एसआई रघुवीर यादव,मो अनस पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जबकि मृतक को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा गया।

# पुलिस महानिदेशक ने किया आंगन का उदघाटन

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) आलोक राज ने पुलिस कार्यालय में स्थित नवनिर्मित शिशुगृह ‘आंगन’ का उद्घाटन कर लोकार्पण किया।



इस दौरान उन्होंने पुलिस का बच्चों के लिए किया जा रहा इस तरह का विशेष प्रबंध पर अपना विचार व्यक्त किया। इस चाइल्ड लाइन संस्था आंगन को पुलिस लाइन के भवन के एक कक्ष में शिफ्ट किया गया है। जिसमे बच्चों के लिए आधुनिक सभी तरह के संसाधन है।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में मोतिहारी पुलिस की इस पहल को सराहनीय बताया। उन्होंने शिशु गृह को जिला पुलिस एवं जिला प्रशासन के महिलाकर्मियों के नौकरी एवं आर्थिक स्वतंत्रता हेतु महत्वपूर्ण बुनियाद बताया। शिशुगृह के उद्घाटन के अवसर पर डीआईजी चंपारण रेंज प्रणव कुमार प्रवीण, एसपी डॉ• कुमार आशीष सदर डीएसपी अरुण कुमार गुप्ता, मुख्यालय डीएसपी सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# व्हाट्सएप्प पर सुबह, दोपहर और शाम में उपस्थिति पंजी की तस्वीर खींचकर प्रखंड और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के व्हाट्सएप्प ग्रुप पर भेजने के आदेश का परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने कड़ा

व्हाट्सएप पर सुबह, दोपहर और शाम में उपस्थिति पंजी की तस्वीर खींचकर प्रखंड और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजने के आदेश का परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वंशीधर ब्रजवासी ने मुख्यमंत्री, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव, राज्य परियोजना निदेशक और प्राथमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपकर इस तरह के मनमाने आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। श्री ब्रजवासी ने बताया कि पूर्व में भी कटिहार, औरंगाबाद आदि जिलों में इस तरह का आदेश वर्ष 2019 में जारी किया गया था जिस पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ द्वारा आपत्ति दर्ज कराये जाने के बाद जनवरी 2020 में राज्य परियोजना निदेशक ने पत्र जारी कर स्पष्ट कर दिया था कि राज्य के स्कूली शिक्षा में आईटी से संबंधित नवाचार के प्रयोग से पहले राज्य शिक्षा परियोजना निदेशालय एवं शिक्षा विभाग से अनुमति लेनी होगी। इसके बावजूद विभिन्न जिलों में जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभाग की बिना अनुमति के तुगलकी फरमान जारी किया जा रहा है। राज्य के सहरसा, सुपौल, वैशाली जहानाबाद इत्यादि जिलों में वहां के जिलाधिकारियों के दबाव में आकर जिला शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा तुगलकी फरमान जारी किया गया है और शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की तस्वीर दिन में तीन खिंचवाकर व्हाट्सएप पर मंगाया जा रहा है।इस तरह का तुगलकी फरमान शिक्षकों की गरिमा पर कुठाराघात है। इस प्रकार का आदेश किसी भी कर्मचारी के निष्ठा पर प्रश्न खड़ा करने जैसा है ? सवाल किया कि ऐसी व्यवस्था राज्य में दूसरे किसी विभाग के कर्मचारी के लिए लागू नहीं किया गया है फिर केवल शिक्षकों के लिए ऐसा आदेश क्यों? शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं और उनकी दिन में तीन बार अग्नि परीक्षा ली जा रही है।सीता की भी अग्नि परीक्षा एक ही बार ली गई थी लेकिन यहां शिक्षकों को हर कदम पर अग्नि परीक्षा का सामना करना पड़ रहा है। यह व्यवस्था शिक्षकों को समाज में नीचा दिखाने और उनके आचरण और कार्य निष्ठा पर सवाल खड़ा करने की साजिश है जिसका परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ पूरजोर विरोध करता है और जल्द ही इसके लिए माननीय उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर करेगा। उन्होंने कहा कि जब व्हाट्सएप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जा रही है ऐसी स्थिति में निरीक्षी पदाधिकारियों की क्या आवश्यकता है और वेतन भुगतान हेतु अनुपस्थिति विवरणी भी नहीं ली जानी चाहिए। तस्वीर खींचने और ह्वाट्सएप पर भेजने के लिए सभी शिक्षकों को सरकार मोबाइल फोन उपलब्ध कराये और इसके लिए आवश्यक डाटा के लिए हर माह पर्याप्त राशि उपलब्ध कराए अन्यथा आदेश वापस ले। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी जिलाधिकारियों के दबाव में काम कर रहे हैं और कुछ जिलाधिकारी खुद को सरकार समझ बैठे हैं। ऐसे पदाधिकारियों को अपने हद में रहना चाहिए क्योंकि पदाधिकारी सरकार नहीं है। में पदाधिकारी खुद को विधायिका समझने की भूल न करें। वे नया नियम नहीं बना सकते बल्कि सरकार द्वारा बनाए गए नियमों को केवल क्रियान्वित करने सकते हैं। उन्हें इस तरह का कानून बनाने का का कोई अधिकार नहीं है।

श्री ब्रजवासी ने कहा कि व्हाट्सएप पर शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की तस्वीर मंगाकर उसे संकलित करने और उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के लिए जिन कर्मियों को लगाया गया है उनका मूल काम उनकी नियमावली के अंतर्गत वर्णित है जिसमें शिक्षकों की उपस्थिति पंजी संधारित करने का कोई वैधानिक कार्य उन्हें सरकार द्वारा नहीं दिया गया है। उन्हें उनके मूल कार्यों से अलग यह अनावश्यक कार्य कराया जा रहा है जिस कारण दूसरा कार्य प्रभावित हो रहा है और इस तरह के आदेश से शिक्षक काफी दबाव में महसूस कर रहे हैं। तनावग्रस्त है जिसका शिक्षा विभाग को काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अधिकारियों ने तुरंत अपने आदेश को वापस नहीं लिया परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ जल्दी माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जाएगा।

# डीआरसीसी के निरीक्षण के क्रम में आवेदकों से मिलकर जिलाधिकारी ने ली फीडबैक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा आज 11:00 बजे दिन में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र हाजीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में केंद्र पर बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण प्राप्त करने आए हुए आवेदकों से बात कर जानकारी प्राप्त की गई कि की शिक्षा हेतु ऋण ले रहे हैं एवं किस संस्थान में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

प्रबंधक जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र को निर्देश दिया गया कि जहां पर आवेदकों के बैठने की व्यवस्था है उसी के समक्ष टेबल लगाकर बैठे एवं आवेदकों को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत रेन प्राप्ति हेतु फार्म उपलब्ध कराते हुए उसे सही रूप से भरने में यथोचित सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी द्वारा वहां के कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की गई। जांच के क्रम में अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने पर प्रबंधक द्वारा बताया गया कि कुछ टेल मी आज काउंसलिंग हेतु पूर्व से निर्धारित पंचायतों में गए हैं एवं कुछ कर्मियों द्वारा अवकाश का आवेदन सूचना दी गई है। साथ ही कुछ कर्मियों द्वारा दो घंटा विलंब से आने की सूचना दी गई है।इस पर जिलाधिकारी द्वारा वहां पर उपस्थित जिला योजना पदाधिकारी वैशाली को निर्देश दिया गया कि उपस्थित के संदर्भ में तथ्यों की जांच कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे ताकि दोषियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके।

जिला योजना पदाधिकारी वैशाली को यह भी निर्देश दिया गया कि जिला निबंधन परामर्श केंद्र का प्रतिदिन निर्धारित समयानुसार अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। प्रबंधक जिला निबंधन परामर्श केंद्र को निर्देश दिया गया कि केंद्र द्वारा कार्यान्वित कराई जा रही कि 9 योजनाओं मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना कुशल युवा कार्यक्रम तथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का प्रतिदिन ऑनलाइन प्रगति प्रतिवेदन तैयार कराकर गोपनीय शाखा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा आवेदनों को त्वरित निष्पादन



सुनिश्चित कराएंगे। किसी भी स्तर पर और कारण आवेदन लंबित पाए जाने पर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएंगी।

जिला योजना पदाधिकारी एवं प्रबंधक जिला निबंधन परामर्श केंद्र हाजीपुर को निर्देश दिया गया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जॉब कैंप लगाने तथा उसी दिन कुशल युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए।

जिला अधिकारी के द्वारा डीआरसीसी परिसर में वृक्षारोपण कराने बैनर पोस्टर लगवाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता भवन को निर्देश दिया गया कि इस केंद्र के आधारभूत संरचना का स्वयं निरीक्षण करें एवं आवश्यकता अनुसार मायावती के कार्य कराएंगे।

# वैशाली ब्रांच कैनाल से अभिषेक पुष्कर्णी में जल आपूर्ति का कार्य इस माह के अंत तक पूर्ण कराएं : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक में कार्यपालक अभियंता तिरहुत प्रमंडल हाजीपुर को निर्देश दिया गया कि वैशाली ब्रांच कैनाल से प्रेशर पाइप के द्वारा वैशाली प्रखंड स्थित अभिषेक पुष्कर्णी सरोवर से जलापूर्ति कार्य को इस माह के अंत तक पहुंच कराकर उसका ट्रायल कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि इस परियोजना का 95: कार्य पूर्ण करा लिया गया है। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग हाजीपुर महुआ और महनार को निर्देश दिया गया कि आपने अपने क्षेत्र के सबसे पुरानी लंबी उम्र छोटी सड़क की सूची विकास शाखा को उपलब्ध कराएं। प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा को निर्देश दिया गया कि इस सूची को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भेजकर इन पदों की वर्तमान स्थिति की जानकारी उनसे प्राप्त करें। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग हाजीपुर के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के 11 कार्य भी लंबित है। जिलाधिकारी के पूछने पर बताया गया कि पीएचईडी के द्वारा बिछाए गए पाइप लाइन के कारण कार्य बाधित है इस पर जिलाधिकारी के द्वारा दोनों विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के संयुक्त रूप से भ्रमण कर इसे देख लेने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता आरडब्ल्यूडी महुआ और महिला ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सभी योजनाएं पूर्ण करा ली गई है। कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण लालगंज के द्वारा बताया गया स्थानीय सांसद मद से 14 योजनाएं ली गई है जिनके निविदा निकाल दी गई है और एक रार नामा की प्रक्रिया की जा रही है। जिला अधिकारी के द्वारा राशि के शीघ्र उपयोग का निर्देश दिया गया। कब्रिस्तान घेराबंदी के बारे में पूछने पर बताया कि इसकी कुल 92 योजनाएं ली गई थी जिसमें सात खून कराई गई है। जो 32 अपूर्ण है उसमें साथ की निविदा निकाली गई है तथा आठ की पूर्ण निविदा कराई गई है। चार में कराना मकराई गई और कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। कार्यपालक अभियंता भवन ने बताया कि भगवानपुर में बनाए जा रहे हैं ई किसान भवन का 95: कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि से खुद जाकर एक बार देख ले। बैठक से अनुपस्थित वुडको के कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण करने एवं इसकी एक प्रति प्रबंध निदेशक वुडको को भी भेजने का निर्देश दिया गया। पूर्व के बैठक में हाजीपुर नगर क्षेत्र स्थित वुडको के सड़कों की सूची और उनके द्वारा कराए गए कार्य की जानकारी मांगी गई थी। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हाजीपुर ने बताया कि हुडको द्वारा अधिकांश जगह सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया गया है परंतु इसकी सूची नहीं उपलब्ध कराई गई है। बैठक में उपस्थित पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि नगर क्षेत्र में अपने पतियों को देख लें। उसकी मां भी कराई जा रही है अगर कहीं अतिक्रमण है तो बता दे। बैठक में जिला अधिकारी के साथ विशेष कार्य पदाधिकारी सह डीसीएलआर हाजीपुर श्री स्वप्निल विकास शाखा के प्रभारी पदाधिकारी एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। अरेराज पूचसं। बिहार प्रशिद्ध मनोकामना पूरक बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर में देवाधि देव महादेव के प्रिय मास सावन के प्रथम सोमवारी पर श्रद्धलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन व प्रशासन द्वारा रात्रि डेढ़ बजे प्रथम पूजा के बाद भक्तों के जलाभिषेक के लिए पट को खोल दिया गया है।पट खुलते ही हर हर महादेव,बोल बम ,ऊँ नमः शिवाय के जयघोष से पूरा शिवनगरी गुंजायमान हो गया। कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलाभिषेक में जुटे है।कोरोना के कारण दो वर्ष बाद सावन के महीने में दर्शन पूजन के लिए मंदिर खुलने को लेकर श्रद्धालुओ की जैन सैलाब उमड़ पड़ी है।मंदिर प्रबंध द्वारा महिला पुरुष के लिए अलग अलग प्रवेश द्वार व अर्घा लगाने के बाद भी रात्रि से ही 5 किलोमीटर तक भक्तों की कतार लगी हुई थी। बिहार का प्रशिद्ध मंदिर मोतिहारी जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम कोने पर गंडक नदी किनारे अरेराज में अवस्थित सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर ऐसे तो मनोकामना पूरक मंदिर कहा जाता है। लेकिन पुत्र प्राप्ति के लिए काफी प्रसिद्ध मंदिर है। उक्त मंदिर की चर्चा कई ग्रन्थो में भी है। इस मंदिर में पुरुषोत्तम राम व माता सीता की पूजा करने व राजा युधिष्ठिर के राजपाट खत्म होने के बाद एक माह तक प्रतिदिन अभिषेक करने के बाद पुनः राजपाट वापस होने की बात बतायी जाती है। यहां शिवलिंग का स्थापना चंद्रमा द्वारा करने की बात पुराणों में अंकित है।सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पडोसी देश नेपाल ,उतर प्रदेश सहित बिहार राज्य के भिन्न भिन्न जिलों से श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुचते है।सुरक्षा में जुटे पुलिस अधिकारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ की कमान एसडीओ संजीव कुमार,डीएसपी रंजन कुमार ,सर्किल इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार,सीओ पवन झा ,ओपी थाना अध्यक्ष कंचन भास्कर सहित 400 सुरक्षा बल व पुलिस पदाधिकारी संभाले हुए थे। श्रद्धालुओ की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 15 ड्रॉप व फिक्स गेट के साथ एक दर्जन स्थलों



पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।जहा दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को लगाया गया है। एसडीओ संजीव कुमार व डीएसपी रंजन कुमार ने जलाभिषेक करने उसने वाले श्रद्धालुओं से अपील किया है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नही देते हुए कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करे। कोई भी परेशानी होने पर नियंत्रण कक्ष में सम्पर्क करें। विधायक ने किया पूजन वही गोविंदगंज भाजपा विधायक सुनील मणि तिवारी सुबह में ही मंदिर पहुंच कर बाबा का जलाभिषेक किया और व्यवस्था का जायजा लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कहा कि इस साल श्रद्धालुओ की अधिक संख्या है,जिसके अनुसार व्यवस्था किया गया है। उन्होने कहा कि बाबा भगवान शिव के बनने वाले कॉरिडोर से अरेराज धाम को जोड़ा जाएगा। यह मंदिर काशी विश्वनाथ व बाबा वैधनाथ धाम के बाद तीसरा मंदिर है जहा लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। तीन किमी लंबी कतार पट खुलने के बाद से लगतार श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करने में जुटे है।श्रद्धालुओ की कतार मंदिर से लगभग तीन किलोमीटर दूर तक लगी हुई है। मंदिर महंत रवि शंकर गिरी ने बताया की कोरोना के कारण दो वर्ष सावन मास में श्रद्धालु जलाभिषेक नही कर पाए थे।इस बार सावन के प्रथम सोमवार को पंचमी तिथि पड़ने के कारण श्रद्धालुओ की भीड़ अत्यधिक बढ़ गयी है। श्रद्धालुओ की सुबिधा को ध्यान में रखकर पूरी तैयारी की गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## आधार से बैलेंस चेक कराने के बहाने खाते से उड़ाए तीन हजार

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। अगर आप आधार से अपने खाते के बैलेंस को चेक कराने जा रहे हैं,तो सावधानी पूर्वक व सजग होकर अपने खाते को चेक कराए अन्यथा वैलेन्स चेक कराने में ही आप के खाते से राशि निकल जायेगी।कुछ इसी तरह का मामला रामगढ़ बाजार के देवहलिया रोड में एक दुकान पर देखने को मिला। बाजार के व्यवसायी शिवनाथ कुमार की पुत्री अपने आधार के माध्यम से अपने खाते के बैलेंस को चेक कराने देवहलिया रोड स्थित एक दुकान पर गई जहां दुकानदार के द्वारा आधार नम्बर इंट्री कर अंगूठा लेकर बैलेंस बताया गया।इसके बाद शिवनाथ की पुत्री रुपया निकालने बैंक गई।बैंक से रुपया निकालने के दौरान बैंक कर्मी ने बताया कि किसी के द्वारा इस खाते से आज की तारीख में 3 हजार रुपया निकाल लिया गया है, तब ग्राहक के होश उड़ गए। इसकी जानकारी अपने अभिभावक को दी। अभिभावक जब उक्त दुकानदार के यहां पहुंच जानकारी लेना चाहें तो पहले आनाकानी किया,फिर खाते से भूलवश तीन हजार रुपया निकालने की बात को स्वीकार किया।

## राज गौरव उर्फ टाइगर राजद प्रदेश प्रवक्ता उर्फ प्रदेश महासचिव आपदा प्रकोष्ठ के स्वागत करते महिला संस्थान के संरक्षक गोविन्द जायसवाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स बक्सर बीयूरो चीफ गोविन्द जायसवाल। सावन के प्रथम सोमवार को आरा से राज गौरव उर्फ टाइगर समाजसेवी सह राजद प्रदेश प्रवक्ता सह आपदा प्रकोष्ठ के महासचिव और महिला संस्थान के आरा के संरक्षक का स्वागत महिला विकास सेवा संस्थान के कार्यालय बक्सर बंगला घाट में संस्थान के संयोजक सह संरक्षक गोविन्द जायसवाल ने किया और महिला के उत्थान के बारे में चर्चा हुआ और बहुत जल्द सहयोग के लिए बोले और सावन के प्रथम सोमवार की बधाई दिए।

## डबल मर्डर में आरोपियों के घर पर पुलिस ने इश्तेहार लगाया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। कोटवा। जसौली पट्टी के दो भाइयों के मर्डर मामले में कोटवा पुलिस ने आरोपियों के घर पर रविवार की संध्या इस्तेहार लगाया। नियत समय में सरेंडर नहीं करने पर आरोपियों के घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। डबल मर्डर में चार नामजद तथा तीन अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। नामजद आरोपियों में एक की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा कर ली गई है। अभी भी तीन आरोपी फरार चल रहे हैं। तीनों को गिरफ्तारी के लिए



पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मालूम हो कि विगत 6 जुलाई को जसौली पट्टी के सगे दो भाइयों अमित – सुमित की हत्या बनबिरवा नहर पुल के समीप गोली मारकर कर दी गई थी। मामले में चार लोगों को नामजद किया गया है जिसमें मुजफ्फरपुर से मुख्य आरोपी अजीत को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के घर इश्तेहार चिपका दिया गया है। गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## राज गौरव उर्फ टाइगर राजद प्रदेश प्रवक्ता उर्फ प्रदेश महासचिव आपदा प्रकोष्ठ के स्वागत करते महिला संस्थान के संरक्षक

गोविन्द जायसवाल दैनिक अयोध्या टाइम्स बक्सर बीयूरो चीफ गोविन्द जायसवाल। आज सावन के प्रथम सोमवार को आरा से राज गौरव उर्फ टाइगर समाजसेवी सह राजद प्रदेश प्रवक्ता सह आपदा प्रकोष्ठ के महासचिव और महिला संस्थान के आरा के संरक्षक का स्वागत महिला विकास सेवा संस्थान के कार्यालय बक्सर बंगला घाट में संस्थान के संयोजक सह संरक्षक गोविन्द जायसवाल ने किया और महिला के उत्थान के बारे में चर्चा हुआ और बहुत जल्द सहयोग के लिए बोले और सावन के प्रथम सोमवार की बधाई दिए।



## स्थानीय आइसीएआर के बगल में अमृत सरोवर का निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। केंद्रीय टीम ने सोमवार को किया इस अवसर पर संयुक्त सचिव संजय कुमार जैन के साथ डीएम शीर्षत कपिल अशोक, डीडीसी कमलेश कुमार सिंह ने बारीकी से सरोवर का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव श्री जैन ने सरोवर के सौंदर्यीकरण, आउटलेट व अन्य बिंदुओं को बारीकी से अवलोकन किया। उक्त जल जीवन हरियाली योजना के तहत सरोवर नौ लाख छियासी हजार 45 रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। जिसके सौंदर्यीकरण के साथ जल संचय, जल की निकासी, वृक्षारोपण, के अलावा मछली पालन का कार्य होना है। उक्त सरोवर को मछली पालन के लिए जीविका समूह को सौंपा जाएगा। जिससे जीविका समूह को रोजगार का भी अवसर प्राप्त होगा। वही गार्जियन ऑफ चम्पारण के प्रहरी के संरक्षक के रूप में पंसस रितज गुप्ता को चुना गया। मौके पर संयुक्त सचिव संजय कुमार जैन के साथ डीएम शीर्षत कपिल अशोक, डीडीसी कमलेश कुमार सिंह, एसडीओ सौरभ सुमन, पीओ प्रकाश कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ निरंजन कुमार झा, प्रमुख रजनीश कुमार यादव, पंसस रितज गुप्ता, मुखिया हेमंत कुमार, उपेंद्र पासवान, संतोष कुमार शर्मा, योगी मांझी सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



## सिंधिया घाट में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर से एक 11 वर्षीय बच्ची गायब

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर,विभूतिपुर। समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंधिया घाट स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर से एक 11 वर्षीय बच्ची के गायब होने का संगीन मामला सामने आते ही हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि 15 जुलाई से उक्त बच्ची गायब है जिसके बाद उसकी खोजबीन जारी है लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। बच्ची के परिजन अपने सगे–संबंधियों और जान–पहचान के लोगों के यहां लगातार खोजबीन कर रहे हैं। इस सबंध में बालिका की मां बेलसंडी डीह निवासी ममता कुमारी ने थाना में आवेदन देकर बेटी की खोज करने की गुहार लगायी है। आवेदन में कहा है कि उसकी बेटी लक्ष्मी कुमारी पिता मनोज राम गत 15 जुलाई से आवासीय बालिका कस्तूरबा विद्यालय से लापता है। विगत 11 जुलाई को वह बेटी का नामांकन कराने के लिए विद्यालय गई थी। बच्ची का नामांकन नहीं हुआ था। नामांकन के लिए दिव्यांग कोटे की 15 सीट बची हुई है। नामांकन नहीं होने के बाद भी बच्ची को यहां छोड़कर उसकी मां चली गई थी। विगत 15 जुलाई को बच्ची को उसकी मां से फोन पर वार्डन द्वारा बातचीत कराई गई थी।इसके कुछ देर बाद विद्यालय से बच्ची के गायब होने की बातें उसकी मां को बताई गई, तो सबके होश उड़ गई हैं। इसके बाद बच्ची की काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद उसकी मां ने विभूतिपुर थाना में बच्ची के गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है और उसकी खोजबीन करने की गुहार लगायी है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस बच्ची की तलाश में जुट गई है।



## 3 बच्चे की मां को संदिग्ध हालत में मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में मौत



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। शिवहर,सीतामढ़ी। बिहार लघु जिले शिवहर के स्थानीय जीरो माइल चौक के पास एक किराएदार महिला की संदिग्ध हालत में मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में मौत हो गई है, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया है कि मृतक महिला की पोस्टमार्टम कर शव शिवहर पहुंचा, जिसकी पुष्टि प्रभारी थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने की है। तथा बताया है कि शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद मृतका के मायके वालों ने शव को दाह संस्कार को ले गए हैं। मौके पर मृतिका की बहन निशू उपाध्याय एवं मृतिका की मां रीता देवी ने बताया है कि मृतिका नीतू देवी लगभग 27 वर्ष पति शशिकांत मिश्र कुअमा पिपराही थाना क्षेत्र के निवासी थी। लगभग 3 वर्ष पूर्व मृतिका के नगर थाना क्षेत्र के गोविंनापुर फतमाचक निवासी मुन्ना पांडे से भाग कर शादी कर रखा था। मुन्ना पांडे पेशे से ड्राइवर है जो बस चलाता है। तथा वह शिवहर जीरो माइल चौक के पास एक मकान में किराए पर रहने लगी थी ,पहले शादी से 3 बच्चे भी है। जिसको साथ में रखे हुआ था। गत 13 जुलाई को मृतिका के डेरा पर उसके ग्रामीण फूल बाबू सिंह सहित अन्य आया था ,इसी बीच मुन्ना पांडे एवं अन्य लोगों के साथ विवाद हो गया था। मृतिका की मां एवं बहन ने बताया कि मुन्ना पांडे ने ज्वलनशील पदार्थ फुल बाबू पर फेंका जिसे बचाने के दौरान मृतिका नीतू देवी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गई तथा इस दौरान फुल बाबू के शरीर पर भी ज्वलनशील पदार्थ लगा ,जिसका इलाज बाहर चल रहा है। इस दौरान आज इलाज नीतू देवी को मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में मौत हो गई, जिसका शव एंबुलेंस से शिवहर लाया गया ,इस दौरान मृतिका के मायके वालों ने थाने को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है। आप सभी को यह इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि इधर मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है।

## हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक, हर हर महादेव व बोल बम की नारों से गूंज उठा शिव दरबार

(संजयकुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स ,रक्सौल पूर्वीचंपारण)। सावन की पहली सोमवारी को लेकर रक्सौल अनुमंडल के छौडादानो प्रखंड अंतर्गत श्रीपुरकुदरकट अवस्थित गुपुतनाथ मंदिर ( कटनौतिया धाम) एवं नरकटिया अवस्थित बैकुंठधाम शिव मंदिर में शिव भक्तों व फल भी प्रदान करते हैं. गुपुतनाथ के महंत ने बताया है कि प्रत्येक सोमवारी को शिव भक्तों की भीड़ सुबह 5 बजे सुबह के पूर्व से ही मंदिर परिसर में लगनी शुरू हो जाती है।

इस शिव मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है एवं लगभग 50 साल पूर्व से ही शिव भक्तों का इस मंदिर के साथ



श्रद्धालुओं द्वारा बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की गई. शिव भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला . सावन के महीने में सोमवार के दिन को लेकर हिंदू ग्रंथ में बताया गया है कि इस दिन पूजा–पाठ एवं व्रत करने से भगवान महादेव अपने भक्तों पर काफी प्रसन्न होते हैं व सोमवारी व्रत करने वाले भक्तों को मनोवांछित अटूट रिश्ता एवं इनके प्रति काफी श्रद्धा रहा है. यहां पर आसपास के सभी ग्रामीणगण शिव भक्तों की देखरेख व सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं. यहां पूजा समिति के द्वारा भी शिव भक्तों को काफी सुविधा प्रदान की जाती है व स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय गणमान्य लोगों का सहयोग हमेशा से मिलता रहा है

## पहली सोमवारी पर विद्यापतिधाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) विद्यापतिनगर, दलसिंहसराय! समस्तीपुर जिले के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक विद्यापतिधाम में सावन मास की पहली सोमवारी पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा, रविवार से ही विद्यापतिधाम बोलबम के जयकारे से गूंजायमान हो उठा। रविवार की देर रात्रि से ही मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया जो सोमवार की शाम तक जारी रहा। सोमवार को अहले सुबह 2 बजे से ही मंदिर में शिव भक्तों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई ! दोपहर तक जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। गंगा जल व पूजन सामग्री के साथ विद्यापतिधाम पहुंच श्रद्धालुओं व कांवरियों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुखमय जीवन की कामना की। जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती चली गई। इस कारण महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए अलग–अलग कतार में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्य तथा पुलिस मंदिर आने वाले श्रद्धओं की सुरक्षा में लगी रही। जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। श्रद्धालुओं में पुरुषों से अधिक महिला व युवतियों की संख्या अधिक थी ! ज्यादातर लोग केसरिया रंग के वस्त्र में जलाभिषेक के लिए मंदिर में पहुंचे थे। सावन की पहली सोमवारों के साथ–साथ आज नागपंचमी होने की वजह से भी भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक देखी गई ! गौरतलब है कि पिछले 2 वर्षों से कोरोना महामारी की वजह से स्थानीय प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर को सील कर दिया गया था जिस कारण लोगों को शिव आराधना करने से वंचित रहना पड़ा था!

सोमवारी के मद्देनजर मंदिर समिति के द्वारा विद्यापतिधाम मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बाबा विद्यापति उगना महादेव मंदिर में शृंगार की भव्य एवं विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं के ठहरने, पेयजल, शौचालय एवं उनके स्वास्थ्य की विशेष व्यवस्था की गई थी! मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही थी । जलाभिषेक के लिए आस – पास के जिलों के अलावा झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं बंगाल के कुछ हिस्सों से श्रद्धालु विद्यापति धाम पहुंचे थे ! इधर विद्यापति धाम में आए बच्चों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र मेला रहा, लेकिन झूला नहीं होने से उन्हें निराश लौटना पड़ा, महिलाओं ने जमकर खरीदारी की ! हरपुर बोचहा



से आए शिव भक्त मनीष निषाद एवं चमथा के चंदन कुमार ने बताया कि हम लोग सुबह करीब 4:00 बजे ही जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंच गए थे, बावजूद इसके भारी भीड़ का सामना करना पड़ा, मऊं धनेशपुर दक्षिण से आए शिवम कुमार झा ने कहा कि मैं प्रतिदिन सुबह पूजा अर्चना के लिए आता हूं लेकिन आज भीड़ के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा, कई महिलाओं ने बताया कि कुछ युवकों द्वारा जानबूझ कर मंदिर के अंदर हुड़दंग किया जाता है जिससे हम लोगों को बहुत परेशानी होती है ! हालांकि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की ओर से कई इंतजाम किए गए थे, इसके तहत पूरब से आने वाले वाहनों को रेलवे माल गोदाम के पास एवं पश्चिम से आने वाले वाहनों को प्रखंड कार्यालय के समीप ही रोका जा रहा था, मंदिर परिसर में महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था, बावजूद इसके सोमवार होने के कारण मंदिर में दिनभर भीड़ जमी रही !

## बोल बम के नारों से गूंज उठा इलाका, शिवहर जिले के सभी शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

☒ बाबा भुवनेश्वर नाथ धाम पर सुबह 7.25 तक तकरीबन 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

शिवहर। सावन माह के पहली सोमवारी को जिले के ऐतिहासिक एवं पौराणिक धार्मिक स्थल बाबा भुवनेश्वर नाथ धाम पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। जबकि जिले के रसीदपुर गौरी शंकर मंदिर, अनुमंडल कार्यालय के समीप बाबा मनोकामना पूर्ण मंदिर, रानीपोखर के पास पौराणिक शिव मंदिर, कुशहर गौरीशंकर शिव मंदिर, पिपराही शिव मंदिर, काशोपुर शिव मंदिर ,गूगल नाथ बाबा शिव मंदिर, पवित्र नगर शिव मंदिर सहित जिले भर के शिवालयों में बोल बम –बोल बम के नारे से गूंज उठा इलाका। बाबा भुवनेश्वर नाथ धाम पर बागमती नदी से जलबोझी कर लोग बाबा पर जलाभिषेक के लिए पुरुष एवं महिला अलग–अलग कतारबद्ध पुलिस की निगरानी में गर्भ गृह में प्रवेश कर जलाभिषेक कर रहे हैं। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय के दिशा निर्देश के आलोक में सभी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारीयों, पुलिस पदाधिकारियों व तैनात महिला पुलिस, पुरुष पुलिस जवानों को निर्देशित किया गया है। मंदिर प्रबंधन समिति के सुजीत भारती ने बताया है कि आज अहले सुबह श्रृंगार पूजा के बाद 4:00 बजे बाबा का दरबार जलाभिषेक के लिए खुल गया था, तब से लगातार महिला एवं पुरुष को कतारबद्ध बारी–बारी से जलाभिषेक करने के लिए मंदिर गर्भगृह में प्रवेश कराया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टिकोण जिला प्रशासन शिवहर की ओर से अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य तथा



जिला पुलिस बल की व्यवस्था की गई है तथा सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। वही बताया गया है कि रात 12:00 बजे के बाद से ही बाबा भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक को लेकर लंबी लाइन लग गई थी। जबकि सुबह में 4:00 बजे लाइन में लगे श्रद्धालुओं को अब तक दर्शन नहीं हो पाया है।

चारों ओर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं का जनसैलाब बोल बम, बोल बम के नारे से पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूब चुका है।

## जिलाधिकारी द्वारा मडे मिटिंग में की गयी विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा



पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में मंडे मिटिंग सम्पन्न हुआ। इस बैठक में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली, कार्यालय स्तर पर विभिन्न आरोपध्जांच, बिहार मानवाधिकार आयोग, चौकीदार के विरूद्ध लंबित विभागीय कार्यवाही, पेट्रोल पम्प अधिष्ठापन, सीडब्लूजेसीध्एमजेसी, लोकायुक्त, राजस्व, लोक सेवाओं का अधिकार, लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, माननीय मुख्यमंत्री के जनता दरबार, विभागीय कार्यवाही, सेवान्त लाभ, बाल संरक्षण इकाई, पेंशन वितरण, निबंधन, कोविड मृत्यु अनुदान, बाढ़ पूर्व तैयारी, खनन, परिवहन, मद्य निषेध, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, जिला स्वास्थ्य समिति, आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि मंडे मिटिंग का उदेश्य ग्राउंड लेवल पर सर्विस डिलेवरी को बेहतर बनाना है। बड़े प्रोजेक्ट को तीव्र गति से कार्यान्वित कराना है। साथ ही लंबित मामलों का त्वरित गति से निष्पादन कराना है। सभी बीडीओ, सीओ आदि सर्विस डिलेवरी को बेहतर बनाने की दिशा में तत्परतापूर्वक अपने–अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करें।उन्होंने कहा कि आमजनों को बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। आमलोगों का सरकार तथा जिला प्रशासन के प्रति परसेप्शन को सुदृढ़ करने के लिए सभी अधिकारियों को पूर्ण पारदर्शी तरीके से ससमय कार्यों का निष्पादन करना होगा। इसमें लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई निश्चित है। उन्होंने कहा कि लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम में बेहतर कार्य किया गया है इसे और बेहतर करना है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना अंतर्गत शत–प्रतिशत अभिलेख संधारण अविलंब किया जाय। इस योजना की नियमित मॉनिटरिंग अत्यंत ही आवश्यक है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी लगातार निरीक्षण करेंगे तथा मेंटेनेंश वर्क कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि आमजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, उन्हें पेयजल उपलब्ध हो सके। जिला परिवहन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिले से होकर उतरप्रदेश की ओर जाने वाली विभिन्न बसों आदि की नियमित जांच की जाय। इस दौरान विशेषतः यह देखा जाय कि इनके पास परमिट है अथवा नहीं। बिना परमिट परिचालन होने पर नियमानुकूल कार्रवाई किया जाय। समीक्षा के क्रम में विभिन्न प्रखंडों, अंचलों द्वारा विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निराकरण किया गया तथा कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से मामले को निष्पादित करने हेतु निदेशित किया गया।शइस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, नंदकिशोर साह, प्रबंधक, बेतिया राज विनोद कुमार सिंह, सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, सभी एसडीएम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## 21 जुलाई को विशेष अभियान के तहत दिये जायेंगे कोविड प्रिकॉशन डोज

☒ जिले में बनाये गये हैं 595 टीकाकरण स्थल

☒ कोविड संक्रमण से बचाव हेतु 18 वर्ष से उपर के सभी व्यक्तियों को लेना है प्रिकॉशन डोज

☒ 18 वर्ष से अधिक के वैसे व्यक्ति जो 06 माह पूर्व सेकेन्ड डोज ले लिये हैं, वे अवश्य लें प्रिकॉशन डोज

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि कोविड–19 संक्रमण का फैलाव तेजी से हो रहा है। इसके संक्रमण की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप टेस्टिंग और वैक्सीनेशन कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दिये जाने वाले नियमित टीकाकरण की दिशा में तीव्र गति से कार्य करें। नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को हर हाल में टीका दिलाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निदेश दिया कि ड्यू लिस्ट तथा सर्वे रजिस्टर अपडेशन का कार्य अतिशीघ्र पूरा किया जाय।समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कोविड संक्रमण की रोकथाम हेतु नियमित रूप से टेस्टिंग करायी जा रही है। इसके साथ ही प्रिकॉशन डोज भी दिया जा रहा है तथा फर्स्ट एवं सेकेन्ड डोज से अबतक वंचित व्यक्तियों को भी टीका से लाभान्वित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि दिनांक–21.07.2022 (गुरूवार) को प्रिकॉशन डोज के लिए विशेष अभियान चलाया जाना है। इस हेतु जिले में 595 टीकाकरण स्थल बनाया गया है। प्रिकॉशन डोज 18 वर्ष से उपर के वैसे व्यक्ति को देना हैं जिन्होंने 60 दिन पूर्व कोविड वैक्सीन का सेकेन्ड डोज ले



लिया है। उन्होंने बताया कि अबतक 70 प्रतिशत हेल्थ लाइन वर्कर एवं फ्रंट लाइन वर्कर को प्रिकॉशन डोज दिया जा चुका है।

साथ ही घर–घर दस्तक देकर भी प्रिकॉशन डोज से लाभान्वित किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने कहा कि 21 जुलाई को प्रिकॉशन डोज के लिए आयोजित होने वाले विशेष अभियान की सभी तैयारी ससमय कर ली जाय। प्रिकॉशन डोज से वंचित लोगों को टीकाकरण स्थल पर लाने के लिए आशा, आंगनबाड़ी सेविका–सहायिका, विकास मित्र आदि लोगों को जागरूक एवं प्रेरित करेंगे। सिविल सर्जन विशेष टीकाकरण स्थल पर पर्याप्त डोज, अन्य संसाधन एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने निदेश दिया कि कोविड संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अद्यतन दिशा–निर्देशों का जिलेवासियों के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित किया जाय।

साथ ही आमजन को कोविड संक्रमण के प्रति सजग एवं सतर्क रहते हुए पूरी सावधानी बरतने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जाय। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार सहित सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आधुनिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से करायें फिश प्रोडक्शन,व मछुआरों की आय में वृद्धि : जिलाधिकारी

☒ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वितीय वर्ष 2021–22 में 211 लाभुकों को निर्गत किया गया कार्यादेश

☒ 61 लाभुकों द्वारा कार्य कराया गया पूर्ण तथा 16 लाभुकों द्वारा कराया जा रहा है कार्य

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि मछली उत्पादकता में पश्चिम चम्पारण जिला को अग्रणी बनाने हेतु सभी प्रकार के आवश्यक उपाय तीव्र गति से करना आवश्यक है। जिले को मछली उत्पादकता में आत्मनिर्भर बनाने की असीम संभावनाएं है, आवश्यकता है विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी ढ़ंग से अनुपालन करना। इस हेतु संबंधित अधिकारियों को तीव्र गति से तत्परतापूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने निदेश दिया कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि फिशरिज एंड एलायड क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। इससे एक तरफ जिले का विकास होगा वहीं फिश फॉर्मरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा अधिक से अधिक लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि फिशरिज एलायड अर्थात मछली उत्पादन के साथ–साथ मखाना, पर्ल (मोती), मुर्गी, बतख, फूल, केले आदि की उत्पादकता को बढ़ावा देना है। एक ही तालाब से किसानों को डबल, ट्रिपल लाभ दिलाने का प्रयास करें। आधुनिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से मछली पालन कराते हुए प्रोडक्शन बढ़ायें। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे।उन्होंने निदेश दिया कि मत्स्य पालकों की सुविधा के मद्देनजर उन्हें ऑइस–प्लांटध्कोल्ड स्टोरेज, रेफ्रिजेरेटेड वाहन, मोटरसाइकिल ऑइस बॉक्स, साईकिल ऑइस बॉक्स, इनसुलेटेड वाहन, मोबाईल फिश किऑस्क सहित मत्स्य एवं मत्स्य उत्पादों के ई–ट्रेडिंग एवं ई–मार्केटिंग हेतु ई–प्लेटफॉर्म जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कारगर कदम उठाना सुनिश्चित किया जाय।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि उक्त योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि मत्स्य कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति आधारित मत्स्य



बीज, मत्स्य उत्पादन, मत्स्य विपणन, मत्स्य भंडारण, मत्स्य प्रसंस्करण एवं मत्स्य चारा उत्पादन, आदि व्यवसाय द्वारा सतत गुणवतापूर्ण खाने योग्य मछलियों की बाजार में उपलब्धता तथा इससे संबंधित लोगों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित किया जाय।जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वितीय वर्ष 2021–22 में 211 लाभुकों को कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है। इसमें से 61 लाभुकों द्वारा कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा 16 लाभुकों द्वारा कार्य कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ मछुआरे, मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य मजदूर, मत्स्य विकास अभिकरण, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त दैयता समूह, मत्स्यजीवी सहयोग समिति, मत्स्य फेडरेशन, मस्त्य उद्यमी, कम्पनियां, मत्स्य उत्पादक समूह/संस्थान, अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाधदिव्यांग आदि प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्गों की महिलाओं हेतु विभिन्न अवयय के लिए निर्धारित इकाई लागत का 60 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग हेतु 40 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि वितीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में अबतक बीस लाभुकों को लगभग 62 लाख रूपये अनुदानित राशि से लाभान्वित किया गया है।इस बैठक में उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता नंदकिशोर साह, जिला मत्स्य पदाधिकारी गणेश राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कष्टहारणी घाट पर गंगा स्नान के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु

'संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! समस्तीपुर जिला के विद्यापति प्रखंड के कष्टहारणी घाट जो कष्टहारा घाट के नाम से भी जाना जाता है। सोमवार की सुबह 3:00 बजे से ही स्नान करने वाले हजारों श्रद्धालुओं का जमावड़ा शुरू हो गया जहां स्नान करने आए



श्रद्धालुओं ने अपने कावर एवं कमंडलु में जल भरकर बोल – बम का जयकारा लगाते हुए बाबा उगना महादेव विद्यापति को जल अर्पित करने के लिए आगे बढ़े वहीं कुछ महिला श्रद्धालुओं ने कष्टहारणी घाट की महत्ता को बताते हुए स्थानीय मुखिया नमिता सिंह एवं जिला परिषद प्रतिभा देवी को महिला सुरक्षा के दृष्टिकोण से ध्यान दिलाया कि इस घाट का संबंध विद्यापति धाम से जुड़ा हुआ है जिससे यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।इसी को ध्यान में रखते हुए कम से कम एक महिला कपड़ा एक्सचेंज रूम निर्माण कराया जाना चाहिए।

### सावन की पहली सोमवारी पर भोलेनाथ के मंदिर में श्रद्धालुओं का भिड़ देखा गया

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार) कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के सोनाखाल शिव भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है यहां दूर–दूर से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ को जलार्पण करने के लिए आते हैं सावन का महीना शिव आराधना के लिए खास माना जाता है धर्म शास्त्रों के अनुसार इस माह भगवान शिव का।



### बिहार में इस बार स्वतंत्रता दिवस होगा बेहद खास, 8 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा, जानें पूरा मामला

साहिल कुमार सिंह ( ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार) लाइव सिटीज पटना देश की आजादी के 75 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है. वहीं इस साल स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को ऐतिहासिक बनाने के लिए बिहार सरकार ने एक बड़ा निर।

### गंगा घाट मोहना चांदपुर में स्नान करने श्रद्धालुओं का उमरा भीड़

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार) कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के मोहना चांदपुर गांव में गंगा नदी के किनारे श्रद्धालुओं का उमरा भीर गंगा स्नान कर कर यहां से जल लेकर बाबा भोलेनाथ पर चढ़ाते हैं यहां दूर–दूर से श्रद्धालु आते हैं काबर सेमापुर मधुबनी गुंजरा वकिया जगदीशपुर सोनाखाल भवानीपुर इत्यादि।



### ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में व्यवसाई बुरी तरह से घायल

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! समस्तीपुर जिला के विद्यापति प्रखंड के बाजिदपुर बाजार निवासी व्यवसाई मनोज चौधरी जो कि अपने मछली फॉर्म विद्यापति रेलवे 10 नंबर फाटक के पास से अपने आवास बाजिदपुर बाजार आ रहे थे। उसी क्रम में राजा चौक बढमोतर के तरफ से आ रही अनियंत्रित तेज गति से एक मिट्टी से लदा ट्रैक्टर से टकरा गए।जिससे वह बुरी तरह से जख्मी होकर जमीन पर गिर गए हैं वहीं आसपास के लोगों के हल्ला गुल्ला करने पर।उनके मछली फॉर्म में काम करने वाले एक युवक कर्मचारी ने आनन–फानन में कष्टहारा बजरंगी चौक स्थित साईन हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर रौशन कुमार के द्वारा फर्स्ट ट्रीटमेंट करने के बाद उचित इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।



### देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए वोटिंग जारी, स्ट्रेचर पर वोट डालने विधानमंडल पहुंचे बीजेपी विधायक मिथेलश कुमार

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार शरीफ (नालंदा) आज देश के लिए एक बड़ा अहम दिन है। आज देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए वोटिंग हो रही है। संसद भवन व देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं में देशभर के करीब 4,800 विधायक और सांसद राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग कर रहे है। एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू और विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति भवन की रेस में हैं। इधर बिहार विधानमंडल में भी वोटिंग की प्रक्रिया शुरु हो गई है। सत्ता पक्ष सहित विपक्ष के विधायक भी लगातार विधान मंडल पहुंच रहे हैं। इस दौरान सीतामढ़ी से विधायक मिथिलेश कुमार स्ट्रैचर पर लेटकर विधानमंडल पहुंचे। वोट डालने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान सीतामढ़ी विधायक ने कहा यह हमारी जिम्मेदारी है, जिस तरह घायल होने के बाद मैं अस्पताल में इलाज कराने गया हूं उसी तरह यह भी जरुरी था। इस दौरान उन्होंने एनडीए उम्मीदवार की जीत निश्चित होने की बात कही। बताते चले कि भाजपा विधायक मिथिलेश कुमार पिछले महीने कटिहार में हुए बीजेपी कार्यसमिति की बैठक से लौटने के दौरान दुर्घटना के शिकार हो गए थे। जिसके बाद से उनका पटना आईजीआईएमएस में इलाज चल रहा है।

### बैंडमिंटन खिलाडी पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन फाइनल जीतकर रची इतिहास, समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने दी बधाई

'नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार शरीफ (नालंदा)। बैंडमिंटन खिलाडी पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन फाइनल जीतकर इतिहास रच दिया है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी सिंधु ने फाइनल में चीन की वांग जी यी को 21–9, 11–21, 21–15 से शिकस्त दी। इससे पहले दुनिया नंबर–7 बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने सेमीफाइनल में जापान की गैर वरीय साइना कावाकामी को गेमों में हराया था। सिंधु ने सेमीफाइनल 21–15, 21–7 के अंतर से आसानी से जीत लिया था। इधर समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को सिंगापुर ओपन फाइनल जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री मंडल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन फाइनल जीतकर देश को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। यह जीत आनेवाले खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। श्री उदय मंडल ने पीवी सिंधु के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की।



# उजियारपुर की बेटी बनी CA बढ़ाया प्रखंड का मान



विकास कुमार पाण्डेय' (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) उजियारपुर, दलसिंहसराय! अनुमंडल के उजियारपुर प्रखंड की एक बेटी ने अपने प्रथम प्रयास में ही चार्टर्ड एकाउंटेंट बन गई, इस खबर से पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है ! उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर कमला पंचायत की बेटी ने अपने प्रथम प्रयास में ही ١٩ द्वारा आयोजित चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता हासिल कर, अपने माता पिता व अपने गुरूजनों के साथ साथ अपने गांव प्रखंड व जिला का नाम पुरे प्रदेश में रौशन कर दिया है। भगवानपुर कमला गांव निवासी सुनील कुमार सिंह व अंजनी कुमारी की पुत्री लालिमा कुमारी ने प्रथम प्रयास में ही सफलता पाकर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। लालिमा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरूजनों को दिया है। इधर भगवानपुर कमला गांव के लोगों को जैसे ही लालिमा के चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने की जानकारी मिली, सभी खुशी से झूम उठे। गांव के लोग अपने गांव की इस बेटी की सफलता पर काफी खुश हैं । लालिमा ने बताया कि चार्टर्ड एकाउंटेंट बनना उनका सपना था। जिसे उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, परिवार का साथ, विश्वास व आशीर्वाद के बल पर पूरा किया। लालिमा ने अपनी मैट्रीक की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल समस्तीपुर, इण्टरमीडिएट की पढ़ाई पीसी हाई स्कूल पटसा, व स्नातक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की, तत्पश्चात पूरी मेहनत से ब। की तैयारी में लग गयी। लालिमा ने यह भी बताया कि इस मुकाम को हासिल करने के लिए वह रोजाना 8 से 10 घंटों की पढ़ाई करती थी। जिसमें उनके माता पिता भी सहयोग करते थे, और आज उसी सहयोग का परिणाम है कि, अच्छे अंकों के साथ उसने सफलता हासिल की है। लालिमा कुमारी के पिता न्यायमित्र व माता मध्य विद्यालय सातनपुर उजियारपुर में सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। लालिमा की सफलता से संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, स्थानीय लोगों में बद्री प्रसाद सिंह, गोपाल सिंह, दीपक कुमार उर्फ कन्हैया कुमार, समाजसेवी अनिल कुंवर, पवन चौधरी, राजद महिला सेल की प्रखंड अध्यक्षा सरिता कुमारी आदि ने उजियारपुर के बेटी की इस सफलता पर खुशी जाहिर की।

# कैदी की मौत के बाद पुलिस को लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

दैनिक अजोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय। सिवान में कैदी के मौत के बाद लोगो ने जमकर बवाल काटा द्य बताया जाता है की युवक को जीबी नगर थाने की पुलिस द्वारा शराब के मामले में गिरफ्तार किया गया था द्य पिछले पांच दिनों से बंद कैदी का अचानक रविवार की रात मौत हो गई है द्य परिजनों का आरोप है कि पिटाई के कारण कैदी की मौत हुई है द्य मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी दिख रहे हैं द्य रविवार की शाम कैदी की तबीयत बिगड़ने से पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे सिवान सदर अस्पताल लाया था द्य जहां इलाज के क्रम में कैदी की मौत हो गई थी द्य कैदी के मौत के बाद लोगो ने तैनात पुलिसकर्मियों की जमकर पिटाई कर दी द्य इस दौरान गाली गलौज भी हुई द्य भीड़ का गुस्सा देख पुलिस वालों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी द्य लोगो की पिटाई के दौरान जान बचाने के लिए पुलिसकर्मियों ने रायफल भी तानी द्य उसके बावजूद भी उग्र भीड़ शांत नहीं हुई इसके बाद पुलिस कर्मियों को वहां से भागकर अपनी जान बचानी पड़ी द्य इधर भीड़ ने सदर अस्पताल में सड़क पर जाम जमकर प्रदर्शन किए द्य मृतक जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के सोनबरसा के गुलरबाग गांव निवासी अवधेश यादव का 25 वर्षीय पुत्र बाल्मीकि यादव के रूप में हुई है। मृतक का भाई तुलसी कुमार ने बताया कि 12 जुलाई को शराब पीने के मामले में जीबी नगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोनबरसा के गुलरबाग से गिरफ्तार किया था। इसके बाद 13 तारीख को जेल भेज दिया गया था। इलाज कराने को कहा तो पुलिसकर्मियों ने पीटा, परिजनों का आरोप है कि जेल के भीतर हल्की तबीयत बिगड़ने के बाद कैदी ने अस्पताल में इलाज कराने की बात कही थी। इसके बावजूद भी जेल प्रशासन इलाज करने से कतराती रही। बताया कि इलाज के लिए कैदी ने दबाव डाला तो जेल प्रशासन ने दोनों हाथ डंडे से बड़ी ही बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी द्य इसके कारण बाल्मीकि यादव की मौत हो गई परिजनों ने कैदी के कई हिस्सों पर चोट के निशान भी दिखाएं द्य मृतक के दो लड़की और एक लड़का है। वही बच्चों के सर से पिता का साया उठने के बाद उनलोगो का परवरिश कौन करेगा । उसकी मौत





के बाद परिजनों ने शव के साथ प्रदर्शन कर रहे थे ।

परिजनों ने इस मामले में जिला प्रशासन से सभी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का व बर्खास्त करने का मांग किए ह। सिवान सदर अस्पताल के गेट पर टायर जलाकर पड़ी जमकर प्रदर्शन कर रहे किए।

सदर अस्पताल का सड़क जाम कर दिया जिसकी वजह से आने जाने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। माहौल काफी तनावपूर्ण बना हुआ है।

# सुखाड़ की ओर बिहार, खेतों में सूख रहे बिचड़े ,धान रोपनी हो रही प्रभावित



☒ जदयू नवनीत कुमार झा ने कहा 8 जुलाई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आपात बैठक कर संबंधित विभागों को सूखे की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दे चुके है

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। मानसून का धोखा और बर्षा पर किसानों को निर्भरता के चलते बिहार के साथ शिवहर जिले में खेती सुखाड़ से प्रभावित होने की ओर बढ़ चली है। प्राकृतिक आपदा के सामने सभी विवश है। वर्षा के अभाव में अभी तक जिले में धान की खेती नहीं हो पा रही है। कई लोग पटवन कर धान की खेती कर भी ली हैं तो इस चिलचिलाती धूप के कारण उनका रोपे गए धान की फसल जलकर नष्ट हो रहे हैं। धान के बिचड़े सुख रहे हैं। काफी दिनों से वर्षा की प्रतीक्षा में किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। किसान कर्ज लेकर धान की खेती कर वर्षा के अभाव में पौधे का संरक्षण न होते देख विचलित है। हालांकि सुखाड़ की स्थिति पर सरकार की नजर है। किसानों को निर्बाध बिजली के साथ डीजल अनुदान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इस बाबत जदयू नेता नवनीत कुमार झा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 8 जुलाई को आपात बैठक कर कृषि के साथ सभी संबंधित विभागों को सूखे की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दे चुके हैं।

जदयू नेता श्री झा ने कहा है कि पूरा बिहार को सूखे का सामना करना पड़ रहा है। अगर 1 सप्ताह तक ऐसी स्थिति रही तो अन्नदाता किसान को भारी नुकसान होगा ,किसान को नुकसान होगा तो राज्य एवं देश की आर्थिक क्षति होगी।

जदयू नेता श्री झा ने कहा है कि सरकार ने किसानों को निर्बाध बिजली के साथ डीजल अनुदान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अभी मौसम से उम्मीद है, किंतु साथ ही वैकल्पिक फसलों पर भी विचार किया जा रहा है , बिहार सरकार के द्वारा किसानों को हर संभव सहायता दी जाने की घोषणा कृषि मंत्री द्वारा किया गया है ,जो सराहनीय पहल है।

# मशरक के गोढ़ना बाजार पर विधान पार्षद सच्चिदानंद राय ने किया प्रतिनिधि सम्मान समारोह

☒ पंचायत प्रतिनिधियों के हक के लिए सड़क से सदन तक प्रयास करने की बात कही।

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)।पंचायत प्रतिनिधियों के हक को लेकर तबतक अभियान जारी रखूंगा जब तक वेतन भत्ते सहित अन्य सुविधा नहीं मिलती । उक्त बातें सारण निकाय से विधान पार्षद इंजिनियर सच्चिदानंद राय ने मशरक प्रखंड के गोढ़ना बाजार पर 7 पंचायत के लिए आयोजित प्रतिनिधि सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्री राय ने कहा कि पिछले कार्यकाल से अबतक पंचायत प्रतिनिधियों के स्वाभिमान एवम काम को लेकर बहुत कुछ सरकार से लेने में सफलता पाए है। शीघ्र ही पंचायतों में कार्यपालक सहायक , सचिव सहित अन्य कर्मचारी पंचायत सरकार भवन में बैठेंगे। नव निर्वाचित वार्ड सदस्य को पराजित वार्ड सदस्य नल जल का शीघ्र ही पूर्ण प्रभार सौंपेंगे । इसके लिए माननीय मंत्री एवम अधिकारी स्तर से पहल शुरू हो गई है । मौके पर विधान पार्षद श्री राय ने वार्ड , समिति से लेकर मुखिया एवम जिला परिषद सदस्य को हर घड़ी किसी भी जनहित या स्वयं की समस्या को लेकर मोबाइल से संपर्क करने को कहा। मौके पर सेमरी , सोनौली , जजौली , गंगोली , नवादा, मदारपुर, खजुरी पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों को अपने साथ लगी फोटो युक्त घड़ी से सम्मानित किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता नवादा मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश सिंह एवम संचालन वार्ड सदस्य सोनौली मो मीर हसन ने किया । समारोह को विधान पार्षद प्रतिनिधि वशिष्ठ कुंवर , मजीस्टर सिंह के अलावे बिडिसी संजय सिंह , एम मुखिया प्रतिनिधि



दिलीप सिंह , परमात्मा मांझी, प्रखंड वार्ड संघ के अध्यक्ष उमेश सिंह सहित अन्य ने संबोधित किया। सभी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर विधान पार्षद ने सम्मानित किया।

# मशरक में सरकारी विद्यालय में कुव्यवस्था से ग्रामीणों में भड़का गुस्सा, परिसर में की बैठक

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक प्रखण्ड के बहरौली पंचायत अंतर्गत देवरिया नरौनी टोला नव प्राथमिकी विधालय में व्याप्त कुव्यवस्था व अनियमितता को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। ग्रामीणों ने विद्यालय में पहुंच बैठक कर पंचायत के मुखिया अजीत सिंह की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन किया एवं इसकी सूचना बीडीओ मशरक को दी । ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों की लेटलतीफी, मिड डे मिल नहीं बनने सहित कई अन्य कुव्यवस्था है। इसी नाराजगी को लेकर ग्रामीणों ने शिक्षकों के खिलाफ प्रदर्शन किया। विधालय सचिव पति शैलेश सिंह, वार्ड सदस्य राजकिशोर सिंह, ग्रामीण अवधेश सिंह, मुकेश सिंह,शशी भूषण तिवारी,प्रेम कुमार सिंह, विशेश्वर सिंह, हवलदार सिंह, सत्येन्द्र सिंह,कमलेश तिवारी,संजीत सिंह, सुधीर सिंह,रामजस सिंह, दुर्गादत सिंह आदि ग्रामीणों की शिकायत थी कि इससे बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। मिड डे योजना, पोशाक राशि, पुस्तक आदि तमाम सरकारी योजनाओं का हाल बुरा है। विद्यालय कभी समय से नहीं खुलता है। प्रधानाध्यापक मेराज अहमद लगातार गायब रहते हैं। बच्चे विद्यालय जाते है पर वहां ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों के नही पहुंचने या घंटो लेट पहुंचने पर एकाध घंटे में लौट आते हैं। इसकी सूचना फोन पर बीडीओ और पंचायत के मुखिया को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। थक हार कर हम ग्रामीण आंदोलन को बाध्य हुए हैं। मौके पर वार्ड सदस्य ने बताया कि विद्यालय कभी कभार ही खुलता है मिड डे मील योजना का भोजन महीने के आधे दिन ही चलता हैं।वही ग्रामीणों की जांच पड़ताल के दौरान शौचालय में ताला लटका पाया गया।मिड डे मील योजना का भोजन सोमवार को मेन्यू के हिसाब से नही बना था,भोजन से मेन्यू के हिसाब से हरी सब्जियां गायब थी। वही विद्यालय में दो दर्जन छात्र ही मौजूद थें वही दो दर्जन छात्रों को पढ़ाने के लिए 5 शिक्षक मौजूद थे। वही परिसर में लगें नल जल योजना का नल गायब रहने पर पानी परिसर में ही बह रहा है जिस पर किसी का भी ध्यान नहीं हैं वही विधालय में भ्रष्टाचार का मुद्दा कितना बड़ा है कि मौके पर साढ़े तीन किलो चावल खाने में बना था उसी के हिसाब से हरी सब्जी भी नही जुटा पाए प्रधानाचार्य ।सुचना पर पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी वीणा कुमारी ने गांव के लोगों और प्रधानाचार्य मेराज अहमद को समझा बुझाकर मामला शांत करायी और अभिभावक विधालय के शिक्षकों के साथ एक मिटिंग कर सामंजस्य बनाने की निर्देश दिया कि शांति पूर्वक ग्रामीण एवं अभिभावकों से व्यवहार करना चाहिए आगे से इसतरह की बात



नहीं होनी चाहिए नहीं तो बाध्य होकर हमको कानूनी कार्यवाही करना पड़ेगा।

वाइट डाक्टर वीणा कुमारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मशरक
वाइट अजीत सिंह मुखिया
वाइट राजकिशोर सिंह वार्ड सदस्य 12का बहरौली पंचायत
वाइट मुकेश सिंह ग्रामीण
वाइट शैलेश सिंह ग्रामीण
वाइट मिन्टू सिंह ग्रामीण।

# बाबा तिलेश्वर स्थान में पहली सोमवारी को लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। सावन की पहली सोमवारी को जिले के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बाबा भोले को जल चढ़ाने के लिए सुबह चार बजे से ही मंदिरों में भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई। सोमवारी को लेकर जिले के तमाम शिवमंदिरों में भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिरों को बिजली के रंगीन बल्बों व एलईडी लाइटों से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। सावन की पहली सोमवारी को पहले दिन ही सुबह से लेकर दोपहर बाद तक जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में भोलेनाथ की पूजा–अर्चना के लिए भीड़ दिखी। खासतौर से सुखपुर स्थित बाबा तिल्हेश्वर नाथ, हजारी महादेव समेत शहर के ठाकुरबाड़ी, स्टेशन चौक व गुदरी रोड स्थित शिवालयों में सुबह से लेकर शाम तक बाबा के जलाभिषेक के लिए भक्तों की कतार



लगी रही। भक्तों ने बाबा को भांग–धतूरा, दूध, दही, शहद के भोग लगा पूजा–अर्चना की। मंदिरों में हर–हर महादेव और बोल–बम के जयकारे गूंजते रहे। बाबा तिल्हेश्वर नाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के लिए भक्तों में होड़ लगी थी। यहां पहली सोमवारी को मंदिर में बाबा के रूद्राभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी थी। शाम में सुखपुर स्थित बाबा तिल्हेश्वर नाथ महादेव का श्रृंगार बेल पत्र, आक, धतूरा समेत कई तरह के फूलों से किया गया। इस श्रृंगारी पूजा को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। सोमवारी की पूजा में कैसे करें संकल्प पंडित बताते हैं कि सोमवार को सुबह उमा महादेव का स्मरण करें और संकल्प लें कि हे परम पिता महादेव व माता पार्वती आज मैं आपकी प्रसन्नता और पूजन के लिए सोमवारी व्रत धारण करता हूं। आप हमारे व्रत को निर्विघ्न पूर्ण करें। शिव–पार्वती गृहस्थ हैं इसलिए अपनी गृह कार्य से निवृत्त होकर मध्यम बेला के बाद पवित्र नदियों या जलाशयों में स्नान करें फिर पवित्र वस्त्र धारण कर पूजन सामग्री के लिए गंगा जल, पुष्प, धूप–दीप, नैवेद्य, बेलपत्र,भाग, धतुरा, दूध, दही, घी, शहद आदि से उमा महेश्वर की पूजा करें। हालाकि श्रद्धा से कोई गंगाजल भी चढ़ाता है तो महादेव प्रसन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष चार सोमवारी लगी है और अधिकाश भक्तों के चारों सोमवार को बाबा भोले की पूजा–अर्चना करनी चाहिए। चारों सोमवारी को बाबा भोले की पूजा करने से भोले शकर भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

सदर प्रखंड के गढ़ बरूआरी स्थित हरिद्रा नदी के किनारे बाबा कपिलेश्वर स्थान से जल भरकर बाबा तिलेश्वर को हजारों की संख्या में कांवरिया प्रत्येक वर्ष जल चढ़ाने जाते हैं। इस इलाके के लोगों में दोनों जगहों के लिए श्रद्धा बढ़ती जा रही है। लोगों की कामना पूरी होने को लेकर लोगों का रूख बदला है। जिससे आम लोगों में भी सावन और भादो के समय में बाहर से भी कांवर और डाक बम लेकर श्रद्धालु आते हैं और बाबा पर जलाभिषेक करते हैं। सावन की दूसरी सोमवारी व भादव के रविवार को बाबा तिलेश्वर जलाभिषेक करने के लिए दर्जनों बस्तियों का महिला, पुरुष, बच्चे एकजुटता लेकर कांवर लेकर तिलेश्वर स्थान जाते हैं। तभी से यह मान्यता चली आ रही है कि संतान प्राप्ति के लिये जो भी भक्त अपनी अर्जी लगाते हैं बाबा उसकी मुरादें पूरी करते हैं।

# सावन के पहली सोमवारी के दिन भगदड़ में तीन की मौत



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

सिवान (सिसवन)। प्रखंड स्थित मेंहदार मंदिर में पहली सोमवारी पर भगवान शिव को जलाभिषेक करने के दौरान जुटी भीड़ के बीच भगदड़ मच गई हैद्य जिसमें दो महिला व एक युवक की मौत हो गई है। मृत महिला का पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी मुस्ताक चौधरी की 55 वर्षीय पत्नी लीलावती देवी के रुप में हुई है। वहीं दूसरी महिला की पहचान जिरादेई थाना क्षेत्र के पथार गांव निवासी दिलीप बैठा की 50 वर्षीय पत्नी सोहागमती देवी के रूप में हुई है । वही एक युवक भगदड़ के दौरान सरोवर में कूद गया जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले दुर्गेश प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र निकेश प्रसाद के रूप में हुई हैद्य भगदड़ के दौरान कई लोग घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा हैद्य इस घटना के दौरान मची भगदड़ पर पुलिस प्रशासन द्वारा काबू करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन इसके साथ ही यहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं होने के बात भी सामने आ रही है। मंदिर का गेट देरी से खुलने के कारण हुआ हादसा हादसे को लेकर जो बात सामने आई है कि इस ऐतिहासिक मंदिर में सावन की पहली सोमवारी को लेकर रात के 12 बजे के बाद गेट खोलने की तैयारी थी। जिसके कारण रात से ही यहां पर भक्तों का आना शुरू हो गया था। लेकिन मंदिर प्रबंधकों ने मंदिर का मुख्य गेट लगभग साढ़े तीन बजे खोला। वहीं मंदिर के अंदर का मुख्य गेट भी देरी से खुला। जिसके कारण पहले जलाभिषेक करने की जल्दबाजी में सैंकड़ों लोग एक साथ मंदिर के अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। जिसमें मंदिर के अंदर जुटी इतनी भीड़ में दबकर दो महिलाए व एक युवक की मौत हो गई है। वहीं कई लोगों के घायल होने की बात भी सामने आई है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

इस घटना के बाद मंदिर प्रबंधन और पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। यह जानते हुए भी कि पहली सोमवारी को लेकर यहां भारी भीड़ जुटेगी, मंदिर प्रबंधन ने इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं की थी। वहीं बताया जा रहा है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की तरफ से पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए थे।

# आर्थिक सुस्ती और महंगाई को बखूबी हो रही है महंगाई से जनता त्रस्त देखो सरकार लोकतंत्र है या शोषणतंत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

महंगाई की वजह से हमारे देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बार उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं । महंगाई ने ही मनुष्य के जीवन की आजीविका को भी प्रभावित किया है। आज तक हमारे समाज में महंगाई और मुद्रा–स्फीति बहुत ही बड़ी समस्या है। हमारी जरूरत की सभी वस्तुएँ बहुत महंगी आती हैं और कभी–कभी तो वस्तुएँ बाजार से ही गायब हो जाती हैं। इसी क्रम लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच सोमवार से आपकी जेब और ढीली हो गयी जी ह आप सभी इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए है। अब आपको पैकेज्ड एवं लेबल वाले दही, पनीर, लस्सी और रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर आज से अधिक जीएसटी देना होगा। पिछले महीने हुई बैठक में जीएसटी परिषद ने विभिन्न उत्पादों पर जीएसटी दरों में बदलाव किया है। इसके तहत अब दही, लस्सी, पनीर, शहद, अनाज, मांस और मछली खरीदने पर 5



फीसदी जीएसटी देना होगा। इसके अलावा अन्य वस्तुओं के जीएसटी स्लैब में भी बदलाव किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## कटिहार में युवक को 6 लोगों ने बेरहमी से पीटा मंदिर से पूजा कर लौट रहा था अगवा करने की नियत से हुई मारपीट

साहिल कुमार सिंह( ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार) कटिहार में अपने परिवार के साथ शिव मंदिर से पूजा अर्चना कर घर लौट रहे 18 वर्षीय युवक को आधे दर्जन अपराधियों ने पीट–पीट कर घायल कर दिया मामला बरारी प्रखंड अंतर्गत सेमापुर ओपी क्षेत्र के महानदी गांव का है अगवा करने की नियत से जानले।

## श्रावण मास की पहली सोमवारी पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक हर हर महादेव के जयकारे से गूंजते रहा परिसर

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार पूर्वी चम्पारण। केसरिया में श्रावण मास की पहली सोमवारी पर उत्तर बिहार के सुप्रसिद्ध केसरनाथ महादेव मंदिर में कावरिया बम,डाक बम,समेत लाखों–लाख की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने श्रद्धापूर्वक जल चढ़ाए। तो वही मेले में केसरिया पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद



दिखा,तो वही दुसरी तरफ धवल पीठ ढेकहां मठ में भी हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा श्रावण मास के पहले सोमवारी पर भक्तों का आने सिलसिला जारी रहा। तो वही मठ प्रांगण में स्थापित स्फटिकमणि शिवलिंग का दर्शन करने के बाद जलाभिषेक भी किया गया। इस मौक पर मठ के महंत शत्रुध्न दास,प्रमोद दास,मुखिया दिलीप कुमार यादव,उप मुखिया उषा देवी, पति परशुराम पटेल,वार्ड सदस्य अनिता देवी,पति जयलाल गिरी,भाजपा युवा उपाध्यक्ष अग्नीश कुमार पांडेय,सुजित कुमार पाठक, कुन्दन कुमार,मौजूद रहे।

## नाग पंचमी पर लोगों ने चढ़ाया दूध, लावा और झाप

'संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स



समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के साहिट गांव में स्थापित विषहर मंदिर पर आस–पास के सभी गांवों से हजारों लोगों ने माता विषहर पर दूध लावा एवं झाप चढ़ाया। वही मंदिर परिसर में कुछ बच्चों का मुंडन आदि भी कराया गया। साथ ही मंदिर के आसपास लगे मेले का बच्चों ने खूब लुफ्त उठाया।

## मिथिलांचल में नवविवाहिताओं का प्रमुख पर्व मधुश्रावणी शुरू

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स)

दलसिंगसराय ! मिथिलांचल का प्रमुख त्यौहार श्मधुश्रावणीश आज से आरंभ हो रहा है, इस पर्व को लेकर अनुमंडल क्षेत्र की नवविवाहिताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है, बाजारों में चहल पहल बढ गई है तथा देर शाम तक लोग खरीदारियों में जुटे रहे!



नवविवाहिताओं का पावन पर्व 'मधुश्रावणी' आज श्रावण कृष्ण पक्ष के पंचमी से शुरू होकर एक पखवाड़े तक चलेगा। यह अनूठा पर्व जहां अपने आप में कई विशेषताओं को समेटे हुए है वहीं इस पूजा में आस्था, भक्ति,श्रद्धा,विश्वास का अद्भुत तालमेल देखने को मिलता है। इस पर्व में जहां दूसरे पर्व से इतर बासी फूल से पूजा होती है, वहीं पूजा महिला पुरोहित के द्वारा संपन्न करारी जाती है! यह पर्व मुख्य रूप से दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल एवं सीतामढ़ी के गांव – गांव में मनाया जाता है लेकिन मिथिला से सटे समस्तीपुर में भी चुनिंदा जगहों पर नव विवाहिताओं में उत्साह देखा जा रहा है! बताते चलें कि मिथिला में अनादि–काल से चलने वाला यह पर्व कई किंवदंतियों को समेटे हुए है। उक्त पर्व में नवविवाहिताओं को पन्द्रह दिनों तक अपने आहार–व्यवहार को पवित्र रख कर बिना नमक का भोजन करते हुए एक दिन पूर्व लोढ़ कर लाये गए फूल से शिव,गौरी,गणेश व नाग की बड़े ही भक्ति–भाव से पूजा की जाती है। पूजा के सभी कर्मकांड कराने व कथा सुनाने की जिम्मेदारी महिला पुरोहितों को ही निभाना पड़ता है। इस पर्व में नवविवाहिताओं को ससुराल से भेजे गए अन्न से बना भोजन ही सेवन करना पड़ता है। नवविवाहिताएं जब समूह बना कर शिव का भजन गाते हुए फूल लोढ़ने निकलती है उस समय का दृश्य देखते ही बनता है, फूल लोढ़ने के उपरांत नवविवाहिताएं किसी देव स्थल पर अपने–अपने लोढ़े गए फूलों को बड़े ही सलीके से सजा कर पुनः अपने घर की तरफ गीत–नाद के संग लौटती हैं और उसी बासी फूल से प्रातः देवी–देवताओं सहित नाग की पूजा करते हुए उनसे अपने अचल सुहाग का वर मांगती हैं। इस अनूठे पर्व में पूरे पन्द्रह दीनों तक समूचा मिथिलांचल गीत–नाद से गुंजायमान व भक्ति–भाव में लीन रहता है !!

## कोयला मामले में आठ ईसीएल अधिकारियों को सीबीआई अदालत में पेश किया गया

आसनसोल। कोयला मामले में कथित संलिप्तता को लेकर ईसीएल के आठ अधिकारियों को सोमवार को आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया। आज दोपहर 12 बजे के बाद सीबीआई के अधिकारी आरोपियों के साथ कोर्ट में पेश हुए। 14 तारीख को 7 लोगों को सीबीआई कोट में पेश किया गया। कोर्ट ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों को 5 दिनों की सीबीआई हिरासत का आदेश दिया और 16 तारीख को एक पूर्व अधिकारी को उठाया गया, न्यायाधीश ने 3 दिन की सीबीआई हिरासत का आदेश दिया। सोमवार को सीबीआई अधिकारियों ने आठ पूर्व और वर्तमान लोगों को सीबीआई कोर्ट में



पेश किया। इस दिन सुभाष मुखर्जी के वकील उदय चंद मुखर्जी ने कहा कि कोर्ट ने उनके मुवक्किल को जेल में रखने का आदेश दिया है। एक अन्य वकील आशीष मुखर्जी ने कहा कि उन्हें 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है।उन्हें 1 तारीख को अदालत में पेश होने के लिए कहा गया है।

## बराकर स्टेशन मोड़ में एक पुराण जर्जर मकान का बड़ा हिस्सा गिरा, घायल

बराकर रू बराकर शहर के वार्ड नंबर 67 के कल्यानेश्वरी रोड स्थित रक्षित परिवार का पुराना जर्जर मकान का एक बड़ा हिस्सा दोपहर वारिश के बाद रविवार देर शाम गिर पड़ा। जिसमे सब्जी विक्रेत ममता, एक बिस्कुट एजेंसी का स्टाफ श्यामल सहित मोटरसाइकिल चालक अभिनंदन घायल हो गया। जिसमें ममता की हालत गंभीर बताया जा रहा है। घटना की खबर सुनते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ कुल्टी आईसी दल बल के साथ पहुँचकर दुर्घटना स्थल



को बैरिकेट लगा कर घेर दिया।स्थानीय लोगो ने पुराने मकानो को तोड़ने की गुहार निगम प्रशासन से लगाया है। वही वार्ड 68 के पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, टुन्नी लोहिया, चेम्बर अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, घटना स्थल पर पहुँचकर राहत बचाव कार्य मे जुट गए। मालूम होकी मकान के मालिक की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है।

# MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

D.Pharm B.C.A.
B.Pharm M.C.A.
Diploma M.B.A.
B.Tech B.Ed.
L.L.B. L.L.M

100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।

कुछ सीट शेष
जल्दी करें

श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251